**सच, सिर्फ सच**

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 12 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 12, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## वैश्विक रुझानों से तय होगी बाजार की चाल

इस सप्ताह बाजार की चाल महंगाई के आंकड़ों और वैश्विक रुझानों से तय होगी। } 14

## अमित शाह ने श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की

अमित शाह ने श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की और कहा कि उनका यह दौरा तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा के महापौर पद पर जीत हासिल करने के लिए था। } 16



**संक्षेप**

### भारत ने चार विकेट से जीता पहला वनडे



बड़ोदा। भारत ने चार विकेट से जीता पहला वनडेभारत ने चार विकेट से पहला वनडे मुकाबला जीत लिया। वडोदरा में खेले गए तीन मैचों की सीरीज के शुरूआती मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल, डेवोन कॉनवे और हेनरी निकोल्स के अर्धशतकों की मदद से 50 ओवर में आठ विकेट पर 300 रन बनाए। जवाब में भारत ने एक ओवर के शेष रहते 306 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। (विस्तृत खबर अंदर)

### तुर्कमान गेट हिंसा में दो और गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने तुर्कमान गेट इलाके में हुई पत्थरबाजी के मामले में रविवार को दो और लोगों को गिरफ्तार किया, जिसके बाद कुल गिरफ्तार व्यक्तियों की संख्या बढ़कर 18 हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गिरफ्तार लोगों की पहचान मोहम्मद नावेद (44), मोहम्मद फैज (20), मोहम्मद उबैदुल्लाह (23), मोहम्मद आरिब (25), मोहम्मद काशिफ (25), मोहम्मद कैफ (23), मोहम्मद अदनान (37), समीर हुसैन (40), मोहम्मद अतहर (20), शहनवाज आलम (55), मोहम्मद इमरान (28), मोहम्मद इमरान उर्फ राजू (36), मोहम्मद अफ्फान (20), मोहम्मद आदिल (20), मोहम्मद आमिर हमजा (22), मोहम्मद उबैदुल्लाह (26), फहीम (30) और मोहम्मद शहजाद (29) के रूप में हुई है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, इलाके पर कड़ी नजर रखने ...शेष पृष्ठ 14 पर

### अमेरिका और इजराइल को निशाना बनायेंगे: ईरान

दुबई। ईरान की संसद के अध्यक्ष ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर अमेरिका इस्लामिक गणराज्य पर हमला करता है तो अमेरिकी सेना और इजराइल उसका वैध निशाना बनेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में जारी प्रदर्शनों को लेकर हमले की धमकी दी है। मोहम्मद बाकिर कालिबाफ की टिप्पणियों से पहली बार यह संकेत मिलता है कि उन्होंने ईरानी हमले के संभावित लक्ष्यों की सूची में इजराइल को भी शामिल किया है। कट्टरपंथी कालिबाफ ने यह धमकी तब दी जब ईरान की संसद में सांसद अमेरिका मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आसन के समीप पहुंच गए। वहीं ईरान में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन रविवार को भी जारी रहे। दो सप्ताह से जारी इन विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आज पीएसएलवी-सी62 रॉकेट का होगा प्रक्षेपण

एजेंसी



श्रीहरिकोटा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण वाहन (पीएसएलवी) रॉकेट सी62 मिशन के प्रक्षेपण के लिए रविवार को साढ़े बाईस घंटे की उल्टी गिनती शुरू की। इस साल के पहले मिशन के जरिये पृथ्वी अवलोकन उपग्रह के साथ-साथ 14 अन्य सह उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसरो की वाणिज्यिक शाखा, न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड के लिए भेजे जा रहे इस मिशन में 14 घरेलू और विदेशी उपग्रहों को कक्ष में स्थापित किया जाएगा। इसरो ने बताया कि 260 टन के भार वाले पीएसएलवी-सी62 रॉकेट का प्रक्षेपण सोमवार को पूर्वाह्न 10.17 बजे के बजाय पूर्वाह्न 10.18 बजे के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। इसरो के सूत्रों ने रविवार को कहा, जी हां। उल्टी गिनती अपराह्न 12.48 बजे शुरू हुई। कुल अवधि 22 घंटे 30 मिनट है। प्रक्षेपण कल पूर्वाह्न 10.18 बजे होगा। ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सोमनाथ मंदिर भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का जीवंत प्रतीक

### विदेशी आक्रांताओं की नीति के आगे हमारी आस्था, साहस और सृजनशीलता की अमर शक्ति हर क्षण अडिग रही : योगी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गजनी जैसे आतताइयों के धूलधूसरित विध्वंस पर आज उल्लास, सृजन और वैभव का नव-अंकुर प्रस्फुटित हो रहा है।

मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को अपने आधिकारिक एक्स खाते पर एक पोस्ट में कहा श्री सोमनाथ मंदिर भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का जीवंत प्रतीक है। पोस्ट में उन्होंने कहा, पिछले एक हजार वर्षों का कालखण्ड इस बात का प्रमाण है कि विदेशी आक्रांताओं की घृणा, कट्टरता और विध्वंस की नीति के आगे हमारी आस्था, साहस और सृजनशीलता की अमर शक्ति हर क्षण अडिग रही। योगी आदित्यनाथ ने इसी पोस्ट में आगे कहा, आज बाबा सोमनाथ का जो भव्य स्वरूप हम देख रहे हैं, वह सरदार वल्लभभाई पटेल की निष्ठा, डॉ. राजेंद्र प्रसाद की आस्था, के.एम. मुंशी जी एवं लाखों सनातन धर्मावलंबियों के बलिदान का ही प्रतिफल है। मुख्यमंत्री ने मोदी का जिक्र करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नया भारत आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के रूप में सनातन आस्था के सांस्कृतिक गौरव का उत्सव मना रहा है और गजनी जैसे आतताइयों के धूलधूसरित विध्वंस पर उल्लास, सृजन और वैभव का नव-अंकुर प्रस्फुटित हो रहा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, यह पर्व प्रतीक है कि सत्य को कभी पराजित नहीं किया जा सकता। गौरवशाली सनातन संस्कृति के अभिवर्धन हेतु आपका आभार प्रधानमंत्री जी। सोमनाथ (गुजरात) में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को शौर्य यात्रा का नेतृत्व किया। यह गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में सोमनाथ मंदिर की रक्षा करते हुए प्राणों की आहुति देने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित एक औपचारिक शोभा यात्रा है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत आयोजित इस यात्रा में 108 अश्वों की झांकी निकाली गई जो वीरता और बलिदान का प्रतीक है। मोदी ने वहां आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को संबोधित किया, जो 1026 ईसवी में महमूद गजनी द्वारा सोमनाथ मंदिर पर किए गए आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित किया गया है।

# सोमनाथ विरोधी ताकतों को हराना जरूरी : मोदी

### विजय और पुनर्निर्माण का है सोमनाथ मंदिर का एक हजार साल पुराना इतिहास





एजेंसी

सोमनाथ (गुजरात)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि आजादी के बाद गुजरात में सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का विरोध करने वाली ताकतें हमारे बीच अब भी सक्रिय हैं और भारत को उन्हें हराने के लिए सतर्क, एकजुट तथा शक्तिशाली बने रहने की जरूरत है। गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में स्थित ऐतिहासिक मंदिर पर अतीत में हुए हमलों और हर बार इसके पुनर्निर्माण का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि लोगों का दिल तलवार की नोक पर कभी नहीं जीता जा सकता। उन्होंने कहा कि सोमनाथ का 1000 वर्षों का इतिहास विनाश और पराजय का नहीं, बल्कि विजय और पुनर्निर्माण का है। वह सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में आयोजित एक विशाल सभा को संबोधित कर रहे थे, जो भारतीय सभ्यता के लचीलेपन को चिह्नित करने के लिए यहां आयोजित किया गया था, जिसका प्रतीक सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण है, जिसे 1026 ईस्वी में महमूद गजनी के आक्रमण से शुरू होकर विदेशी आक्रमणकारियों द्वारा बार-बार तबाह किया गया था। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के एक बयान के अनुसार, सदियों पहले इस मंदिर को नष्ट करने के कई बार प्रयास किए जाने के बावजूद सोमनाथ मंदिर आज विश्वास, साहस और राष्ट्रीय गर्व के एक शक्तिशाली प्रतीक के रूप में खड़ा है। यह सब इसे इसकी प्राचीन महिमा में बहाल करने के सामूहिक संकल्प और प्रयासों के कारण संभव हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ मंदिर पर हमले नफरत से प्रेरित थे, लेकिन इसे केवल लूटपाट के रूप में पेश करने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि धार्मिक उद्देश्य को छुपाने के लिए किताबें लिखी गईं, जिनमें इसे महज सामान्य लूटपाट के रूप में दर्शाया गया। सोमनाथ मंदिर को बार-बार नष्ट किया गया। यदि आक्रमण केवल लूटपाट के लिए होते, तो 1000 साल पहले हुई पहली बड़ी लूट के बाद ही वे रुक गए होते। उन्होंने कहा कि लेकिन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर



राजकोट। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन से पहले राजकोट के मारवाड़ी विश्वविद्यालय में एक व्यापार प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसके बाद पीएम मोदी ने वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिन के गुजरात दौरे पर है। 10 जनवरी को पीएम मोदी सीधे सोमनाथ पहुंचे। इसके बाद पीएम मोदी ने राजकोट में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं और देश आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। पीएम मोदी ने कहा, 2026 के आरंभ के बाद ये मेरा गुजरात का पहला दौरा है और सुखद इसलिए भी है क्योंकि 2026 की मेरी यात्रा सोमनाथ दादा के चरणों में सिर झुकाकर शुरू हुई है और अब मैं राजकोट में इस शानदार कार्यक्रम में हिस्सा ले रहा हूं यानी 'विकास भी विरासत भी', ये मंत्र हर तरफ गूंज रहा है। 21वीं सदी का एक चौथाई हिस्सा बीत चुका है। बीते वर्षों में भारत ने बहुत तेज प्रगति भी की है और इसमें गुजरात की, आप सभी की बहुत बड़ी भूमिका रही है। भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेज गति से आगे बढ़ रहा है और जो आंकड़ें आ रहे हैं, उससे ये साफ है कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हालिया आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं और देश आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में महंगाई ...शेष पृष्ठ 14 पर

## स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी प्रासंगिक : धामी

### सीएम ने प्रदेशवासियों से राष्ट्रनिर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। वर्तमान परिवेश में युवाओं की भूमिका को निर्णायक बताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती पर कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज के भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त और वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जाते हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द का अमर उद्घोष उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत आज भी युवाओं के जीवन में आत्मविश्वास, अनुशासन और समर्पण का संचार करता है तथा उन्हें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द केवल एक संत या दार्शनिक ही नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के महान विचारक और युगद्रष्टा थे, जिन्होंने भारतीय आध्यात्मिक चेतना को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई। उनके विचारों ने न केवल देशवासियों को आत्मबल से भरने का कार्य किया, बल्कि विश्व को मानवता, सेवा और सार्वभौमिक भाईचारे का मार्ग भी दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानन्द की ओर से दिया गया ऐतिहासिक उद्बोधन भारत की सहिष्णुता, सांस्कृतिक गरिमा और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना का प्रतीक है, जिसने पूरी दुनिया को भारतीय दर्शन की गहराई से परिचित कराया। स्वामी विवेकानन्द को युवाओं का आदर्श बताते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उन्होंने कर्मयोग, चरित्र निर्माण और राष्ट्रसेवा को जीवन का लक्ष्य बनाने का संदेश दिया। उनके विचार आज भी युवा शक्ति को संकल्पित, जागरूक और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्ध बनाने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसकी युवा शक्ति पर निर्भर करती है। आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित भारत ...शेष पृष्ठ 14 पर

## समय के साथ विकसित हो रहा आरएसएसः भागवत

### संगठन के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जन्मजात देशभक्त थे

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भगवत ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) बदल नहीं रहा है, बल्कि समय के साथ धीरे-धीरे विकसित हो रहा है और बस सामने आ रहा है।

आरएसएस प्रमुख यहां संगठन के कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जो आगामी फिल्म शतक के गीत संग्रह के विमोचन के लिए आयोजित किया गया था। यह फिल्म आरएसएस के 100 साल के सफर का वर्णन करती है। इस अवसर पर गायक सुखविंदर सिंह, निर्देशक आशीष मॉल, सह-निर्माता आशीष तिवारी और आरएसएस के पदाधिकारी भैयाजी जोशी उपस्थित थे। भागवत ने अपने संबोधन में कहा, संगठन (आरएसएस) अपनी शताब्दी मना रहा है। लेकिन जैसे-जैसे संगठन विकसित होता है और नए रूप लेता है, लोग इसे बदलते हुए देखते हैं। हालांकि, वास्तव में यह बदल नहीं रहा है, यह बस धीरे-धीरे विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा, जिस प्रकार बीज से अंकुर निकलता है और फल-फूलों से लदा परिपक्व वृक्ष एक अलग रूप धारण कर लेता है, उसी प्रकार ये दोनों रूप भिन्न हैं। फिर भी, वृक्ष मूलतः उसी बीज के समान है जिससे वह उगा है। भागवत ने कहा कि आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जन्मजात देशभक्त थे और उन्होंने अपना जीवन बचपन से ही राष्ट्र की सेवा में समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा, संघ और डॉक्टर साहब (हेडगेवार) पर्यायवाची शब्द हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि हेडगेवार महज 11 साल के थे जब उनके माता-पिता की प्लेग से मृत्यु हो गई, लेकिन उन्हें उस उम्र में या बाद में भी संवाद करने या अपने मन की बात कहने के लिए कोई नहीं मिला। भागवत ने कहा कि जब इतनी कम उम्र में ऐसा बड़ा सदमा लगता है, तो व्यक्ति अकेला हो जाता है और उसके स्वभाव और व्यक्तित्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना बढ़ जाती है, लेकिन हेडगेवार के साथ ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा, उनके व्यक्तित्व में एक ऐसी क्षमता थी कि वे अपने विश्वास या स्वभाव को जरा भी विचलित किए बिना बड़े से बड़े झटकों को भी सह सकते थे यह उत्कृष्ट मानसिक स्वास्थ्य, एक मजबूत और स्वस्थ मन का संकेत था, जो उनमें शुरू से ही मौजूद था। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि डॉक्टर साहब का मनोविज्ञान भी अध्ययन और शोध का विषय हो सकता है।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 16.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 7.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आज करेंगे रामलला के दर्शन (पृष्ठ-02)
- अयोध्या से जदयू संगठन विस्तार का शंखनाद (पृष्ठ-02)
- गोवा में 2025 में 1.08 करोड़ सैलानी पहुंचे (पृष्ठ-14)
- बीते सप्ताह तेल-तिलहन कीमतों में सुधार (पृष्ठ-16)
- कंपनियों की पूंजी 3.63 लाख करोड़ तक गिरा (पृष्ठ-16)


**विशेष खबर**

### आग तापकर लोगों ने ली राहत की सांस, इस मानवीय पहल को तहे दिल से सराहा

# विराज सागर दास ने शहर में जगह-जगह जलवाये अलाव

अनिल कुमार सिंह







लखनऊ। जाड़े में गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों की परेशानी को देखते हुए बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने रविवार को राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाये। सर्दी के इस मौसम में घर से निकले लोगों को इससे भारी राहत मिली।

ट्रेन-बस पकड़ने वालों या सवारी का इंतजार कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने अलाव तापकर अपना खाली वक्त बिताया। रविवार को तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह इन अलावों का सहारा लेते नजर आए। अस्पताल आए मरीजों के तीमारदारों ने भी विराज सागर दास की इस मानवीय पहल की न केवल सराहना की बल्कि उनके द्वारा जलवाए गए अलाव को तापकर टाइम पास किया।

गौरतलब है कि सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं। अलाव से उन्हें जाड़े से लड़ने की ताकत मिलती है। शहर के हर गली-मोहल्ले चौराहे पर विराजसागर दास द्वारा जलवाए जा रहे अलाव लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोग शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# एआई के प्रयोग से यूपी बनेगा हेल्थ और इनोवेसन सेक्टर का पावरहाउस

## मुख्यमंत्री आज करेंगे उद्घाटन, दो दिनी सम्मेलन से एआई आधारित स्वास्थ्य व्यवस्था को मिलेगी नई दिशा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को देश में आधुनिक, सुलभ और तकनीक-सक्षम स्वास्थ्य व्यवस्था का मॉडल राज्य बनाने की दिशा में योगी सरकार एक ऐतिहासिक पहल करने जा रही है। सोमवार को लखनऊ में दो दिवसीय 'यूपी एआई एंड हेल्थ इनोवेशन कॉन्फ्रेंस' प्रारंभ होने जा रहा है, जो राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़कर आम नागरिक तक बेहतर इलाज पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस सम्मेलन का उद्घाटन सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस दौरान केन्द्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री अजीत सिंह पाल, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह उपस्थित रहेंगे।



- कॉन्फ्रेंस में नीति, एआई, हेल्थकेयर व डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे विषयों पर होगा मंथन
- देश-विदेश के विशेषज्ञ, स्टार्टअप्स और नीति निर्धारक होंगे यूपी एआई हेल्थ कॉन्फ्रेंस में शामिल

कॉन्फ्रेंस में स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मनोज कुमार सिंह, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग यादव संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में राज्य और केंद्र सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। वहीं, नीति आयोग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), विश्व बैंक, गेट्स फाउंडेशन, गूगल सहित देश-विदेश के एआई और हेल्थ सेक्टर के विशेषज्ञ सम्मेलन के विभिन्न सेशंस में हिस्सा लेंगे।

प्रदेश ने बीते वर्षों में स्वास्थ्य ढांचे, मेडिकल एजुकेशन, डिजिटल गवर्नेंस और निवेश के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह सम्मेलन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उन्हीं नीतियों का विस्तार है, जो डिजिटल उत्तर प्रदेश और स्मार्ट हेल्थ सिस्टम की परिकल्पना को साकार करती हैं। यह कॉन्फ्रेंस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को एआई आधारित, भविष्य-तैयार और जन-केंद्रित स्वास्थ्य प्रणाली को और प्रभावी बनाने में कारगर होगा।

कॉन्फ्रेंस के अंतर्गत सोमवार को पहले दिन उद्घाटन सत्र में उत्तर प्रदेश में एआई आधारित स्वास्थ्य नवाचार की दिशा और विजन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद होने वाले सत्रों में वैश्विक स्तर पर हेल्थकेयर में एआई के सफल प्रयोगों, आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण में एआई की भूमिका तथा भारतीय राज्यों में एआई की मौजूदा स्थिति पर गहन चर्चा होगी। इसके साथ ही, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, डेटा गवर्नेंस और सुरक्षित एआई अपनाने जैसे विषयों पर मंथन से यह स्पष्ट होगा कि उत्तर प्रदेश किस तरह नीति और तकनीक के संतुलन से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बना सकता है। मंगलवार को सम्मेलन का दूसरा दिन पूरी तरह व्यावहारिक उपयोग पर केंद्रित रहेगा। एआई के माध्यम से डॉक्टरों, नर्सों, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाने, टेलीमेडिसिन और रिमोट केयर को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने पर विशेष सत्र होंगे। वहीं, रेडियोलॉजी, टीबी स्क्रीनिंग, पैथोलॉजी, कैंसर और स्मार्ट मेडिकल डिवाइसेज में एआई के उपयोग से तेज और सटीक जांच की संभावनाओं को रेखांकित किया जाएगा। स्टार्टअप पिच सत्र और राज्यों के लिए एआई रोडमैप यह बताएंगे कि भविष्य में स्वास्थ्य सेवाएं कैसे अधिक किफायती और सुलभ होंगी। सम्मेलन के दौरान इनोवेशन एंड एक्सपीरियंस जोन में एआई आधारित हेल्थ सॉल्यूशंस, स्टार्टअप्स और उत्तर प्रदेश में लागू पायलट प्रोजेक्ट्स का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा, जो नीति और तकनीक के बीच सेतु का काम करेगा।

## बूथों पर मतदाता सूची का ड्राफ्ट पढ़कर सुनाया गया

लखनऊ। एसआईआर के तहत रविवार को प्रदेश में सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का ड्राफ्ट पढ़कर सुनाया गया। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आज प्रदेश के समस्त बूथों पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा अपने बूथ से संबंधित मतदाता सूची का पाठन का कार्य किया गया। उन्होंने प्रदेश के सभी मतदाताओं से अपील की कि वे अपना नाम आलेख्य (ड्राफ्ट) मतदाता सूची में अवश्य चेक करें। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, तो वे फॉर्म 6 ऑफलाइन भरकर अपने बीएलओ के माध्यमों से अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करवा सकते हैं।

## वोटर आईडी से मोबाइल नम्बर को जोड़ना बहुत आसान

लखनऊ। मतदाता अपने वोटर आईडी कार्ड के साथ अपना मोबाइल नम्बर आसानी से जोड़ सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि वोटर आईडी के साथ मतदाता का मोबाइल नम्बर जोड़ना बहुत आसान है। घर बैठे ही मिनटों में इस काम को किया जा सकता है। वोटर आईडी कार्ड के साथ मोबाइल नंबर जोड़ने के कई फायदे भी हैं। मसलन अगर आप फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा रहे हैं और फॉर्म 6 भरते समय आपने फॉर्म में अपना मोबाइल नंबर भरा है तो आपका नाम वोटर लिस्ट में जुड़ते ही (लगभग 10-15 दिन में) अपना ई-एपिक (वोटर आई कार्ड) डाउनलोड कर सकते हैं। प्रिंटेड वोटर आईडी कार्ड डाक विभाग के माध्यम से आपके आवासीय पते पर भेजा जाता है जिसमें कई बार समय लग जाता है। जब जब आप जरूरत समझें तब तब और जितनी बार चाहे उतनी बार अपना ई-एपिक घर बैठे ही डाउनलोड किया जा सकता हैं। वोटर लिस्ट तथा वोटर आईडी कार्ड ( एपिक ) में आपके विवरण में विद्यमान त्रुटियों को घर बैठे ही ऑनलाइन फॉर्म-8 भरकर त्रुटियों को ठीक करने के लिए ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। ईसिनेट मोबाइल ऐप तथा वेबसाइट पर वोटर आईडी से जुड़ा मोबाइल नंबर डालकर अथवा वोटर आयी कार्ड पर बने क्यूआर कोड को स्कैन कर जब चाहें तब कुछ ही सेकेंडों में अपना पोलिंग स्टेशन नंबर और मतदाता सूची में अपना क्रमांक तुरंत ज्ञात कर सकते हैं। वोटर आईडी कार्ड के साथ मोबाइल नंबर जोड़ने की प्रक्रिया संलग्न चित्रों से स्पष्ट हो जाएगी। यह प्रक्रिया चंद मिनटों में पूरी की जा सकती है। यह प्रक्रिया पूरी होते ही सैकंडों में मोबाइल नंबर आपके वोटर आईडी कार्ड से जुड़ जाता है।

## सपा प्रतिनिधिमंडल कुशीनगर जायेगा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को कुशीनगर जाएगा। वहां बबुरिया-हरपुर में छोटेलाल कुशवाहा की हत्या के बाद उनके परिवार से मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व सांसद बालेश्वर यादव, ब्रह्माशंकर त्रिपाठी, राधेश्याम सिंह, राम अवध यादव जिलाध्यक्ष, जावेद इकबाल आदि शामिल हैं।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आज करेंगे रामलला के दर्शन

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी सोमवार, 12 जनवरी 2026 को अयोध्या में प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी अयोध्या में श्री राम मंदिर एवं श्री हनुमान गढ़ी में दर्शन पूजन करेंगे ।तत्पश्चात सायं 06 बजे स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह श्री राम मनोहर लोहिया, अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या में आयोजित अवध क्षेत्र की संगठनात्मक बैठक में सम्मिलित होंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी प्रातः 10 बजे वीवीआईपी गेस्ट हाउस, नैमिषारण्य, लखनऊ से अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे। लखनऊ से अयोध्या जाते समय मार्ग में कई स्थानों पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश अध्यक्ष जी का स्वागत किया जाएगा। लखनऊ में प्रातः 10:10-समता मूलक चौक, तत्पश्चात वेब मॉल के सामने निकट पालीटेक्निक चौराहा, बीएमडब्लू शो रूम के पास, किसान पथ इन्दिरा नहर के पास पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश अध्यक्ष जी का स्वागत किया जाएगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री पंकज चौधरी के जनपद बाराबंकी में पहुंचने पर प्रातः 11 बजे सफेदाबाद, बांराबंकी तत्पश्चात एसके लॉन कुरौली, चौकुला बहराइच कट बाराबंकी, लक्षबर चौराहा बजहा, दादरा, सफदरगंज, टोल प्लाजा प्रथम, कोटवा सड़क, भिटरिया, नारायण ढाबा के पास पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। जबकि दोपहर 13:30 बजे जनपद अयोध्या में रामसनेही घाट पेट्रोल पम्प के पास प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री पंकज चौधरी का कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत अभिनंदन किया जाएगा ।तत्पश्चात वीपी मवई मन्दिर के पास, कुडा सदाब अम्बेडकर प्रतिमा, अख्तियारपुर मोड़ लोहिया पुल, चौधरी चरण सिंह द्वार महोली, मुबारकगंज चौराहा, टोल प्लाजा द्वितीय रौनाही, मगासी चौराहा जुबेरगंज बाजार, उदय धर्म कांटा कोट सराय, त्रिमुर्ति होटल के पास, अयोध्या, महेन्द्रा शोरूम, गरूड़ द्वार अयोध्या महानगर, सहादतगंज हनुमानगढ़ी, अयोध्या, टीवी टावर निकट कचेहरी, डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रतिमा निकट बस स्टेशन अयोध्या, पुलिस लाइन तिराहा, रिकाबगंज चौराहा, नियावां चौराहा, गुदरी बाजार चौराहा, आंख का अस्पताल तिराहा, जलकल विभाग के पास , उदया चौराहा, निषादराज चौराहा, श्रीराम अस्पताल के पास प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी जी का पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया जाएगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी अयोध्या में श्री राम मंदिर एवं श्री हनुमान गढ़ी में दर्शन पूजन करेंगे।

## अयोध्या से जदयू संगठन विस्तार का शंखनाद

विशेष संवाददाता (vol)

- श्रवण कुमार ने 10 लाख सदस्य बनाने का दिया लक्ष्य

अयोध्या। जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश की प्रांतीय बैठक रविवार को अयोध्या स्थित एक निजी होटल में प्रदेश अध्यक्ष अनूप पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री तथा उत्तर प्रदेश के संगठन प्रभारी कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार की उपस्थिति रही।

बैठक को संबोधित करते हुए श्रवण कुमार ने उत्तर प्रदेश में संगठन को नई मजबूती देने के उद्देश्य से राज्यव्यापी सदस्यता अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश भर में 10 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे 15 फरवरी 2026 तक हर हाल में पूरा किया जाएगा। सभी जनपदों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सदस्यता अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रसीदें समय से जमा कर लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करें।

श्रवण कुमार ने कहा कि जनता दल यूनाइटेड की नीतियां गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के हितों से जुड़ी हैं और इन्हें जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी प्रदेश स्तरीय मासिक बैठक 7 फरवरी को बिजनौर में प्रस्तावित है, जिसमें सदस्यता अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए विधानसभा प्रभारी एवं जिला प्रभारी अधिकृत किए गए, जो अभियान की नियमित निगरानी करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष अनूप पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन प्रभारी श्रवण कुमार के मार्गदर्शन में जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश में संगठनात्मक मजबूती के साथ नई राजनीतिक दिशा तय करेगी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल, शैलेंद्र सिंह, प्रदेश महासचिव रणवीर सिंह, प्रदेश सचिव जितेंद्र सिंह, अजय चौधरी, नीरज कटियार, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव गरिमा सिंह पटेल, बांदा जनपद महिला जिला अध्यक्ष पिंकी प्रजापति सहित प्रदेश एवं जनपद स्तर के सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निजी शिक्षण संस्थानों में पारदर्शी प्रवेश पर ही मिलेगा छात्रवृत्ति का लाभ

### नियमावली-2023 में संशोधन, अब केवल वास्तविक पात्रों को मिलेगा फायदा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पात्र विद्यार्थियों को ही छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना का वास्तविक लाभ दिलाने के उद्देश्य से योगी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की नियमावली-2023 में महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं। यह संशोधन अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के साथ-साथ सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों पर भी समान रूप से लागू होंगे। यह योजना समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित की जा रही है। योगी सरकार का यह कदम निजी शिक्षण संस्थानों की प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के साथ-साथ वास्तविक पात्र विद्यार्थियों के हितों की सुरक्षा का प्रभावी प्रयास माना जा रहा है।

समाज कल्याण उपनिदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि संशोधन का मुख्य उद्देश्य निजी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया को तकनीकी रूप से पारदर्शी एवं स्पष्ट बनाना है, ताकि पात्र विद्यार्थियों को ही छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ मिल सके। इससे

समाज कल्याण विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

- मैनेजमेंट कोटा और स्पॉट एडमिशन के दुरुपयोग पर लगेगी सख्त रोक

मैनेजमेंट कोटा, स्पॉट एडमिशन तथा अन्य गैर-पारदर्शी प्रवेश प्रक्रियाओं के माध्यम से योजना के दुरुपयोग पर प्रभावी रोक लगेगी। संशोधित नियमों के अनुसार निजी शिक्षण संस्थानों में व्यावसायिक अथवा तकनीकी पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों को योजना का लाभ तभी मिलेगा, जब उनका प्रवेश पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया से हुआ हो। इसके तहत संस्थान द्वारा सार्वजनिक विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित करना, रैंक सूची तैयार करना, चयन सूची प्रकाशित करना अनिवार्य होगा। साथ ही छात्रों से केवल सक्षम प्राधिकारी अथवा शुल्क नियामक समिति द्वारा अनुमोदित शुल्क ही लिया जाएगा। संशोधित नियमों के तहत सामान्य वर्ग के छात्रों को भी शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ मिलेगा, बशर्ते उनका प्रवेश पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत हुआ हो और उनसे केवल अनुमोदित शुल्क ही वसूला गया हो।

उपनिदेशक आनंद कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि मैनेजमेंट कोटा, स्पॉट एडमिशन या किसी भी प्रकार की गैर-पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश लेने वाले छात्रों को योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। साथ ही संस्था की ओर से निर्धारित से अधिक फीस वसूलने की स्थिति में भी लाभ देय नहीं होगा।

## निकाय के 13 जेई की नियुक्ति हुई निरस्त

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित होने के बाद आने वाले 13 अवर अभियंता (सिविल) की ओर से ज्वाइनिंग नहीं दी गई। इसके चलते शासन ने उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी है। स्थानीय निकाय निदेशक अनुज कुमार झा ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की संस्तुति पर स्थानीय निकाय निदेशक की ओर से उत्तर प्रदेश पालिक केंद्रीयत अभियंत्रण सेवा नियमावली के आधार पर अवर अभियंता सिविल के पद पर 13 अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी थी। इनके नाम प्रीति, आलोक कुमार मिश्रा, मो. फैजान, केशव पांडेय, मनीष कुमार बिंद, इंदु प्रभा सरोज, रजत, रवि कुमार प्रजापति, सुरेंद्र कुमार पटेल, मो दानिश, अभय कुमार गुप्ता, सुभाष सिंह रावत और अमित कुमार भगत हैं।

स्थानीय निकाय निदेशालय ने 10 सितंबर 2024 को अवर अभियंता सिविल के पद पर औपबंधिक रूप से वेतनमान 9300-34800 ग्रेड पे 4200 में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो साल की परिवीक्षा अवधि पर 17 सितंबर 2024 को निकाय निदेशालय में योगदान आख्या देने का निर्देश दिया था। इसके बाद भी इस अवधि में इनके द्वारा योगदान आख्या स्थानीय निकाय निदेशालय में नहीं दी गई। इसके बाद पुनः 28 जनवरी 2025 को अंतिम अवसर देते हुए दो सप्ताह का मौका दिया गया। इनके द्वारा इसके बाद भी कार्यभार ग्रहण नहीं किया। स्थानीय निकाय निदेशालय ने बार-बार समय दिए जाने के बाद भी कार्यभार ग्रहण न करने पर इनका नियुक्ति संबंधी अभ्यर्थन निरस्त कर दिया है।

## आउटसोर्सिंग से नियुक्ति पर दस्तावेजों की होगी जांच, पुलिस सत्यापन अनिवार्य

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त सभी कार्मिकों के शैक्षिक और अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट्स की पूरी जांच अनिवार्य होगी। इसके साथ ही सभी कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन भी कराया जाएगा। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत कुछ कोर्स कोऑर्डिनेटरों की ओर से फर्जी अभिलेखों के आधार पर नियुक्ति प्राप्त किए जाने के मामले सामने आने के बाद समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने उक्त आदेश जारी किया है।

भविष्य में ऐसी किसी भी अनियमितता को रोकने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग में आउटसोर्सिंग से जुड़े मामलों में स्पष्ट शासनादेश जारी करने के निर्देश दिए हैं। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आउटसोर्सिंग के जरिए की जाने वाली सभी नियुक्तियां पूरी तरह निर्धारित नियमों, मानकों और प्रक्रिया के अनुरूप हों। शासनादेश में कहा गया है कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त सभी कार्मिकों के शैक्षिक और अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट्स की पूरी जांच अनिवार्य होगी। इसके साथ ही सभी कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन भी कराया जाएगा।

राज्यमंत्री ने वर्तमान में विभाग में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों के डॉक्यूमेंट्स की भी अगले 3 महीने के अंदर जांच पूरी करने के निर्देश दिए हैं, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना न रहे। राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि समाज कल्याण विभाग में किसी भी तरह की गड़बड़ी स्वीकार नहीं की जाएगी। आउटसोर्सिंग के माध्यम से की जाने वाली सभी नियुक्तियां पूरी तरह पारदर्शी और नियमों के अनुसार होंगी। जहां भी अनियमितता मिलेगी, वहां सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता में 75 जनपदों के 1651 प्रतिभागी लेंगे भाग

### 12 जनवरी से होगा शुभारंभ, तीन चरणों में होगी प्रतियोगिता

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को आधुनिक एवं रोजगारपरक कौशल से सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन 12 जनवरी से किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता प्रदेश के 75 जनपदों से चयनित 1651 से अधिक प्रतिभागियों की सहभागिता के साथ 20 विभिन्न स्किल्स में आयोजित होगी।

उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का युवा तकनीकी रूप से दक्ष, नवाचारी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो। राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता युवाओं की प्रतिभा को पहचान देने के साथ-साथ उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता इंडिया स्किल्स कंपटीशन की चयन प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण है, जिसके माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाली श्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया जाएगा।

- विश्व कौशल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मिलेगा अवसर



प्रतियोगिता तीन चरणों में 23 जनवरी तक आयोजित की जाएगी, जबकि 24 जनवरी को एक समारोह में चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे ने जानकारी दी कि 12 एवं 13 जनवरी को आयोजित प्रथम चरण में प्रदेश के सभी 75 जनपदों से लगभग 570 प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे, जो एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, वेल्डिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन टेक्नोलॉजी, सीएनसी मिलिंग एवं सीएनसी टर्निंग सहित 6 स्किल्स में अपनी दक्षता का प्रदर्शन करेंगे। प्रथम दिन प्रतिभागियों को विशेषज्ञों द्वारा उनकी स्किल से संबंधित ओरिएंटेशन, वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता के प्रारूप की जानकारी तथा उन्नत मशीनों पर अभ्यास कराया जाएगा, जबकि वास्तविक प्रतियोगिता 13 जनवरी 2026 को आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण की प्रतियोगिता लखनऊ स्थित आईटीआई अलीगंज, आईटीआई मोहनलालगंज, आईटीओटी, रेमंड सेंटर, राजकीय पॉलिटेक्निक, आईटीआई चारबाग, पॉलिटेक्निक (महिला) एवं सीआईपीईटी सहित विभिन्न संस्थानों में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक चरण में प्रतिभागियों की कौशल दक्षता, नवीनता, रचनात्मक सोच एवं प्रदर्शन क्षमता का निष्पक्ष मूल्यांकन कर प्रदेश की श्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया जाएगा, जिससे उन्हें राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ शंघाई, चीन में आयोजित होने वाली विश्व कौशल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त हो सके।

## सीएम कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का किसानों को घर बैठे मिलेगा लाभ

लखनऊ। प्रदेश में राजस्व परिषद मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना को पूरी तरह डिजिटल बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। योजना के डिजिटलीकरण की समय सीमा फरवरी 2026 तय की गई है। मुख्य सचिव की बैठक में राजस्व परिषद के अधिकारियों ने बताया कि प्रक्रिया के पूरी होने के बाद योजना के संचालन को पूरी तरह से ऑनलाइन किया जाएगा। जिससे किसान परिवारों को दुर्घटना की स्थिति में आसानी से घर बैठे मुआवजा मिल सके। साथ ही डिजिटलीकरण से योजना का संचालन और अधिक समयबद्ध, प्रभावी और पारदर्शी बनाया जा सकेगा। बैठक में राजस्व परिषद के अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत दिसंबर 2025 तक लगभग 29,394 किसानों के आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के मुताबिक राजस्व परिषद योजना का पूरी तरह डिजिटलीकरण कर रहा है। इसके लिए एनआईसी की मदद से एक आधुनिक वेब पोर्टल और सॉफ्टवेयर विकसित किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से आवेदन, दस्तावेज अपलोड, सत्यापन, स्वीकृति और लाभ वितरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। पहले भी योजना के लिए आवेदन एनआईसी के वेब पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता था, लेकिन अन्य प्रक्रियाएँ भौतिक सत्यापन के द्वारा पूरी होती थीं। जिससे किसान परिवारों को समस्या का सामना करना पड़ता था। योजना के पूरी तरह ऑनलाइन हो जाने से किसानों को बार-बार तहसील या जिला कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और भ्रष्टाचार की संभावनाएँ भी समाप्त हो जाएंगी। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पोर्टल के अपडेशन का कार्य चल रहा है और इसे फरवरी 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की शुरूआत सीएम योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2019 में की थी। राजस्व परिषद ने अपनी मण्डलवार रिपोर्ट में बताया कि इस योजना के तहत दिसंबर 2025 तक लगभग 29,394 किसानों के आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं। इनमें से सबसे ज्यादा आवेदन लखनऊ मण्डल में 3,569, गोरखपुर मण्डल में 3,143 जबकि अयोध्या और कानपुर मण्डल में क्रमशः 2,491 और 2,436 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं। योजना प्रदेश के किसानों और उनके परिवारों को दुर्घटना की स्थिति में एक सुरक्षा कवच प्रदान करती है। योजना के तहत किसानों को दुर्घटना से मृत्यु या स्थायी रूप से दिव्यांगता की स्थिति में अधिकतम 5 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। राजस्व परिषद की यह डिजिटल पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डिजिटल इंडिया और ई-गवर्नेंस की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। योजना के डिजिटलीकरण से एक ओर घर बैठे आवेदन करने, आवेदन की स्थिति ट्रैक करने और लाभ की राशि सीधे बैंक खाते में प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। वहीं दूसरी ओर समय की बचत और योजना के संचालन में पारदर्शिता भी बढ़ेगी। प्रदेश सरकार का प्रयास है कि कोई भी पात्र किसान योजना के लाभ से वंचित न रहे।

- 2,394 आवेदन हुए स्वीकृत, लखनऊ मण्डल रहा सबसे आगे

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर 10 युवाओं को विवेकानंद यूथ अवॉर्ड से सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री

लखनऊ। प्रदेश सरकार स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर वृहद आयोजन करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हॉल में होने वाले मुख्य आयोजन में राज्य स्तरीय विवेकानंद यूथ अवॉर्ड प्रदान करेंगे। इस दौरान खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खेलो इंडिया खेलो योजना के अंतर्गत 21 करोड़ रुपये से निर्मित 5 मल्टीपर्पज हॉल (लखनऊ में दो, हरदोई, कन्नौज व सहारनपुर में एक-एक) का लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री यहीं से 26 करोड़ से निर्मित होने वाले तीन ग्रामीण स्टेडियम (सुल्तानपुर, कासगंज व फतेहपुर) का शिलान्यास भी करेंगे। युवा कल्याण विभाग के उपनिदेशक अजात शत्रु शाही ने बताया कि व्यक्तिगत श्रेणी में चयनित 10 युवाओं व मंगल दल श्रेणी में चयनित युवक व महिला मंगल दल के सदस्यों को राज्य स्तरीय विवेकानंद यूथ अवार्ड प्रदान किया जाएगा। व्यक्तिगत श्रेणी में चयनित युवाओं को 50 हजार रुपये, स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। वहीं युवक व महिला मंगल दल को राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार स्वरूप एक-एक लाख रुपये, ट्रॉफी, मोमेंटो, शॉल, प्रमाण पत्र आदि प्रदान किया जाएगा। लखनऊ में होने वाले विवेकानंद यूथ अवार्ड वितरण कार्यक्रम में मंगल दल के 1500 से अधिक युवा सम्मिलित होंगे। व्यक्तिगत श्रेणी में जिन युवाओं को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा उनमें अभिनीत कुमार मौर्य- हरदोई, महिका खन्ना- शाहजहांपुर, मार्तण्ड राम त्रिपाठी-गोरखपुर, अभिषेक पांडेय-मऊ, संजना सिंह- बरेली, प्रणव द्विवेदी- गोरखपुर, साक्षी झा- गाजियाबाद, सचिन गौरी वर्मा- गोरखपुर, दिव्यांश टंडन- मेरठ व शिखा सहलोत-गाजियाबाद को शामिल किया गया है।

- पांच मल्टीपर्पज हॉल का लोकार्पण व तीन ग्रामीण स्टेडियम का शुभारंभ भी करेंगे

## 50 हजार बूथों पर कांग्रेस के बीएलए नहीं, संगठन को जिम्मेदारी

लखनऊ। वर्ष 2027 के विधान सभा चुनावों के मद्देनजर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को अहम मान रही कांग्रेस प्रदेश के तकरीबन 50 हजार बूथों पर बिना बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) के काम कर रही है। बिना बीएलए वाले बूथों पर एसआईआर के प्रक्रिया की निगरानी के लिए कांग्रेस ने अपने जिला संगठन को जिम्मेदारी सौंप दी है। बरसों बाद ऐसा हुआ है जबकि कांग्रेस ने करीब एक लाख बीएलए बनाए हैं।

इन बूथों पर कांग्रेस का बूथ संगठन, मंडल इकाइयां और जिलों में भेजी गई कमेटी प्रक्रिया की जांच करेगी। आयोग द्वारा ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होने के बाद अब राजनीतिक दल कटे नामों की शिनाख्त और ड्राफ्ट सूची में छूटे नामों को जुड़वाने के लिए सक्रिय हो गए हैं। इस काम में कांग्रेस के तकरीबन एक लाख बीएलए सक्रिय हैं। हालांकि, अभी भी उसकी चिंता उन 50 हजार बूथों पर है, जहां उसके बीएलए नहीं बने हैं। कांग्रेस के वॉर रूम इंचार्ज संजय दीक्षित के मुताबिक तकरीबन एक लाख बीएलए तो चुनाव आयोग में पंजीकृत हैं, इसके अलावा करीब 20 हजार ऐसे बीएलए हैं, जिनका पंजीकरण निर्वाचन आयोग में नहीं हो सका। ये लोग भी काम कर रहे हैं।

जहां हमारे बीएलए नहीं बन सके हैं, वहां हमने बूथ अध्यक्षों के अलावा मंडल व ब्लॉक इकाइयों को सक्रिय किया है। सभी जिलों को इसी उद्देश्य से कटे हुए नामों की सूची उपलब्ध करवा दी गई है। उनसे इसकी पड़ताल करके रिपोर्ट मांगी गई है। इन सभी लोगों की मदद और हर शंका के समाधान के लिए कंट्रोल रूम लगातार संपर्क में है। इन 50 हजार बूथों पर ही असल चुनौती कांग्रेस अंदरखाने पूरी प्रक्रिया में इन 50 हजार बूथों को ही असल चुनौती मान रही है। दरअसल, जिन जगहों पर बीएलए हैं वहां पर तो पूरी प्रक्रिया प्रत्यक्ष तौर पर देखी जा सकती है, लेकिन जहां बीएलए नहीं हैं, वहां पर प्रक्रिया की निगरानी कैसे होगी? भले ही संगठन को जिम्मेदारी दे दी गई है, लेकिन इसके बाद भी कांग्रेस अन्य तरकीबों पर विचार कर रही है। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस उच्च स्तर पर चर्चा करके जल्द ही इन बूथों के लिए और भी वैकल्पिक प्रबंध करेगी।

संक्षेप

## प्रभारी मंत्री अनिल राजभर का आगमन आज

सिद्धार्थनगर। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को जिले के भाजपा कार्यालय पर प्रभारी मंत्री अनिल राजभर का आगमन होकर समय लगभग 1 बजे पत्रकारों से प्रेस वार्ता किये जाने हेतु कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि 10/01/26 को दोपहर करीब 1बजे भाजपा जिला कार्यालय पर जिले के प्रभारी मंत्री अनिल राजभर द्वारा विकसित भारत जी राम जी पर प्रेस वार्ता किया जायेगा,प्रेस वार्ता में सम्बंधित पत्रकारों को समय से प्रतिभाग करने हेतु आवाहन किया गया है। प्रभारी मंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी दायित्वों के निर्वहन हेतु मुस्तैदी दिखाते हुए गत रविवार से ही क्रियाशील रहे ।

## महिलाओं को सुरक्षा अधिकारों के प्रति किया जागरूक

सिद्धार्थनगर- महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत इतवार को बयारा में 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत एक 'बहू-बेटी सम्मेलन' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके सुरक्षा अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। इस सम्मेलन में महिला कांस्टेबल उर्मिला ने सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। कार्यक्रम के दौरान कई महत्वपूर्ण हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जागरूक किया गया। इनमें 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1090 (वूमेन पावर हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा), 181 (वीमेन हेल्पलाइन) और 101 (अग्निशमन सेवा) शामिल थीं। इस अवसर पर उपनिरीक्षक राम शब्द यादव, हेड कांस्टेबल अजय सिंह और महिला कांस्टेबल उर्मिला आदि उपस्थित रहे।

## पेड़ से फांसी पर लटका मिला युवक का शव

प्रतापगढ़। जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर थाना आसपुर देवसरा क्षेत्र के उदईशाहपुर गांव में रविवार को ननिहाल में रह रहे एक युवक का शव पेड़ से फंदे से लटका पाया गया। पुलिस ने युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का अंदेशा जताया है। थाना आसपुर देवसरा के प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र के उदईशाहपुर निवासी अनिल का भांजा अविनाश (18) अपने ननिहाल में रहता था, जिसका शव आज घर से कुछ दूरी पर एक पेड़ से फांसी पर लटकता हुआ पाया गया। उन्होंने बताया कि मृतक के माता-पिता दोनों का देहांत हो चुका है। वह जनपद जौनपुर के थाना महराजगंज क्षेत्र के चांदपुर गांव का निवासी था और बचपन से ही ननिहाल में रहता था। एसएचओ ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। आत्महत्या के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# कोर्ट के आदेश पर बाराबंकी में वित्तीय घोटाले में 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

जिला संवाददाता

बाराबंकी। बाराबंकी जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित मुंशी रघुनंदन प्रसाद सरदार पटेल महिला महाविद्यालय के संचालन से जुड़े एक कथित वित्तीय घोटाले में अदालत के आदेश पर पुलिस ने 10 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि अदालत के आदेश पर उमाशंकर वर्मा, धीरेंद्र कुमार, मानव पटेल, मान सिंह, राजेश कुमार, राजीव, अशोक, सुनील, अजय और भागवत नाम के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

पुलिस ने बताया कि कोतवाली नगर के दशहरा बाग स्थित मुंशी रघुनंदन प्रसाद सरदार पटेल महिला महाविद्यालय की संस्थापक संरक्षक सदस्य कृष्णा चौधरी ने अदालत में याचिका दायर कर आरोप लगाया कि प्रबंध समिति के कुछ अधिकारियों ने फर्जी एवं कूट रचित दस्तावेज तैयार कर संस्थान के करीब 2.7 करोड़ रुपये का गबन कर लिया है। कृष्णा चौधरी ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) की अदालत में आवेदन प्रस्तुत किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि उमाशंकर वर्मा और सहकारी बैंक



के पूर्व अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बिना किसी वैध प्रक्रिया के चुनाव कराए और रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटी एवं चिट्स अयोध्या की अनुमति के बिना स्वयं को संस्थान का अधिकारी घोषित कर लिया। वादी के अनुसार पांच अप्रैल 2020 को देशव्यापी लाकडाउन के दौरान फर्जी तरीके से प्रबंध समिति की बैठक दिखाकर 17 लोगों के जाली हस्ताक्षर किए गए। इसके आधार पर राष्ट्रीयकृत बैंक के अलावा जिला सहकारी बैंक में संस्थान का खाता संचालित कर लगभग 50 लाख रुपये दयाराम एंड संस ट्रेडिंग फर्म को बिना किसी बिल के आरटीजीएस के माध्यम से भेज दिए गए।

आरोप है कि इसके अतिरिक्त उमाशंकर वर्मा ने अपने पुत्र मानव पटेल के खाते में बिना प्रबंध कार्यकारिणी की स्वीकृति के 20 लाख रुपये स्थानांतरित किए। इस दौरान धीरेंद्र कुमार वर्मा के जिला सहकारी बैंक के नामित चेयरमैन होने का भी लाभ उठाने का आरोप लगाया गया है। कृष्णा चौधरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने पहले भी इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी और 25 सितंबर 2025 को पुनः प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बाद में अदालत ने आवेदन पर सुनवाई कर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। इस बीच उमाशंकर वर्मा ने कहा कि संस्था में कहीं कोई अनियमितता नहीं है।

## एसडीएम ने मतदान बूथों का किया निरीक्षण



शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर- एसडीएम विवेकानंद मिश्रा ने तहसील क्षेत्र के मतदान बूथों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) को मतदाता सूची में त्रुटियां सुधारने और नए नाम जोड़ने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में, एसडीएम दोपहर में बूथ संख्या 244, पूर्व माध्यमिक विद्यालय रमवापुर नानकार पहुंचे। यहां बीएलओ द्वारा एसआईआर (सिस्टेमैटिक इलेक्टर वेरिफिकेशन प्रोग्राम) के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था। मतदाताओं ने अपनी और अपने परिवार के सदस्यों की मतदाता सूची में नाम देखकर त्रुटियों को ठीक कराने के लिए बीएलओ को जानकारी दी। एसडीएम ने बूथ पर मौजूद मतदाताओं से मतदाता सूची में नाम होने की पुष्टि की। उन्होंने निर्देश दिया कि परिवार के जिन पात्र सदस्यों का नाम सूची में दर्ज होने से रह गया हो, वे फॉर्म 6 भरकर बीएलओ को दें। साथ ही, यदि वोटर लिस्ट में किसी मतदाता के नाम या अन्य विवरण में कोई गलती हो, तो उसे फॉर्म 8 भरकर सही कराया जा सकता है। बीएलओ प्रियंका सिंह को एसडीएम ने प्राप्त सभी फॉर्म को ऐप पर सही ढंग से फीड करने और तहसील कार्यालय को सूचित करने का निर्देश दिया। उन्होंने एसआईआर के तहत चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार नोटिस की कार्यवाही को भी पूरा करने को कहा। इसी प्रकार, बूथ संख्या 305 बेलभरिया पर बीएलओ सफीरुद्दीन ने भी मतदाता सूची का प्रकाशन कर मतदाताओं को जानकारी दी। क्षेत्र के ढेबरुआ, नजरगढ़वा, सेमरहवा, अलीदापुर, धनौरा मुस्तहकम और ब्रैनिया सहित अन्य बूथों पर भी बीएलओ अपने कार्यों में सक्रिय रहें।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में शीतलमऊ इलेवन ने जीता फाइनल खिताब, हुए पुरस्कृत



प्रतापगढ़। नगर पंचायत के अझारा वार्ड में हुए अझारा क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को फाइनल मुकाबले में सीपीएस नवीन इलेवन शीतलमऊ को विजेता कप हासिल हुआ। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व कोतवाली के एसएसआई अरूण सिंह ने विजेता एवं उप विजेता टीम को समारोहपूर्वक पुरस्कृत किया। फाइनल मुकाबला सीपीएस नवीन इलेवन शीतलमऊ व कपूर इलेवन के बीच हुआ। टॉस जीतकर शीतलमऊ इलेवन ने पहले बोलिंग करने का फैसला लिया। कपूर इलेवन ने निर्धारित पन्द्रह ओवरों में तिरासी रन बनाये। चौरासी रन के लक्ष्य को साधते हुए सीपीएस इलेवन ने चौदहवें ओवर मे ही तीन विकेट से विजेता कप अपने नाम कर लिया। फाइनल में मैन आफ द मैच का खिताब आवेश द्विवेदी को मिला। अम्पायर की भूमिका विनय मिश्र व सुब्रत तिवारी ने निभाई। स्कोरर ललित मलिंगा रहे। आयोजक सभासद प्रतिनिधि धर्मपाल गौतम व संयोजक अजय मिश्र आशीष ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता के आयोजन समिति के अध्यक्ष आशीष, श्रीश पाण्डेय, प्रभाकर मिश्र, विद्याशंकर मिश्र की आयोजन में सराहनीय भूमिका दिखी।

## विद्युत चोरी की तीन घटनाओं का हुआ खुलासा, आरोपी गया जेल

प्रतापगढ़। लालगंज पुलिस ने ट्रांसफार्मर से तेल चोरी तथा विद्युत तांबे के उपकरण व तार चोरी की घटनाओ का खुलासा करते हुए अर्न्तजनपदीय बदमाश को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे में मिले वाहन से बारह लीटर विद्युत तेल, दो बोरियों में तांबे के उपकरण व एक प्लास्टिक बाक्स में तार काटने व चोरी में प्रयुक्त उपकरणो को बरामद किया है। वही आरोपी के द्वारा प्रयोग की जा रही एक चारपहिया वाहन भी पुलिस ने कब्जे मे लिया है। बीती चौबीस दिसंबर की रात लालगंज कोतवाली के धारूपुर मे ट्रांसफार्मर से तेल चोरी की वारदात हुई थी। घटना को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार की देखरेख में दरोगा सुनील कुमार यादव पुलिस टीम के साथ रविवार की सुबह गश्त पर निकले थे। जगन्नाथपुर के पास पुलिस टीम ने एक संदिग्ध वाहन को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें विद्युत चोरी के सामान को देख पुलिस टीम आवाक रह गयी। पुलिस ने आरोपी चित्रकूट जिले के मऊ थाना निवासी अखिलेश पुत्र शारदा प्रसाद को हिरासत में लेकर कोतवाली आयी। यहां पूछतांछ में आरोपी ने विद्युत चोरी की वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की। आरोपी द्वारा पुलिस टीम को जानकारी दी गयी कि लालगंज थाना क्षेत्र के अलावा गैंग ने बाइस दिसंबर की रात प्रतापगढ़ सिटी तथा चार मई को शिवसत दिलीपपुर में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी द्वारा यह भी बताया गया कि इन वारदातो को अंजाम देने में दो अन्य आरोपी भी उसके साथ शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

## हिंदू समाज सम्मेलन, एकता और संस्कार का संदेश



कटरा (श्रावस्ती)। राम जानकी मंदिर परिसर, कटरा में हिंदू समाज सम्मेलन का भव्य आयोजन पंकज मिश्रा, खंड कार्यवाहक अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंबिका प्रसाद, विभाग कार्यवाहक (बहराइच) रहे। सम्मेलन का शुभारंभ माँ भारती के चित्र पर विधिवत माल्यार्पण कर किया गया, जिससे वातावरण गरिमामय, प्रेरणास्पद और भावनात्मक बन गया।

इस अवसर पर अमिताभ प्रसाद, विभाग कार्यवाहक अध्यक्ष बहराइच ने कहा कि हिंदू सम्मेलन का मूल उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित, सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि यह मंच सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय दायित्व और सनातन मूल्यों के संरक्षण का प्रभावी माध्यम है। समाज में व्याप्त विभाजन, असमानता और भ्रांतियों को दूर कर एकता, भाईचारा और सौहार्द स्थापित करना समय की आवश्यकता है। सभा की अध्यक्षता कर रहे पंकज मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन संस्कृति के संस्कार, परंपरा और नैतिक मूल्यों के प्रति विशेषकर युवाओं में जागरूकता, प्रतिबद्धता और नेतृत्व क्षमता विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसा सशक्त समाज ही राष्ट्र निर्माण, सामाजिक उत्थान और सकारात्मक परिवर्तन का आधार बन सकता है।

सम्मेलन में सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण, पारिवारिक मूल्यों, कर्तव्यबोध और राष्ट्रभक्ति जैसे विषयों पर सारगर्भित विचार-विमर्श हुआ। वक्ताओं ने समाज में गौरव, उत्तरदायित्व, सहयोग और प्रेरणा की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में सुधाकर, रमेश कुमार तिवारी, रामकुमार गुप्ता, ओंकार वर्मा, दुर्गेश पटवा, लाल बच्चा शुक्ला, सूर्यभान, अजय कुमार, राधा देवी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति की सूझ- बूझ से परिवार टूटने से बचा




श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस परिवार परामर्श केंद्र, श्रावस्ती की एक सराहनीय पहल सामने आई, जहां संवाद, समझदारी और आपसी विश्वास के माध्यम से एक वैवाहिक विवाद का सफल समाधान किया गया। आयोजित बैठक में पति-पत्नी के बीच उत्पन्न मतभेदों को शांतिपूर्ण वार्ता के जरिए दूर कर दोनों पक्षों को सुलह समझौते के लिए सहमत कराया गया। प्रभारी निरीक्षक लाल साहब सिंह, उप निरीक्षक शिवशरन गौड़ एवं महिला आरक्षी अर्चना रावत की उपस्थिति में दोनों पक्षों की बातें गंभीरता से सुनी गईं और आपसी सहमति से विवाद का समाधान कराया गया। सुलह के उपरांत दंपति ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर नई शुरूआत की, जिससे परिवार में पुनः खुशियों का माहौल बना। पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की इस पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना की। पुलिस प्रशासन द्वारा यह भी आश्वस्त किया गया कि भविष्य में सुलह को स्थायी और सफल बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों से निरंतर संपर्क बनाए रखा जाएगा, ताकि परिवार में सौहार्द और विश्वास बना रहे।

सुलह समझौता विवरण के अनुसार वादिनी पत्नी अनिल कुमार, निवासी ग्राम बगहा थाना नवीन मॉडर्न जनपद श्रावस्ती (वर्तमान पता श्यामपुर नादौना थाना कोतवाली देहात बहराइच) तथा प्रतिवादी अनिल कुमार पुत्र कारींगन सहित अन्य पारिवारिक पक्षकारों के बीच आपसी सहमति से विवाद का निस्तारण कराया गया।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



श्रावस्ती। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत विशेष बूथ दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने 289-भिनगा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र अलक्षेन्द्र इंटर कॉलेज, भिनगा में स्थापित बूथ संख्या 170, 171, 172, 173, 174, 175, 176 एवं 177 का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित बीएलओ से संवाद कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नए अर्ह मतदाताओं के पंजीकरण, अपात्र मतदाताओं के नाम विलोपन तथा मतदाता विवरण में आवश्यक संशोधन को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ एप पर क्वालिटी चेक ऑफ इलेक्टर फोटो विकल्प के माध्यम से मतदाताओं की फोटो की जांच एवं आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य संपादित किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती का आधार है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। इस अवसर पर संबंधित सभी बूथों के बीएलओ उपस्थित रहे।

## नपा उसका बाजार में जगह जगह जलाये जा रहे अलाव



**उसका सिद्धार्थनगर।** नगर पं0 अध्यक्ष उसका बाजार प्रतिनिधी हेमंत कुमार जयसवाल के सार्थक प्रयास के चलते न0 पं0 उसका बाजार कस्बा परिक्षेत्र में जगह जगह अलाव जलाये जाने की बेहतर व्यवस्था जनहित में किया गया, ठंड से ठिठुरते लोगो को बड़ी राहत पहुंचाने की मंशा से नगर पंचायत अध्यक्ष उसका बाजार व पूर्व न0प0 अध्यक्ष/व अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल ने उसका बाजार परिक्षेत्र के तमाम जगहों पर अलाव जलाए जाने की बेहतर व्यवस्था जनहित में करा कर आम जनमानस को राहत पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हुए क्रियाशील रहे हेमंत कुमार जयसवाल के सार्थक प्रयास व जनहित में उत्कृष्ट कार्य योगदान को गणमान्यों ने सराहा है, न0 पं0 उसका बाजार कर्मचारी सूत्रों के अनुसार अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमन्त जयसवाल ने गरीब पात्रों में ऊनी कम्बलो का भी वितरण किया गया हेमंत जयसवाल के अनुसार जरूरत मंद/ गरीब पात्रों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है अतः उन्होंने नर सेवा को ही नारायण सेवा करार दिया गया , उक्त कार्य में अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमन्त जयसवाल के साथ नगर पंचायत उसका बाजार के अधिशासी अधिकारी /एकाउंट वरिष्ठ लिपिक का व अन्य कर्मियों का कार्य योगदान सराहनीय रहा।

## जरूरतमंदों को ठंड से बचाना हम सभी का दायित्व

### समाजसेवी से बांटे 105 कंबल

इकौना (श्रावस्ती)। इकौना के नए रामलीला मैदान में मानवता, करुणा और सेवाभाव का अनुकरणीय दृश्य



देखने को मिला। दिल्ली विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं समाजसेवी डॉ. विशाल मिश्रा के सौजन्य से निर्बल, असहाय एवं गरीब वर्ग के 105 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी नरेंद्र जायसवाल ने की।

कंबल वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. विशाल मिश्रा ने कहा कि शीतलहर के इस कठिन समय में जरूरतमंदों को ठंड से बचाना हम सभी का मानवीय दायित्व है। उन्होंने कहा कि भारत एक संस्कृति प्रधान देश है, जहां सेवाभाव, सामाजिक उत्तरदायित्व और वृद्धजनों का सम्मान हमारी परंपरा का अभिन्न हिस्सा रहा है। समाज के कमजोर वर्ग को राहत पहुंचाना ही सच्ची समाजसेवा है। अध्यक्षीय संबोधन में नरेंद्र जायसवाल ने कहा कि सकारात्मक सोच, निःस्वार्थ सेवा और सामाजिक सहभागिता से ही समाज में जागरूकता आती है। जब लोग स्वयं आगे बढ़कर सेवा कार्य करते हैं, तभी समाज सशक्त और समरस बनता है। कार्यक्रम में समाजसेवी अर्चना बाजपेई, बिनोद कुमार सोनी, सत्यपाल लोहिया, विवेक सोनी, सुरेंद्र कुमार, अजय जायसवाल, रघुपति पांडे, विनोद कुमार रस्तोगी एवं सत्य प्रकाश आदिलोग सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में सामाजिक समरसता, लोककल्याण और मानवीय संवेदनाओं की प्रेरक झलक देखने को मिली।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म ,आरोपी गिरफ्तार




पथरा बाजार बांसी सिद्धार्थनगर- पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पथरा बाजार थाना पुलिस ने अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेज दिया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में की गई। थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया। प्राप्त खबर के अनुसार के थाना पथरा बाजार में पंजीकृत मु0अ0सं0 03/2026, धारा 69, 115(2), 351(3), 352 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त को रविवार, 11 जनवरी 2026 को पावर हाउस पथरा बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सौरभ उर्फ सुनील अग्रहरि पुत्र जवाहिर लाल अग्रहरि के रूप में हुई है। वह थाना पथरा बाजार, जनपद सिद्धार्थनगर का निवासी है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अमित कुमार, कांस्टेबल पंकज सिंह और कांस्टेबल अरविंद कुशवाहा शामिल थे।

# दिव्यांगों को सम्मान के साथ समुचित प्रतिनिधित्व देना सच्ची सेवा : मोना

## बैठक में कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता ने एसआईआर पर सजग भूमिका के दिये निर्देश

जिला संवाददाता

**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि दिव्यांगों को सशक्तीकरण के जरिए सामाजिक सरोकार तथा राष्ट्रीय विकास का समुचित प्रतिनिधित्व सौपना आवश्यक है। उन्होने कहा कि दिव्यांगों को सम्मान तथा अपनत्व प्रदान करते हुए इन्हें समाज में समानता का बोध कराना ही सच्ची सेवा है। विधायक मोना ने यह बातें रानीगंज कैथौला के समीप पूरे नोहर सिंह में रविवार को आयोजित दिव्यांग सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होने कार्यक्रम में मौजूद पचास से अधिक दिव्यांगजनों को शॉल भेंट कर सम्मानित भी किया। वहीं विधायक मोना ने साहित्यकार हरि बहादुर सिंह



हर्ष, रामचंद्र तिवारी आदि को भी सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया। समारोह के संयोजक रामसमुझ यादव ने विधायक आराधना मिश्रा मोना को प्रतीक चिन्ह व शॉल भेंटकर जनसेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया। सम्मान समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा भी शामिल हुए। उन्होने कहा कि सेवा व संवेदना से सामाजिक ढांचे को मजबूती मिला करती है। इसके पहले विधायक मोना लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं की बैठक में शामिल हुई। यहां उन्होने एसआईआर को लेकर कार्यकताओं से कहा कि वह बूथ स्तर पर सही मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने को लेकर सजग भूमिका निभायें। उन्होने कार्यकताओं से संवाद करते हुए कहा कि भाजपा राज में कानून और व्यवस्था की हालत बद से बदतर हो उठी है।

उन्होने मेरठ में दलित महिला की हत्या और उसकी बेटी के अपहरण की घटना को प्रदेश में बीजेपी के राज में कानून और व्यवस्था के लिए चुनौतीपूर्ण करार दिया। वहीं विधायक मोना ने वर्मा नगर स्थित यमुना प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की सरंक्षिका श्यामा देवी के हाल ही में निधन पर विद्यालय परिसर में पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किये। विधायक मोना ने बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन भी किया। यहां उन्होने धाम में पर्यटन से जुडी विकास परियोजनाओं का अवलोकन किया। वही लालगंज नगर पंचायत के संगम चौराहे पर पार्टी कार्यकताओं व सभासदो ने विधायक आराधना मिश्रा मोना का गर्मजोशी के साथ स्वागत भी किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, केडी मिश्र, आशीष उपाध्याय, छोटे लाल सरोज, महमूद आलम, रामबोध शुक्ल, भुवनेश्वर शुक्ल, जिपंस लल्लन सिंह, सुधाकर पाण्डेय, राकेश चतुवेर्दी, दीपू सरोज, राजू पाण्डेय, रामू मिश्र, सिंटू मिश्र, मुरलीधर तिवारी, बृजेश द्विवेदी, विकास मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, पन्नालाल पाल, शेरू खां, आशीष कौशल आदि रहे।

## परिजनों को सौंपा गया राम मंदिर परिसर में नमाज पढ़ने वाला कश्मीरी

अयोध्या। अयोध्या स्थित राम मंदिर परिसर में कथित रूप से नमाज पढ़ने की कोशिश करने पर हिरासत में लिए गए कश्मीर निवासी एक व्यक्ति के मानसिक रूप से बीमार होने का पता चलने पर पुलिस ने उसे उसके परिजन को सौंप दिया है। पुलिस अधीक्षक (शहर) चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति अहद शेख के परिजन ने दावा किया था कि वह मानसिक रूप से बीमार है। उन्होंने सुबूत के तौर पर उसकी मेडिकल रिपोर्ट भी दिखाई थीं। इसके बाद रविवार को शेख को उसके परिजन के हवाले कर दिया गया। उन्होंने बताया कि शेख जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले का रहने वाला है। उसे शुक्रवार को तब हिरासत में लिया गया जब सुरक्षाकर्मियों ने उसे मंदिर परिसर के अंदर कथित तौर पर नमाज पढ़ने की तैयारी करते देखा।

## डीएम ने किया प्रा. विद्यालय का किया निरीक्षण



सिद्धार्थनगर ।विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान-2025 के अंतर्गत तहसील नौगढ़ के अन्तर्गत जय किसान इन्टर कालेज सकतपुर सनई तथा मार्डन प्राइमरी स्कूल, करौंदा मसिना का जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 द्वारा बीएलओ को निर्देश दिया गया कि 01.01.2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे अर्ह मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ें। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में छूटे हुए मतदाताओं का नाम भी मतदाता सूची में जोड़ने हेतु आवश्यक प्रपत्र लेकर आवश्यक कार्यवाही करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होना चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग की बेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उन्होंने उक्त से सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिया गया।

# गोरखपुर महोत्सव का हुआ शानदार आगाज, कला-संस्कृति से सजा मंच

## महोत्सव के मंच पर दिखी संस्कृति-पर्यटन की अनूठी झलक

- आज उत्तर प्रदेश टूरिज्म का नये हब के रूप में दुनिया में अपनी पहचान बना रहा : जयवीर सिंह

जिला संवाददाता



गोरखपुर। पूर्वी उत्तर प्रदेश के पर्यटन के नक्शे पर बेहद मनोरम झील के रूप में चमक रहे रामगढ़ताल जील के किनारे चम्पा देवी पार्क में आयोजित गोरखपुर महोत्सव का रविवार को भव्य व शानदार आगाज हुआ। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह व सांसद रविकिशन ने दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, कलाकारों और बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने महोत्सव को भव्यता प्रदान की। दीप प्रज्वलन के साथ ही पूरे परिसर में उत्सव और सांस्कृतिक उल्लास का वातावरण बन गया। पर्यटन मंत्री ने कहा कि गोरखपुर महोत्सव प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं, कला, संगीत, नृत्य एवं हस्तशिल्प को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का सशक्त माध्यम है। इस प्रकार के महोत्सव न केवल सांस्कृतिक संरक्षण में सहायक होते हैं, बल्कि पर्यटन को बढ़ावा देकर स्थानीय रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी सुदृढ़ करते हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में पर्यटन एवं संस्कृति के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। 2017 से पहले जहां प्रदेश को बीमारू राज्य के रूप में जाना जाता था, वहीं आज मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में उतर प्रदेश लगातार विकास की लंबी छलांग लगा रहा है और यह सब प्रदेश की सुदृढ़ कानून व्यवस्था का परिणाम है। आज उत्तर प्रदेश टूरिज्म का नये हब के रूप में दुनिया में अपनी पहचान बना रहा है। मंत्री जी कहा कि गोरखपुर महोत्सव के माध्यम से पूर्वांचल की लोकसंस्कृति, खान-पान, पारंपरिक कलाएं तथा स्थानीय उत्पादों को मंच प्रदान किया जा रहा है, जिससे स्थानीय कलाकारों एवं शिल्पकारों को प्रोत्साहन मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि महोत्सव परिसर में हस्तशिल्प, पुस्तक मेला, खादी, ओडीओपी उत्पादों, स्थानीय व्यंजनों तथा पर्यटन से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसे आमजन द्वारा सराहा जा रहा है।

गोरखपुर महोत्सव आगामी 7 दिनों तक विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं मनोरंजनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता से रूबरू कराएगा। इस अवसर पर सांसद रवि किशन ने संबोधित किया तथा मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महोत्सव की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। जी0डी0ए0 उपाध्यक्ष आनंद वर्धन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। महोत्सव को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्रशासन द्वारा की गई सुरक्षा और व्यवस्थाओं की भी सराहना की गई। कार्यक्रम में महापौर डा0 मंगलेश श्रीवास्तव, विधायकगण विपिन सिंह, श्रीराम चौहान, प्रदीप शुक्ला, डा0 विमलेश पासवान, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, एडीजी जोन मुथा अशोक जैन, डीआईजी एस चन्नप्पा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नैय्यर, मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी, आयोजक नोडल एवं जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन, जीडीए सचिव पुष्पराज सिंह सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। गोरखपुर महोत्सव में इस वर्ष लोकसंस्कृति के साथ विज्ञान प्रदर्शनी को भी प्रमुखता दी गई है। विशेष रूप से स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार की गई विज्ञान प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा, नवाचार और वैज्ञानिक सोच का शानदार प्रदर्शन किया है।

इसके साथ ही महोत्सव में स्थानीय उत्पादों और लोकल सामानों के स्टॉल लगाए गए हैं, जिससे क्षेत्रीय कारीगरों और उद्यमियों को अपनी कला और उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिला है। यह पहल आत्मनिर्भर भारत और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर एडी स्कूल की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने दर्शकों को आध्यात्मिक अनुभूति से भर दिया। इसके पश्चात मथुरा की सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना गीतांजलि शर्मा ने कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रोताओं की भरपूर तालियां बटोरीं। शास्त्रीय नृत्य की यह प्रस्तुति महोत्सव की सांस्कृतिक गरिमा को और ऊंचाई प्रदान करती नजर आई। गोरखपुर महोत्सव में शहरवासियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिल रही है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी वर्ग के लोग महोत्सव का आनंद ले रहे हैं। संस्कृति, कला, विज्ञान और स्थानीय पहचान को समर्पित यह आयोजन गोरखपुर को सांस्कृतिक मानचित्र पर एक नई पहचान दिला रहा है।

चम्पा देवी पार्क में आयोजित गोरखपुर महोत्सव न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि यह स्थानीय प्रतिभाओं, विद्यार्थियों, कारीगरों और कलाकारों को प्रोत्साहित करने का सशक्त मंच भी बन रहा है। आने वाले दिनों में विभिन्न कार्यक्रमों और प्रस्तुतियों के माध्यम से यह महोत्सव गोरखपुरवासियों के लिए यादगार साबित होगा। महोत्सव स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। एडीजी जोन, डीआईजी रेंज और जिला पुलिस प्रशासन की सतत निगरानी में कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा व्यवस्थाओं का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

# हिन्दू संगठनों ने बाइक रैली निकाली



भरथना, इटावा। सम्पूर्ण देश में विराट हिन्दू सम्मेलन और जन जागरण अभियान के चलते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिन्दुत्व संगठनों के सहयोग से नगर भ्रमण हेतु एक बाइक रैली निकाली गई। भगवा ध्वज लेकर सैकडों की संख्या में मौजूद गणमान्यजनों ने मयार्दा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम व भारत माता की जय के उद्घोषों से समूचा नगर गुंजायमान कर दिया। सम्पूर्ण देश में विराट हिन्दू सम्मेलन और जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिन्दुत्व संगठनों के सहयोग से रविवार को कस्बा के मुहल्ला जवाहर रोड स्थित मिडिल स्कूल प्रांगण से नगर भ्रमण हेतु एक बाइक रैली निकाली गई। तदुपरान्त बाइक रैली नगर के प्रमुख मार्गों जवाहर रोड, ओवरब्रिज, मोतीगंज, तिलक रोड, बजाजा लाइन चैराहा, आजाद रोड, मण्डी रोड, पुराना भरथना, बालूगंज, सरोजनी रोड आदि पर भ्रमण करते हुए पुनः मिडिल स्कूल में ही सम्पन्न हुई। नगर के गणमान्यजनों, विभाग, जिला, नगर एवं खण्ड दायित्वधारी, कार्यकर्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, गौरक्षा दल, भारत विकास परिषद एवं समस्त विचार परिवार के सदस्यों के सहयोग से भगवा ध्वज के साथ मयार्दा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम व भारत माता की जय के उद्घोषों के साथ भ्रमण को निकली बाइक रैली के दौरान कई जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर रैली में सम्मिलित लोगों का स्वागत सम्मान किया। बाइक रैली के दौरान अमित मिश्रा, अश्वनी शुक्ला, ओमप्रताप सिंह बण्टू, एड0 विनोद यादव, अनिल तिवारी, उमाशंकर गुप्ता, प्रदीप मिश्रा, विशाल चैहान, शिवेन्द्र, रजत गुप्ता, गौरव गुप्ता, अमन अवस्थी, अनूप जाटव, नवनीत गुप्ता, कल्लू श्रीवास्तव, शिवम गुप्ता, गौरव तिवारी, दुर्गेश अवस्थी, आनन्द कौशल, त्रिलोकी पोरवाल, शिवेन्द्र भदौरिया, नीटू तिवारी, देवाशीष चैहान, पवन दुबे, विपिन बिहारी दुबे, उमेश गुप्ता, मोहन आर्य, शिवेन्द्र चैहान सहित सैकडों गणमान्य लोगों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी रामदवन मौर्य, थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह सहित भारी पुलिस बल की मौजूदगी रही।

# सीएमओ के निर्देश पर सील हुआ झगहा में भारत मेडिकल स्टोर

- मेडिकल स्टोर के झोलाछाप डॉक्टर पर इलाज करने के दौरान हुई बच्ची की मौत का है आरोप

चौरीचौरा, गोरखपुर। झगहा थाना क्षेत्र के राजी जगदीशपुर के प्रमुख चौराहे पर स्थित भरत मेडिकल स्टोर को मुख्य चिकित्साधिकारी गोरखपुर



के निर्देश प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रम्हपुर पर तैनात डाक्टर फिरोज खां, फर्मासिस्ट प्रेमशंकर तथा सहायक सौरभ सिंह मौके पर पहुंचकर सील कर दिया। तथा रिपोर्ट संबंधित अधिकारी को भेज दिया। आरोप है कि उक्त भारत मेडिकल स्टोर क्लिनिक पर गत शनिवार को तैनात झोलाछाप डॉक्टर द्वारा एक सात माह की बच्ची का इलाज करने के दौरान मौत हो चुकी थी। बताते चलें कि गत शनिवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के राजी जगदीशपुर टोला बरहवा निवासी रामदरश पुत्र स्व0 तिलक निषाद ने झगहा पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मेरी सात माह की नतिनी दीक्षा का इलाज भारत मेडिकल स्टोर क्लिनिक पर डाक्टर द्वारा किया गया था। डाक्टर द्वारा दो शीशी दवा दी गई।जिसको पिलाने के बाद बच्ची की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तथा तहरीर के आधार पर मेडिकल स्टोर संचालक को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल में जुटी है। रामदरश ने तहरीर के माध्यम से बताया कि चौरीचौरा थाना क्षेत्र के शिवपुर टोला हेरवा निवासी मेरी पुत्री सुमन पत्नी राहुल निषाद,जो मायके में मेरे घर झगहा थाना क्षेत्र के राजी जगदीशपुर टोला बरहवा में कुछ दिन पूर्व आयी थी। मेरी पुत्री अपने सात माह की बेटी दीक्षा को उल्टी,पेट दर्द की शिकायत पर दवा कराने शनिवार को उक्त भारत मेडिकल स्टोर क्लिनिक पर ले गयी थी। उक्त डाक्टर द्वारा दो शीशी दवा पिलाने के लिए दिया गया। जिसको पिलाने के बाद बच्ची की हालत खराब हुई। परिजनों ने आनन-फानन में उसे पुनः उक्त मेडिकल स्टोर पर ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

# गोला में आज से शुरू होगा दो दिवसीय गोला युवा महोत्सव 2026

## महोत्सव में दिखेगी युवाओं की कला-संस्कृति व वैज्ञानिक सोच की झलक

गोला,गोरखपुर। दिव्य जागरण युवा मंच व एमसीए पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में गत वर्षो की भांति इस साल भी स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में 12 व 13 जनवरी को विद्यालय प्रांगण में दो दिवसीय युवा महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय महोत्सव में युवाओं के कला-संस्कृति व वैज्ञानिक सोच की झलक देखने को मिलेगी। महोत्सव के भव्य आयोजन के लिए विद्यालय प्रांगण में भव्य पांडाल बनाने के साथ ही विद्यालय प्रांगण को आकर्षक सजावट व रंगीन झालरों से दुल्हन की तरह सजधज कर तैयार हो चुका है। तो वही प्रतिभागियों ने जमकर अभ्यास कर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया।

उक्त जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष व विद्यालय के मुख्य सेवक/ प्रबंधक प्रदीप सिंह व शिक्षा निदेशिका रत्ना सिंह ने दी।

उन्होने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 12 जनवरी की सुबह दस बजे दीप प्रज्जवलन तथा सरस्वती बंदना





के साथ होगी, जबकि समापन 13 जनवरी को शायं चार बजे दीप महायज्ञ के साथ होगा। उन्होने बताया कि गोला युवा महोत्सव आयोजन का मुख्य उद्देश्य केवल सांस्कृतिक प्रदर्शन तक सीमित न रहकर क्षेत्र की प्रतिष्ठा को सुदृढ करना तथा भावी पीढी को राष्ट्र निर्माण, कर्तव्यबोध और सेवा भावना से ओत-प्रोत करना है। यह महोत्सव विद्यार्थियों के अंतर्निहित प्रतिभाओं के प्रकटीकरण, सृजनात्मक अभिव्यक्ति तथा आत्मविश्वास के सुदृढ़ीकरण का शशक्त मंच प्रदान करता है। और ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को उभारना व एक मंच प्रदान कर क्षेत्र की गरिमा को बढाकर राष्ट्र सेवा हेतु प्रेरित समर्पित करना है।

उन्होने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 12 जनवरी सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान प्रदर्शनी, सामाजिक गणित प्रदर्शनी, फैट व खेल मेला व कला प्रदर्शनी के आयोजन से होगा। कला प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों पर आधारित प्रदर्शनी समेत उत्तर प्रदेश की धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहर एवं गौरव की झलक देखने को मिलेगी। महोत्सव के दूसरे दिन मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह व दीप यज्ञ के साथ महोत्सव सम्पन्न होगा। साथ ही कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी के अलावा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए स्वामी विवेकानंद का जीवन वृत्त संबंधित नाट्य मंचन का प्रस्तुतिकरण होगा। उन्होने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को स्वामी विवेकानंद की विचारधारा एवं राष्ट्रप्रेम की भावनाओं को जागृत किया जाएगा।

कार्यक्रम आयोजन समिति ने छात्र-छात्राओं, अभिभावक गण तथा क्षेत्रीय जनता से भारी संख्या में पहुंचकर प्रतिभागियों का हौसलाअफजाई करने के साथ महोत्सव को सफल बनाने की अपील किया।

# मतदाता सूची में कोई भी फर्जी नाम न रहे, पूरी तरह शुद्ध हो सूचीः डीएम



जसवंतनगर, इटावा। विधानसभा व लोकसभा चुनाव को लेकर चल रहे मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत रविवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला ने नगर क्षेत्र के जीजीआईसी स्थित तीन मतदान बूथों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता सूची पूरी तरह शुद्ध, त्रुटिरहित और पारदर्शी होनी चाहिए। किसी भी स्थिति में अपात्र या फर्जी नाम सूची में शामिल न होने पाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिन मतदाताओं की फोटो स्पष्ट नहीं है, उनके फोटो तत्काल बदले जाएं। पात्र नए मतदाताओं के नाम अनिवार्य रूप से जोड़े जाएं और नाम, पता, आयु या मकान संख्या से जुड़ी सभी त्रुटियों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। जिलाधिकारी के निरीक्षण के बाद उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत के निर्देशन में नगर क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर पुनरीक्षण अभियान जारी रहा। हिंदू विद्यालय में बूथ संख्या 88 पर बीएलओ अंसार हुसैन, 89 पर प्रीती शुक्ला, 90 पर प्रवेंद्र सिंह तथा 91 पर सुनीता ने मतदाताओं को सूची पढ़कर सुनाई। वहीं जीजीआईसी परिसर में बूथ संख्या 75 पर सीमा पाल, 76 पर आमिर खान और अनिता यादव ने मतदाता सूची का सत्यापन कराया। इस दौरान नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता एवं विधायक प्रतिनिधि अजेंद्र गौर ने शिकायत की कि कई स्थानों पर एक ही मकान में अनेक मतदाताओं के नाम दर्ज हैं, जबकि कई मतदाताओं के मकान नंबर शून्य दर्शाए गए हैं। इसके अलावा एक ही परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग बूथों पर दर्ज होने से मतदाताओं को भारी परेशानी हो रही है।

# प्रेमिका को पत्नी बताकर बेची करोड़ों की जमीन

इटावा। एक चैंकाने वाला फजीर्वाड़े का मामला सामने आया है, जहां पत्नी के नाम दर्ज साढ़े बारह बीघा जमीन को पत्नी के निधन के बाद प्रेमिका को पत्नी बताकर बेच दिया गया। फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड बनवाकर वर्ष 2022 से 2024 के बीच अलग अलग लोगों को जमीन बेची गई। जमीन की कीमत करीब तीन करोड़ रुपये बताई गई है। बेटे की शिकायत पर शनिवार दिन में पुलिस ने सेवानिवृत्त वन दारोगा और उसकी महिला मित्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के सराय एसर गांव निवासी अनिल कुमार ने 24 अगस्त 2025 को थाने में तहरीर दी थी। उसने आरोप लगाया कि उसके पिता सेवाराम ने उसकी दिवंगत मां सुमन देवी के नाम पर दर्ज कृषि भूमि और कुछ प्लाट को धोखाधड़ी से बेच दिया। अनिल कुमार के अनुसार यह पूरी योजना पिता ने अपनी महिला मित्र के साथ मिलकर बनाई। आरोप है कि सेवाराम ने मैनपुरी के थाना एलाऊ क्षेत्र की रहने वाली मीना देवी को अपनी पत्नी सुमन देवी बताकर फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड तैयार कराए। इसके बाद उसी पहचान के सहारे मां के नाम दर्ज जमीन का बैनामा कराया गया। सेवाराम वर्ष 2018 में मैनपुरी के किशनी रेंज से वन विभाग से सेवानिवृत्त हुए थे और इसी दौरान इस फजीर्वाड़े को अंजाम दिया गया। बेटे की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी सुनील कुमार के अनुसार मामले की विवेचना क्राइम इंस्पेक्टर राजा दुबे कर रहे थे।

# गोरखपुर महोत्सव में नारी स्वास्थ्य और सशक्तीकरण पर हुआ मंथन

## महापौर, एम्स गोरखपुर की कार्यकारी निदेशक और गोविवि की कुलपति ने किया प्रतिभाग

गोरखपुर। जिले में शुरू हुए गोरखपुर महोत्सव में नारी स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को लेकर रविवार को विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य ही सम्पदा विषयक इस परिचर्चा में महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, एम्स गोरखपुर की कार्यकारी निदेशक (सेवानिवृत्त मेजर जनरल) डॉ विभा दत्ता और गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो पूनम टंडन ने विशेष तौर पर हिस्सा लिया। सीएमओ गोरखपुर डॉ राजेश झा, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिनव मिश्र और विश्वविद्यालय की शिक्षिका डॉ दिव्या रानी सिंह ने परिचर्चा के आयोजन में विशेष योगदान दिया। इस अवसर पर महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। जब परिवार की नारी स्वस्थ होती हैं तो समाज ही नहीं राष्ट्र के विकास की भी नीव पड़ती है। नगर निगम द्वारा नारी स्वास्थ्य की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की चर्चा करते हुए



महापौर ने कहा कि समन्वित प्रयासों के जरिए ही नारी स्वास्थ्य और सशक्तिकरण कि लक्ष्य पूरा होगा। एम्स गोरखपुर की कार्यकारी निदेशक डॉ विभा दत्ता ने नारी स्वास्थ्य को लेकर विशेष तौर पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर सहित महिलाओं में अन्य बीमारियों की पहचान और निदान के लिए जिले में कई विशेष प्रयास हो रहे हैं। विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के सहयोग से ये अवश्य सफल होंगे। कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने महिलाओं को लीडर की भूमिका में आने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नारी स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए नारी में नेतृत्व क्षमता का विकास जरूरी है। इस दिशा में भी निरंतर प्रयास हो रहे हैं। सीएमओ डॉ राजेश झा ने नारी स्वास्थ्य की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। विश्वविद्यालय की शिक्षिका डॉ दिव्या रानी सिंह ने पीसीपीएनडीटी के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी को मिल कर कन्या भ्रूण हत्या रोकने का प्रयास करना होगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारी गण भी मौजूद रहे।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सतीश बंसल व सतीश कुमार बंसल था, जिसे बदल कर अब सतीश कुमार अग्रवाल कर दिया है। भविष्य में मुझे सतीश कुमार अग्रवाल के नाम से जाना वह पहचान जाए। **सतीश कुमार अग्रवाल पुत्र आत्माराम निवासी 299, तानसेनगंज, तहसील सदर सीतापुर।**

## सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र आयुष मिश्रा को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **रोहित मिश्रा पुत्र दिनेश कुमार मिश्रा नि.- मास्टर कालोनी पश्चिमी तह. महोली जिला सीतापुर।**

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम अंबर बंसल (Amber Bansal) है। जबकि मेरे शैक्षिक व अन्य अभिलेखो में त्रुटिवश मेरा नाम अंबर बंसल (Ambar Bansal) अंकित हो गया है, भविष्य में मुझे मेरे सही नाम अंबर बंसल (Amber Bansal) से जाना वह पहचान जाए। **अंबर बंसल पुत्र सतीश कुमार अग्रवाल निवासी 299 तानसेनगंज तहसील सदर सीतापुर।**

# करंट की चपेट में आकर झुलसी 22 वर्षीय युवती

चकरनगर, इटावा। जंगली जानवरों को मारने के लिए खेतों में अवैध रूप से डाले गए करंट की चपेट में आकर 19 नवंबर को 22 वर्षीय युवती गंभीर रूप से झुलस गयी थी, लेकिन हैरानी की बात यह है कि घटना को डेढ़ माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अब तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया है। इस मामले को लेकर पीड़ित परिवार ने थाना दिवस में अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। चकरनगर थाना के गांव जौनांनी निवासी महिला अनीता देवी पत्नी ताहर सिंह ने शनिवार को थाना समाधान दिवस में सीओ अवनीश कुमार सिंह को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी 22 वर्षीय बेटी मीरा खेतों की ओर भैंस को पकड़ने गई थी। इसी दौरान पड़ोसी गांव के कुछ नामजद आरोपितों ने अपने खेत में हाईटेंशन लाइन से करंट डाल रखा था, जिसका उद्देश्य जंगली जानवरों को मारना था। अनजान में मीरा उस करंट की चपेट में आ गई और बुरी तरह झुलस गई। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद चकरनगर थाना पुलिस ने आरोपितों से इलाज कराने की बात कहकर मामला टाल दिया, लेकिन न तो आरोपितों ने युवती का समुचित इलाज कराया और न ही पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई की। वर्तमान में युवती की हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई है और उसका पैर कटने की कगार पर बताया जा रहा है।

# लेखपाल से लेकर तहसील थानों में भ्रष्टाचार का बोलबाला : शिवपाल सिंह

जिला संवाददाता

**ऊसराहार, इटावा।** घरौनी का काम सरकार बहुत धीमी गति से चला रही है। गांव मे रहने वाले ग्रामीणों को उनके घर के दस्तावेज मिल सके इसके लिए घरौनी लाने की योजना सपा सरकार मे बनाई गई थी। अभी भी गांव में गांव मे रहने वाले ग्रामीणों को घरौनी नही मिल पा रही है। लेखपाल से लेकर तहसील थानो तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है बिना पैसे के गरीब किसान का कोई काम नही होता है यह बात सपा महासचिव शिवपाल सिंह ने ऊसराहार मे कही उन्होंने कहा भ्रष्टाचार मे लिया गया पैसा नीचे से लेकर ऊपर तक पहुंचता है।

समाजवादी पार्टी के महासचिव एंव जसवंतनगर बिधायक शिवपाल सिंह यादव रविवार को ऊसराहार पहुचे। संत विवेकानंद स्कूल मे पत्रकारो से बार्ता करते हुए उन्होंने कहा सपा सरकार मे किसानो के हितों के लिए कई



कदम उठाए गए थे। यदि आज सपा की सरकार होती तो किसानो को अपनी पैमाइश के लिए उन्हे भटकना नही पडता आज पैमाइश कराने के लिए भी लेखपाल बिना पैसे लिए काम नही करता है थाना तहसील सब जगह भ्रष्टाचार फैला हुआ है गरीबो से शिकायत पर समाधान के नाम पर दस हजार से लेकर पांच लाख रूपए तक रिश्वत ली जाती है भ्रष्टाचार मे ली गई रकम का नीचे से लेकर ऊपर तक बटबारा होता है सब सलिंप्त है इसीलिए पीडित की शिकायतों पर उन्हे समाधान नही मिलता उन्होंने कहा ताखा मे लिंक एक्सप्रेसवे जोडा जा रहा है मैनपुरी और ताखा के किसानो की जमीन ली जा रही है लेकिन सर्किल रेट मे भी भेदभाव किया जा रहा है। ताखा मे ही किसानो के लिए अलग अलग सर्किल रेट बनाकर किसानो के साथ छलावा किया जा रहा है। उन्होने कहा पूरे प्रदेश मे इस समय किसानो और व्यापारियों को ठगा जा रहा है। एक तरफ किसानो को समय पर खाद नही मिल रही है वही दूसरी तरफ व्यापारियो का दुकानों से सैपिल भरने के नाम पर उनका दोहन किया जा रहा है। भ्रष्टाचार चरम पर पहुच गया है अब इसका जबाब जनता आने वाले चुनाव मे देगी। इस बार फिर सपा बहुमत के साथ सरकार मे आएगी पत्राकार बार्ता के दौरान मौजूद बिधायक प्रतिनिधि ध्रुव यादव ने कहा इस समय वोट बनाने का काम चल रहा है यदि किसी का नाम काटा गया है और जोडा नही जा रहा है तो उसकी सूचना उनके कार्यालय मे उपलब्ध करा दे पूरी मदद की जाएगी। इससे पहले संत विवेकानन्द स्कूल पहुचने पर डायरेक्टर सचिन यादव ने उन्हे प्रतिमा भेटकर सम्मानित किया इस दौरान किसान नेता लालू यादव आशू यादव आलोक कुमार रामवीर सहित तमाम लोग मौजूद रहे। उन्होंने ऊसराहार मे एक वायक शोरूम का शुभारंभ किया संचालक सुधीर यादव ने सम्मानित किया।

# दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल



इटावा। 3 घंटे के अन्दर नाबालिक के साथ दुष्कर्म की घटना कारित करने वाले अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में पुलिस द्वारा किया गिरफ्तार, कब्जे से तमन्चा 315 बोर, 2 जिन्दा व 2 खोखा कारतूस किया बरामद। क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व में थाना बसरेहर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। सौरभ सिंह थानाध्यक्ष बसरेहर ने बताया कि थाना क्षेत्रान्तर्गत निवासी वादी द्वारा थाना पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि उसकी पुत्री अपने घर के बाहर मोहल्ले में खेलने के लिये गयी थी तभी पडोस का एक लडका प्रशांत पुत्र रमेश चन्द्र उर्फ लल्ला द्वारा वादी की नाबालिक पुत्री के साथ दुष्कर्म किया गया। सूचना पर थाना बसरेहर पर मामला दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निदेर्शों 10 जनवरी को थाना बसरेहर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी की दुष्कर्म में वांछित अभियुक्त भागने के उद्देश्य से अकबरपुर कट की तरफ आ रहा है, सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये कल्ला बाग से अकबरपुर रोड पर ग्राम लालपुरा को जाने वाली चकरोड पर रुकने का इशारा किया तो अभियुक्त द्वारा भागने का प्रयास करते हुये पुलिस टीम पर फायर किया जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी तो एक गोली अभियुक्त प्रशांत पुत्र रमेश चंद्र निवासी किल्ली रोड कस्बा बसरेहर के दाहिने पैर में लगी। जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया।

संक्षेप

## रहस्यमय तरीके से युवक लापता

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव बरखेड़ा खुर्द में एक युवक रहस्यमय तरीके से लापता हो गया परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। बरखेड़ा खुर्द निवासी शिवराज ने पुलिस को सूचना देकर बताया उसका 20 वर्षीय पुत्र अवनीश ऑटो से बैठकर शनिवार को घर से मोहम्मदी के लिए निकला था देर रात तक वापस नहीं लौटा है जिसकी तलाश की जा रही है।

## महिला सिलाई कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर में 31-दिवसीय महिला सिलाई कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया। 12 दिसंबर 2025 से आरम्भ हुए इस 31 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में लखीमपुर के विभिन्न ब्लॉको की बाईस महिलाएं भाग ले रही थीं, जिन्हें महिला सिलाई और उद्यमिता विकास में प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह मे प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम इंडियन बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता के कर कमलो द्वारा इंडसेटी निदेशक पूजा शुक्ला की उपस्थिति में हुआ। अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा महिलाओं से समूह से, सी सी एल से एवं सी एम युवा में ऋण लेकर अपना सिलाई का काम को शुरू करने, अपना बुटीक या सिलाई सेंटर डालने का आह्वान किया गया। उन्होंने प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही एक सफल उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। इस अवसर पर संकाय सदस्य मोहम्मद ओवेश तथा परिचारक श्री शिवसागर उपस्थित थे।

## अस्थायी पुल रविवार को हटा

सिंगाही-खीरी। जौराहा नाले पर खनन पट्टे के विरोध में चल रहे किसान आंदोलन के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। ठेकेदार द्वारा बालू निकासी के लिए बनाया गया अस्थायी पुल रविवार को हटा लिया गया। अधिकारियों की ओर से खनन पट्टा निरस्त करने का आश्वासन मिलने पर किसानों ने सोमवार को धरना समाप्त करने का निर्णय लिया है। पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश था और बीते दस दिनों से किसान धरने पर बैठे थे। डीएम के निर्देश पर गठित टीमों द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया था, जिसके बाद यह कार्रवाई हुई।

## बाघ ने महिला को बनाया निवाला

बेलरायां खीरी। चौकी निघासन ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत भेड़ोरी में शनिवार शाम बाघ के हमले में एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद वन विभाग, पुलिस और ग्रामीणों की संयुक्त टीम ने रातभर ड्रोन कैमरे की मदद से खोजबीन की। रविवार सुबह गन्ने के खेत से महिला का अर्धक्षत-विक्षत शव बरामद किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। मृतका की पहचान उषा देवी (35) पत्नी पवन कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार उषा देवी अपनी पड़ोसन गुंधनी देवी, पत्नी हैल बिहारी, के साथ मवेशियों के लिए चारा काटने खेत गई थीं। इसी दौरान खेत में छिपे बाघ ने अचानक उषा देवी पर हमला कर दिया और उन्हें घसीटते हुए अंदर ले गया। किसी तरह जान बचाकर गुंधनी देवी गांव पहुंचीं और घटना की सूचना ग्रामीणों को दी। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज बेलरायां अभिषेक यादव, प्रधान प्रतिनिधि ध्रुव कुमार वर्मा, वन विभाग की टीम तथा सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। महिला की तलाश के लिए रातभर ड्रोन कैमरे की मदद ली गई।

# आठों विस क्षेत्र में बीएलओ ने पढ़ी आलेख्य निर्वाचक नामावली



लखीमपुर खीरी। भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिले की सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों के सभी बूथों पर आलेख्य निर्वाचक नामावली को बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के द्वारा पढ़कर सुनाया गया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और आम मतदाता मौजूद रहे, जिन्होंने हर नाम पर कड़ी नजर रखी। जिले की विधानसभा क्षेत्र 137- पलिया, 138-निघासन, 139-गोला, 140- श्रीनगर, 141- धौरहरा, 142- लखीमपुर, 143- कस्ता और 144- मोहम्मदी के सभी बूथों पर यह प्रक्रिया पूरी हुई। बीएलओ ने प्रत्येक बूथ पर विवरणवार मतदाता सूची पढ़कर सुनाई, ताकि किसी भी त्रुटि या अभाव की संभावना को न्यूनतम किया जा सके।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और मतदाताओं ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और जरूरत पड़ने पर सुधार हेतु सुझाव भी दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह प्रक्रिया पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से लागू की गई। उन्होंने कहा कि यह कदम लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने और मतदाता अधिकार सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण है।

## मतदाता सूची सुधार पर जोर, फॉर्म-6 भरकर बढ़ी सहभागिता



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नगर क्षेत्र में ड्राफ्ट मतदाता सूची का सार्वजनिक रूप से वाचन किया गया। अभियान के दौरान उपस्थित नागरिकों को सूची में अपना नाम जांचने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि को समय रहते ठीक कराया जा सके। एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने मिशन मोड में फॉर्म-6 भरवाए और नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराया। लोगों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में फॉर्म-6 भरकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करें।

अभियान के दौरान यह भी बताया गया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य शत-प्रतिशत पात्र मतदाताओं को मतदान का अधिकार दिलाना और आगामी चुनावों में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर नगर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और बड़ी संख्या में नागरिकों ने आगे बढ़कर फॉर्म-6 भरकर सहभागिता निभाई।

## लखीमपुर खीरी पहुंचे एडी बेसिक, मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत रोल आब्जर्वर के निर्देशन में अपर निदेशक (बेसिक शिक्षा) एसके तिवारी ने जनपद लखीमपुर खीरी पहुंचकर 142-लखीमपुर, 140-श्रीनगर और 143-कस्ता विधानसभा क्षेत्रों के मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीएलओ आलेख प्रकाशित नामावली पढ़ते पाए गए। साथ ही संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक अधिकारी भी मौजूद रहे।

## विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन



मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव हिम्मतपुर के सरकारी विद्यालय परिसर में हिंदू समाज के तत्वाधान में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता संत श्रीनिवास द्वारा की गई है। गांव हिम्मतपुर के प्राथमिक विद्यालय में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें संघ के खंड प्रचारक विनोद ने सम्मेलन में आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा हमारी सास्कृति विविधता, सहिष्णुता, आध्यात्मिकता और बसुधैव कुटुंम्बकम की विचारधारा की है जिसमें सभी धर्म का सम्मान किया जाता है। सम्मेलन में आई नारी शक्ति को संबोधित करते हुए श्रीदेवी ने कहा देश की अक्षुण्णता और अखंडता को लेकर आगे आने का समय आ गया है। सिख समुदाय को ज्ञानी सिंह ने संबोधित करते हुए उन्हें देश के प्रति अपनी कुबार्नी की याद दिलाई है। इस मौके पर प्रधान कामेश्वर सिंह, खंड कार्यवाह पवन, अमन मिश्रा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे हैं।

## हिंदू सम्मेलन में एकजुटता और राष्ट्र जागरण का आह्वान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। रेहरिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत हिम्मतपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों की सहभागिता रही।

सम्मेलन में ग्राम प्रधान पति कामेश्वर सिंह यादव द्वारा मंचासीन अतिथियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विनोद ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों के साथ हिंदू समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में राष्ट्र जागरण का संकल्प लेकर समाज में देशभक्ति, अनुशासन और संस्कारपूर्ण जीवन चेतना को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। वक्ताओं ने कहा कि हिंदू समाज के समक्ष मौजूद ज्वलंत समस्याओं पर जागरूकता बढ़ाने, मिल-जुलकर कार्य करने का वातावरण बनाने, हिंदू समाज को हिंदू के लिए खड़े होने तथा समाज में हिंदुत्व भाव को स्पष्ट और दृढ़ करने के उद्देश्य से इस प्रकार के सम्मेलन आवश्यक हैं। साथ ही हिंदू धर्म, संस्कृति और समाज के पोषक मूल्यों को पुनः स्थापित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान मूडागलिब जोगराज सिंह कुशवाहा, समूह सखी श्रीदेवी, ज्ञानी बलदेव सिंह, बाबा श्रीनिवास, संत जी, भाजपा उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, दुर्वेश सिंह, अनुज सिंह, पूर्व प्रधान धर्मेंद्र कुमार वर्मा एडवोकेट सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

## बोर्ड में उत्तम परिणाम के लिए प्रदेश निरीक्षक ने छात्रों से की बातचीत और दिए सुझाव



जिला संवाददाता(vol)

पलियाकलां खीरी। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, पलिया नगर में आज विद्या भारती अवध प्रांत के प्रदेश निरीक्ष राम सिंह, संभाग निरीक्षक सुरेश सिंह, संस्कृति बोध परियोजना के प्रमुख माननीय उत्तम (भाई साहब) का गरिमामय आगमन हुआ। उनका स्वागत विद्यालय के मुख्य द्वार पर घोष के साथ किया गया उनके आगमन से विद्यालय परिसर में हर्ष, उल्लास एवं उत्साह का वातावरण व्याप्त हो गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रताप सिंह ने पधारे हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए उनका संक्षिप्त एवं प्रेरणादायी परिचय कराया। मुख्य अतिथि प्रदेश निरीक्षक राम जी सिंह, संभाग निरीक्षक सुरेश सिंह जी ने सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य, आचार्यों/आचार्या बहनों एवं भैया/बहिनों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष रूप से ध्यान आकृष्ट किया। कमजोर से कमजोर विद्यार्थियों के भी न्यूनतम 75 प्रतिशत से अधिक अंक सुनिश्चित किए जाएँ।

कुछ विद्यार्थियों का प्रदेश स्तर पर स्थान प्राप्त करना लक्ष्य बनाया जाए। कुछ विद्यार्थी प्रत्येक विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त करें, इसके लिए विशेष योजना बनाई जाए। संस्कारयुक्त शिक्षा, भारतीय ज्ञान परंपरा, बाल-केंद्रित एवं क्रिया आधारित शिक्षण पद्धति को प्राथमिकता दी जाए। पंचपदीय शिक्षण पद्धति एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ठएढ) 2020 के अनुरूप शिक्षण कार्य करने पर बल दिया जाए। विद्यार्थियों में समर्पण, अनुशासन एवं राष्ट्रभाव जागृत करने पर विशेष जोर दिया गया।

इसके पश्चात कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया गया कार्यालय प्रमुख आचार्य संदीप मंदीप, महेश ने कार्यालय के सभी आवश्यक जानकारियों से उनको संतुष्ट किया। विद्यालय के आचार्य अनुराग यादव एवं उनकी टीम के द्वारा उनको जलपान एवं भोजन कराया गया इस दौरान उन्होंने भोजन मंत्र के महत्व समझाते बताया कि भारतीय संस्कृति में भोजन मंत्र का महत्व यह है कि यह भोजन को पवित्र कर, कृतज्ञता सिखाता है, मन को एकाग्र करता है और शरीर को शुद्ध करता है, जिससे भोजन केवल पेट भरने का माध्यम न रहकर एक आध्यात्मिक प्रक्रिया बन जाता है; यह अन्न, प्रकृति, किसानों और ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त करने और भोजन को प्रसाद में बदलने का एक तरीका है, जो मानसिक शांति और पाचन में सुधार करता है।.

## मेरिट सूची में स्थान पाने पर अक्षत पांचाल सम्मानित



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र अक्षत पांचाल को विद्यालय प्रबंधन की ओर से छात्र को 51 हजार का प्रोत्साहन चेक देकर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में पूर्व संस्थापक अध्यक्ष डॉ. त्रिभुवन नाथ, संरक्षिका सुभद्रा पुरवार, प्रबंधक डॉ. आदित्य पुरवार, कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा एवं प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्र की उपलब्धि की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि डॉ. त्रिभुवन नाथ ने कहा कि अक्षत की सफलता परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अध्ययन का परिणाम है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी। प्रबंधक डॉ. आदित्य पुरवार ने कहा कि विद्यालय प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए सदैव तत्पर रहता है। प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने कहा कि यह उपलब्धि शिक्षकों के मार्गदर्शन, अभिभावकों के सहयोग और विद्यार्थी की मेहनत का संयुक्त परिणाम है। कार्यक्रम का संचालन चंद्रेश अग्निहोत्री ने किया। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से छात्र को बधाइयां दी गईं।

## विवेकानंद जयंती पर स्मृति सम्मान व विराट कवि सम्मेलन आज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती के अवसर पर स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान में स्मृति सम्मान समारोह एवं विराट कवि सम्मेलन का आयोजन आज सायं 5 बजे होगा। यह जानकारी विद्यालय की प्रधानाचार्या शशि बाला राबडा ने दी है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन स्वर्गीय शिव कुमार रावड़ा व राजकुमारी रावड़ा की स्मृति में किया जा रहा है। समारोह की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय भाषा संस्थान, सूरत (गुजरात) के अध्यक्ष डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा गुणेश्वर करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में अपराध अनुसंधान विभाग, लखनऊ के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. अखिलेश निगम (आईपीएस) मौजूद रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिकू होंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकारों का सम्मान किया जाएगा। सहारनपुर के प्रसिद्ध बाल साहित्यकार डॉ. आर.पी. सारस्वत को विवेक भारती मानद उपाधि, गोला-झांसी के कवि पवन गुप्त तूफान को ह्यविवेक श्री मानद उपाधि प्रदान की जाएगी। वहीं लखनऊ की श्रीमती नीता निगम को ह्यभावनी निवेदिता सम्मान तथा पत्रकार सचिन शर्मा (स्पष्ट आवाज) को उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए अलंकृत किया जाएगा। आयोजन समिति की ओर से नगर व क्षेत्र के साहित्यप्रेमियों, शिक्षाविदों और आमजन से कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाने की अपील की गई है।

## आबकारी मंत्री की प्रेसवार्ता में कुर्सी न मिलने पर विधायक नाराज

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री एवं जनपद खीरी के नोडल नितिन अग्रवाल रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जी राम जी योजना की जानकारी देने के लिए पहले पत्रकारों को दोपहर 3 बजे आमंत्रित किया गया था बाद में प्रेस का समय 2.30 बजे कर दिया गया।



पत्रकार एक घंटा इंतजार करते रहे। कुछ पत्रकारों ने प्रेस का बहिष्कार कर चले गए। दोपहर करीब 3. 40 बजे आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल प्रेस वार्ता करने पहुंचे। इसी बीच प्रेस वार्ता में बीजेपी विधायक योगेश वर्मा को कुर्सी न मिलने पर वह नाराज होकर बाहर निकल आये। यह प्रेस वार्ता जी रामजी योजना को लेकर आयोजित की गई थी, जिसमें ऊर्जा मंत्री नितिन अग्रवाल की मौजूदगी प्रस्तावित थी। कुर्सी न मिलने पर नाराज विधायक योगेश वर्मा ने बाहर आकर कहा जब कुर्सी ही नहीं है तो जाकर क्या करें? विधायक के बाहर निकलते ही प्रशासन और पार्टी कार्यकताओं में खलबली मच गई। इसके बाद मंत्री नितिन अग्रवाल के पी आर ओ खुद मनाकर विधायक योगेश वर्मा को दोबारा सभागार में बुलाया।

## जबरन धर्म परिवर्तन मामले में मुकदमा दर्ज

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में कथित धर्म परिवर्तन का मामला सामने आने से इलाके में हलचल मची हुई है। आरोप है कि गांव में एक आयोजन के जरिए करीब 70 लोगों को इलाज कराने का दावा करते हुए साथ ही रुपये और जमीन का लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा था। यह तरीका गुपचुप होकर चल रहा था। फूलबेहड़ क्षेत्र में जबरन धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। यह मामला सुरजीपुरवा गांव, रामनगर खुर्द ग्राम सभा से जुड़ा है। पीड़ित नितिन सैनी की तहरीर पर चार लोगों को नामजद किया गया है, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है। पीड़ित नितिन सैनी, जो देवकली रोड, गांधी नगर लखीमपुर खीरी के निवासी हैं, ने बताया कि वह लंबे समय से स्वास्थ्य लाभ के लिए गांव स्थित रामचन्दी के आवास पर जाते थे। 9 जनवरी 2026 को रामसहारे के बुलावे पर वह वहां पहुंचे, जहां ईसाई मिशनरियों द्वारा प्रार्थना सभा के नाम पर लगभग 70 से अधिक लोगों को एकत्र कर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। तहरीर के अनुसार, सभा के दौरान हिंदू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं और लोगों को हिंदू धर्म छोड़ने के लिए उकसाया गया।सभा समाप्त होने के बाद पीड़ित नितिन सैनी को 5 हजार रुपए नकद, राशन, दवाइयां, बाइबिल और क्रॉस चिन्ह देकर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बनाया गया। पुलिस ने इस मामले में रामचन्दी, रामसहारे, विजयपाल और एक अज्ञात पादरी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 299 तथा उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 की धारा 3 व 5(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## मनरेगा का नाम बदले जाने से कांग्रेसियों ने रखा उपवास

लखीमपुर खीरी। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में लखीमपुर शहर के अम्बेडकर पार्क में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय उपवास प्रदर्शन मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अगुवाई में किया गया। जिसमें जिला एवं नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी तथा मनरेगा बचाओ संग्राम की कोऑर्डिनेटर शिप्रा अवस्थी अन्य वरिष्ठ कांग्रेस जन उपस्थित रहे। उपस्थित कांग्रेस जनों ने सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया। श्री पटेल ने यह भी बताया कि मनरेगा कांग्रेस सरकार की देन है जिसने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस योजना की पहचान बदलने का प्रयास करती है तो कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध आगे भी करेगी। मनरेगा बचाओ संग्राम की हमारी प्रमुख चार मांगे हैं काम की गारंटी, मजदूरी की गारंटी, मनरेगा में किए गए बदलाव की तत्काल वापसी हो। काम के संवैधानिक अधिकारी की पूर्ण बहाली की जाए, न्यूनतम वेतन ?400 किया जाए' नहीं तो यह संग्राम रुकने वाला नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार योजनाओं के नाम बदलकर जनता को भ्रमित करना चाहती है। जबकि जमीनी स्तर पर रोजगार और मजदूरी के मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी द्वारा मनरेगा के अधिकार और अस्तित्व की रक्षा के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करने का संकल्प दिलाया। उक्त प्रदर्शन में प्रमुख रूप से उपस्थित शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रियाज अहमद मोनू, डॉ रईस अहमद उस्मानी, राम पाल शाक्य, रवि तिवारी, विपुल गुप्ता, के के मिश्रा अन्नू, वरिष्ठ कांग्रेसी इरफान किदवई, रामकुमार वर्मा, राजेश अवस्थी, जावेद अली, शाहजेंद्र दीक्षित, प्रेम वर्मा, अब्दुल कयूम, सुधीर शुक्ला, अनंत राम गौतम, राम सजीवन तिवारी मतीन आदि सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# नयी जेसीबी से नगर पालिका की सफाई व्यवस्था को मिली मजबूती



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका परिषद में 15वें वित्त आयोग की योजना से एक नई जेसीबी कंपनी का बैकहो लोडर खरीदा गया। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने विधिवत पूजन कर नए वाहन को नगर पालिका के बेड़े में शामिल किया और जेसीबी चालक नवनीत कश्यप को चाबी सौंपी। पूजन कार्य पं. दिवाकर मिश्रा ने मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बताया कि नई जेसीबी से बड़े नालों की सफाई, कूड़ा निस्तारण केंद्र पर कचरे को व्यवस्थित करने तथा गंदे प्लॉटों की सफाई का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मशीन के आने से कम समय में अधिक कार्य संभव हो सकेगा, जिससे सफाई व्यवस्था और बेहतर होगी। भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा ने कहा कि पालिका क्षेत्र में स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता है। नई जेसीबी के शामिल होने से सफाई कर्मचारियों का कार्यभार कम होगा और नगर को स्वच्छ बनाए रखने में मदद मिलेगी। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा ने बताया कि वर्तमान में स्काट कंपनी का बैकहो लोडर, कुबोटा कंपनी का मिनी पोकलेन, स्किड लोडर और एक अन्य लोडर से सफाई कार्य किया जा रहा है। नई जेसीबी अत्याधुनिक तकनीक और अधिक क्षमता वाली है, जिससे सफाई कार्य में गति आएगी। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, नगर पालिका लेखाकार मोहित अवस्थी, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, जेई जलकर आदर्श मिश्रा, जेई सिविल अनिल कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों की मासिक बैठक में समस्याओं पर चर्चा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। उत्तर प्रदेशीय अवकाश प्राप्त प्राथमिक शिक्षक संघ की मासिक बैठक नवीन भवन में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक शिवदयाल ने की, जबकि मुख्य अतिथि भेखराम वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि ईश्वरदीन वर्मा मौजूद रहे।नववर्ष के अवसर पर संघ की ओर से वरिष्ठ शिक्षकों को फूल-मालाएं पहनाकर, अंगवस्त्र एवं लेखनी भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों में मोहन लाल वर्मा, भुजिया लाल मिश्र, अशोक कुमार अवस्थी, भगवती प्रसाद द्विवेदी, राधेश्याम वर्मा, सुन्दर लाल वर्मा एवं रफीक अहमद शामिल रहे। बैठक में सेवानिवृत्त शिक्षकों की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समस्याओं के निस्तारण के लिए जिला कार्यकारिणी से संपर्क कर आवश्यक कार्रवाई कराने का निर्णय लिया गया। अंत में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर अगली मासिक बैठक 15 फरवरी को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।


**कार्यालय अधिशासी अभियंता शारदा सहायक खण्ड - 28, हैदरगढ़ (बाराबंकी)**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्याः - 05/अधि0अभि0/2025-26**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से ऑनलाइन http://e-tender.up.nic.in के माध्यम से निम्नांकित कार्यो हेतु सिंचाई विभाग में वगीर्कृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 20-01-2026 को अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिसकी टेक्निकल विड दिनांक 20-01-2026 को अपरान्ह 3.00 बजे अधिशासी अभियन्ता, शारदा सहायक खण्ड-28 हैदरगढ़ के कार्यालय कक्ष में उपस्थित फर्मो/ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष आनलाईन खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 14-01-2026 11:00 बजे पूर्वान्हे से दिनांक 20-01-2026 तक अपरान्ह 1.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। पूर्ण निविदा नोटिस एवं प्रपत्र की जानकारी http://idup.up.nic.in पर भी उपलब्ध होगी। यह निविदा धनावंटन की प्रत्याशा में की जा रही है, धनावंटन प्राप्त न होने/अपरिहार्य परिस्थितियों में निविदा निरस्त की जा सकती है। अनुबंध का गठन धनावंटन प्राप्त होने पर ही किया जायेगा। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह निविदायें अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

| लाट सं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (GST रहित (लाख रू. में) | धरोहर धनराशि (लाख रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी)+18% जी.एस.टी. का मूल्य (रू. में) | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैदरगढ़ निरीक्षण भवन एवं जिलेदारी पंचम की जीर्णोद्वार की परियोजना | 29.07 | 0.58 | 20 दिवस | 890 | सी या उच्च |

(नवनीत कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
शारदा सहायक खण्ड-28
हैदरगढ-बाराबंकी

UPID-243723 Date: 09.01.26
Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## फंदे के सहारे लटकता मिला युवती का शव

आजमगढ़। बरदह थाना क्षेत्र के बर्रा गांव में रविवार सुबह पेड़ पर फंदे के सहारे युवती का शव लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। रविवार की सुबह बर्रा गांव के कुछ ग्रामीण गांव के सिवान में स्थित अकबाली कुटी के पास टहलने के लिए गए थे। तभी ग्रामीणों की नजर पेड़ पर फंदे से लटका युवती के शव पर पड़ी। सूचना मिलने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। ग्रामीणों ने शव की पहचान बर्रा गांव निवासी 24 वर्षीय अंजनी राजभर पुत्री राजेश राजभर के रूप में की। बरदह थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने कहा कि जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि शव को देखने से प्रतीत हो रहा है कि युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## दो ट्रकों के बीच भिड़त, चालक घायल

आजमगढ़। जिले के मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के जमुई गांव के समीप पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 268 किलोमीटर प्वाइंट पर रविवार सुबह आलू और गैस सिलेंडर लदे दो भारी ट्रकों के बीच भिड़ंत हो गई। इस दौरान ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं दोनों ट्रकों के परखच्चे उड़ गए। गंभीर रूप से घायल ट्रक चालक को उपचार के लिए स्थानीय चिकित्सालय भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद काफी देर तक आवागमन भी ठप रहा।

## एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

आजमगढ़। श्री अग्रसेन महिला महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में एड्स जागरूकता एवं रोकथाम विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को एचआईवी से संबंधित सही एवं वैज्ञानिक जानकारी, समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने आदि के बारे में जानकारी दी गई। एचआईवी काउंसलर रंजू श्रीवास्तव ने एड्स को एक गंभीर सामाजिक स्वास्थ्य समस्या बताते हुए कहा कि जागरूकता से ही इसे रोका जा सकता है। उन्होंने एचआईवी संक्रमण के कारणों, फैलने के तरीकों, लक्षणों तथा रोकथाम के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि एचआईवी छुआछूत से नहीं फैलता है। संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव करना अमानवीय है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. निशा कुमारी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाने में सहायक होते हैं। इसके अलावा डॉ. दीपिका दूबे, एकता राय आदि भी अपने विचार व्यक्त किए।

## साइबर सेल की मदद से पीड़ित को मिली राहत

लालगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के बारीपुर कल्लूमल गांव निवासी मनोज कुमार साइबर ठगी का शिकार हो गए थे। ठगों ने उन्हें पुरानी गाड़ी बेचने का लालच देकर 50,000 रुपये ठग लिए थे। लालगंज पुलिस की साइबर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार को पीड़ित के 50,000 रुपये वापस कराए हैं। मनोज कुमार ने इस संबंध में एनसीआरपी पोर्टल (साइबर हेल्पलाइन 1930) पर एक शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया था कि किस प्रकार उन्हें पुरानी गाड़ी बेचने के बहाने ठगी का शिकार बनाया गया। शिकायत मिलने के बाद लालगंज थाना की साइबर सेल टीम ने मामले की जांच शुरू की। साइबर टीम की गहन जांच के परिणामस्वरूप, शिकायतकर्ता मनोज कुमार के बैंक खाते में रविवार को ठगी की गई पूरी 50,000 रुपये की राशि वापस आ गई। पैसे वापस मिलने की जानकारी पर पीड़ित मनोज कुमार थाने पहुंचे और पुलिस के उच्चाधिकारियों तथा साइबर क्राइम टीम की सराहना की। इस अवसर पर पीड़ित मनोज कुमार को साइबर जागरूकता अभियान के तहत भविष्य में होने वाली साइबर ठगी से बचने के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस ने आम जनता को भी साइबर ठगी से सावधान रहने का संदेश दिया। इस कार्रवाई में साइबर सेल टीम के प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह, उप निरीक्षक अनिलेश द्विवेदी और कांस्टेबल कुलदीप पाल शामिल थे।

# वेस्ली इंटर कॉलेज के बूथ का डीएम ने किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

**● फॉर्म 6 भरकर नयी मतदाता सूची में अपना नाम करायें शामिल**

आजमगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर चल रहे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दृष्टिगत आज जनपद आजमगढ़ के सभी विधानसभा क्षेत्र के समस्त मतदेय स्थलों के बूथ पर राजनैतिक दलों के एजेंट की उपस्थिति में बीएलओ द्वारा जन सामान्य को नई आलेख्य मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया जा रहा है।

इसी क्रम में रविवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार ने विधानसभा आजमगढ़ के अंतर्गत चैक स्थित वेस्ली इंटर कॉलेज के बूथ संख्या 184, 185, 186, 187, 188, 189, 190 एवं 191 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुपरवाइजर, बीएलओ एवं जन सामान्य उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची को पढ़ने के बाद जिसका नाम छूट गया है, उसको यह बताया जाए कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आगे अब कौन सी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि छूटे हुए लोगों को बताया जाए कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 13 डॉक्यूमेंट में से कोई एक डाक्यूमेंट्स एवं आधार को लगाकर फॉर्म 6 भरकर जमा कर देने पर उनका नाम नई मतदाता सूची में शामिल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर को इसके संबंध में प्रशिक्षित कर दिया जाए कि उन्हें छूटे हुए मतदाताओं को क्या बताना है तथा कौन-कौन से अभिलेख उन्हें जमा करने हैं, जिसको जमा कर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। इस अवसर पर ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ, बीएलए, सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे।

## प्रदेश में आजमगढ़ को मिला 11वां स्थान

जिला संवाददाता(vol)



आजमगढ़। सीएम डैशबोर्ड में सम्मिलित विकास एवं राजस्व के प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में माह दिसंबर 2025 में हुई प्रगति के बारे में शासन स्तर से जारी रैंकिंग में जनपद आजमगढ़ को मंडल में प्रथम रैंक एवं प्रदेश में ग्यारहवाँ रैंक प्राप्त हुई है। जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व एवं सतत प्रयासों से मुख्यमंत्री की प्राथमिकता के विकास एवं राजस्व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में जनपद आजमगढ़ ने उल्लेखनीय प्रगति करते हुए विकास कार्यक्रमों में प्रदेश में 11वीं रैंक प्राप्त की है तथा आजमगढ़ मंडल में जनपद आजमगढ़ को पहली रैंक प्राप्त हुई है।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह उपलब्धि प्रशासनिक/राजस्व टीम एवं विभिन्न विभागों के सक्रिय सहयोग से संभव हुई है। उन्होंने कहा कि जनपद आजमगढ़ को विकास/राजस्व के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी बनाने का कार्य किया जा रहा है। आने वाले समय में जनपद को शीर्ष स्थान पर लाने के लिए निरंतर जारी रहेंगे।

## लेखन कार्य से व्यक्ति हो जाता है अमर:जिलाधिकारी

जिला संवाददाता(vol)



जौनपुर। सुइथाकला विकासखण्ड स्थित सुइथाकला निवासी कवि,शिक्षक पत्रकार डॉ.प्रदीप कुमार दूबे द्वारा रचित काव्य संग्रह जीवन उमंग का विमोचन जिलाधिकारी जौनपुर द्वारा किया गया।

डॉ.दूबे के निज आवास पर आयोजित पुस्तक विमोचन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि दुनिया में सभी अमर होना चाहते है,अमरत्व प्राप्त करने का सबसे उच्च कोटि का माध्यम लेखन होता है,लेखन कार्य करने वाला व्यक्ति अमर हो जाता है।विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य डा.अजेय प्रताप सिंहने विमोचन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉ.दूबे की कवितायें समसामयिक होने के साथ हीं आज के लिए प्रेरणादायक है।मंचस्थ विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी कुणाल गौरव तहसीलदार अवनीश सिंह और नायब तहसीलदार राहुल ने काव्य विमोचन की बधाई दी।सम्प्रति डॉ.दूबे राम चरन सिंह इण्टरमीडिएट कालेज रवनियॉ-सुलतानपुर में हिन्दी शिक्षक के रूप में कार्यरत रहने के साथ हीं विभिन्न राष्ट्रीय समाचार पत्रों में अपनी लेखनी के माध्यम से हिन्दी साहित्य के उन्नयन में अपना योगदान दे रहे है,कई राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय सेमीनार और सम्मेलनों में शोध आलेख की प्रस्तुति तथा अनेक साहित्यिक पत्रिकाओं में इनके आलेख प्रकाशित हो चुके हैं,पुस्तकों मे जीवन तरंग का प्रकाशन होने के साथ हीं श्ज्ञान सिन्धु श्जीवन रहस्यश, श्मानस माहात्म्य भाग-एकश काव्य संग्रह और अन्य आलेख प्रकाशनाधीन हैं।हिन्दी साहित्य सेवा के फलस्वरूप इन्हे उत्तर-प्रदेश साहित्य गौरव सम्मान,साहित्य श्री एवं साहित्य शिरोमणि सम्मान,साहित्य शिखर सम्मान एवं भारत गौरव सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। अध्यक्षता कर रहे रूप सेवा संस्थान के अध्यक्ष पं.राम कृष्ण त्रिपाठी ने कहा अपनी पुस्तक भेंट करते हुए कवि हृदय डॉ.दूबे को ज्ञानदायिनी सरस्वती की निरन्तर कृपा बरसाने का आशीर्वाद दिया।प्राचार्य डॉ.रणजीत पाण्डेय ने दूरभाष द्वारा बधाई देते हुए शुभकामना दी।विमोचन समारोह में जिलाधिकारी ने डॉ.प्रदीप दूबे को स्वरचित पुस्तक कर्म कुम्भ भेंट किया। संचालन कवि एवं शिक्षक राहुल राज मिश्र एवं आगन्तुक अतिथियों का आभार पं.दया शंकर दूबे ने व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजन में सहभागिता पं.राम दयाल द्विवेदी,वीरेन्द्र सिंह, शेष मणि दूबे, आशुतोष दूबे,आशीष दूबे,अंकित दूबे की रही। चिकित्साधिकारी डॉ. आलोक सिंह पालीवाल, चिकित्साधिकारी डॉ.रवीन्द्र चौरसिया, थानाध्यक्ष यजुवेंद्र सिंह, शक्ति प्रकाश सिंह, अरुण सिंह, डॉ.अजय यादव, सुरेश पाण्डेय,विनय तिवारी,ठाकुर प्रसाद तिवारी, ज्योतिबाला,सुरेश सिंह, प्रेम सिंह, संकठा प्रसाद तिवारी,राकेश सिंह,राम धारी सिंह,हिरेन्द्र सिंह, कमलेश श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में साहित्य प्रेमी मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति की तैयारी जोरों पर

सोनभद्र। मकर संक्रांति का पर्व नजदीक आते ही बाजारों में खिचड़ी संबंधी खाद्य सामग्रियों की अस्थाई दुकानें सज गयी हैं। खरीददारों की भी भीड़ इन दुकानों पर देखी जा रही है। तमाम लोग बहन-बेटियों के घर खिचड़ी संबंधी खाद्य सामग्रियों को पहुंचाने के लिए जाते भी देखे जा रहे हैं। मालूम हो कि मकर संक्रांति का पर्व 14-15 जनवरी को परम्परागत ढंग से मनाया जायेगा। इसकी तैयारी नगर से लेकर गांवों में प्रारम्भ हो गयी है। बाजारों में जहां इन खाद्य सामग्रियों की दुकानें सज गयी है और इसकी खरीददारी भी लोग कर रहे हैं वहीं घरों में चूड़ा, लाई, पट्टी, तिलवा, ढूंढ़ा, ढुढ़ी, लेड्डुआ आदि खाद्य सामग्री तैयार की जाने लगी है। गांवों में गुड़ की सुगंध भी आने लगी है। इसकी तैयारी में मशीनों पर चूड़े की कुटाई भी रात-दिन जमकर की जा रही है।

## धूप खिलने से लोगों को मिलने लगी राहत

सोनभद्र। पिछले कई दिनों से घने कोहरे और कड़ाके की ठण्ढ से ठिठूर रहे लोगों को अब धूप खिलने से राहत मिलने लगी है। रविवार को दूसरे दिन भी आसमान साफ रहा और सुबह से ही धूप खिलनी शुरू हो गयी। खुशनुमा मौसम होने से लागों को कुछ राहत मिलने लगी है। मालूम हो कि नूतन वर्ष की शुरूआत होने से पहले ही बर्फिली हवाओं के चलते ठण्ढ का सितम प्रारम्भ हो गया था। घने कोहरे और गलन के कारण आम जनजीवन प्रभावित रहा। दिन में भी तमाम लोगों को अलाव का सहारा लेते देखा जा रहा था। लेकिन इधर दो दिनों से मौसम में हुए अचानक परिवर्तन से घने कोहरे छट गये हैं। ठण्ढ हवायें भी कमजोर पड़ गयी। जिससे सूर्य की कीरणें सुबह से ही गर्म विखेरने लगी। इससे ठण्ढ से प्रभावित लोगों को राहत मिल रही है।

## मौसम परिवर्तन से रबी फसल पर पड़ सकता है प्रभाव

सोनभद्र। बसंत ऋतु के आगमन के पहले ही मौसम में हुए बदलाव से रबी की फसल पर प्रतिकुल असर पड़ सकता है। क्यों कि इस साल खेत ज्यादा नम होने के कारण फसल की बुआई करीब एक महीने देर में हुई है। किसानों का कहना है कि यह मौसम रबी फसल के पैदावार पर असर डाल सकता है। बताते चलें कि इस वर्ष कार्तिक महीने में हुई भारी बारिश से धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। खेतों में जलभराव के कारण रबी की फसल की बुआई समय से नहीं हो पाई। आज भी ऐसे तमाम खेत हैं जो गिले पड़े हुए हैं।

## 85 लाख से होगा त्रिलोचन महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार

जौनपुर। जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण विकासात्मक पहल के तहत ग्राम रेहटी स्थित प्राचीन एवं श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र त्रिलोचन महादेव मंदिर के सुंदरीकरण और समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त हो गया है। जफराबाद से विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री जगदीश नारायणराय राय के सतत प्रयासों से पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर के विकास के लिए लगभग 85 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।इसके अंतर्गत मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधारभूत संरचनाओं का विकास किया जाएगा। परियोजना के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है और शीघ्र ही कार्यदायी संस्था आवास एवं विकास परिषद, वाराणसी द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।मंदिर परिसर के विकास से न केवल धार्मिक आस्था को नया आयाम मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलने की संभावना है और ग्राम रेहटी सहित आसपास के क्षेत्रों की पहचान एक प्रमुख धार्मिक-पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित होगी।विधायक जगदीश नारायणराय राय ने कहा कि त्रिलोचन महादेव मंदिर क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर है। इसके विकास से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।

## हरियाणा में मीरजापुर की पावर लिफ्टिंग टीम का दबदबा

मीरजापुर। 34 वीं नेशनल सब जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं मास्टर बेंच प्रेस पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन हरियाणा के फरीदाबाद के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 7 जनवरी से 11 जनवरी 2026 तक आयोजित किया गया है। जिसमें मिजार्पुर की टीम ने कोच कमलापति त्रिपाठी के कुशल निर्देशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अब तक दो सिल्वर मेडल पर खिलाड़ियों ने कब्जा जमाया।

जिसमें सब जूनियर 47 केजी भार वर्ग में ज्योति यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 47.5 केजी भार उठाकर सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। ज्योति यादव मिजार्पुर के जसोवर बरकच्छा के राम प्रसाद यादव भीम यादाव की पुत्री है। ज्योति बहुत ही गरीब परिवार से बिलॉन्ग करती है। ज्योति के पिता राम प्रसाद मोटर मैकेनिक का कार्य करते हैं। ज्योति जसोवर पहाड़ी के स्टेडियम में ही अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निधि सिंह पटेल के कुशल निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। वहीं चुनार की ज्योति सिंह ने भी ओपन 63 किलो भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 85 किलो भार उठाकर सिल्वर मेडल मेडल लेने में कामयाब रही। वहीं आकांक्षा सिंह और रूबी सिंह मेडल लेने में असमर्थ रहे हैं। अभी 11 तारीख को भी मिजार्पुर टीम को मेडल मिलने की प्रबल संभावना है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर पावर लिफ्टिंग संघ की संरक्षिका श्रीमती रत्नावली सिंह, अध्यक्ष डॉ प्रेम शंकर सिंह, खेल क्राधिकारी धर्मवीर सिंह, ब्रह्मांड राज, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निधि आदि लोगों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## युवा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है : महंत विजय रामदास

लालगंज, मीरजापुर। अयोध्या अखिल भारतीय श्री पंच तेरह भाई त्यागी के महंत विजय रामदास महाराज ने रविवार को पतुलकी गांव में कहा कि युवा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। देश का विकास और संस्कार युवाओं के ज्ञान और सोच पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि भारत राम के पदचिह्नों पर चलने वाला देश है और राम का जीवन आज भी परिवार, समाज और लोकतंत्र के लिए मार्गदर्शक है। महाराज ने कहा कि राम के चरित्र से यह सीख मिलती है कि परिवार से लेकर राष्ट्र तक व्यवस्था कैसे चलती है। गांव, समाज और सत्ता सभी जगह मयार्दा और आदर्श की जरूरत होती है। राम का जीवन बताता है कि कर्तव्य और अनुशासन से ही व्यवस्था मजबूत होती है।उन्होंने गुरु की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि गुरु ज्ञान का स्रोत होता है। राम ने अपने आचरण से गुरु के महत्व को दिखाया।

## खेल से हो रहा आत्मविश्वास का संचार : सीएम



**● विधायक खेल महाकुंभ को लेकर सी एम ने लिखा पत्र**

सोनभद्र सदर विधायक भूपेश चौबे द्वारा आयोजित विधायक खेल महाकुंभ को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काफी प्रभावित हैं। विधायक को लिखें पत्र में उन्होंने खेल की प्रशंसा की है और कहा है कि इससे युवाओं में आत्मविश्वास का संचार हो रहा है।

सदर विधायक भूपेश चौबे एक सप्ताह पूर्व विधायक खेल महाकुंभ को लेकर मुख्यमंत्री से लखनऊ में मिले थे उसे दौरान उन्होंने विधायक को इसके लिए बधाई दी थी और कहा था की आलोचनाओं प्रत्यालोचनाओं की परवाह किए बगैर यदि आदमी अपने कर्तव्य पथ पर डटा रहे तो उसे सफलता हासिल करने से कोई नहीं रोक सकता आलोचनाएं होती रहती हैं।

इसी क्रम में अब उन्होंने पत्र लिखकर विधायक खेल महाकुंभ की प्रशंसा की है उन्होंने पत्र में लिखा है कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन नहीं बल्कि अनुशासन धैर्य नेतृत्व टीम भावना और राष्ट्र के उज्जवल भविष्य के निर्माण का सशक्त माध्यम है स्वस्थ निर्माण और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में खेलों की भूमिका महत्वपूर्ण है उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में खेलों के माध्यम से संस्कृति व प्रतिभा को आगे बढ़ने का कार्य किया जा रहा है

उन्होंने अपने पत्र में आगे लिखा है कि इसी क्रम में सोनभद्र में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता एक सराहनीय पहल है इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने व उनमें आत्मविश्वास पैदा करने का सराहनीय प्रयास हो रहा है मुख्यमंत्री ने कहा है कि क्षेत्र की बालको बालिकाओं युवाओं बुजुर्गों की सक्रिय सहभागिता आयोजन को समावेशी वी प्रेरणादाई स्वरूप प्रदान कर रही है।

मुख्यमंत्री ने इस खेल की आयोजकों जनप्रतिनिधि व खिलाड़ियों को शुभकामना प्रेषित की है और धन्यवाद दिया है। विधायक खेल महाकुंभ को लेकर मुख्यमंत्री का पत्र जैसे ही जनपद में वायरल हुआ खिलाड़ियों आयोजको , खिलाड़ियों में एक नया उत्साह नया संकल्प नई चेतना को जागृत कर गया है। मुख्यमंत्री द्वारा लिखे गए पत्र पर आयोजक मंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## मुकदमा दर्ज होने के बाद अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं

जौनपुर। शाहगंज कोतवाली पुलिस पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किये जाने के बावजूद अभियुक्तों की गिरफ्तारी. नही किये जाने से पीड़ित पक्ष ने भारी आर्थ्रिक नुकसान होने का आरोप लगाया गया है। प्रार्थी विनोद पांचाल पुत्र रामगोपाल पांचाल वर्तमान में 83 वैशाली नगर इंदोर मध्यप्रदेश ने शाहगंज ने कोतवाली शाहगंज को दिये गये तहरीर में बताया कि उसने मोहित इंडस्ट्रीज फैक्ट्री ताखा पूरब शाहगंज थाना शाहगंज जौनपुर में पंकज जैसवाल बालाजी इंटरप्राइजेस ताखा पूरब शाहगंज से टिन सेड किराये पर लेकर एग्रीमेंट भी हुवा था। वहाँ पर लोहे की रिंग बनाने सरिया मोड़ने की फैक्ट्री का संचालन कर रहे थे।

चन्द्रकांत गुप्ता पुत्र कृष्णकांत गुप्ता निवासी मलिक पुर बसखारी अम्बेडकर नगर उत्तर प्रदेश प्रार्थी विनोद पांचाल के सम्पर्क में आये और दोनों की सहमति से साझे दारी में काम करने लगे फैक्ट्री पर मशीने सारे उपकरण प्रार्थी विनोद पांचाल के लगे हुवे है चन्द्रकांत गुप्ता का रा मटेरियल था बना हुवा माल चन्द्रकांत गुप्ता ही बेचते थे। प्रार्थी विनोद पांचाल ने चन्द्रकान्त गुप्ता को मशीन आपरेट करना फैक्ट्री संचलान करना सिखाया। विनोद पांचाल अपने निवास इंदोर चले गये उसके बाद फैक्ट्री का सारा काम चन्द्रकांत गुप्ता देखते थे माल बनाना बेचना चन्द्रकांत गुप्ता करते थे कच्चा माल प्रार्थी विनोद पांचाल डलवा देते थे कुछ दिनों बाद चन्द्रकांत गुप्ता का फैक्ट्री में आना रुक गया। फैक्ट्री के कुल सामान की कीमत तीस लाख आकी गई। दोनों पक्षो की सहमति से फैक्ट्री के पूरे सामान चौबीस लाख पचास हजार में तय हुवा जिसमे से तेरह लाख पचास हजार कुछ व्यापारीयो को देना था। दो माह में जब तक ग्यारह लाख अदा नहीं किये। इसके बाद फर्जी कूटरचित दस्तावेज बनवाकर विपक्षी लोग मिलीभगत करके मशीन पर कब्जा जमाये बैठे है एवं 24 घण्टों फैक्ट्री चलाकर माल बेच रहे है। प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने (प्र.सू.रि. सं.) 0410 भारतीय न्याय संहिता (बी 316(2) एन एस), (बी 318(4) 2 एन एस), (बी 338 3 एन एस), (बी 336(3) एन एस) (बी 340(2) एन एस), 2023 धाराओं में मुकदमा दर्ज किया लेकिन अभियुक्तों की गिरफ्तारी शाहगंज पुलिस ने नहीं किया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मांग किया है कि ततकाल अभियुक्तों की गिरफ्तारी. कराकर उसे न्याय दिलाया जाये।

## कुएं में उतराया मिला अधेड़ का शव परिजनों ने हत्या की जतायी आशंका

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के सेमरा कलां गांव के सीवान में स्थित पुराने कुएं में रविवार सुबह चार दिन से गायब हुए अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। ग्रामीणों ने शव की शिनाख्त लल्लू उर्फ सिंघाड़ा निवासी अमदह के रूप में की। क्षेत्र के सेमरा कलां गांव में रविवार सुबह खेत की ओर शौच करने गए ग्रामीणों ने कुएं के पास मेड़ पर साइकिल गिरी देखा पास गए तो साइकिल में झोला टंगा हुआ था। ग्रामीणों ने अनहोनी की आशंका को लेकर कुएं में झांककर देखा तो अधेड़ व्यक्ति का शव उतराया हुआ था। ग्रामीणों ने घटना की सूचना ग्राम प्रधान शिव गोविंद चौरसिया को दी। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन एसआई टीपी सिंह ने घटना की जांच करते हुए कुएं से शव को बाहर निकलवाया। ग्रामीणों ने शव की शिनाख्त अमदह गांव निवासी लल्लू उर्फ सिंघाड़ा के रूप में की। मृतक के एक पैर का चप्पल कुएं से पचास मीटर दूर खेत में मिला वहीं दूसरे पैर का चप्पल कुएं में उतराया मिला। मृतक मोबाइल फोन नही मिला।पिता का शव कुएं में मिलने पर रोते-बिलखते हुए पहुंची पुत्री सोनी ने बताया कि बीते 8 जनवरी को दोपहर में साठ वर्षीय पिता लल्लू गैस चूल्हा लेने के लिए घर साइकिल से निकले थे। लेकिन उसके बाद घर वापस नही लौटे। गायब पिता की काफी खोजबीन की गई लेकिन कहीं पता नही चलने पर शनिवार को ड्रमंडगंज थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक मेहनत मजदूरी कर अपना जीविकोपार्जन करता था। मृतक का इकलौता पुत्र नगीना महाराष्ट्र में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। पत्नी की दस वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। अधेड़ व्यक्ति का कुएं में शव मिलने पर ग्रामीणों में तरह तरह की चर्चा व्याप्त रही। थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक सेमरा कलां गांव के कुएं के कुएं तक कैसे पहुंचा घटना की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा।

## ट्रक की चपेट में आने से कपड़ा व्यवसायी की मौत

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी में मक्का लादकर जा रहा ट्रक बाइक सवार कपड़ा व्यवसायी को कुचलते हुए सीमेंट लदे ट्रक से टकराते हुए डिवाइडर में जाकर भिड़ गया। प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के सैंभा गांव निवासी कपड़ा व्यवसायी 40 वर्षीय संजय सिंह कुशवाहा बाइक से मध्यप्रदेश के हनुमना में कपड़ा पहुंचाने गए थे।कपड़ा पहुंचाने के बाद दोपहर में घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के जालिम मोड़ के आगे पहुंचे तो पीछे से मक्का लादकर मीरजापुर की ओर जा रहा ट्रक बाइक चालक को टक्कर मार दिया। बाइक चालक को रौंदते हुए अनियंत्रित ट्रक बाइक को घसीटते हुए आधा किलोमीटर दूर तक ले गई। ट्रक चालक तेज रफ्तार में होने के चलते जैसे ही बड़का मोड़ घुमान के पास पहुंचा तो आगे चल रहे सीमेंट लदे ट्रक से टकराते हुए डिवाइडर में जाकर भिड़ गया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे एसआइ शिवाकांत पांडेय, सुभाष यादव,राम विशाल मौके पर पहुंचे और घटना की जांच करते हुए मृत कपड़ा व्यवसायी के स्वजनों को सूचना दी। सूचना पाकर रोते-बिलखते हुए पहुंचे मृतक के बड़े भाई अजय सिंह कुशवाहा ने बताया कि छोटा भाई साथ में कपड़े का कारोबार करता था। मध्यप्रदेश के हनुमना में लोवर टी-शर्ट पहुंचाने गया था कि घर वापस लौटते समय ट्रक के कुचलने से मौत हो गई। मृतक दो भाइयों में छोटा था। मृतक को तीन पुत्री और एक पुत्र है। पत्नी आशा देवी का रो रोकर बुरा हाल है। घटनास्थल पर मौजूद एसआइ शिवाकांत पांडेय ने बताया कि अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से प्रयागराज जिला निवासी कपड़ा व्यवसायी की मृत्यु हो गई है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

## मण्डलायुक्त ने रैन बसेरा का किया निरीक्षण

मीरजापुर। आयुक्त विंध्याचल मंडल राकेश प्रकाश रात्रि लगभग 8.30 बजे रोडवेज मीरजापुर परिसर में नगर पालिका परिषद द्वारा बनाए गए रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया। पुरुष व महिलाओं के लिए बनाए गए रैन बसेरा मे व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। रैन बसेरा में समस्त सुविधाएं मानक के अनुसार पाई गई, जिसपर मण्डलायुक्त नें सन्तोष व्यक्त किया। केयरटेकर के पास रखे गए आगंतुक रजिस्टर का भी किया अवलोकन। एक माह में लगभग 500 लोगों ने रैन बसेरा में शरण ले चुके है। महिला शरणालय में रुकी मड़िहान निवासी महिला से वार्ता कर सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हुए अलाव का निरीक्षण किया। मौके पर जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका जी. लाल, तहसील दार सदर डॉ. विशाल शर्मा भी रहे उपस्थित।

## हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

जौनपुर। आम आदमी पार्टी द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा, हत्याओं और आगजनी के विरोध में रविवार को कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपा इस दौरान शहर के अम्बेडकर तिराहे पर बांग्लादेश सरकार का के खिलाफ नारेबाजी किया गया प्रदर्शनकारियों ने




बांग्लादेश सरकार, आतंकवाद और जिहाद के खिलाफ नारेबाजी की. प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना था कि बांग्लादेश में जिस तरह से हिंदू समाज के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है, हिंदुएं की हत्याएं की जा रही हैं और हिंदुओं की संपत्तियों को आग लगाई जा रही है, वह बहुत निंदनीय है इस पर भारत सरकार को बांग्लादेश के खिलाफ जल्द कठोर फैसला लेना चाहिए। डॉ अनुराग मिश्रा ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समाज की सुरक्षा कैसे की जाए, वहां बड़ी संख्या में हिंदू होने के बाद भी वहां के बहुसंख्यक समाज के लोगों ने 25 साल के एक हिंदू युवक की निर्मम तरीके से हत्या कर दी.उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रतिष्ठानों को जलाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि यह घृणित कार्य है.उन्होंने कहा,श्हम केंद्र सरकार को चेताना चाहते हैं. अगर बांग्लादेश की स्थिति नहीं संभली तो हम लोग उग्र आंदोलन करेंगे और सरकार को जगाने का काम करेंगे। रामरतन विश्वकर्मा ने कहा कि भारत सरकार बांग्लादेश के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं कर रही है इस पर भी आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने विरोध जताते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए यह मांग किए की अदानी द्वारा बांग्लादेश को बिजली सप्लाई बंद की जाए जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अनीता मिश्रा, जिला महासचिव वंदना मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष श्वेता चौधरी, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष हिंच नारायण तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष विद्याधर मिश्र, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश अस्थाना, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डीएम ने मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण

सोनभद्र। जिला निर्वाचन अधिकारी बीएन सिंह ने रविवार को निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दृष्टिगत आदर्श इण्टरमीएट कालेज राबर्ट्सगंज में बूथ संख्या-14, 15, 16, 17, 18, 19 व 20 का निरीक्षण की। इस दौरान डीएम ने कहा कि आज जनपद में बूथों पर बीएलओ द्वारा बूथ से सम्बन्धित मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया। उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं से अपील है कि वे अपना नाम मतदाता सूची के आलेख प्रकाशन में अवश्य चेक कर लें, यदि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है तो, वह मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने हेतु बीएलओ के पास उपलब्ध फार्म-6 भरकर जमा कर दें, अथवा आनलाईन माध्यम से भी वेबसाईट पर फार्म भर सकते हैं। सभी बूथों पर बीएलओ के पास फार्म-6, 7 तथा 8 उपलब्ध है, कोई भी नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने, घटाने व स्थान परिवर्तन कराने का कार्य कर सकते हैं। इस दौरान जनपद के ईआरओ और एईआरओ द्वारा लगातार भ्रमणशील रहकर बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा नागरिकों को सूची पढ़कर सुनाने व आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाया गया तथा नामों का सत्यापन किया गया।

संक्षेप

## पत्रकार अमिताभ यादव के निधन पर शोक की लहर

**भटनी( देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम चांदपार निवासी युवा पत्रकार रहे अमिताभ यादव के असामयिक निधन की खबर लगते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जो भी उनके निधन की खबर सुना वह स्तब्ध रह गया। वह कुछ दिन से बीमार चल रहे थे जिनका इलाज काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी में चल रहा था। उनके निधन की सुचना पर पत्रकार सहित तमाम लोगों ने शोक जताया है। बताते चलें कि अमिताभ यादव( 45 ) एक दैनिक समाचार पत्र में संवाद सूत्र थे। ये अपने पीछे पत्नी सुमित्रा देवी, पुत्री नंदनी यादव, अंजली यादव, आंचल यादव व तन्वी यादव को छोड़ गए हैं।रविवार को इनके निधन की खबर लगते ही एसोसिएशन प्रदेश कार्य समिति के सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष देवरिया पौहरी शरण रायसंपूणानंद दीक्षित ने छोटी गंडक नदी घाट पर पहुंच कर दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# देवरिया के अब्दुल गनी शाह बाबा की मजार पर चला बुलडोजर, गुंबज हुआ ध्वस्त

जिला संवाददाता



**देवरिया।** देवरिया जिला मुख्यालय पर स्थित अब्दुल गनी शाह बाबा की मजार पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। रविवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में मजार के ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। मौके पर तीन बुलडोजर लगाए गए हैं और पूरे क्षेत्र में भारी फोर्स लगाकर छावनी में तब्दील कर दिया

● **काफी समय से चला रहा था विवाद**

गया । किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस और पीएसी के जवान तैनात किए गए थे।प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई अरऊ (अपर उपजिलाधिकारी) न्यायालय के आदेश के तहत की जा रही है। कुछ माह पूर्व कोर्ट ने इस भूमि को बंजर और सरकारी भूमि घोषित करते हुए मजार को अवैध अतिक्रमण की श्रेणी में रखा था। कोर्ट के आदेश के बाद राजस्व विभाग द्वारा भूमि को खाली कराने की कार्यवाही की गई।

बताया जा रहा है कि सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने इस मामले को शासन और प्रशासन के संज्ञान में लाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाते हुए विधिक कार्रवाई की मांग की थी।इसके बाद मामले की जांच कराई गई और न्यायालय के आदेश के बाद अब ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाई गई है।

कार्रवाई के दौरान पूरे इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। स्थानीय लोगों की आवाजाही को नियंत्रित किया गया है और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई है।प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि यह कार्रवाई पूरी तरह कानूनी प्रक्रिया के तहत की जा रही है और किसी भी तरह की शांति व्यवस्था भंग न हो, इसके लिए हर जरूरी कदम उठाया गया है।

फिलहाल मजार का ध्वस्तीकरण जारी है और राजस्व व नगर प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद रहकर कार्यवाही की निगरानी कर रही हैं।यह कार्यवाही देर शाम तक चली। जहां मजार गुंबज व मजार के पास बने मस्जिद को बुलडोजर से नेस्तनाबूत कर दिया गया। इस दौरान सीओ सदर संजय रेड्डी,सीओ अंशुमन श्रीवास्तव,सदर कोतवाल विनोद कुमार सिंह सहित कई थानों के प्रभारी,नायब तहसीलदार शिवेंद्र कुमार कौटिल्य,सहित भरी संख्या में पुलिस व प्रशासन के लोग मौजूद रहे।

## सिसवा रेगुलेटर पर उतराता हुआ मिला युवक का शव

कुबेरस्थान, कुशीनगर। कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के ग्राम जंगल पचरुखिया गांव के समीप एक बाइक चालक किसी रिश्ते से लौटते समय अनियंत्रित होकर बड़ी नहर में जा गिरा, यह घटना शुक्रवार की शाम 8 बजे की है। राहगीरों ने देख कर शोर मचाया, उसकी बाइक नहर के किनारे मिला, वह पानी में बह गया।

बताया जा रहा है कि वह व्यक्ति जिले के जटहा बाजार थाना क्षेत्र के गांव पड़री पिपरपाती के टोला महादेवा निवासी स्व संत प्रसाद का 28 वर्षीय पुत्र राधेश्याम था। उसकी तलाश चल रही थी कि शनिवार को ग्रामीणों ने उसका शव कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के सिसवा रेगुलेटर के समीप पानी में तैरता दिखा। सूचना पर कुबेरस्थान थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को नहर से निकलवाकर पीएम हेतु भेजवाकर आगे की कार्यवाही में जुट गई है। इस बावत थानाध्यक्ष कुबेरस्थान संदीप सिंह ने बताया कि वह व्यक्ति किसी रिश्ते से लौटते समय अनियंत्रित होकर नहर में गिर गया था।ग्रामीणों ने उसका शव सिसवा रेगुलेटर के पास देखा तो उसका शव पुलिस कब्जे में लेकर उसे पीएम हेतु भेजा दिया गया।

## एसएफआई की अध्यक्ष बनीं खुशी और आसिफ सचिव




**कसया, कुशीनगर।** स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की बुद्धा पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज इकाई कुशीनगर का सम्मेलन निरंकारी इण्टरमीडिएट कॉलेज कसया में खुर्शीद सिद्दीकी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें इकाई अध्यक्ष खुशी और सचिव आसिफ बनाए गए।रविवार को सम्मेलन का उद्घाटन लखनऊ से आए छात्र नेता मंजेश ने कहा कि आज देश के अंदर शिक्षा का बाजारीकरण तेजी से बढ़ता जा रहा है जिसके चलते शिक्षा महंगी होती जा रही है। सरकार शिक्षा क्षेत्र में निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए शिक्षा व रोजगार बड़ा सवाल बनता जा रहा है। सम्मेलन में उपस्थित संगठन से जुड़े छात्रों ने संगठन को मजबूत करने का सुझाव दिया ताकि छात्र हितों के लिए संघर्षरत रहें। सर्वसम्मति से संगठन इकाई का खुशी को अध्यक्ष, आसिफ को इकाई सचिव, दीपक भारती को उपाध्यक्ष, गोल्डी को उपाध्यक्ष, आकाश को संयुक्त सचिव, नेहा सिंह को सेक्रेट्रिएट सदस्य चुना गया है। कुल 13 सदस्यों की इकाई कमेटी घोषित हुई। राज्य कमेटी से आए आशीष ने सम्मेलन में उपस्थित सभी छात्रों को धन्यवाद दिया और कहा कि एस. एफ. आई. एक ऐसा छात्र संगठन है जो छालों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहता है। सम्मेलन में कुल 15 साथियों ने प्रतिनिधि के रूप में हिस्सा लिया।

## ग्रापए जिला कार्य समिति की बैठक सम्पन्न

देवरिया।ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की जिला कार्यसमिति की एक आवश्यक बैठक एस एस बी एल इंटर कालेज देवरिया में जिलाध्यक्ष नागेंद्र नाथ शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वर्ष 2026 की सदस्यता अभियान गहन समीक्षा हुई । पांचो तहसीलों के अध्यक्ष एवम अन्य पदाधिकारियों ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया जिसपर सन्तोष व्यक्त किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रा प ए के प्रदेश उपाध्यक्ष कै.वीरेंद्र सिंह ने कहा कि संगठन में अनुशासन बनाया जाना अति आवश्यक है।अनुशासन के अभाव में किसी सशक्त संगठन का निर्माण नही हो सकता है।ग्रा प ए के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदेश कार्य समिति के सदस्य पौहारी शरण राय ने कहा कि संगठन के अगुआ को प्रत्येक सप्ताह में कम से कम एक बार टेलीफोनिक वार्ता तहसील अध्यक्ष/ तहसील मंत्री से करने से आत्मीयता का भाव जागृत होता है।जिला संरक्षक पी सी मिश्र ने कहा कि संगठन की मूल धुरी तहसील का पत्रकार होता है।श्री मिश्र ने यह कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह,रामनवल सिंह,गंगाशरण पांडे एवम जिला मंत्री के पी गुप्त,अश्वनी द्विवेदी के अलावा रुद्रपुर तहसील के अध्यक्ष मनींद्र नारायण मोनू सिंह, बरहज तहसील के अध्यक्ष सिंहासन यादव, सलेमपुर तहसील अध्यक्ष श्याम नारायण मिश्र,सदर तहसील अध्यक्ष विनोद सिंह,भाटपार रानी तहसील अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह,रुद्रपुर तहसील महामंत्री प्रेम कुमार मुफलिस ने जिला सम्मेलन में रही त्रुटियों को क्रमवार बताया आगे से त्रुटि को सुधारने का सुझाव भी दिया ।बैठक में जिला सम्मेलन की समीक्षा,वर्ष 2026 की सदस्यता सूची,सदस्यता फॉर्म एवम सदस्यता शुल्क को अधिकांश तहसीलों द्वारा जिला कमेटी को जमा करा दिया गया शेष बाकी दो एक दिन में जमा करा दिया जाएगा।इस अवसर पर रामेश्वर पांडे,राकेश यादव,प्रमोद राय,ब्रजेश मणि त्रिपाठी,आनंद मोदनवाल,अयोध्या चौरसिया,विजय यादव,विवेकानंद उपाध्याय,अमित सिंह,ओमप्रकाश मिश्र,रत्नेश यादव,जितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# हमें अपने हिंदू धर्म और सभ्यता पर गर्व है: मनोजकांत




**कुशीनगर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर मल्लूडीह में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में हिंदू हितों पर चर्चा करते हुए एकता पर जोर दिया गया।रविवार को आयोजित कार्यक्रम को संवोधित करते हुए सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र मुख्य वक्ता मनोजकांत ने कहा कि हिन्दू समाज स्वयं को भूल रहा है। हम अनेक जाति व पंथ में बंट रहें हैं जो हमे कमजोर कर रहा है। इसी को ध्यान में रखकर डॉ हेडगेवार ने संघ की स्थापना किया था। हमे अपने हिंदू धर्म और सभ्यता पर गर्व करना चाहिए। स्वामी विवेकानंद ने शिकागो सम्मेलन में कहा था मुझे गर्व है कि मैं उस देश पर जिसका मैं प्रतिनिधित्व कर रहा हूँ। जहाँ की धर्म संस्कृति दबे कुचलो की रक्षा कर आगे बढ़ाती है। कहा कि जो भी आक्रमणकारी आये हम उन्हें पचा लिए। हमारी समावेशी भावना ऐसी थी कि उन्हें अपने मे मिलाते गए। पर मुगल व अंग्रेज आये जिन्हें हम पचा नही पाए। हममे फुट डालकर राज किया।हम शक्तिशाली तभी हैं जब हम संगठित हैं। अयोध्या के संत आचार्य रामाशंकर शास्त्री ने कहा कि हम गुलाम नही थे, हम दब गए थे, हमने लड़ाइयां लड़ी है। हमने आक्रांताओं को हराया है। हमे आजादी के लिए बड़ी कीमतें चुकाई हैं। आज हम जाती द्वेष में बटकर आपस मे लड़ रहे हैं। हमें देश की चिंता नही है। हम अपने मूलतत्व को भूलते जा रहे हैं। हमें सनातन को समझना होगा और जागना होगा कि फिर कोई आक्रांता खड़ा न हो सके। दीन दयाल उपाध्याय गोविवि के प्रो द्विग्विजय गोंड ने कहा कि हमे अपने भारत देश पर गर्व है। भारत की संस्कृति प्राचीन है।हमारी एकता में जातिवाद बाधक है। हमे एक रहना होगा। हम तभी सुरक्षित हैं।जब यह देश सुरक्षित है। बीके स्मिता बहन ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं जो इस भारत भूखंड पर पैदा हुए हैं।हिन्दू संस्कृति सर्वश्रेष्ठ है, जो पूरे विश्व को वसुधैव कुटुंकम का संदेश देता है।इस सम्मेलन के माध्यम से इस संदेश को आगे बढ़ाना उद्देश्य है। अध्यक्षता प्रोफेसर रामदरश राय व संचालन प्रोफेसर आमोद राय ने किया। इस अवसर पर पीएन पाठक, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, नपा अध्यक्ष किरन जायसवाल, राकेश जायसवाल, संतोष दत्त राय, डॉ अनिल सिन्हा, शिक्षक राजेश शुक्ल, अविनाश शुक्ल, सभाषद प्रतिनधि धर्मेंद्र यादव, नंदू वर्मा, सिद्धेश्वर शाही, अमित पांडेय, मुन्ना राय, मनोज सिंह, ओमप्रकाश जायसवाल, चंद्रप्रभा पांडेय, वीरेश राय, डॉ सीमा गुप्ता, अमिय गुप्ता उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं के लिए मार्गदर्शक

**बरहज,देवरिया।** ग्राम कपरवार में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर भारत विकास परिषद द्वारा बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री एवं स्नैक्स वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रवण गुप्त ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ह्वविवेकानंद जी का संदेश आत्मविश्वास, परिश्रम और राष्ट्रसेवा का प्रतीक है। उनके विचार आज के युवाओं के लिए भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस समय थे।ह्व उन्होंने बच्चों से शिक्षा को जीवन का सबसे मजबूत आधार बनाने की अपील की।कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के शाखा अध्यक्ष गौरव गोयल, शाखा सचिव अमित बरनवाल, कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनोज मद्धेशिया उपस्थिति रहे। परिषद के अतुल बरनवाल ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र, आदर्शों एवं संघर्षों की जानकारी बच्चों को दी।इस अवसर पर बच्चों को कॉपी, पेंसिल, रबर, ड्राइंग एवं कैलिग्राफी कॉपी के साथ-साथ चिप्स और बिस्कीट के पैकेट वितरित किए गए।अंत में अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने और महान विभूतियों के विचारों से जोड़ने में सहायक होते हैं।

## भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव का विस्तृत वर्णन



**बांदा।** शहर के स्वराज कॉलोनी स्थित कमिश्नरी अधिवक्ता संजय मिश्रा के आवास में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथावाचक ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्रीमद्भागवत पुराण के दसवें स्कंध के तीसरे अध्याय में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण का जन्म, वासुदेव-देवकी के कारागार से बाहर निकलना और योगमाया के जन्म जैसी घटनाओं का वर्णन किया। श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए, कथावाचक महाराज ने बताया कि कंस के कारागार में वासुदेव-देवकी के भादों मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कृष्ण जन्म की खुशी में रविवार को कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया, भक्तों ने भक्तिरस में मग्न होकर नृत्य कर नंदोत्सव मनाया। नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की धुन पर बच्चों के साथ महिलाएं भी नाच उठीं। नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू ने कथा वाचक आचार्य का फूल-माला एवं स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। भागवत कथा में अजय मिश्रा, रामस्वरूप त्रिपाठी, प्रमोद त्रिपाठी, दद्दू गुप्ता, अभिषेक द्विवेदी, सुनीता तिवारी, अनीता मिश्रा व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सामूहिक उपवास रखकर मनरेगा बचाओ संग्राम की शुरूआत



**बहराइच ।** केन्द्रीय व प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन देवीपाटन मंडल के तत्वावधान में आज सादा जीवन, उच्च विचार, जय जवान जय किसान के जनक पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर गांधी जी की प्रतिमा पर एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कांग्रेस जनों के द्वारा सामूहिक उपवास रखकर मनरेगा बचाओ संग्राम की शुरूआत की गई। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा मनरेगा से महात्मा गांधी जी का नाम हटाकर तथा सम्पूर्ण योजना को समाप्त कर मोदी सरकार ने गोडसे वादी सोंच को उजागर किया है। तथा अडानी अंबानी की जी हुजूरी में देश और समाज के गरीब मजदूर किसानों का भविष्य दांव पर लगा दिया है। कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि देश और समाज के कमजोर, बेसहारों को स्वावलंबी बनाने वाली मनरेगा को समाप्त करने जैसी मंशा को सेवादल हरगिज सफल न होने देगा। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन एवं सेवादल के प्रशिक्षक विनय सिंह ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी सादगी सत्य और साहस के अद्वितीय प्रतीक थे, गांधी और शास्त्री जी केवल राजनेता ही नहीं बल्कि नैतिक मूल्यों की जीवंत मिसाल थे, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बीच भी देश और समाज को आत्मनिर्भरता, अनुशासन और राष्ट्रीय स्वाभिमान का मार्ग दिखाया था।जय जवान जय किसान का उद्घोष आज भी भारत की आत्मा में गूंजता है, जो जवान की शौर्य गाथा तथा किसानों की मेहनत दोनों का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि भीख नहीं रोजगार चाहिए, खैरात नहीं हक चाहिए। अभिषेक गुप्ता ने कहा कि रोजगार का अधिकार संविधान से मिला है कोई एहसान, दया और खैरात से नही।मालती पासवान ने कहा कि मनरेगा सिर्फ एक योजना नही बल्कि यह गरीबों की रोटी, मजदूरों का सम्मान तथा गांवों के लोकतंत्र की रीढ़ है। जिला महासचिव एवं मीडिया प्रभारी राशिद अली ने कहा कि मनरेगा पर हमला एक तरह से गरीबों की थाली पर हमला है और मजदूरों के आत्मसम्मान तथा भारतीय संविधान की आत्मा पर हमला है।सादात अहमद ने कहा कि जब काम छीना जाता है तो भूख बढ़ती है और जब मजदूरी रोकी जाती है तो अन्याय पलता है तथा गरीबों की आवाज दबाने से लोकतंत्र कमजोर होता है। विष्णु यादव ने कहा कि मनरेगा संग्राम में हम न चुप रहेंगे, न डरेंगे न ही झुकेंगे।हम संगठित होकर सड़क से लेकर संसद तक आवाज बुलंद करेंगे। अवधराम पासवान ने कहा मनरेगा बचेगा तो मजदूर और संविधान जीतेगा।हम कांग्रेस जन अपने अधिकार के लिए लड़ते रहेंगे।

# देवरिया में बीपीसीएल का 10 से बढ़कर 13 होंगे सीएनजी स्टेशन



**देवरिया।** स्वच्छ, सुरक्षित और किफायती ईंधन के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से पीएनजी ड्राइव 2.0 के अंतर्गत व्यापक जागरूकता अभियान का आयोजन हुआ।

आयोजित जागरूकता वॉकथॉन ने शहरवासियों का ध्यान स्वच्छ ईंधन सीएनजी/पीएनजी की ओर आकर्षित किया।अभियान के दौरान बीपीसीएल के अधिकारियों ने सीएनजी वाहन चालकों, उपभोक्ताओं और आम नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर सीएनजी व पीएनजी के आर्थिक, पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी लाभों की विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि प्राकृतिक गैस आधारित ईंधन न केवल ईंधन खर्च को कम करता है, बल्कि वायु प्रदूषण में भी उल्लेखनीय कमी लाने में सहायक है।जागरूकता वॉकथॉन की शुरूआत सीएनजी रिटेल आउटलेट ह्ममित्तल ऑटो फ्यूल्सह्व हाइडेल कॉलोनी, भटवलिया से हुई।

प्रतिभागी गोरखपुरझ्देवरिया राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए सुभाष चौक तक पहुंचे और उसी मार्ग से वापस लौटकर वॉकथॉन का समापन किया। पूरे मार्ग में ह्मसीएनजी/पीएनजी के साथ नॉन-स्टॉप ज़िंदगीह्व जैसे संदेशों ने अभियान को जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीपीसीएल के सेल्स एंड मार्केटिंग मैनेजर दुर्गा शंकर पति त्रिपाठी ने बताया कि वर्तमान में देवरिया जनपद में 10 सीएनजी स्टेशनों का संचालन किया जा रहा है, जिन्हें शीघ्र ही बढ़ाकर 13 किया जाएगा। इससे उपभोक्ताओं को ईंधन की बेहतर उपलब्धता के साथ सुविधाजनक सेवाएं मिलेंगी।

## ड्राफ्ट मतदाता सूची पठन कार्य का जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निरीक्षण



**कुशीनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की उपस्थिति में जनपद के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर ड्राफ्ट मतदाता सूची के पठन का कार्य संपन्न कराया गया।

इस क्रम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 333 कसया के अंतर्गत मतदेय स्थल बालबाड़ी जूनियर हाई स्कूल, कसया के बूथ संख्या 32, 33, 34, 35, 36, 40, 41, 42, 43 एवं 44 तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पडरौना के अंतर्गत भिसवा सरकारी स्थित बूथ संख्या 280 एवं 281 पर बूथ लेवल अधिकारी द्वारा जनसामान्य एवं बूथ लेवल एजेंटों के समक्ष ड्राफ्ट मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया, जिससे मतदाताओं को अपने नाम, विवरण एवं अन्य प्रविष्टियों की जांच करने का अवसर प्राप्त हो सके।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित नागरिकों एवं बूथ लेवल एजेंटों से संवाद स्थापित कर मतदाता सूची में नामों की त्रुटि, वर्तनी संबंधी अशुद्धियों, फोटो की अस्पष्टता, पता अथवा आयु से संबंधित प्रविष्टियों आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस प्रक्रिया के दौरान प्राप्त होने वाली सभी दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण पूर्णतः पारदर्शी, समयबद्ध एवं विधि सम्मत ढंग से किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा मतदाता सूची शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित हो। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इस प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता करें तथा यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाए तो निर्धारित समय-सीमा के भीतर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर अपने मताधिकार को सुदृढ़ बनाया जा सके। निरीक्षण दौरान अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा के साथ सम्बन्धित तहसीलदार आदि उपस्थित रहे।

# गाजीपुर ने बिहार पुलिस को 2- 0 से हराकर फाइनल में मारी एंट्री



**देवरिया।** बैतालपुर नगर पंचायत स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पीछे खेल ग्राउंड पर चल रही फूलमती देवी स्मारक राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत रविवार को दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। यह मुकाबला बिहार पुलिस और गाजीपुर की टीमों के बीच हुआ, जिसमें गाजीपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बिहार पुलिस को 2झ0 के अंतर से पराजित कर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता सुनील कुमार राव तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य बांकेलाल यादव ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल को अनुशासन, समर्पण और टीम भावना के साथ खेलने का संदेश दिया। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। गाजीपुर और बिहार पुलिस की खिलाड़ियों ने कई बार एक-दूसरे के गोलपोस्ट पर हमले किए, लेकिन मजबूत रक्षा पंक्ति और गोलकीपरों की सतर्कता के कारण कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी। पहले हाफ की समाप्ति तक स्कोर 0झ0 बना रहा। खेल के दूसरे हाफ में गाजीपुर की टीम ने खेल की गति बढ़ा दी। खेल के 13वें मिनट में तीन खिलाड़ियों के बेहतरीन तालमेल से गेंद को आगे बढ़ाते हुए रुखसार खातून ने उछाल लेती गेंद पर शानदार हेडर लगाकर गोलपोस्ट में पहुंचाया और टीम को 1झ0 की बढ़त दिला दी। इस गोल के बाद बिहार पुलिस की टीम ने बराबरी के लिए लगातार प्रयास किए, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। मैच के अंतिम चरणों में गाजीपुर की खिलाड़ी मनीषा कुमारी ने अवसर का पूरा लाभ उठाते हुए एक बेहतरीन मैदानी गोल दागा। इस गोल के साथ गाजीपुर ने मुकाबला 2झ0 से अपने नाम कर लिया।

● **फूलमती देवी स्मारक राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल रोमांचक मुकाबला गाजीपुर के नाम**

अंतिम सीटी के साथ मैदान में गाजीपुर समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस जीत के साथ गाजीपुर की टीम ने फाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि बिहार पुलिस का सफर सेमीफाइनल में ही समाप्त हो गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का जोश, तकनीक और खेल भावना दर्शकों के लिए यादगार रहा।

मैच में निर्णायक की भूमिका श्रीराम यादव, मनोज मद्धेशिया तथा राजकुमार मद्धेशिया ने निभाई, जबकि उद्घोषणा मंजेश कुमार द्वारा की गई। मंच संचालन की जिम्मेदारी मुकेश कुमार राव ने संभाली। इस अवसर पर डॉ. ए.एन. पांडेय, सुयश मणि त्रिपाठी, अवनिद्र कुमारधर्मेंद्र पासवान, देवेंद्र यादव, विभा पांडेय, अमरचंद गौड़, प्रवीण कुमार द्विवेदी, उमेश घर द्विवेदी, दिलीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

## मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेसियो ने उपवास रखा

देवरिया। जिला कांग्रेस ने नगर पालिका स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एक दिवसीय उपवास रखा। उपवास रख कांग्रेस जनों ने ह्मनरेगा बचाओ संग्रामह्व राष्ट्रव्यापी अभियान को जिला मुख्यालय से आगाज किया। सभा स्थल से युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वतमान उपाध्यक्ष केशव चन्द्र यादव अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण बेरोजगार एवं निर्धन व भूमिहीन परिवारों को भुखमरी व पलायन से बचाने के लिये यूपीए सरकार ने रोजगार की गारंटी देते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) जैसी महत्वाकांक्षी योजना शुरू की थी। जो मनरेगा ग्रामीण मजदूरों के लिये जीवन रेखा साबित हुई है।

देश की सबसे प्रभावी और सफल योजना को मोदी सरकार खत्म कर नई बेजान योजना बनाई है। जो मजदूर व पंचायत विरोधी है। जिसमें न रोजगार की गारंटी है और न ही बेरोजगार भत्ते का प्रावधान है। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा काम के अधिकार को छीना जा रहा है। ग्राम पंचायत को दरकिनार कर सरकार ठेकेदारों के माध्यम से काम तय करेंगी। राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डाला जा रहा है। जिससे योजना प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि काम और मजदूरी की गारंटी हो। संविधानिक अधिकार की पूर्ण बहाली करने हेतु मनरेगा में किये गये बदलाव की तत्काल वापसी हो। इसके लिये कांग्रेस ग्राम पंचायतों में व्यापक विरोध प्रदर्शन करेंगी।

मनरेगा बचाओ संग्राम राष्ट्रव्यापी अभियान के जिला को आर्डिनेटर सत्य प्रताप मिश्रा ने कहा कि 12 जनवरी से 29 जनवरी तक पूरे जनपद के ग्राम पंचायतों में जनसंपर्क एवं चौपालों के माध्यम से कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे व नेता लोकसभा प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी के पत्रों का ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक व मनरेगा श्रमिकों को वितरण किया जायेगा तथा विधानसभा स्तरीय नुक्कड़ सभाएं आयोजित की जायेगी, साथ ही पम्पलेट वितरण भी किया जायेगा।

संक्षेप

## खिचड़ी भोज का आयोजन

पाटन उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के सुमेरपुर विकास खण्ड के ग्राम बाजितपुर मे माता पार्वती मंदिर मे समाजसेवी पूर्व जज आर एन सिंह के द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया जिसमे विधानसभा क्षेत्र के सैंकड़ो गणमान्य लोग समरसता भोज मे शामिल हुवे खिचड़ी भोज सुबह से देर शाम तक चलता रहा जिसमे क्षेत्रीय लोगों ने बढ़ चढ़कर उपस्थित दर्ज करायी, समरसता भोज मे मुख्य रूप से पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के पिताजी तेजबहादुर सिंह, वृंदावन के प्रसिद्ध आचार्य तेजस महराज, सम्पादक शिक्षाविद गौरव अवस्थी, ए के दीक्षित, मुन्ना सिंह अवधूत, फौजी, हरिओम सिंह, शिववीर सिंह, रि.शिक्षक रामजी यादव, आशू सिंह, अंकित सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## समर्थकों के साथ जूलूस पर चार गिरफ्तार

जौनपुर। जेल से छूटकर आने पर अपने समर्थकों के साथ जूलूस निकालने के वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने चार अभियुक्तों गिरफ्तार कर चालान किया। थानाप्रभारी जफराबाद श्रीप्रकाश शुक्ला ने बताया कि ग्राम किरतापुर में नामजद अभियुक्त विनोद यादव द्वारा जमानत पर जेल से छूटकर आने पर अपने समर्थकों अंशुमान यादव, अनुराग यादव, अमित कुमार यादव उपरोक्त व अन्य समर्थकों के साथ विजय जूलुस निकालते हुए नारों और अपशब्दों का प्रयोग करते हुए विडियो बनाकर वायरल किया गया था जिससे गांव के अन्य व्यक्तियों में तनाव व रोष व्याप्त है । जिससे शांति व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना है । जिसके दृष्टिगत विनोद यादव, अंशुमान, अनुराग व अमित यादव उपरोक्त को शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस मे गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।

## समर्थकों के साथ जूलूस पर चार गिरफ्तार

जौनपुर। जेल से छूटकर आने पर अपने समर्थकों के साथ जूलूस निकालने के वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने चार अभियुक्तों गिरफ्तार कर चालान किया। थानाप्रभारी जफराबाद श्रीप्रकाश शुक्ला ने बताया कि ग्राम किरतापुर में नामजद अभियुक्त विनोद यादव द्वारा जमानत पर जेल से छूटकर आने पर अपने समर्थकों अंशुमान यादव, अनुराग यादव, अमित कुमार यादव उपरोक्त व अन्य समर्थकों के साथ विजय जूलुस निकालते हुए नारों और अपशब्दों का प्रयोग करते हुए विडियो बनाकर वायरल किया गया था जिससे गांव के अन्य व्यक्तियों में तनाव व रोष व्याप्त है । जिससे शांति व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना है । जिसके दृष्टिगत विनोद यादव, अंशुमान, अनुराग व अमित यादव उपरोक्त को शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस मे गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।

# अपर आयुक्त ने 10 बूथों का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

पुरवा, उन्नाव। निर्वाचन कार्यों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपर आयुक्त निर्वाचन राधेश्याम द्वारा पुरवा विधानसभा क्षेत्र संख्या 167 के अंतर्गत कुल 10 मतदान बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों से सीधे संवाद कर निर्वाचन से जुड़ी तैयारियों की गहन समीक्षा की अपर आयुक्त सर्वप्रथम दोपहर करीब 2रू00 बजे मिर्री कलां पहुंचे, जहां उन्होंने बूथ संख्या 179, 180, 181 एवं 182 का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर ठरू महेश वर्मा, विनीत सिंह, ममता वर्मा एवं कृतिका सिंह उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त ने बीएलओ से कुल 24 प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की तथा मतदाता सूची से संबंधित अभिलेखों की जांच की इसके उपरांत उन्होंने बूथ संख्या 100 ऊंचगांव किला तथा मौरावां क्षेत्र के बूथ संख्या 338, 339, 340, 341 एवं 342 का भी निरीक्षण किया। ऊंचगांव में 8 फॉर्म से संबंधित विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसकी अपर आयुक्त ने बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त ने ठरू को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि गलत नाम किसी भी स्थिति में न जोड़े जाएं तथा सही नाम अनावश्यक रूप से न काटे जाएं। फॉर्म-6 से संबंधित मामलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए अपर आयुक्त ने निर्वाचन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित बनाए रखने पर जोर देते हुए आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान प्रमेश श्रीवास्तव उपजिला अधिकारी पुरवा एवं मनीष द्विवेदी तहसीलदार पुरवा व नीरज चतुर्वेदी नायब तहसीलदार पुरवा भी उपस्थित रहे।

## उन्नाव में 15वीं साईं शोभा यात्रा की तैयारी जोरों पर



उन्नाव। 15वीं साईं शोभा यात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। साईं मंदिर के संस्थापक सुरेंद्र वर्मा श्बाबा जीश ने बताया कि इस वर्ष शोभा यात्रा को भव्य रूप दिया जा रहा है। इसमें आकर्षक झांकियां, साईं रथ और विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। इस वर्ष की यात्रा का एक विशेष आकर्षण 12 और 13 जनवरी को होने वाली राधा-कृष्ण मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा है। यह पहली बार होगा कि शोभा यात्रा से पहले मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस कार्यक्रम में महर्षि भृगु पीठाधीश्वर श्री गुरु गोस्वामी सुशील जी महाराज, जो भारतीय सर्वधर्म संसद के राष्ट्रीय संयोजक हैं, और बांके बिहारी मंदिर वृंदावन से आचार्य ज्ञानेंद्र आनन्द किशोर गोस्वामी जी उर्फ छोटू महाराज शामिल होंगे। शोभा यात्रा 14 जनवरी को सुबह 10 बजे भरत मिलाप से शुरू होगी। यह नगर के प्रमुख मार्गों, जैसे हरदोई पुल, बड़ा चौराहा, छोटा चौराहा और लोक नगर चैराहा से होते हुए साईं पुरम चैरा मोड़, उन्नाव स्थित साईं मंदिर पर संपन्न होगी। यात्रा में प्रभु श्री राम, खाटूश्यामजी, बाबा महाकाल, हनुमान जी और राधा कृष्ण सहित कई देवी-देवताओं की विशेष झांकियां शामिल होंगी, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगी। यात्रा के समापन के बाद, दोपहर 12 बजे से मंदिर परिसर में भव्य भंडारा और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शोभा यात्रा में शामिल होकर साईं बाबा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करने की अपील की। प्रेसवार्ता में आयोजन समिति के सचिव सौरभ वर्मा, संरक्षक अजय कुमार अवस्थी, कोषाध्यक्ष अनूप कुमार दीक्षित, यात्रा उपाध्यक्ष सिद्धेश्वर यादव, सदस्य आदित्य बाजपेई, अफान सैलू, विधि सलाहकार सतीश कुमार त्रिवेदी, सनी सरदार, मनोज कुमार, मनोज वर्मा, सचिन सहित अन्य पदाधिकारी और साईं भक्त उपस्थित रहे।

## पिता की स्मृति में डॉ.रचना ने जरूरतमंदों को दिए कंबल

उन्नाव। दिन में हल्की धूप और रात में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।लगातार चल रही शीतलहर से जनमानस का बुरा हाल है।ऐसे में उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरी पीपरखेड़ा, कंपोजिट की शिक्षिका तथा जनपद की एस आर जी डॉ रचना सिंह ( राज्य शिक्षक पुरस्कार सम्मानित ) ने अपने पिता अरिमर्दन सिंह चैहान की पुण्यतिथि को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए दिव्यांगों, बुजुर्गों, जरूरतमंदों को कंबल वितरण कर मानवता का संदेश दिया। विकास खण्ड पुरवा के ग्राम



नाथीखेड़ा में पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी सीनियर सब इंस्पेक्टर अनूप कुमार मिश्र के साथ पहुंच कर डॉ. रचना सिंह ने दिव्यांग व्यक्तियों, बुजुर्गों और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये। रचना सिंह द्वारा किये गए कंबल वितरण का प्रयास ठंड से जूझते चेहरों पर मुस्कान लेकर आया। दिव्यांग प्रदीप कुमार अवस्थी उर्फ. बाबू अवस्थी, दिव्यांग महेश रावत, दिव्यांग संतू रावत, महिलाओं में जग्गा गौतम, गंगाजली गौतम, विद्या गौतम सहित कई जरूरतमंद महिलाओं - पुरुषों ने कम्बल प्राप्त करके अपनी खुशी जाहिर की। डॉ रचना सिंह ने बताया कि कंबल वितरण का यह सेवा कार्य अलग- अलग जगहों पर आगे भी चलाया जाएगा।उन्होंने कहा कि इस भीषण ठंड में निराश्रितों की सहायता हेतु समर्थ वर्ग को आगे आना चाहिए। हमारा प्रयास होना चाहिए कि कोई भी असहाय का जीवन ठंड की वजह से न जाए। पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा ने ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किये जाने को मानवीय सेवा कार्य बताते हुए डा रचना सिंह की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के साथ -साथ सामाजिक सरोकार से समाज में बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## गांधी प्रतिमा के सामने किया चार घंटे का उपवास



फतेहपुर।भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदल कर जी राम जी करने से आहत कांग्रेसियों ने आज कचेहरी मैदान में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने चार घंटे का उपवास रखा ।

उपवास के दौरान जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि अब सरकार गांवों में भी ठेकेदारी प्रथा चालू करने का प्रयास कर रही है जिस पर गुजराती हावी होना चाहते हैं जिससे ग्राम पंचायतों के हांथ में कुछ नहीं रह जाएगा इसके अतिरिक्त कौन सा कार्य होना या नहीं होना ये स्वयं सरकार तय करेगी जिससे गांव के मजदूरों को न ही कार्य मिलेगा और न ही कोई काम होगा उन्होंने यह भी कहा कि गांधी नाम विश्व में अमर है उसे हटा पाना भाजपा सरकार के बस में नहीं है।शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कहा कि भाजपा को पता नहीं गांधीसे इतनी नफरत क्यों है आज जिस व्यक्ति की विश्व के 120 देशों में प्रतिमाएं लगी हैं और वह सभी देश गांधी दर्शन आकर्षित होकर उन्हें पूज रहे हैं उन्हें खुद अपने देश में तिरस्कार झेलना पड़ रहा है जो बहुत ही दुखद है। मनरेगा कोऑर्डिनेटर आरिफ खान ने कहा कि गांधी शब्द ही सम्माननीय है, वह देश की आत्मा में बसते है जहां से उन्हें कोई निकाल नहीं सकता। इस चार घंटिय उपवास में बहुसंख्या कांग्रेसियों में मुख्यरूप से सुधाकर अवस्थी, संतोष कुमारी शुक्ला, राजेंद्र शुक्ला, मणि प्रकाश दुबे, कलीम उल्ला सिद्दीकी, देवी प्रकाश दुबे, शिवा कांत तिवारी, हेमलता पटेल, माधुरी रावत, बसीर अहमद, राजेंद्र लोधी, अनुराग नारायण मिश्र, ओम प्रकाश कोरी, उदितअवस्थी, राम नरेश महराज, सहाब अली, शकीला बानो, सुधीश पांडेय, वकील खान, कल्लू कोरी, नौशाद अहमद, अकरम काले, अजय बच्चा, कौशल कुमार शुक्ला, ब्रजेश मिश्रा, प्रशांत शुक्ला, आकाश शुक्ला, राजा मिर्जा, सलीम खान, शब्बीर अहमद, शुऐब कुरैशी, अमीरूल जमा खान, हम्माद हुसैन, अभय शुक्ला, अशोक दुबे, सलीम शेख, शैलेन्द्र सिंह, शमशाद लाल तिवारी, आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री अजीत पाल सिंह ने की अपराध समीक्षा गोष्ठी



फतेहपुर। कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में प्रभारी मंत्री श्री अजीत पाल सिंह जी की अध्यक्षता में अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जिलाधिकारी फतेहपुर रविन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा जिले की कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण से संबंधित विस्तृत प्रस्तुति दी गई।बैठक में जिले में घटित अपराधों, लंबित विवेचनाओं, महिला अपराध, गौ-तस्करी, अवैध खनन, मादक पदार्थों की रोकथाम तथा जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर गहन चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए तथा आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और पीड़ितों को समयबद्ध न्याय मिले। साथ ही थाना स्तर पर जनसुनवाई को प्रभावी बनाने एवं पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश भी दिए।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, बिन्दकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।गोष्ठी के अंत में प्रभारी मंत्री द्वारा अधिकारियों से जिले में शांति, सुरक्षा और विकास के लिए समन्वय बनाकर कार्य करने का आह्वान किया गया।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथों का भ्रमण कर किया निरीक्षण

मीरजापुर। निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दृष्टिगत आज 11 जनवरी 2026 को जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय नरोईया (छानबे) के बूथ संख्या 343, 344 व 345 एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय बिहसडा कला के बूथ संख्या 340 व 341 का निरीक्षण किया गया। मतदेय स्थलों पर बीएलओ द्वारा जनसामान्य व बीएलए के जिलाधिकारी के समक्ष ड्राफ़्ट सूची पढ़कर सुनाई गई। इस दौरान बीएलओ, शिक्षामित्र नरोइया सपना दुबे, श्यामधर यादव के द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर उनका वेतन रोकने का निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिया। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने जासा बघौडा गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने पशुओं को ठंड से बचाव हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान गौ आश्रय स्थल में व्यवस्था उचित पाई गई।

## सड़क निर्माण करने के लिए रौंदा खड़ी फसल, किसानों में पनपा आक्रोश

मीरजापुर। कोन विकासखंड के हरसिंहपुर गांव में खेतों में खड़ी मटर और सरसों की फसल को सड़क निर्माण के नाम पर रौंदे जाने से किसानों में भारी आक्रोश फैल गया है। शनिवार को नाराज किसानों ने एकजुट होकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया और प्रशासन व ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाए। किसानों का साफ कहना है कि जब तक फसल का उचित मुआवजा नहीं दिया जाएगा, तब तक उनका धरना और आंदोलन जारी रहेगा। किसानों ने बताया कि बीते वर्षों में गंगा की बाढ़ से उनकी फसल दो बार पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने कर्ज लेकर इस बार दोबारा मटर और सरसों की फसल बोई थी, ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके। लेकिन तीसरी बार सड़क निर्माण के नाम पर ठेकेदार ने जबरन खेतों में घुसकर खड़ी फसल नष्ट कर दी। किसानों का आरोप है कि यह सब बिना किसी पूर्व सूचना, भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया और मुआवजा तय किए बिना किया गया।जानकारी मिलने पर धरना स्थल पर पहुंच कर कहा कि किसानों के साथ हुए इस अन्याय की कड़ी निंदा करता हूं और कहा कि यदि ठेकेदार कुछ दिन और रुक जाते तो किसानों की फसल तैयार हो जाती और उनकी लागत निकल आती। प्रशासन से मांग की कि किसानों को तत्काल मुआवजा दिया जाए और दोषी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## सेवानिवृत्त कार्मिकों के लिए आयोजित हुआ पुनर्मिलन समारोह

सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा उमंग भवन के उत्सव हॉल में अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए संगम 50 का भावपूर्ण पुनर्मिलन समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन संगठन की पाँच दशक लंबी यात्रा में योगदान देने वाले पूर्व कर्मियों को एक मंच पर लाने का सशक्त प्रयास रहा। समारोह के मुख्य अतिथि संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) रहे। इस अवसर पर महाप्रबंधक एजे राजकुमार, एम. सुरेश, डॉ.बीके भराली, तथा रुमा दे शर्मा, प्रमुख मानव संसाधन (विंध्याचल) सहित यूनियनों एवं संघों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं एनटीपीसी गीत के साथ हुआ। इसके पश्चात एनटीपीसी की 50 वर्षीय गौरवशाली यात्रा पर आधारित कविताएँ, सेवानिवृत्त कर्मियों के अनुभव साझा करने के सत्र तथा एनटीपीसी की विकास यात्रा व उपलब्धियों पर प्रस्तुति ने समारोह को भावनात्मक एवं प्रेरणादायक बना दिया। इस अवसर पर पीआरएमएस, स्वास्थ्य जागरूकता और वित्तीय नियोजन पर सत्रों ने यह दशार्या कि एनटीपीसी अपने कर्मचारियों के प्रति सेवानिवृत्ति के बाद भी निरंतर संवेदनशील और सहयोगी बना रहता है। समारोह के अंत में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान कर उनके अमूल्य योगदान को नमन किया गया। संगम 50 ने स्थायी रिश्तों, संगठनात्मक गौरव तथा एनटीपीसी विंध्याचल की सम्मान, कृतज्ञता और समावेशिता की संस्कृति को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित किया।

## बाबा मोतेश्वर क्रिकेट हॉस्टल ने 2-1 से जीती शृंखला



हिलौली, उन्नाव। बाबा मोतेश्वर क्रिकेट हॉस्टल मौरावां और स्पोर्ट्स टैलेंट क्रिकेट अकादमी प्रयागराज के मध्य खेली गई 3 मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीतकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। इस प्रतियोगिता में मौरावां के वीरू ने शानदार प्रदर्शन किया जिससे उन्हें प्लेयर आफ थे सीरीज के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

प्रयागराज के एसटीसीए प्रयागराज मैदान पर खेले गए श्रृंखला के अंतिम मैच में बाबा मोतेश्वर क्रिकेट हॉस्टल मौरावां के कप्तान फहद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बाबा मोतेश्वर क्रिकेट हॉस्टल मौरावां ने निर्धारित 30 ओवर्स के खेल में 26.5 ओवर्स में 9 विकेट खोकर 155 रन बनाए। जिसमे कौनैन ने 34 गेंदों में 2 चैको की मदद से 23 रन, फहद 35 गेंदों में 2 चैको की मदद से 21 रन, जीसान 16 रन, एव विकास व अनुपम सिंह ने 11-11 रन बनाए। स्पोर्ट्स टैलेंट क्रिकेट अकादमी प्रयागराज के गेंदबाज भावना सिंह ने 3 विकेट, और विभव ने 2 विकेट लिए। जबकि अनुज, दर्शन व संदीप को 1-1 विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्पोर्ट्स टैलेंट क्रिकेट अकादमी प्रयागराज ने 21.1 ओवर्स में 6 विकेट खोकर 156 रन बनाकर मैच 4 विकेट से जीत लिया। बाबा मोतेश्वर क्रिकेट हॉस्टल मौरावां के गेंदबाज कौनैन ने 3 विकेट तो फहद ने 1 विकेट लिया। इसी के साथ ही बाबा मोतेश्वर क्रिकेट हॉस्टल ने ये श्रृंखला 2-1 से जीत ली। श्रृंखला में वीरू को प्लेयर आफ द सीरीज चुना गया जबकि फहद को बेस्ट बैटर एवं विभव को बेस्ट बॉलर घोषित किया गया। खिलाड़ियों को अतिथि प्रशिक्षक अजय यादव व राजेश चौधरी के द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया। राजेश चौधरी ने कहा कि हमे हर मैच से कुछ न कुछ सीखना चाहिए।

## नाबालिग को भगाने व दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस नें किया गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर पर गत 31 दिसम्बर 2025 को एक महिला द्वारा नाबालिक पुत्री के लापता होने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल पर बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। सोमेन बर्मा पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही हेतु क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने के लिए थाना प्रभारी विन्ध्याचल को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को थानाध्यक्ष विन्ध्याचल अविनाश राय मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आये आरोपी गौतम बिन्द पुत्र सप्पन बिन्द निवासी बनवरीयापुर थाना विन्ध्याचल पाक्सो एक्ट गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# रोटरी क्लब के गर्वनर ने क्लब के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया

जिला संवाददाता(vol)




उन्नाव। रोटरी क्लब ऑफ उन्नाव में रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3110 के रोटरी क्लब के कार्यों को देखने के लिए भ्रमण किया गया। रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजन विद्यार्थी जो कि बरेली से आए थे के द्वारा सर्वप्रथम जॉनसन मूक बधीर विद्यालय सिविल लाइन का भ्रमण किया गया।

भ्रमण के दौरान विद्यालय के प्रबंधक आर एस जैसल के द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर को विद्यालय के संचालन के संबंध में जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि किस प्रकार मूक बधीर बच्चों को विद्यालय के द्वारा शिक्षण दिया जा रहा है जिस पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बहुत अभिभूत हुए। रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के द्वारा क्लब फंड से रु 25000 की सहायता प्रदान की गई।इस अवसर पर कानपुर से पधारे पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दिनेश चंद्र शुक्ल के द्वारा विद्यालय में 50 कम्बल दिए गए। रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के द्वारा विद्यालय के संचालन को लेकर जैसल एवं रोटरी क्लब ऑफ उन्नाव की प्रशंसा की। इसके पश्चात राजन विद्यार्थी के द्वारा महात्मा गांधी पुस्तकालय का भ्रमण किया गया। जहां पर रोटरी क्लब ऑफ सेंट्रल के सदस्यों के द्वारा उनका स्वागत किया गया। शाम को अरोरा रिजॉर्ट्स के रेस्टोरेंट में रोटरी क्लब ऑफ उन्नाव के द्वारा गवर्नर विजिट हेतु क्लब का डेटा प्रस्तुत किया गया जिस पर डिस्ट्रिक्ट सचिव मोहन गुप्ता के द्वारा क्लब की प्रशंसा की गई। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अरविंद श्रीवास्तव कमल के द्वारा जनपद के कलम एवं तलवार के धनी होने के संबंध में अपने विचार रखे और क्लब के द्वारा किए जा रहे प्रयासों एवं कार्यक्रम पर प्रकाश डाला।

रोटरी क्लब ऑफ उन्नाव के सचिव सौरभ श्रीवास्तव के द्वारा क्लब के द्वारा वर्ष 25 26 में रोटरी क्लब उन्नाव के द्वारा किए गए का प्रस्तुतीकरण किया गया। क्लब के अध्यक्ष अशोक गुप्ता के द्वारा बताया गया कि क्लब के द्वारा आगामी 6 माह में क्या कार्य किया जाएगा। रोटरी क्लब ऑफ उन्नाव जो कि रोटरी वर्ष 1961 से स्थापित है और रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3110 का बहुत पुराना क्लब है के कार्य की समीक्षा के दौरान संतुष्ट रहे और क्लब को 100 प्रतिशत अंक दिए। इस अवसर पर क्लब में कुल 12 सदस्यों जिनमें प्रमेंद्र सिंह, डॉ सत्येंद्र सिंह भदौरिया, पवन निगम, डॉ आहुति आहूजा, संजय श्रीवास्तव, रिजवान, राहुल द्विवेदी, डॉ मनोज श्रीवास्तव, पंकज सेठ, डॉ शैलेन्द्र सिंह, निम्मी अरोरा, सतविंदर सिंह अरोरा के द्वारा क्लब की सदस्यता ग्रहण की गई। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजन विद्यार्थी के द्वारा नए सदस्यों को रोटरी पिन पहनाकर क्लब में उनका स्वागत किया। इस अवसर पर रो नीरज निगम, रो हरि मोहन निगम, रो इंद्रजीत सिंह, रो ओ पी तिवारी, रो प्रशांत निगम, रो अवधेश सिंह, रो विकास कपूर, रोटरी क्लब ऑफ सेंट्रल से शरद मिश्रा, डॉ रवि शंकर मिश्रा, रो धर्मेंद्र अवस्थी, रोटरी क्लब ऑफ रॉयल से जी एस भदौरिया, आशीष शुक्ला, रोटरी क्लब ऑफ स्टार्स के चार्टर्ड प्रेसिडेंट अनीता श्रीवास्तव, ओ के श्रीवास्तव, समेत लगभग एक सैकड़ा लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रो ए आर खान के द्वारा किया गया।

## 70.28 लाख से राजमार्ग का होगा कायाकल्प

जौनपुर। जिले में मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र स्थित प्रयागराज-गोरखपुर राजमार्ग को विशेष मरम्मत के तहत सुधारा जाएगा। इसमें कुल 70 लाख 28 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे, जिसकी स्वीकृति शासन से मिल गई है। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने पर कार्य शुरू करा दिया जाएगा। इस मार्ग की मरम्मत होने के बाद 50 हजार से अधिक लोगों का आवागमन सुगम हो जाएगा। प्रयागराज-गोरखपुर राजमार्ग पर प्रतिदिन 50 हजार से अधिक लोगों का आवागमन होता है। मार्ग बदहाल होने से राहगीरों को आवागमन के दौरान हादसे का डर बना रहता है। सबसे ज्यादा दिक्कतें बारिश के समय होती हैं। सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से आवागमन और दुश्वार हो जाता है। लोक निर्माण विभाग की ओर से बीते महीने करीब दो किलोमीटर मार्ग क्षतिग्रस्त मार्ग को चिह्नित कर प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा गया था, जिसकी स्वीकृति मिल गई है। इस मार्ग के निर्माण में कुल 70 लाख 28 हजार खर्च किया जाएगा, जिसकी पहली किस्त 24 लाख 59 हजार रुपये जारी कर दिए गए हैं। टेंडर प्रक्रिया चल रही है। एक सप्ताह में कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

## उपभोक्ताओं की हर परेशानी में मदद देगा सोलर उपभोक्ता फोरम



लखीमपुर खीरी। नगर पालिका परिषद, लखीमपुर के सभागार में राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार फाउंडेशन एवं सोलर उपभोक्ता फोरम के संयुक्त तत्वावधान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सोलर उपभोक्ता संगठनों के पदाधिकारी, डिजिटल व प्रिंट मीडिया से जुड़े पत्रकार, संपादकगण उपस्थित रहे।

सोलर उपभोक्ता फोरम के जिला परियोजना अधिकारी शिव पूजन लाल नंद ने बताया कि सोलर उपभोक्ता फोरम का गठन प्रदेशभर के सोलर उपभोक्ताओं, सेवानिवृत्त अधिकारियों, सोलर विशेषज्ञों एवं पत्रकार संगठनों के संगठित सहयोग से प्रदेश स्तर पर किया गया है। संगठन का मुख्य उद्देश्य पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, कुसुम-1, कुसुम-2 अथवा निजी स्तर पर लगाए गए सोलर सिस्टम से जुड़े उपभोक्ताओं को हर संभव सहायता प्रदान करना है। इसमें सोलर लगाने के बाद आने वाले अनुचित बिजली बिल, तकनीकी खराबी, निःशुल्क कानूनी सहायता एवं सोलर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन शामिल है। सोलर उपभोक्ता फोरम के मीडिया प्रतिनिधि प्रगट सिंह ने बताया कि यदि किसी उपभोक्ता का सोलर सिस्टम सही तरीके से यूनिट नहीं बना रहा है या कार्य नहीं कर रहा है, तो संगठन द्वारा उसकी निःशुल्क जांच कर समस्या के समाधान में सहायता की जाती है। महिला विंग प्रभारी नीलिमा सिंह ह्यनीलूह्न ने बताया कि सोलर लगवाने के बाद यदि बिजली उत्पादन नहीं हो रहा है या बिजली बिल समझने में कोई कठिनाई आ रही है, तो उपभोक्ता अपना बिजली बिल संगठन के ऑफिसर कॉलोनी स्थित कार्यालय अथवा संगठन के व्हाट्सएप नंबर पर भेजकर निःशुल्क मार्गदर्शन एवं समाधान प्राप्त कर सकते हैं। महिला विंग कमांडर लक्ष्मी मिश्रा एवं मोनिका मिश्रा ने जानकारी दी कि सोलर उपभोक्ताओं के लिए सोलर उपभोक्ता फोरम द्वारा 30 जनवरी से 15 मार्च तक निःशुल्क सोलर जांच अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत कोई भी सोलर उपभोक्ता अपने घर पर संगठन के विशेषज्ञों को बुलाकर सोलर सिस्टम की निःशुल्क जांच करा सकेगा।

सोलर उपभोक्ता फोरम को विशेष रूप से सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर एवं लखनऊ से अनेक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जांच में अर्थिंग, स्ट्रक्चर, सोलर पैनल एवं वायरिंग में गंभीर खामियां उजागर हुई हैं। इनकी विस्तृत रिपोर्ट सोलर उपभोक्ता फोरम एवं राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त सहयोग से प्रदेश सरकार एवं यूपीनेडा विभाग के निदेशक को सौंपकर दोषी विक्रेताओं को ब्लैकलिस्ट किए जाने की मांग की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता दूरदर्शन के वरिष्ठ पत्रकार सकील जी ने की। कार्यक्रम में सलीम बेग, हर्ष सिंह , कुलदीप कुर्मी, सिराज अली, विमल राठौर, लवी कुशवाहा, अनामिका दीक्षित, अमन शर्मा , आदित्य मौर्य काली , आदि सहित अनेक सोलर उपभोक्ता, पदाधिकारी एवं पत्रकार बंधुओं ने सहभागिता की।

संक्षेप

## अनुदान पर किसानों को कृषि यंत्र, बुकिंग शुरू

**बांदा।** कृषि विभाग ने योजनान्तर्गत फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना, कृषि ड्रोन, लेजर लैंड लेवरर, पावर आपरेटेड चेपकटर, आयल मिल विद फिल्टर प्रेस आदि को अनुदान पर प्राप्त करने के लिए बुकिंग प्रारंभ कर दी है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि पोर्टल दर्शन-2 की वेबसाइट पर किसान कार्नर के तहत कृषि यंत्र बुकिंग की जा रही है। गठित जिला स्तरीय समिति के समक्ष विभागीय पोर्टल पर ई-लाटरी के माध्यम से विकासखंडवार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जाएगा। एक लाख तक अनुदान के कृषि यंत्रों की बुकिंग धनराशि 25 सौ रुपये व एक लाख से अधिक के कृषि यंत्रों की अनुदान राशि मिलने पर पांच हजार रुपये बुकिंग राशि निधत है। ई-लाटरी में चयनित न होने पर बुकिंग राशि वापस करने का प्रावधान है।

## विकलांग कल्याण संगठन का किया विस्तार

**महोबा।** विकलांग कल्याण संगठन जिला इकाई महोबा द्वारा जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन जिला कार्यकारी अध्यक्ष कामता प्रमाद साक्षी द्वारा किया गया। उक्त पुनर्गठन प्रदेशाध्यक्ष मुकेश भारती के निर्देशानुसार व बच्चालाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में संगठन की गतिविधियों, विस्तार एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गयी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि संगठन का उद्देश्य सामाजिक समरसता, अधिकारों की रक्षा, विकलांग, विधवा, वृद्धजनों के साथ शोषित समाज के जनहितार्थ कार्यों को आगे बढ़ाना है। संगठन भविष्य में भी अपने संवैधानिक एवं कानूनी दायरे में रहकर समाजसेवा के कार्य करता रहेगा।

## एनएच पर कंटेनर की टक्कर से पुत्र की मौत, पिता घायल

**ललितपुर।** शनिवार देर शाम नेशनल हाई-वे 44 पर एक कंटेनर ने पिता-पुत्र सवार बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पिता दूर जा उछला, जबकि पुत्र कंटेनर के नीचे आ गया, जिससे कंटेनर उसे रौंदता हुआ निकल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि घायल पिता को उपचार के जिला अस्पताल भेजा गया। ग्राम मगरपुर निवासी भूपेन्द्र सिंह अपने 19 वर्षीय पुत्र शिवांश ठाकुर के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी बीच बिरधा चैकी क्षेत्रांतर्गत नेशनल हाई-वे पर तेज गति से भाग रहे कंटेनर ने बाइक सवारों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक की कंटेनर के रौंदे जाने से मौके पर मौत हो गयी, जबकि पिता घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कंटेनर चालक की तलाश शुरू कर दी है और हादसे की जांच की जा रही है।

## शराब पीकर पति ने पत्नी सहित ससुर को पीटा

ललितपुर। ललितपुर में एक पति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की और उसके चेहरे पर काट लिया। पीड़िता को कड़ाके की सर्दी में घर से बाहर निकाल दिया गया। बेटी की मदद के लिए 70 किलोमीटर साइकिल चलाकर पहुंचे पिता को भी दामाद ने पीटा। घायल पिता-पुत्री को शनिवार रात ललितपुर मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। थाना मड़ावरा के ग्राम लुहारा निवासी 30 वर्षीय रानी बुनकर ने बताया कि उसकी शादी 12 साल पहले हरिराम बुनकर से हुई थी। रानी के अनुसार, उनकी तीन बेटियां हैं और पति शराब पीकर बेटा न होने पर रोज मारपीट करता है। वह अक्सर उसे ठंड में घर से बाहर निकाल देता है।

शुक्रवार रात पति हरिराम ने उसके साथ मारपीट की और उसके चेहरे पर काट लिया। जब इस घटना की जानकारी मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के बडेरा गांव में रहने वाले रानी के पिता छिंगा को मिली, तो वह शनिवार शाम 70 किलोमीटर साइकिल चलाकर बेटी के ससुराल पहुंचे। वहां दामाद हरिराम ने उनके साथ भी मारपीट की, जिससे वह घायल हो गए। पीड़िता रानी ने यह बताया कि पति उसे बेटा न होने पर तलाक देने की धमकी देता है। रानी के पिता ने बताया कि शादी के 12 साल बाद से उनकी दामाद बेटियों के जन्म के बाद से उनकी बेटी के साथ मारपीट करता आ रहा है।

# डिजिटल अरेस्ट कर सेवानिवृत्त शिक्षिका से 29 लाख हड़पने वाले तीन साइबर ठग गिरफ्तार

जिला संवाददाता ( vol )



**बिजनौर।** मनी लॉन्ड्रिंग के फर्जी मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत खारिज होने का झांसा देकर सेवानिवृत्त शिक्षिका को डिजिटल अरेस्ट कर उनके बैंक खाते से 29 लाख रुपये उडाने वाले साइबर ठगो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना नजीबाबाद क्षेत्र के मोहल्ला हवेलीतला निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका तोजीहा सुल्ताना ने 31 दिसंबर 2025 को साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 24 दिसंबर 2025 को उनके मोबाइल नम्बर पर एक कॉल आई। कॉलर ने खुद को टेलीकाम कंपनी का अधिकारी बताते हुए उनके नाम पर एक और मोबाइल सिम चलने की बात कही। साथ ही उक्त मामले को दिल्ली पुलिस को ट्रांसफर करने की बात कही। 25 दिसंबर को वीडियो कॉल आई। वीडियो कॉल करने वाले ने अपना गोपेश बताते हुए खुद को दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताया। दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताने वाले साइबर ठग ने बताया कि तुम्हारे खाते में मनी लान्ड्रिंग का पैसा आया है और यह मांमला सीबीआई का है और कॉल काट दी। कुछ ही देर के बाद एक और कॉल आई, कॉलर ने अपना नाम अनिल सिंह और सीबीआई का अधिकारी बताया। उसने कहा कि आपके बैंक आफ बड़ौदा के खाते में मनी लॉन्ड्रिंग का पैसा पहुंचा है। अब उन्हें सीबीआई के दिल्ली ऑफिस में आना होगा। आरोपी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दिलवाने का प्रयास करते हैं। अगर जमानत मिली तो सीबीआई के दफ्तर में नहीं आना पड़ेगा। 26 दिसंबर को फिर से फोन आया और सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका निरस्त होने की बात कही। फिर से कहा गया कि खाता का सत्यापन करा लो तो राहत मिल जाएगी। खाते का सत्यापन कराने की एवज में लगभग 29 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर साइबर ठग तक पहुंचने के लिए उनकी तलाश शुरू की। साइबर सेल, सर्विलांस टीम व थाना साइबर क्राइम पुलिस ने जांच करते हुए आरोपियों के मोबाइल नम्बरों व बैंक ट्रांजेक्शन तथा अन्य तकनीकि डेटा की छानबीन की। तकनीकी साक्ष्यों एवं डिजिटल ट्रेल के आधार पर बीते दिन तीन आरोपी अनिल कुमार पुत्र रूपराम सिंह निवासी ग्राम दुर्गागढ़, थाना पथरी, जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड, आफताब आलम पुत्र मोहम्मद यासीन निवासी दिलशाद कॉलोनी, झिलमिल, थाना दिलशाद गार्डन, दिल्ली, हरिओम वर्मा पुत्र राम वकील निवासी ग्राम नगला चक, थाना पटियाली, जनपद कासगंज को कुल 23 हजार 500 रुपए, मोबाइल फोन, 06 फर्जी आधार कार्ड, 01 डेबिट कार्ड के साथ गिरफ्तार किया हैं। पुलिस पूछताछ में तीनों आरोपियों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व वह गाजियाबाद में अपने साथी जसपाल सिंह रावत से मिले थे उसके साथ एक अन्य व्यक्ति इमरान भी था, जो दिल्ली का रहने वाला है। कमीशन के रुप में रुपयों के लालच में आकर जसपाल रावत व इमरान के कहने पर साइबर इको अंजाम दिया था। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी जसपाल सिंह पुत्र मोहन सिंह रावत व इमरान पुत्र नामालूम को भी जल्द सलाखों के पीछे भेज दिया जायेगा। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक पुष्पा देवी, निरीक्षक अरफान अली खान, उ0नि0 शुऐब खान साइबर थाना बिजनौर, उ0नि0 सुनील कुमार प्रभारी सर्विलांस सेल, उ0नि0 हिमांशु कुमार साइबर सेल, विवेक तोमर, योगेश कुमार, प्रदीप कुमार, शहजाद एंव स्वॉट/सर्विलांस टीम शामिल रही।

## ससुराल में बेज्जती से आहत युवक ने की आत्महत्या

बांदा। युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। जसपुरा थाना के ग्राम झंझरीपुरवा निवासी आशीष कुमार की आत्महत्या मामले पर पिता रामप्रताप की तहरीर पर पत्नी हेमा देवी, साले संदीप, भतीजे प्रिंस और रिश्तेदार विजयलक्ष्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आशीष को आत्महत्या करने के लिए ससुरालीजनों पर उसके परिजनों ने उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस इसी एंगल से नामजद आरोपियों से पूंछताछ कर रही है। आरोप है कि बीते 24 नवंबर को आशीष के साथ उसके ससुराल पक्ष ने मारपीट कर उसे मानसिक व सामाजिक रूप से अपमानित किया था। इससे आहत होकर उसने जहर खा लिया। घटना के बाद आशीष को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुरा, जिला अस्पताल और इसके बाद मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान आशीष की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मृतक के माता-पिता और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। घटना स्थल से जुड़े तथ्यों, 112 नंबर पर की गई कॉल और मेडिकल दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। थाना प्रभारी अनिल कुमार का कहना है कि मामले की निष्पक्ष रूप से जांच की जा रही है।

## स्वदेशी का प्रतीक 'विदुर ब्रांड वाटर' बोतल प्लांट का उद्घाटन



**बिजनौर।** विकासखंड अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम शाहपुर जमाल में जिला प्रशासन द्वारा स्वदेशी का प्रतीक ह्यविदुर ब्रांड वाटर बोतल प्लांट का उद्घाटन किया गया। विदुर ब्रांड वाटर बोतल प्लांट इकाई स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित की जा रही है।इस प्लांट की दैनिक उत्पादन क्षमता पांच हजार बोतल प्रति दिन है। इकाई के संचालन से ग्राम एवं आसपास के क्षेत्र की 60 से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को नियमित रोजगार प्राप्त होगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि के साथ-साथ आत्मनिर्भरता को भी बल मिलेगा।स्वदेशी का प्रतीक विदुर ब्रांड स्थानीय संसाधनों एवं ग्रामीण महिलाओं की सहभागिता से निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देते हुए ह्यवोकल फॉर लोकलह्ण एवं आत्मनिर्भर भारत की भावना को साकार कर रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत यह पहल महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार एवं ग्रामीण उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इकाई ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ महिलाओं के लिए स्थायी आजीविका का एक सफल एवं प्रेरणादायक मॉडल प्रस्तुत करेगी।

## यातायात नियमों का पालन न कराने पर 5 वाहन सीज

**धामपुर, बिजनौर।** परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन कराने के उद्देश्य से क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। एआटीओ गौरी शंकर पांडेय के नेतृत्व में शेरकोट चुंगी नंबर पांच स्थित हाईवे पर अभियान चलाया गया।एआटीओ गौरी शंकर पांडेय के नेतृत्व में चलाए गए चैकिंग अभियान में कई वाहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। ओवरलोडिंग तथा आवश्यक दस्तावेज-जैसे पंजीकरण प्रमाण पत्र, बीमा और परमिट न होने के आरोप में कुल पांच वाहनों को मौके पर ही सीज कर दिया गया। सीज किए गए सभी वाहनों को थाने में खड़ा कराया गया है। आरटीओ विभाग की इस अचानक हुई कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। कई चालक जांच से बचने के लिए इधर-उधर वाहन लेकर भागते नजर आए। एआरटीओ ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे सभी आवश्यक कागजात साथ रखें और निर्धारित मानकों के अनुसार ही वाहन चलाएं, ताकि किसी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके।

# स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे आयुक्त बूथों का बारीकी से लिया जायजा




**बांदा।** मण्डलायुक्त अजीत कुमार ने तहसील अतर्रा ग्रामीण के चैरिहन पुरवा में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर सहभागिता निभाई और कुछ जरूरी सुझाव आयोजकों को दिए। 15000 की आबादी वाले इस गांव में शासन की जनकल्याणकारी मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से ग्रामवासियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया तथा आवश्यकतानुसार उपचार एवं निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।

मण्डलायुक्त ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी पात्र ग्रामीणों के आयुष्मान भारत, गोल्डन कार्ड अनिवार्य रूप से बनाए जाएं, जिससे उन्हें शासन की स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का पूर्ण लाभ मिल सके। कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहे। मण्डलायुक्त ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जानकारी मिली कि हिन्दू इंटर कॉलेज में कुल 6 बूथ हैं, जहां 3804 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से 342 मतदाता नो-मैप श्रेणी में तथा 1456 मतदाता एएसडी के रूप में चिन्हित पाए गए। इसी प्रकार अतर्रा डिग्री कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय अनथुवा, प्राथमिक विद्यालय, अलीगंज, खानकाह इंटर कॉलेज तथा कई अन्य मतदान केन्द्रों में पहुंचकर प्रगति जानी।निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने उप जिलाधिकारी, ईआरओ को निर्देश दिए कि नो-मैप एवं एएसडी मतदाताओं का पुनः गहन भौतिक सत्यापन कराया जाए तथा सभी प्रकरणों में विधिक प्रक्रिया, नोटिस, सुनवाई एवं समय-सीमा का पूर्णतः पालन किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम त्रुटिवश न हटे तथा मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखी जाए।

# माध्यमिक शिक्षकों की जायज मांगो को सरकार को स्वीकार करना चाहिएः हेमा मालिनी



जिला संवाददाता ( vol )

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) का 58वां राज्य सम्मेलन शनिवार को मथुरा में संपन्न हुआ। सम्मेलन में बिजनौर सहित पूरे प्रदेश से भारी संख्या में शिक्षकों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन से लौटकर शिक्षक संघ बिजनौर के जिलाध्यक्ष गय्यूर आसिफ तथा जिला मंत्री विनोद कुमार ने बताया कि सम्मेलन की मुख्य अतिथि मथुरा की सांसद एवं बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा मालिनी ने अपने संबोधन में माध्यमिक शिक्षकों की सभी मांगो को जायज बताए हुए कहा कि शासन को उनकी मांगों को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा की शिक्षक की उन्नति के बिना कोई भी राष्ट्र विकास के मार्ग पर अग्रसर नहीं हो सकता। दूसरे सत्र में मुख्य स्थिति आगरा से सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो0 एसपी सिंह बघेल ने कहा कि वह भले ही आज केंद्र में मंत्री हैं किंतु उन्हें आज भी अपने शिक्षक होने पर गर्व होता है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने शिक्षकों की सभी समस्याओं को न्याय उचित और आवश्यक बताते हुए कहा कि आगामी 13 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के साथ उनकी भेंट वार्ता है और वह उन समस्याओं पर उनके साथ चर्चा करेंगे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व शिक्षक विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक संघ के अध्यक्ष तथा टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा, मंगलायतन विश्वविद्यालय के कुलपति पीके दशोरा, विधान परिषद में शिक्षक दल के नेता तथा शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी, पूर्व एमएलसी जगवीर किशोर जैन, सुभाषचंद्र शर्मा, डॉ प्रमोद मिश्रा, इंद्रासन सिंह, ठाकुर प्रसाद सहित प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संत शिरोमणि नामदेव के चित्र का किया वितरण



**महोबा।** संत शिरोमणि नामदेव समाज सेवा समिति जनपद महोबा के जिलाध्यक्ष मनीष नामदेव के निर्देशन पर महोबा जनपद की कबरई नगर इकाई द्वारा आज से कबरई नगर में समाज के द्वारा हर घर संपर्क अभियान के तहत सभी के घरों में नामदेव जी के चित्र का वितरण का कार्यक्रम शुरू हो गया है। जिसका उद्देश्य समाज एकत्रीकरण करके समाज में एकता, सद्भाव का संदेश फैलाना तथा विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करना है। साथ ही समाज के हर कार्यक्रम में प्रत्येक व्यक्ति को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। इस मौके पर नामदेव समाज कबरई के जिला मीडिया प्रभारी शेखर नामदेव नगर अध्यक्ष मयंक नामदेव, नगर महामंत्री दीपू नामदेव, नगर संगठन मंत्री राजू नामदेव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश, बबलू, प्रदीप, अमित नामदेव, नगर कोषाध्यक्ष भानु नामदेव, नगर मंत्री राजू नामदेव मौजूद रहे।

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से नहीं होगा समझौताः विधायक

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** रविवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं विधायक सदर रामरतन कुशवाहा ने एक साथ नगर क्षेत्र में संचालित प्रमुख निर्माण परियोजनाओं का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान एनएचएआई झांसी द्वारा एनएच 44 पर कैलगुवां रोड पर निर्मित ओवर ब्रिज, सेतु निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में निर्मित शहजाद नदी के दीर्घ सेतु तथा जल निगम (शहरी) द्वारा नगर क्षेत्र आजादपुरा में कराए जा रहे पेयजल पाइप लाइन एवं सड़क पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं आमजन पर पड़ ? वाले प्रभाव की गहन समीक्षा की। विधायक ने कहा कि

- रविवार को जिलाधिकारी व सदर विधायक ने नगर भ्रमण कर विकास कार्यों की जानी हकीकत
- एनएच 44 पर निर्माणधीन ओवरब्रिज, शहजाद नदी के दीर्घ सेतु के कार्य का किया निरीक्षण

जनता की सुविधा एवं सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई, गुणवत्ता में कमी अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी विभाग आपसी समन्वय से समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े निर्माण कार्यों में समय-सीमा, गुणवत्ता एवं सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि जारी निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा कार्य प्रगति की नियमित समीक्षा कर जिला प्रशासन को अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिले के विकास के लिए कराए जा रहे निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही करने वाले अधिकारी और ठेकेदार के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्रवाई की जाएगी। डीएम, विधायक के साथ सबसे पहले एन.एच.ए.आई. झांसी (ओवर ब्रिज) पहुंचे, यहां उन्होंने निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए एनएचएआई झांसी को निर्देशित किया गया कि ओवर ब्रिज के शेष सभी निर्माण कार्य अनिवार्य रूप से 15 जनवरी तक पूर्ण किए जाए। कार्य को दिन-रात (24वाई7) शिफ्ट प्रणाली में कराते हुए डेक स्लैब, एप्रोच रोड, रेलिंग, कैश बैरियर, सुरक्षा दीवारें, स्ट्रीट लाइट/हाई मास्ट लाइट, रोड मार्किंग, साइन बोर्ड, दिशा-सूचक संकेतक एवं वर्षा जल निकासी (ड्रेनेज सिस्टम) के समस्त कार्य मानक अनुसार शीघ्र पूर्ण किए जाएं। इसके उपरांत वे सेतु निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में बनाए जा रहे शहजाद नदी के दीर्घ सेतु पर पहुंचे, यहां पर निर्माण कार्य का निरीक्षण के दौरान सेतु निगम को निर्देश दिए गए कि दीर्घ सेतु का समस्त निर्माण कार्य शासन द्वारा स्वीकृत समय-सीमा के अंतर्गत अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। निर्माण कार्य में प्रयुक्त समस्त सामग्री आई.एस./आई.आर.सी.मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। बरसात के पहले सेतु के पिलर, पाइल, बीम, डेक स्लैब एवं एप्रोच रोड का कार्य विशेष गुणवत्ता नियंत्रण के साथ कराते हुए सभी आवश्यक तकनीकी परीक्षण एवं अनुमोदन पूर्ण किए जाएं। शहर के आजादपुरा में जल निगम (शहरी) द्वारा कराए जा रहे पाइप लाइन एवं सड़क पुनर्निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान जल निगम (शहरी) को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करते हुए 48 घंटे के भीतर अस्थायी मरम्मत एवं निर्धारित अवधि में स्थायी सड़क पुननिर्माण अनिवार्य रूप से कराया जाए। परियोजनाओं के निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने वर्णी कॉलेज में बीएलओ द्वारा किए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के कार्यों का जायजा लिया, उन्होंने एक एक कर सभी बीएलओ के फर्मों को देखा और उन्हें घर घर जाकर अधिक से अधिक फार्म 6 भरवाए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एसडीएम सदर मनीष कुमार, ईओ दिनेश विश्वकर्मा, एनएचएआई, जल निगम शहरी, सूचना व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर संगठित अत्याचार पर आम आदमी पार्टी आक्रोशित



**ललितपुर।** बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे संगठित अत्याचारों को लेकर भारत सरकार पर चुप्पी साधने का आरोप लगाते हुये कूटनीति व व्यापारिक सम्बन्धों पर तत्काल रोक लगाये जाने की मांग उठायी गयी है। इस सम्बन्ध में प्रदेशीय आह्वान पर आम आदमी पार्टी ने एक ज्ञापन भारत की महामहिम राष्ट्रपति को भेजा है। ज्ञापन में बताया कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के विरुद्ध लगातार हो रहे हमले, मंदिरों को निशाना बनाए जाने, महिलाओं और बच्चों के साथ की जा रही बर्बरता तथा भय के माहौल में जबरन पलायन की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक और मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। इससे भी अधिक पीड़ादायक तथ्य यह है कि इन गंभीर घटनाओं के बावजूद केन्द्र सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस, प्रभावी और निर्णायक कार्रवाई सामने नहीं आई है। आम आदमी पार्टी का स्पष्ट मत जाहिर करते हुये बताया कि भारत जैसे लोकतांत्रिक और नैतिक नेतृत्व वाले राष्ट्र से यह अपेक्षा की जाती है कि वह पड़ौसी देश में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रहे संगठित अत्याचारों पर केवल मौन न साधे, बल्कि अपनी कूटनीतिक, आर्थिक और अंतरराष्ट्रीय शक्ति का प्रयोग कर पीड़ितों की सुरक्षा सुनिश्चित कराए। मौजूदा परिस्थितियों में भारत सरकार की चुप्पी न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि इससे अत्याचारियों का मनोबल भी बढ़ रहा है। आम आदमी पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति से चार सूत्रीय मांगों को रखा है।

## सहरिया समुदाय के बच्चों को वितरित की पाठ्य सामग्री




**ललितपुर।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा ने अखिल भारतीय वनवासी आश्रम से संबद्ध सेवा समर्पण संस्थान पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित, मां शबरी वनवासी छात्रावास टेकरी तालबेहट पहुंचे। जहां पर बने हुए छात्रावास का भ्रमण कर आदिवासी सहरिया समुदाय के पढ ? वाले बच्चों को गर्म अंग वस्त्र, कॉपियां, पेन एवं लडडू वितरित किए। परिषद के स्थाई लेखाकार मनोज सराफ द्वारा निजी रूप से छात्रावास के बच्चों को 50 चादर भेंट करने की घोषणा की गई। बच्चों के द्वारा चंदन है इस देश की माटी गीत गाया गया। छात्रावास में भाटिया जी द्वारा किए गए विशेष सहयोग की सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की एवं भगवान श्रीराम मां शबरी के बन रहे मंदिरजी को देखकर सभी का मन प्रफुल्लित हो गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुबोध गोस्वामी, नायक, मनोज तिवारी रहे। इस दौरान जितेंद्र जैन, मनोज सराफ, नरेंद्र मोदी, प्रवीण सिंघई, नीरज समैया, अभिषेक जैन अब्बू, राजीव जैन रज्जू, राजेश जैन बल्ली, विपिन जैन रोंडा, हेमंत जैन, विवेक जैन, दीपक सिंघई, साकेत जैन उपस्थित रहे।

## तहसील ललितपुर में व्याप्त भ्रष्टाचार से जनता परेशानः बुविसे

**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड विकास सेना की बैठक स्थानीय कम्पनी बाग में बु.वि.सेना के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में ललितपुर तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार और बदइंतजामी पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। बु. वि. सेना जिला उपाध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा ने कहा कि तहसील में बगैर सुविधा शुल्क के कोई भी काम नहीं होता है। उन्होंने कहा कि पहले दाखिल खारिज अपने आप बगैर पैसों के हो जाता था परंतु अब बगैर सुविधा शुल्क के यह संभव नहीं है। दूरदराज से आये गरीबों व किसानों का जमकर आर्थिक शोषण हो रहा है। दलालों का बोलबाला है। कोई भी कार्य बगैर दलालों के नहीं हो पाता है। गरीब किसान दूरदराज से किराया लगाकर अपने काम के लिए तहसील आता है , कोई भी रिपोर्ट लगवाने पर उनसे सुविधा शुल्क मांगा जाता है और उसे काम पूरा कराने के लिए महिनों तहसील के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसके अलावा तहसील में छोटे से छोटा काम कराने मसलन खसरा खतौनी की नकल लेने, आय और जाति प्रमाणपत्र, हदबंदी आदि काम कराने के सुविधा शुल्क देना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी तहसील में व्याप्त समस्याओं का संज्ञान लेकर मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेन्स नीति के अंतर्गत भ्रष्टाचार पर अंकुश लगायें तथा तहसील परिसर को दलालों से मुक्त करके सरकार की मंशा के अनुरूप कार्यशैली को व्यापक बनायें। अन्यथा की स्थिति में बु. वि. सेना उग्र आन्दोलन के लिए विवश होगी। बैठक में भगवत वर्मा, कदीर खां, संजू राजा, दैवेन्द्र चैधरी, प्रदीप साहू, सरवर खां, काशीराम विश्वकर्मा, सुरेश झा, गफूर खां, भैयन कुशवाहा, कामता भट्ट, प्रमोद धानुक, सुजीत धानुक आशाराम नगेले, जगदीश झा, लाखन कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा, भागचंद कुशवाहा, नन्दराम कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## गरीब व महिलाओं को रोटी बैंक ने बांटे कपड़े और कंबल वितरित किए



**बांदा।** रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा, सह संरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज के संरक्षण, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम की अध्यक्षता, कोषाध्यक्ष इरफान खान के नेतृत्व में गोड़ीबाबा गांव में जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल व गर्म कपड़े वितरित किए। बड़ोखर खुर्द ब्लॉक के गोड़ीबाबा में पूर्व प्रधान मूलचन्द्र की उपस्थिति में समाजसेवी सैय्यद मोहम्मद अकरम रिटायर्ड अधिशासी अभियंता के दान में मिले 10 कम्बल और बाँदा शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के दान में दिए गए गरम कपड़े, जूते चप्पल आदि का वितरण गांव के वृद्ध, असहाय व बच्चों को किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य, स्वच्छता, यातायात तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी टीम कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, सदस्य जगदीश श्रीवास ने जागरूक किया। कम्बल, कपड़े पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी। उन्होने लोगों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में रिजवान अली अध्यक्ष, महामंत्री मोहम्मद अजहर, पदाधिकारी, सदस्यों एवं समाजसेवियों का योगदान रहा।

# अमरीकी अराजकता के हवाले दुनिया





मनोज बाजपेयी

> अमरीका और ट्रंप ने वेनेजुएला पर हमले के लिए बेशर्मी की हदें पार कीं, ठीक उसी तरह जैसे सद्दाम हुसैन को मारने के लिए घातक रासायनिक हथियारों की कहानी गढ़ी गयी थी। अमरीका ने सद्दाम को फांसी पर लटका दिया लेकिन आज तक तथाकथित घातक रासायनिक हथियार नहीं मिले। इराक की ही तरह वेनेजुएला पर ट्रंप ने ड्रग्स भेजने का आरोप लगाया और इसी बहाने अमरीका ने हमला कर मादुरो को जेल में डाल दिया।

इंटरनेशनल सोलर एलायंस, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद, फिलीस्तीन राहत एजेंसी, यूनिस्को, विश्व स्वास्थ्य संगठन, पेरिस जलवायु समझौता, जैसे 66 महत्वपूर्ण अंतराष्ट्रीय संगठनों से अमरीकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने अमरीका को बाहर कर दिया। ट्रंप के इस कदम से स्पष्ट है कि वे वैश्विक व्यवस्था को चौपट करके अमरीका को दुनिया का चौधरी बनाना चाहते हैं और जैसा कि वे खुद कहते हैं कि 'मैं जो कहता हूं वही दुनिया के लिए कानून है।' इन संगठनों से अमरीका को हटाने के पीछे ट्रंप की यही महत्वाकांक्षा है। अमरीका के राष्ट्रपति के साथ ही ट्रंप दुनिया का चौधरी तो बनना चाहते हैं लेकिन साथ ही एक पैसा खर्च भी नहीं करना चाहते हैं। वे दुनिया भर के संसाधनों पर अमरीका की सैन्य शक्ति के जरिए कब्जा करना चाहते हैं। इसीलिए उन्होंने वैश्विक संगठनों से अमरीका को हटा लिया है ताकि इस पर पैसा न खर्च करना पड़े। उनकी यह महत्वाकांक्षा फिलहाल तो वैश्विक व्यवस्था और अंतर्राष्ट्रीय कानून को ध्वस्त कर चुकी है। लेकिन भविष्य में अपनी इन्हीं हरकतों के चलते ट्रंप अमरीका को कूटनीतिक अलगाव की स्थिति में भी ला सकते हैं।

दरअसल दूसरे विश्व युद्ध के बाद दुनिया में एक नया ध्रुवीकरण हुआ था। उसमें दो नई महाशक्तियां उभरी थीं। रूस और अमेरिका। पूर्वी यूरोप के देश रूस की छाया या प्रभाव में थे और शेष यूरोप को अमेरिका ने अपनी छाया में ले लिया। जापान को सजा दी गई थी। उसे सेना रखने से रोक दिया गया। जर्मनी को सजा में दो हिस्सों में बांट दिया गया। आगे से लड़ाई न हो, इसकी व्यवस्था के लिए 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ नामक संस्था अस्तित्व में आयी। लेकिन मामला नियंत्रण से बाहर न हो जाये, इसके लिए रूस, अमेरिका, फ्रांस व इंग्लैंड इसकी सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य बने। एशिया से चीन को स्थायी सदस्य बनाया गया, क्योंकि चीन ने विश्व युद्ध में मित्र राष्ट्रों की मदद की थी। इन पांच स्थायी सदस्यों को वीटो पावर दी गई। दूसरे विश्व युद्ध से एशिया और अफ्रीका को एक लाभ यह हुआ कि उसके अधिकांश देश यूरोप के देशों के शिकंजे से मुक्त होने लगे। भारत भी उनमें से एक था। मोटे तौर पर दो महाशक्तियां स्थापित हो गईं, अमेरिका (यूएसए) और सोवियत संघ (यूएसएसआर)। इन दोनों के वैचारिक धरातल भी अलग थे। सोवियत रूस का दावा था कि वह कम्युनिज्म का पक्षधर है और अमेरिका पूंजीवाद का पोषक। इस व्यवस्था को झटका तब लगा जब चीन में लंबे अरसे से चला आ रहा सिविल युद्ध कामयाब हो गया और चीन के अधिकांश हिस्से पर माओ के नेतृत्व में कम्युनिस्ट पार्टी का कब्जा हो गया और चीन की सरकार ताईवान तक सीमित हो गई। यहां तक कि कम्युनिस्ट पार्टी ने देश का आधिकारिक नाम भी रिपब्लिक ऑफ चाईना से बदल कर पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाईना कर दिया। लेकिन अमेरिका की जिद के कारण 1971 तक वीटो पावर रिपब्लिक ऑफ चाईना (ताईवान) के पास ही रही। जबकि उसके पास अपनी रक्षा कर पाने की ताकत भी नहीं थी।

**विमर्श**

शुरू में तो चीन सोवियत रूस की छाया में रहा। इसके लिए उसके पास कम्युनिज्म का बहाना भी था। लेकिन धीरे धीरे जब उसने अपने पैरों पर खड़े होने की ताकत समेट ली तो वह उसकी छाया से मुक्त हो गया। अलबत्ता अमेरिकी महाद्वीप के दक्षिणी हिस्से जिसमें ज्यादातर स्पेन के लोग आ बसे थे, के अनेक देशों ने कम्युनिज्म व्यवस्था को स्वीकार किया हुआ था। यूएसए की कूटनीतिक लड़ाई वैचारिक आधार के पर्दे में सोवियत रूस और लातीनी अमेरिका के देशों से हो रही थी। इस लड़ाई में सोवियत रूस टूट गया। उसके बाद सारी व्यवस्थाएं चरमरा गईं। मध्य एशिया और पूर्वी यूरोप रूस के शिकंजे से निकल गया। पश्चिमी यूरोप में जर्मनी की दीवार टूट गई। चीन ने आर्थिक क्षेत्र में तो कम्युनिस्ट व्यवस्था छोड़ दी लेकिन शासन में पुरानी व्यवस्था जारी रखी। अमेरिका ने भी नये हालात में अपनी रणनीति बदली। उसने अपने आर्थिक हितों के लिए दूसरे देशों में सीधा सैन्य हस्तक्षेप करना शुरू कर दिया। जिस देश का राष्ट्रपति/अध्यक्ष अमेरिका के अनुकूल न हो, उसे सजा देने का उत्तरदायित्व वाशिंगटन ने स्वयं उठा लिया। इराक में सद्दाम हुसैन अमेरिका की इसी नीति के शिकार हुए। लेकिन अब वाशिंगटन के पास इस प्रकार के कामों के लिए कोई वैचारिक ढाल नहीं थी क्योंकि सद्दाम हुसैन को कम्युनिस्ट तो कहा नहीं जा सकता था। इसलिए अब अमेरिका ने नई रणनीति में आतंकवाद/ड्रगवाद को आधार बनाया। जबकि अफगानिस्तान के समय से अमेरिका ने खुद ही इस्लामी आतंकवाद की फसलें तैयार की थीं।

अब वाशिंगट साफ-साफ किसी चतुर व्यापारी की भाषा में बात करनी शुरू कर रहा है। अमेरिका की इस नई नीति का शिकार वेनेजुएला हुआ है। हो सकता है लातीनी अमेरिका के कुछ अन्य देश भी अगली किश्त में इसका शिकार हो जाएं। वेनेजुएला में तेल है। चतुर व्यापारी जानता है तेल की कीमत होती है। इसलिए उसे वेनेजुएला की जरूरत है। ऐसा नहीं कि तेल की जरूरत अमेरिका को अभी हुई है या फिर वाशिंगटन को इसकी अहमियत पहली बार पता चली है। यह लड़ाई पुरानी है। लंबे समय से विश्व की राजनीति में लड़ाई झगड़े का मुख्य कारण मध्य पूर्व का तेल ही रहा है। लेकिन तब इसकी प्राप्ति के लिए लंबे-लंबे छद्म शब्दों का प्रयोग किया जाता था। लेकिन अब शायद पर्दे में शिकार करने की अपनी रणनीति या कूटनीति अमेरिका ने बदल दी है। हो सकता अब वाशिंगटन यह सब ड्रामा करने की जरूरत ही न समझता हो। अब यहां एक देसी मुहावरे की बात। जिसकी लाठी-उसकी भैंस। वाशिंगटन को लगा कि वेनेजुएला एक ऐसी भैंस है जो दूध की जगह तेल देती है। अमेरिका को तेल की जरूरत है। अब तेल देने वाली भैंस अमेरिकी महाद्वीप में घूम रही है। लेकिन यूएसए की सीमा से बाहर है। परन्तु इससे कुछ फर्क नहीं पड़ता क्योंकि वाशिंगटन के पास लाठी है। वाशिंगटन यह भी जानता है कि तमाम माडर्न तकनीकों के बावजूद भैंस को लाठी से ही हांका जाता है। उसने सबसे पहले वेनेजुएला के राष्ट्रपति को समझाया कि यह तेल हमारे हवाले कर दो। लेकिन राष्ट्रवादी मादुरो नहीं माने। उनको शायद लगा होगा कि यह इक्कीसवीं शताब्दी है।

अंतर्राष्ट्रीय कानून है, जो उन्हें अमरीकी हमले से बचा लेगा। लेकिन अमरीका और ट्रंप के लिए अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था, शांति और कानून यह सब दूसरों के लिए है। इन सब चीजों को अमरीका अपने ऊपर नहीं लेता। वह जो सोचता है, वह करता है। अंतर्राष्ट्रीय कानून और नैतिकता उसके ठेंगे पर। अमरीका और ट्रंप ने दरअसल वेनेजुएला पर हमले के लिए बेशर्मी की हदें पार की ठीक उसी तरह जैसे सद्दाम हुसैन को मारने के लिए घातक रासायनिक हथियारों की कहानी गढ़ी गयी थी। अमरीका ने सद्दाम को फांसी पर लटका दिया लेकिन आज तक तथाकथित घातक रासायनिक हथियार नहीं मिले। इराक की ही तरह वेनेजुएला पर ट्रंप ने ड्रग्स भेजने का आरोप लगाया और इसी बहाने अमरीका ने हमला कर मादुरो को जेल में डाल दिया। अब दुनिया भर के बुद्धिजीवी भारी भरकम शब्दों में इस विषय की विवेचन कर रहे हैं। कागज काले हो रहे हैं। किताबें छप रही हैं। विश्वविद्यालयों में किसी अंतरराष्ट्रीय कानून को समझने समझाने की कोशिश हो रही है। लेकिन आम आदमी को इस माथापच्ची की जरूरत नहीं। बात साफ है कि यह जिसकी लाठी-उसकी भैंस वाली स्थिति है। अमरीका अपनी ताकत का नंगा प्रदर्शन कर रहा है और वैश्विक व्यवस्था को बेशर्मी से कुचल रहा है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

## दंगा कराने की साजिश

एक बार फिर दिल्ली में दंगा कराने की साजिश रची गयी। अफवाह फैलाया गया कि मस्जिद तोड़ी जा रही है। इस तरह की साजिशें दिल्ली में बार-बार हो रही हैं। 2020 में जब अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप नयी दिल्ली में थे, तब दिल्ली को हिंसा की आग में झोंकने की साजिश रची गयी थी और इसमें करीब 50 लोग मारे गये थे। एक बार फिर इसी तरह दिल्ली में दंगा कराने की साजिश थी। राजधानी दिल्ली के तुर्कमान गेट पर उपद्रव किया गया। पथराव किया गया। कांच की बोतलों से भी हमले किए गए। एक उन्मादी, मजहबी और जेहादी किस्म की भीड़ थी, जो दंगा फैलाने पर आमादा लग रही थी। सिर्फ एक झूठे अफवाह के कारण कि मस्जिद तोड़ी जा रही है। अफवाह फैलाकर भीड़ को सड़कों पर लाया गया। एक वीडियो में एक शख्स भड़का-उकसा रहा था भाईयो ! घरों से बाहर निकलने का वक्त है। अपनी दुकानें बंद करो। रात काली करो ! मिलिट्री भी आ गई है। उधर कर्फ्यू लगा रखा है, ताकि मस्जिद को तोड़ा जा सके। देखो ! मुसलमानों के क्या हाल किए जा रहे हैं ! घरों से निकलो ! हमें मस्जिद को बचाना है। सिर्फ यही नहीं, किसी जलाल इमरान ने बड़े झूठ का वीडियो जारी किया- कि मस्जिद तोड़ दी गई। 12 बजे से 3 बजे के बीच मस्जिद तोड़ दी गई। रिजवान पाशा ने भी सोशल मीडिया पर झूठ बोल कर दंगा भड़काने की साजिश की और मस्जिद को तोड़ने की झूठी खबर फैलाई। दिल्ली पुलिस ने ऐसे करीब 100 वीडियो जारी किए जाने की बात कही है, जिनमें मस्जिद तोड़ने की अफवाह फैलाई गई। सर्दी की आधी रात में पत्थर, ईंटें, कांच की बोतलें, कीलें आखिर



कहां से आ गईं, यह सवाल एक बार फिर उभरा है। यही दृश्य उन इलाकों में भी सामने आया है, जो मुस्लिम बहुल थे और जहां दंगे जैसी हिंसा हुई थी। दिल्ली दंगे भी इसी पृष्ठभूमि पर भड़के और फैले थे। अब तो राजधानी दिल्ली की सुरक्षा को भी ठेंगा दिखाया जा रहा है। ब्रह्म-सत्य सा यथार्थ यह है कि प्राचीन 'फैज-ए-इलाही' मस्जिद पूरी तरह सुरक्षित है। उसकी 0.195 एकड़ जमीन पूरी तरह वैध है। अलबत्ता उसके आसपास के करीब 36,400 वर्ग फुट के अवैध अतिक्रमण को, 32 बुलडोजरों और 4 क्रेन के जरिए, जरूर ध्वस्त किया गया है। यह दिल्ली उच्च न्यायालय का 12 नवंबर, 2025 का आदेश था और तीन माह की अवधि में अतिक्रमण ढहाये जाने थे। तुर्कमान गेट मुस्लिम-बहुल, संकरा, घनी आबादी वाला इलाका है, लिहाजा रात के वक्त ऑपरेशन करने का फैसला लिया गया। इलाके के दुकानदारों, ठेले-पटरीवालों से बातचीत कर पुलिस ने उन्हें सचेत और आगाह कर दिया था। बुनियादी मुद्दा अतिक्रमण और मजहब के बीच ऊंची दीवारें खड़ी हैं। वक्फ़ के खोखले, अवैध, दस्तावेजहीन दावे 'आग में घी' का काम करते हैं। जब अफवाहें फैलाई जा रही थीं और भीड़ सड़क पर उतर आई थी, उस समय एक सांसद के वहां मौजूद होने पर सवाल उठाये जा रहे हैं। क्या उन्होंने भी भीड़ को उकसाने का संबोधन दिया था? पुलिस उनसे भी सवाल-जवाब करेगी। बेशक आरोपितों और संदिग्धों की धरपकड़ की गई है, फर्जी वीडियो जारी करने वालों की भी पहचान की जा रही है, लेकिन चिंता यह है कि कट्टरपंथ और जेहादी मानसिकता को कैसे समझाया जाये? आधी रात में लगभग दंगे के हालात बन गये थे। पथराव से अर्द्धसैन्य बल और पुलिस के जवान घायल हुए हैं। वे अस्पताल में उपचार करा रहे हैं। पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। जबकि सचाई यह है कि प्राचीन मस्जिद को उंगली तक नहीं लगाई गई। दरअसल राजधानी दिल्ली और देश में अवैध कब्जे और अतिक्रमण बहुत अधिक है और राष्ट्रीय राजधानी में यह बड़ी चुनौती हैं। इसलिए बेहतर यह होगा अब आगे से जब भी धर्मस्थल के आसपास कोई अवैध कब्जा हटाना हो, तो क्षेत्र के लोगों को पहले ही सचेत कर दिया जाये ताकि आमजन अफवाहों में आकर सड़क पर न उतरें।

### विचार

मेरे शब्द ऊपर उड़ जाते हैं, किन्तु मेरे विचार पृथ्वी पर ही रह जाते हैं। शब्द बिना विचारों के कभी स्वर्ग नहीं जा सकते।
-शेक्सपियर.

यदि वृद्धावस्था की झुर्रियां पड़ती हैं तो उन्हें हृदय पर मत पड़ने दो। कभी भी आत्मा को वृद्ध मत होने दो।
-जेम्स गारफील्ड.

यदि कोई व्यक्ति या शिक्षा हमें यह सिखाने की कोशिश करे कि हम अकेले चलना सीखें तो यह ठीक है, किसी के सहारे चलना अपने व्यक्तित्व का नाश करना है।
-सुभाष चन्द्र बोस.

जो उपदेश पसंद नहीं करते हैं वे सहायता के हकदार भी नहीं हो सकते।
- फ्रेंकलिन.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, मद, अहंकार और लोभ की थोड़ी सी मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान ही होते हैं।
-संत कबीर.

### सोशल मीडिया

पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्य तिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि, जय जवान, जय किसान नारे से उन्होंने देश के जवानों और किसानों के अधिकार की आवाज बुलंद की। राहुल गांधी.



विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण एक्ट, 2025 ग्रामीण विकास की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होनो जा रहहा है। सीएम, योगी.



सिंगनल्लूर विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों व समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की, जिसमें संगठनात्मक तालमेल और जमीन पर मजबूत करने की बात हुई। नितिन नबीन.



## मानव सेवा

**अंतर्दृष्टि**

हमारी कई आदतें एवं स्वभाव ऐसे होते हैं जो हमारे व्यक्तित्व को गहरे से प्रभावित करते हैं। अगर हम इन आदतों से बचकर रहें तो निश्चय ही हमारा जीवन अधिक सरल एवं सुगम होगा। इस संदर्भ में धम्मपद में गौतम बुद्ध कहते हैं, पांच चीजों को दरवाजे से ही भगा दो, और इनके साथ पांच और हैं, और फिर पांच वह हैं जिनका स्वागत करना है और जब पांच को किनारे पर ही छोड़ दिया जाता है, तो तलाश करने वाले को ओघतिन्नोती कहा जाता है यानी 'जिसने (समुद्र) पार कर लिया है। स्वार्थ, शक, छद्म आध्यात्मिकता, जोश व नफरत वह पांच चीजें हैं जो हमेशा आपके दरवाजे पर खड़ी रहती हैं। तनिक सी लापरवाही और वह अंदर प्रवेश कर जाती हैं। इसलिए अधिक सतर्कता की आवश्यकता है कि उन्हें दरवाजे से ही लौटा दिया जाये। दरअसल, जो लोग यह सोचते हैं कि वह निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं, वह भी निस्वार्थ सेवा नहीं कर रहे होते हैं। उनकी सेवा स्वार्थ भरी होती है। वह स्वार्थी होते हैं। उन्हें किसी महान पुरस्कार की तलाश होती है- स्वर्ग और स्वर्ग के आनंद की। स्वार्थीपन से सतर्क रहें। जो लोग आस्था रखते हैं, वह भी शक से भरे होते हैं, तथ्य यह है कि जो लोग शक से भरे नहीं होते, उन्हें आस्था की आवश्यकता ही नहीं है। आस्था का सीधा सा अर्थ है कि आपने शक को ढक लिया है। जब लोग आध्यात्मिक होना चाहते हैं तो छद्म आध्यात्मिक होना आसान हो जाता है। आप मंदिर में जाकर कुछ रीति रिवाजों का पालन करते हैं या पूजा पाठ करते हैं तो आप हिंदू हो जाते हैं, यही काम रविवार को गिरजाघर में जाकर करते हैं तो ईसाई हो जाते हैं और मस्जिद में जाकर नमाज पढ़ते तो मुस्लिम हो जाते हैं। असल आध्यात्म हर सड़ी गली चीज, हर गुजरी हुई चीज, हर वह चीज जो दूसरों के द्वारा आप पर थोपी जा रही है, हर प्रकार की कंडीशनिंग के विरुद्ध विद्रोह है। ...और जोश... गौतम बुद्ध ने कहा, सावधान ! आप इसे यहां दबा लेंगे, लेकिन कहीं और इसकी इच्छा करने लगेंगे। जोश आपको इतनी आसानी से नहीं छोड़ता है। अंतिम चीज है नफरत। आपके सारे अंग नफरत से भरे हैं- पापियों के लिए नफरत से। इसलिए उन्होंने नरक की रचना की है। अपने लिए स्वर्ग और पापियों के लिए नरक। अपने लिए स्वर्ग और नरक उन लोगों के लिए जो उनके धर्म का पालन नहीं करते। यह नफरत है। यह वही मानसिकता है, वही बदसूरत मन जो नए खेल, खेल रहा है, लेकिन बदला कुछ नहीं है। पांच और चीजें हैं... जो दिखाई नहीं देतीं, लेकिन वह भी हैं, जो इन पांच के पीछे छुपे हुए हैं। यह हैं- जीने की हवस, महिला के लिए हवस या पुरुष के लिए हवस को छोड़ा जा सकता है। लेकिन स्वयं जीवन के लिए हवस को छोड़ना बहुत कठिन है। हर कोई जीना चाहता है और जब तक संभव हो जीना चाहता है।

## ट्रॉसफर, कमीशन बिजनेस

**व्यंग्यलोक**

वह परीक्षा किस काम की जिस में पेपर आउट ना हो ! प्रश्नों को हल करने में किसी प्रकार का डाउट ना हो ! हर एक वोटर को देना होगा इसका खर्चा। चुनाव प्रचार में दलदल पार्टी का नेता वोटरों के आगे प्रतिदिन अपनी नाक को 1.1 मिलीमीटर घिसता रहा। रबड़दल पार्टी का नेता अपनी नाक 1.2 मिलीमीटर घिसता है। चुनाव परिणाम के दिन दलदल पार्टी की नाक 5.5 मीटर घिस चुकी थी जबकि रबड़दल पार्टी की नाक 5 मीटर ही घिसी बताइए दोनों ने कितने कितने दिन चुनाव प्रचार किया? सामान्यतया वोटरों में शराब बांटने से 1.7 प्रतिशत, रुपए बांटने से 1.2 प्रतिशत और कपड़े बांटने से 0.7 प्रतिशत वोटों की वृद्धि होती है। एक पार्टी अपने वोटों को पिछले चुनावों की तुलना में 17.5 प्रतिशत बढ़ाना चाहती है, तो बताइए उसे 60 करोड़ वोटरों के लिए कितनी मात्रा में शराब कपड़े और रुपयों की व्यवस्था करनी पड़ेगी? एक विरोधी नेता की सभा में हंगामा मचाने के लिए 10 उत्तम किस्म के चमचे चाहिए। इस किस्म के एक चमचे पर कुल 0.4 लाख रुपयों का खर्चा पड़ता है। एक पार्टी ने ऐसे चमचों पर 11.5 करोड़ रुपए खर्च किए तो बताइए उसने कुल कितनी विरोधी सभाओं में हंगामा मचाया? एक पार्टी अपने फंड में 30 प्रतिशत रुपए भ्रष्टाचार से 10 प्रतिशत रूपए कमीशन से 25 प्रतिशत रुपए रिश्वत से 20 प्रतिशत रुपए ट्रांसफर से व शेष रुपए चंदे से जमा करती है। यदि पार्टी फंड में इस वर्ष 8000 करोड़ रुपए जमा हुए तो बताइए पार्टी ने ट्रांसफर बिजनेस में कितना रुपया कूटा? ब्लॉक, जिला व राज्य स्तर के किसी विरोधी गुट के नेता को तोड़ने में दी जाने वाली राशि का अनुपात 1:2:3 का रहता है। अगर कोई पार्टी विरोधी गुट के जिला स्तरीय नेता को 0.7 करोड़ में तोड़ती है, तो उसे राज्य स्तरीय 8 नेताओं को तोड़ने में कितने रुपयों की जरूरत होगी? एक पार्टी ने दलित वोटों के लिए 500 कैरेट शराब, पिछड़े वोटों के लिए 400 टन कबाब और सवर्ण नोटों के लिए 570 शबाब की व्यवस्था की, बताइए पार्टी को मिलने वाले वोटों में दलित, पिछड़े व सवर्ण के वोटों का कितना अनुपात रहेगा? एक नेता को तोड़ने में 5 करोड़ रुपए व चार सुंदरियों की जरूरत होती है। पार्टी को सरकार बनाने के लिए 38 नेताओं की जरूरत है। बताइए सरकार बनाने के लिए उसे कितने रुपए व कितनी सुंदरियों की जरूरत होगी। चुनाव जीतने में एक नेता ने 10 करोड़ खर्च किए व मंत्री पद उसने 15 करोड़ में खरीदा। अगर उसे प्रति भ्रष्टाचार 5 लाख प्रति कमीशन डीलिंग 3 लाख व प्रति ट्रांसफर 1 लाख रुपयों की आय होती है। तब बताइए कि उसे कुल कितने भ्रष्टाचार, कमीशन और ट्रांसफर केस डील करने होंगे ताकि वह नेता व्यवसाय में अपनी लागत का 5 गुना रुपया आराम से निकाल सके?



रामविलास जॉगिड़

## मानवता की पीड़ा का हरण ही स्वामी विवेकानंद का दर्शन



**जयंती पर विशेष**

प्रो. आर.एन. त्रिपाठी

कठोपनिषद का मंत्र है-'उत्तिष्ठ जागृत प्राप्य वरान्निबोधयत' अर्थात उठो, जागो, श्रेष्ठ ज्ञान को प्राप्त करो। स्वामी विवेकानंद ने कहा कि श्रेष्ठ मनुष्यों से सीख लेकर तब तक आगे बढ़ते रहो जब तक कि तुम्हारा लक्ष्य न पूरा हो जाए। इस सूत्र वाक्य उद्घोषक स्वामी विवेकानंद का आज जन्मदिन है। स्वामी विवेकानंद एक ऐसे चिंतक और महापुरुष थे जिन्होंने मानव को माधव बनाने की कल्पना की। उनका मानना था कि व्यक्ति चाहे जितनी निम्न कोटि का हो, चाहे उसमें जितनी भी अज्ञानता भरी हो, अगर उसका वैचारिक विकास कर दिया जाए और उसमें राष्ट्र प्रेम की धारा का अनुदित प्रवाह डाल दिया जाए तो वह निश्चित रूप से उत्कर्ष पर पहुंच ही जाएगा क्योंकि जब भाव भरते हैं तो व्यक्ति का ज्ञान जागृत होता है और जब व्यक्ति का ज्ञान जागृत होता है तो अज्ञानता मिटती है। अज्ञानता का मिटना ही मानव का उत्कर्ष है। अर्थात महर्षि अरविंद के उस सिद्धांत पर कि मनुष्य से वह सुपर मनुष्य बन जाता है।

स्वामी विवेकानंद कहते हैं कि परमात्मा का साकार प्रेम पाना है तो परमात्मा की पूजा संबंधी क्रिया विधि में नहीं है बल्कि मानव की पूजा करिए। उनका मानना था कि नर सेवा से ही नारायण सेवा होती है और नारायण सेवा का मूल अभिप्राय यह है कि मौजूदा समय में कराह रही मनुजता की पीड़ा को समाप्त करना है। परमात्मा के संदर्भ में वह कहते हैं कि परमात्मा का प्रेम निश्छल है। वही ईश्वर की सकारात्मक ऊर्जा से लबरेज होता है जो परमात्मा के मानवतावादी कल्याणकारी धर्म को अपने जीवन में अपनाता है। यदि आप निश्छल भाव से सही दिशा में अपने अनियंत्रित ऊर्जा को रोककर सही दिशा में ऊर्जा का उपयोग करेंगे तो आप एक सकारात्मक सोच के साथ ही राष्ट्र सेवा कर सकते हैं। देश के सच्चे हितैषी बन सकते हैं। राष्ट्र समृद्ध हो, स्वाभिमानी हो। इस भाव भूमि के साथ जो स्वदेशी को अपनाता है, वही राष्ट्र के अभ्युदय का कारण बनता है। उनका मानना था कि हमें राष्ट्र देवो भव की उपासना करनी चाहिए। वे मानते थे कि जब देश आजाद हो तो स्वतंत्रता के दो चार दशक यहां के लोग ईश्वर की उपासना की तरह राष्ट्र के निर्माण में लगें और इस तरह से इस राष्ट्र देवता की उपासना करें। उनके संदर्भ में उनकी जीवनी की लेखिका रोमा लैला कहती हैं कि इस दुनिया में स्वामी विवेकानंद का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। जिस समय उन्होंने शिकागो में भाषण दिया था, उस समय वहां के सारे अखबारों ने लिखा था कि जिस देश में इतना बड़ा धर्म प्रचारक है, जिस देश में मानव कल्याण के इतने बड़े व्यवहार दर्शन का और मानवता के इतने विराट दर्शन का संन्यासी है, उस देश में कभी भी दुनिया का कोई देश अपने धर्म का वर्चस्व नहीं स्थापित कर पाएगा। वास्तव में आज भी भारत की जो सनातन संस्कृति है, उसमें वैचारिक मिलावट का कतिपय लोग कुछ प्रयास तो करते हैं लेकिन अंततः वे भी उसी के हो जाते हैं और उसी की धारा में बहने लगते हैं।

स्वामी विवेकानंद का मानना था कि शील, संयम, सद्भाव और सद्ज्ञान के हम सहचर बनाकर के एक सच्ची नागरिकता का निर्माण स्वयं कर सकते हैं जिस्की राष्ट्र को नितांत आवश्यकता है। जीवन जीने के लिए उन्होंने धर्म की आवश्यकता पर बल दिया। धर्म के विविध स्वरूपों की व्याख्या भी की। उन्होंने आत्म धर्म की बात करने वाले तैत्तरियोपनिषद को विशेष रूप से मानने की बात की जिसमें 'सत्यं वद, धर्मं चर, प्रमादं मा कुरु अर्थात सत्य बोलो और धर्म का आचरण करो। आलस्य न करो को उन्होंने प्राथमिकता दी। इसी प्रकार राष्ट्रधर्म हेतु वह महाभारत के शांति पर्व में वर्णित जननी जन्मभूमिस्वर्गादपि गरीयसी अर्थात माता और जन्मभूमि स्वर्ग से भी अधिक श्रेष्ठ मानते हैं। वह देश सेवा को प्रकृति धर्म के रूप में मानते हैं। वह अथर्ववेद के 'माता भूमिपुत्रोहम पृथिव्याः' के भाव के आधार पर देश की सेवा को मानते हैं इसीलिए उन्होंने अपने सूत्र वाक्य को कहा कि तब तक चलते रहो जब तक की लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। जब तक यह घायल मनुजता स्वस्थ न हो जाए, जब तक प्राणी मात्र के क्लेश का शमन न हो जाए, जब तक मानव मात्र एक समान न हो जाए, जब तक प्रकृति प्रेम और उससे जुड़े सभी विषय में एकात्मकता न आ जाए, तब तक लक्ष्य प्राप्त की लिए हमें आगे ही बढ़ते रहना होगा।

### आप की बात

## कल्याणकारी योजनाएं

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये। सरकार भी अपना कुछ कंट्रीब्यूशन एक सीमा तक बढ़ाये और जब साठ साल पर पेंशन की पात्रता मिले तो पेंशन की राशि इतनी हो जो तीन हजार रुपये की वर्तमान वैल्यू के बराबर हो जाये। उसके साथ हर साल इन्फ्लेशन के हिसाब से पेंशन राशि बढ़ती जाये। इससे जहां एक तरफ पेंशन राशि से मिलने वाली सेवाओं एवं वस्तुओं की मात्रा एवं वैल्यू पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा वहीं दूसरी तरफ श्रमिक धीरे-धीरे आराम से अपना कंट्रीब्यूशन बढ़ाकर बचत भी बढ़ा सकेंगे। कोई भी योजना जब शुरू होती है तो उसमें अनेक खामियां होती हैं और उसमें सुधार के प्रयास होते रहने चाहिए। फिलहाल इस योजना का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि सरकार ने ऐसे श्रमिकों के बारे में सोचा जिनको अभी किसी भी तरह की पेंशन या सामाजिक सुरक्षा का सहारा नहीं मिलता है। किसी भी समाज में सामाजिक सुरक्षा के लिहाज से यह जरूरी है कि सरकार एक व्यापक पेंशन आधारित समाज का निर्माण करना चाहती। श्रम योगी मानधन, किसान मानधन, कर्मयोगी मानधन जैसी योजनाओं के जरिए सरकार उन लोगों को सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने का प्रयास कर रही है जो किसी संगठित योजना के दायरे में नहीं हैं। यह अच्छी पहल है लेकिन इससे सबको जोड़ना चाहिए ताकि एक व्यापक पेंशन भोगी समाज बने और सबको सामाजिक आर्थिक सुरक्षा सरकार से मिलता रहे।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

## जलवायु परिवर्तन

पर्यावरण एक ऐसा मुद्दा है जिस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जबकि इस दिशा में काम करने की जरूरत है। प्रदूषण शहरों के लिए कितना खतरनाक बन गया है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अत्यधिक प्रदूषण वाले शहरों के नागरिकों की औसत आयु चार से छह वर्ष तक प्रदूषण जनित बीमारियों के कारण कम हो गयी है। वायु प्रदूषण हर साल बड़ा संकट बनकर वर्षात के बाद आता है। यह सिलसिला हर साल बरसात के बाद शुरू होते हैं और फरवरी के आखिर तक बना रहता है। सर्दियों के दौरान हर साल उत्तर भारत के शहरों की आबोहवा विषैली हो जाती है, लोग बीमार पड़ने लगते हैं, बुजुर्गों व दमा रोगियों के लिए तो किसी आपदा जैसी होती है, लेकिन जो लोग स्वस्थ हैं वे भी धीरे-धीरे जहरीली हवा की चपेट में आकर बीमार होने को मजबूर हैं। सरकारों की नीति भी ऐसी है कि निकट भविष्य में कोई बड़ा बदलाव आयेगा ऐसी उम्मीद करना बेमानी है। इसलिए पर्यावरण के मुद्दे पर ठोस पहल की जरूरत है ताकि जलवायु परिवर्तन के संकट से निबटा जा सके।

**देवेश कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## अयोध्या को शराब मुक्त करने की उठी मांग

अयोध्या। शहीद भगत सिंह स्मृति ट्रस्ट ने अयोध्या को पूर्ण रूप से शराब मुक्त घोषित किए जाने की मांग करता है जल्द की नागरिकों के साथ बैठक करके उच्च अधिकारियों से मिलकर शराब बंदी की मांग करेगा। ट्रस्ट ने इस मुद्दे को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए आमजन से समर्थन की अपील की है। ट्रस्ट का कहना है कि शराब के कारण न केवल पारिवारिक ढांचा कमजोर हो रहा है, बल्कि समाज में अपराध, घरेलू हिंसा और आर्थिक बदहाली जैसी समस्याएं भी लगातार बढ़ रही हैं। ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह ने कहा कि अयोध्या एक धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी है, जिसकी पहचान मयार्दा, आस्था और संस्कारों से जुड़ी हुई है। ऐसे पवित्र शहर में शराब की खुलेआम बिक्री समाज के मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि शराब की लत के चलते अनेक परिवार बबार्दी की कगार पर पहुंच चुके हैं। घरों की आय शराब में खर्च हो रही है, जिससे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह ने जिस समाज की कल्पना की थी, वह नशामुक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर हो।

# 13 वर्षीय बच्चे का अपहरण करने वाले 3 अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे



जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** एसआईआर फार्म में संशोधन कराने के नाम पर अपहरण करने वाले 3 अभियुक्तो को थाना हैदरगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि बीती 10 जनवरी 2026 को वादी राकेश कुमार पांडेय पुत्र रामजस पांडेय निवासी बैसनपुर मजरे जैतपुर थाना शिवरतनगंज, अमेठी ने भतीजे कार्तिक पाण्डेय उम्र 13 वर्ष को एस0आई0आर0 फार्म संशोधन कराने को लेकर गाड़ी में बैठाकर

**● एसआईआर फार्म में संशोधन कराने के नाम पर किया था अपहरण**

बंधक बनाकर बन्द कर लिया था। जहां से मौका पाकर कार्तिक भाग आया। जिसके बाद पुलिस टीम ने मुकदमा पंजीकृत करते हुये अभियुक्तो नूरेन पुत्र सादिक अली निवासी फरीदगढ़, फैजल पुत्र फारुख अहमद निवासी पूरे भट्ठा मजरे आजादपुर थाना इन्हौना, शिवम शुक्ला पुत्र स्व0 घनश्याम शुक्ला निवासी पूरे बैसन मजरे जैतपुर थाना शिवरतनगंज, अमेठी को घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन सं0 यू0पी 32 डीजी 0932 बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल, अति0 निरीक्षक शैलेश यादव, उ0नि0 कपिल देव यादव, उ0नि0 वेदप्रकाश गुप्ता, का0 पवन यादव, मोहन यादव, सौरभ यादव मौजूद रहे।

# श्रृंगी ऋषि आश्रम पर हुआ विराट हिंदू सम्मेलन

**गोसाईंगंज-अयोध्या।** हम धन में भी श्रेष्ठ, बल में भी श्रेष्ठ और बुद्धि में भी श्रेष्ठ फिर गुलाम कैसे हो गए। क्योंकि हमारा धर्म गांव तक ही सीमित था। उक्त बातें विराट हिंदू सम्मेलन के दौरान श्री श्रृंगी ऋषि आश्रम पर मुख्य अतिथि के रूप में आए विश्व हिंदू परिषद के पूर्व संगठन मंत्री अवध प्रांत भूलेंद्र जी ने कही। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यदि हमारे गांव के मंदिर को कोई क्षति पहुंचाता है तो हम लड़ते हैं, गांव से दूर जब हिंदू धर्म पर आघात होता है तो हम मौन रहते हैं। क्योंकि हमारा धर्म गांव तक ही सीमित है। सोचनीय विषय है कि आज से 200 वर्ष पूर्व हम विश्व गुरु थे। हमें सोने की चिड़िया कहा जाता था, शिवाजी जैसे वीर योद्धाओं से हमारा देश भरा पड़ा था। फिर भी हम गुलाम हो गए, क्योंकि हमारा संगठन मजबूत नहीं था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामकुटीर के महंत रामप्यारे दास ने बताया कि हिंदू धर्म मानव जीवन जीने की एक कला है। पूरे विश्व में यदि कोई भी इंसान है तो उसकी जड़ सनातन ही है और यही सत्य है। जब से सृष्टि की उत्पत्ति हुई तब से लेकर आज तक जो भी मानव है उसकी जड़ सनातन से ही जुड़ी हुई है। श्रृंगी ऋषि आश्रम के पुजारी महेंद्र गोस्वामी, शीला त्रिपाठी और रमाकांत त्रिपाठी ने भी उपस्थित हिंदू जन समूह को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विन्देश्वरी लाल श्रीवास्तव ने किया और संचालन रामबक्स सिंह ने किया। संयोजक विभूति सिंह ने बताया कि 500 से अधिक हिंदुओं ने खिचड़ी भोज का आनंद लिया।



## मनरेगा में बदलाव के विरोध में कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने की प्रेस वार्ता



**बाराबंकी।** मनरेगा में वर्तमान सरकार प्रस्तावित बदलाव आपके काम के संवैधानिक अधिकारो पर हमला है। काम करने व मजदूरी पाने का अधिकार छीना जा रहा है। ग्राम पंचायत की शक्तियां ठेकेदारो को सौपी जा रही है। और इसमें राज्य सरकार को कमजोर तथा उस पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। उच्च महंगाई के बावजूद भी पिछले तीन वर्षो से मनरेगा के बजट में कोई बढोत्तरी नही की गयी। साथ ही मजदूरो के भुगतान में बहुत कठिनाईयां आयी एवं देरी से भुगतान किस्तो में किया गया। रोटी, कपडा, मकान, शिक्षा, चिकित्सा, सुरक्षा वोट का अधिकार, भोजन का अधिकार, रोजगार का अधिकार मनरेगा जो कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने संवैधानिक अधिकार दिया था। जो भाजपा सरकार द्वारा हक, न्याय का अधिकार सब खत्म किया जा रहा है। उक्त बात ओबरी आवास पर केन्द्र सरकार द्वारा मनमाने तरीके से मनरेगा में किये बदलाव के विरोध मे आयोजित प्रेस वार्ता मे कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कही। प्रेस वार्ता मे सांसद श्री पुनिया ने सरकार से काम की गारंटी, मजदूरी की गारंटी, जवाबदेही की गारंटी, मनरेगा में किये गये बदलावो की तत्काल वापसी, काम के संवैधानिक अधिकार की पूर्णरूप से बहाली की जाये, मनरेगा जांब कार्ड धारक का न्यूनतम वेतन 400 रू0 निर्धारित किये जाने की पुरजोर मांग की। प्रेस वर्ता में जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन, अमरनाथ मिश्रा, के0सी0 श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## पीटीओ ने बिना हेलमेट पर किये 8 दो पहिया वाहन के चालान



**बाराबंकी।** सड़क दुर्घटनाओ के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत 8 से 14 जनवरी शुरू हुये विशेष चेकिंग आपरेशन के तहत आज प्रवर्तन दल ने नो हेलमेट नो फ्यूल को लेकर दो पहिया चालको को पम्पलेट वितरण कर जागरुक किया। तो वही बिना हेलमेट मिलने पर 8 वाहनो के चालान भी किये। आज यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने विभिन्न पेट्रोल पम्पो मे बिना हेलमेट ईधन भरवाने आये 8 वाहनो के चालान कर चालको को हेलमेट की उपयोगिता के बारे मे पम्पलेट वितरण कर जागरुक किया। तथा पेट्रोल पम्प संचालको को बिना हेलमेट के पेट्रोल न दिये जाने को लेकर निर्देशित किया।

# निःशुल्क नेत्र मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का समापन



**बाराबंकी।** सिद्ध सन्तों की तपस्थली, रोगहरण श्रीहनुमान की छत्रछाया में श्रीराम वन कुटीर हड़ियाकोल आश्रम में 28 दिसम्बर से चल रहे मानव सेवा के निःशुल्क नेत्र मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर का समापन हुआ।

**● 3087 लोगों का डॉ. जैकब प्रभाकर की टीम ने किया सफल ऑपरेशन**

जहां प्रदेश के विभिन्न जनपदो से आये 4456 लोगों ने ओ0पी0डी में अपनी नेत्र की जाँच करायी। जिनमें 3087 सफल ऑपरेशन प्रख्यात नेत्र सर्जन डॉ0 जैकब प्रभाकर जालंधर पंजाब की 25 सदस्यीय टीम ने किये। आश्रम सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने जानकारी देते हुये बताया कि नेत्र ऑपरेशन शिविर के लिए स्वास्थ्य विभाग ने परमिशन दिया था। सभी ऑपरेशन के मरीजों को 10 जनवरी को विदा कर दिया गया। एक महीने के बाद पुनः फॉलोअप के लिए बुलाया गया है। 1984 से निरन्तर सर्जरी की टीम को लाने वाले शिविर के निदेशक डॉ0 जे0के0 छापरवाल उदयपुर बस द्वारा अपनी 100 सदस्यीय टीम को लेकर ऑपरेशन पर पहुँच गये हैं। डॉ0 छापरवाल की टीम 11, 12, 13 जनवरी को हॉर्निया, हाइड्रोसील के ऑपरेशन करेगी। डॉक्टर अर्श, भगन्दर, फिशर का ऑपरेशन झारसूत्र पद्धति द्वारा शल्य कर्म क्रिया निरापाद पद्धति द्वारा पाइल्स के ऑपरेशन करेंगे।

# 500 जरूरतमंदों को वितरित किए गये कंबल

**सोहावल-अयोध्या।** जनपद के मसौधा ब्लाक की ग्राम सभा पलिया गोवा में ग्राम प्रधान लीलावती वर्मा के नेतृत्व में निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस जनकल्याणकारी पहल से गांव सहित आसपास के क्षेत्रों के हजारों लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिला और सर्दी से राहत पहुंचाई गई।

आयोजित चिकित्सा शिविर में डा0 वीरेन्द्र वर्मा (मेडिसिन), डा. वी. कुमार (आर्थो सर्जन), डा. अरुण वर्मा (होम्योपैथ), डा. एस.पी. पटेल (मेडिसिन) एवं डा0 ज्ञानेंद्र वर्मा (नेत्र रोग विशेषज्ञ) ने मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श व आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं। शिविर में महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों की बड़ी संख्या में जांच की गई। जिससे ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हुई।

चिकित्सा शिविर के उपरांत ठंड को देखते हुए गरीब एवं असहाय परिवारों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीकापुर के



**● चिकित्सा शिविर आयोजित**

ब्लाक प्रमुख दिनेश वर्मा एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य गीता वर्मा द्वारा किया गया। ग्राम सभा के लगभग 500 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गये।

जिससे सर्दी के मौसम में उन्हें बड़ी राहत मिली। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि परशुराम वर्मा, बीडीसी सुरेश यादव, कुलदीप वर्मा, राम रूप कोरी, इकलाख अहमद, आनंद, बसंत कुमार, राम मूर्ति वर्मा, मोहम्मद मुस्तकीम, अनिल साहू, राजेन्द्र वर्मा, सोनू पांडेय, अशोक कुमार पांडेय, राम मंगम दुबे, संतराम यादव, रहमान, मो0 कलीम, राघव राम यादव, दिलीप यादव, अनिल सिंह, अरुण साहू, राम दयाल यादव, राजेश साहू, अमर नाथ रावत, मनोज कुमार, अनिल दुबे, विजय कुमार कोरी, बबलू खान, मोहम्मद सईद, जगराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया।

## ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 28 मार्च को

**बहराइच** ।जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) बहराइच अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण हेतु जारी समय सारिणी के अनुसार दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करना एवं सम्भावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन/निस्तारण की कार्यवाही करने की अवधि 07 जनवरी से 20 फरवरी 2026 तक निर्धारित है। दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों के कम्प्यूटरीकरण की तैयारी तथा उन्हे मूल सूची में यथा स्थान समाहित करने एवं यथावश्यक मतदान केन्द्रों/स्थलों के निर्धारण की कार्यवाही 21 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक की जायेगी। जबकि मतदाता सूचियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एस.वी.एन. आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियाँ कराने आदि की कार्यवाही के लिए 17 मार्च से 27 मार्च 2026 की तिथि निर्धारित की गई है। डीएम अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा समयसारिणी के अनुसार निर्वाचन नामावली का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 28 मार्च 2026 को किया जायेगा।

# बाबा मंगली नाथ मंदिर में हिंदू सम्मेलन आयोजित



**बहराइच।** जिले के नवाबगंज विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामनगर सेमरा नवाबगंज स्थिति बाबा मंगली नाथ धाम श्री शिव मंदिर के प्रांगण में हिंदू समाज के तत्वावधान में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हिंदू विशाल सम्मेलन के मुख्य अतिथि कथावाचक श्री रविशंकर महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में रविवार को बाबा मंगली नाथ धाम शिव मंदिर परिसर में हुए इस आयोजन में रविशंकर महाराज ने मस्जिद, मदरसा और मिशनरियों से सतर्क रहने का आह्वान किया। उन्होंने हिंदू समाज को संगठित होकर एकजुट रहने पर भी जोर दिया। उन्होंने सनातन संस्कृति और सामाजिक समरसता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू समाज को संगठित करने के लिए पहले स्वयं में परिवर्तन लाना होगा।

महाराज ने चिंता व्यक्त की कि समाज में लोग एक साथ बैठकर खान-पान तक नहीं करते, जिससे आपसी दूरी बढ़ रही है। रविशंकर महाराज ने कहा कि जब तक हम स्वयं नहीं बदलेंगे, तब तक समाज को संगठित करना संभव नहीं है। उन्होंने वर्तमान में भारत में हिंदू समाज की सुरक्षा को लेकर उत्पन्न हो रही चुनौतियों का मूल कारण सामाजिक भेदभाव और आपसी बिखराव बताया। उन्होंने सनातन धर्म के लोगों को जागरूक रहने की आवश्यकता पर बल दिया।

महाराज ने विशेष रूप से आगाह किया कि जहां मस्जिद, मदरसा बन रहे हों या मिशनरी के लोग दिखाई दे रहे हों, वहां सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने चेतावनी दी कि अन्यथा इसका खामियाजा आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सह प्रांत कार्यवाहक अवध प्रांत संजय ने भी सनातनियों को संगठित होने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता से ही समाज और राष्ट्र सशक्त बनता है, और सभी वर्गों को साथ लेकर चलना ही हिंदू समाज की वास्तविक शक्ति है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा के खिलाफ आप कार्यकर्ताओं ने किया विरोध - प्रदर्शन

**अयोध्या।** रविवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन किया। सिविल लाइंस स्थित गांधी पार्क में जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति के नेतृत्व में कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजीव निगम ने बोलते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर केंद्र की मोदी सरकार ने बिल्कुल चुप्पी साध रखी है और मोदी जी अपने मित्र अडानी को व्यापार में नुकसान से बचाने के लिए बांग्लादेश सरकार से, अनिल प्रजापति जिला अध्यक्ष ने कहा हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए कुछ नहीं कर रहे हैं स क्या अदानी का व्यापार और बांग्लादेश को झारखंड की बिजली सप्लाई इस चुप्पी की वजह है इस दौरान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री




का पुतला फूंककर कार्यकताओं ने आक्रोश व्यक्त किया एवं राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार महोदय को दिया गया। जिलाध्यक्ष एडवोकेट ने कहा कि आम आदमी पार्टी बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी। इस अवसर पर जिला महासचिव सुनील कुमार मौर्य, यूके द्विवेदी गायत्री मिश्रा हर्षवर्धन कोरी मनोज मिश्रा विद्या वर्मा गुड़िया राईन राजीव पाठक मोहम्मद इसराइल संदीप पटेल शारजाह मोहित महाराज मास्टर विनोद रावत हैदर अली नीलेश चतुर्वेदी स्वर्णिम वर्मा रामजी वर्मा संजय पाठक आदि उपस्थित थे।

## बहराइच ब्लास्टर ने 24 रनों से बहराइच योद्धा को हराया

**बहराइच।** कुशमेंद्र सिंह राणा की स्मृति में खेला जा रहा ग्लैमर टाइप प्रीमियर लीग में आज ग्रुप बी का पहला मुकाबला बहराइच योद्धा एवं बहराइच ब्लास्टर के बीच खेला गया। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी संदीप अग्रवाल मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहित छाबड़िया व डीसीए सचिव इशरत महमूद खान मौजूद रहे। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया गया। बहराइच ब्लास्टर के कप्तान जय प्रकाश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 22 ओवरों के इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लास्टर के बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाए। ब्लास्टर की तरफ से जय प्रकाश ने 46 गेंदों में ताबड़तोड़ 58 रन व मृदुल श्रीवास्तव ने 38 रनों की बेहतरीन पारियां खेली। योद्धा की तरफ से रेहान खान ने 4 एवं अमन पावन ने 2 विकेट अपने नाम किए। 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बहराइच योद्धा की तरफ से कुणाल यादव ने 66 गेंदों में 65 रन और अमन पावन ने 21 गेंदों में 20 की पारी खेली। बहराइच ब्लास्टर के 172 रनों का लक्ष्य के सामने बहराइच योद्धा 148 रन पर ही सिमट गई। और बहराइच ब्लास्टर ने 24 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। शानदार प्रदर्शन की बदौलत जय प्रकाश को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। रेहान खान को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। मैच में अंपायरिंग की भूमिका आतिफ खान एवं अखिल अहमद ने निभाई। स्कोरर की भूमिका में यश चौरसिया मौजूद रहे। आंखों देखा हाल आदिल जमीर के द्वारा सुनाया गया। इस दौरान सुनील राय, रामानंद सिंह, शानू खान, विजय शंकर, देवाशीष राय आयुष चित्रांश, कार्तिकेय सिंह, आशुतोष कैराती, सारिक एवं अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## उर्दू आंदोलन के नायक गुलाम सरवर राईन ने उर्दू समाचार पत्रों की रखी नीवः वसीम राइन



**बाराबंकी।** एक युग पुरुष गुलाम सरवर कौम और समाज का दर्पण होता है। जो कौम सियासी तौर पर जितनी परिपक्व होती है। उसका मीडिया भी उतना ही मजबूत होता है। जिसके पास

**● पूर्व मंत्री की यौमे पैदाइश पर ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने की गोष्ठी**

कोई मीडिया न हो उसकी हालत क्या होती है। उसका अंदाजा पसमांदा मुसलमानों की हालत से लगाया जा सकता है। उक्त विचार सट्टी बाजार स्थित कार्यालय पर ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज द्वारा पूर्व मंत्री गुलाम सरवर राईन की यौमे पैदाइश पर आयोजित गोष्ठी मे महाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कही। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राईन ने आगे कहा कि बिहार में उर्दू आंदोलन के नायक गुलाम सरवर राईन ने इसके महत्व को समझा था। इसलिए तो उन्होंने साथी और संगम जैसे उर्दू समाचार पत्रों की नीव रखी थी। बिहार में उर्दू आंदोलन को गुलाम सरवर ने दिशा दी और आज जो बिहार में उर्दू को द्वितीय भाषा का जो दर्जा प्राप्त है वो उनके संघर्षों का परिणाम है। सरकारी स्तर पर उर्दू के कार्यान्वयन का कार्य शून्य पर चला गया है। लेकिन उर्दू निदेर्शालय भाषा के विकास के बजाय साहित्य के विकास में लगा है। और उर्दू निदेर्शालय को चापलूसों ने हाइजैक कर लिया है ऐसे में उर्दू आबादी को सजग रहना होगा। गोष्ठी मे महमूद चैधरी, अशफाक राईन, जावेद राईन, रिजवान राईन, हारून राईन, वाजिद शाह, रियाज राईन, शफीक राईन, मुन्ना राईन, सलमान राईन, मोमिन राईन, नौशाद पहलवान, निसार राईन, नसीम राईन, इरफान अंसारी, मुख्तार मंसूरी, दानिश सिद्दीकी मौजूद रहे।

# विधायक बलहा ने एसडीएम के साथ वितरित किये कम्बल



**बहराइच 08 जनवरी।** निर्धन, असहाय व निराश्रितों को कड़ाके की ठण्ड से राहत दिलाये जाने के उद्देश से तहसील नानपारा अन्तर्गत ग्राम नन्हू जोत में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर ने उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के साथ 350 जरूरतमन्दों को कम्बल का वितरण किया।

तहसील प्रशासन नानपारा द्वारा आयोजित कम्बल वितरण शिविर के अवसर पर विधायक बलहा श्रीमती सोनकर ने कहा कि कम्बल वितरण से जरूरतमन्द लोगों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने जिला प्रशासन विशेषकर उप जिलाधिकारी की संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि जनसेवा ही जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का प्रमुख दायित्व है। ऐसे कार्यक्रमों से समाज के कमजोर वर्ग को संबल मिलता है।

विधायक बलहा ने समाज के सक्षम व्यक्तियों का आहवान किया कि वे भी ऐसे पुनीत कार्यों में भागीदार बने। उप जिलाधिकारी श्रीमती जौहरी ने कहा कि शासन व जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं ठंड के मौसम में किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि सभी सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि संवेदनशील एवं सक्रिय रहते हुए सभी चिन्हित जरूरतमन्दों तक समय से सहायता पहुंचायी जाये।

इस असवर पर नायब तहसीलदार नबाबगंज अक्षय व बलहा के हर्षित, थानाध्यक्ष नानपारा, राजस्व विभाग एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या ग्रामवासी मौजूद रहे।

## ज्योति कलश रथ यात्रा का हुआ स्वागत

गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईगंज कस्बे में मड़हा पुल के पास स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के समीप गायत्री परिवार की ज्योति कलश रथ यात्रा का श्रद्धा एवं भक्ति के साथ भव्य स्वागत किया गया।

यह रथ यात्रा गायत्री परिवार के 100 वर्ष (शताब्दी वर्ष) के उपलक्ष में शांतिकुंज हरिद्वार से भारत भ्रमण पर निकली है।

शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे मां गायत्री के भक्तों का कस्बेवासियों द्वारा माल्यार्पण आरती एवं गायत्री मंत्रोच्चार के साथ स्वागत किया गया। पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा एवं भक्ति भाव का संचार देखने को मिला।

इस अवसर पर चेयरमैन डॉ0विजयलक्ष्मी जायसवाल भाजपा नेता प्रदीप जायसवाल, वार्ड सभासद कालीचरण वर्मा, मंदिर समिति से गणपति त्रिपाठी, सियाराम मोदनवाल, राजेश वर्मा, डॉ. घनश्याम सोनी, जगदंबा प्रसाद सोनी, पूर्व सभासद कुसुम कुमारी, त्रिलोकी मोदनवाल, मंशाराम वर्मा, उत्कर्ष शेखर जायसवाल, अंकेश तिवारी, आलोक गुप्ता, रामकृपाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

## धू-धू कर जला रामायणा पैलेस




**सोहावल।** अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 27 के किनारे मुबारकगंज चैराहे के समीप नवनिर्मित रामायणा पैलेस आग की चपेट में आकर धू धू कर जला। पैलेस में लगे कीमती सामान जलकर राख हो गये। लगभग 50 लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। आग लगने का कारण स्टील वेल्डिंग के दौरान निकली चिंगारी बताई जा रही है। नवनिर्मित हो रहे रामायणा में अभी मेंटेनेंस का कार्य चल रहा है। रविवार की दोपहर हो रही स्टील वेल्डिंग से निकली चिंगारी से रखे सोफे एवं लकड़ी के सामान में आग लग गयी। देखते देखते ही उठी लपटो से पूरा पैलेस आग की चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर रौनाही थाने से पहुंचे फायर सर्विस के लोगों ने लगभग दो घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

इस दौरान क्षेत्र एवं नेशनल हाईवे पर आवागमन करने वाले वाहन चालको मे हडकंप मचा रहा। पैलेस के प्रबंधक राकेश वर्मा के होटल में लगी आग के सम्बन्ध में पूछे जाने पर रौनाही प्रभारी निरीक्षक लाल चंद सरोज ने बताया कि वेल्डिंग के दौरान चिंगारी से लगी आग में कोई जन हानि नहीं है। लाखों का नुकसान हुआ है।

संक्षेप

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**कादीपुर, सुलतानपुर।** अज्ञात वाहन के टक्कर मार देने से हुई अनुराग की मौत के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। बताते चले की कोतवाली क्षेत्र के रानेपुर गांव के अनुराग बीते 9 दिसंबर 2025 को अपने भाई की ससुराल अमरेथू डडिया गया था। जहां रात में अज्ञात वाहन के टक्कर मार देने से उसकी मौत हो गई थी। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि मृतक के भाई अरविंद कुमार की शनिवार को दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## दहेज उत्पीड़न मामले में छह लोगों पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर।** दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने पति समेत छः लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। कोतवाली के लक्ष्मणपुर के रमाशंकर ने अपनी पुत्री आरती की शादी आठ महीने पूर्व कोतवाली के जफरपुर गांव के अंकुर सिंह के साथ की थी। आरोप है कि ससुरारीजन दहेज में पांच लाख रुपए मांग रहे थे। मांग पूरी न होने पर आरती को प्रताड़ित करते थे। 7 जनवरी को शाम 07:00 बजे दहेज की मांग को लेकर लात, घूसो व डंडे से मारापीटा एवं 8 जनवरी को सुबह मारपीटकर घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि पिता रमाशंकर की शनिवार को दी गई तहरीर पर पुलिस ने पति अंकुर सिंह, ससुर ज्ञान प्रसाद सिंह, सासु चंद्रावती एवं देवर सत्यम सिंह, अंकुश सिंह, चन्दन सिंह के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

## बूथों पर पढ़ी गयी मतदाता सूची

**सलोन, रायबरेली।** विधानसभा के सभी बूथों पर रविवार को मतदाता सूची पढ़ी गई। नाम न होने पर वोटर ऑफलाइन या ऑनलाइन आवेदन कर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। एसआईआर की प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची जारी कर दी गई जिसके बाद रविवार को विधानसभा के सभी बूथों पर उस बूथ से संबंधित मतदाताओं के नाम पढ़े गए। उप निर्वाचन अधिकारी/उपजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश गौतम ने विधानसभा के सभी मतदाताओं से सूची में अपना नाम चेक करने की अपील की है।

## रंजिश के चलते दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

**सलोन, रायबरेली।** पुरानी रंजिस के चलते रविवार को दो पक्षो में जमकर लाठी डंडे चले है। घटना के दौरान एक पक्ष से महिला और उसका बेटा गम्भीर रूप से घायल हुआ है। पीड़ित महिला ने थाने में आरोपियों की शिकायत की है। कोतवाली अंतर्गत रामीपुर मजरे बरवलिया निवासी शीला पत्नी मेवालाल और गांव के ही विपक्षी करन यादव पुत्र राजेश के बीच वर्षों से पुरानी रंजिस चली आ रही है। पुलिस को तहरीर देकर पीड़ित शीला ने बताया कि रविवार को करन दरवाजे पर साइकिल खड़ा करने लगा था। उसे मना किया गया कि अपने दरवाजे पर साइकिल खड़ा करो, लेकिन उसने विवाद शुरू कर दिया। महिला का आरोप है कि करन ने जिसके अपने साथियों के साथ मिलकर उसके और उसके बेटे सौरभ पर लाठी से प्राण घातक हमला कर घायल कर दिया जिससे दोनों मा बेटे बुरी तरह से घायल हो गए। वहीं खून से लथपथ कोतवाली पहुँचे पीड़ितों को तत्काल मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा गया है। कोतवाल राघवन कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# विहिप के जिला संयोजक से पुलिस ने की अभद्रता



**रायबरेली।** गोकशी के मुकदमे में गवाह बने विहिप के जिला संयोजक के खिलाफ पुलिस द्वारा किये गए उत्पीड़न का मामला तूल पकड़ लिया। जिसको लेकर रायबरेली के शहीद स्थल पर विहिप व बजरंग दल का धरना प्रदर्शन दो दिनों से चल रहा है। धरना प्रदर्शन में शामिल होने पहुँचे स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश प्रताप सिंह एवं भाजपा नेता विधायक मनोज कुमार पांडेय समेत रायबरेली के प्रमुख लोगों ने सलोन कोतवाल के खिलाफ धरना में शामिल हुए। बताया जाता है कि गोबंश निवारण अधिनियम में पुलिस द्वारा लिखे गए मुकदमे में विनोद मौर्य निवासी साहबगंज को गवाह बनाया गया था। किन्हीं कारणों से गवाही देने में नहीं पहुंचे तो पुलिस ने एनबीडब्लू वारंट पर सूचना न देते हुए विरोधाभास में रातोंरात गिरफ़्तार करके जेल में डाल दिया और पुलिस ने मारपीट की जिसको लेकर बजरंग दल कार्यकताओं में सलोन पुलिस के खिलाफ गुस्सा उमड़ गया। इतना ही नहीं कोतवाली प्रभ्ससार राघवन कुमार सिंह द्वारा किए गए उत्पीड़न को लेकर जब शिकायत की गई तो पुलिस द्वारा फिर से उन्हें धमकाया गया। हालाँकि कोतवाल के खिलाफ बजरंग दल व विहिप द्वारा रायबरेली के शहीद चैक पर धरना प्रदर्शन कर रही है जिसमें स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश प्रताप सिंह विधायक मनोज कुमार पाण्डेय, प्रांतीय सहमंत्री विवेक सिंह, जिला मंत्री धनंजय पांडे विभाग संयोजक रमाशंकर त्रिपाठी जिलाउपाध्यक्ष संजीव तिवारी सुरेश सिंह तथा वरिष्ठ नेता रमेश बहादुर सिंह आदि लोगों ने पुलिस के खिलाफ धरना प्रदर्शन में सहभागिता की और सलोन कोतवाल के खिलाफ कार्यवाही की माँग की।

**सलोन पुलिस का गोकशी से है पुराना नाता :** सलोन पुलिस का गोकशी से पुराना नाता है। लगातार गोकशी पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेश सरकार लंगड़ा अभियान चलाकर गोवंश की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। परंतु सलोन पुलिस की मनमानी बनी रहती है। जिसके लिए सलोन कस्बे की एक बड़ी आबादी द्वारा गोवंश वध के तमाम मामले सामने आते रहते हैं और पुलिस पैसे का रसूख रखते हुए मामले पर आँख मूँद लेना और गोवंश वध के खिलाफ आवाज उठाने वालों के खिलाफ ही मामले में सलोन कोतवाली राघवन कुमार का द्वारा की जा रही मनमानी का मामला दो दिनों से गूंज रहा है।

## खिलाड़ियों को हर संभव मदद देगी सरकार : प्रदेश महामंत्री

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के शहर स्थित नारायणपुर में अवध नारायण सिंह स्मारक वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन भाजयुमो अध्यक्ष युवा मोर्चा सुलतानपुर चंदन नारायण सिंह की अगुआई में हुआ, जिसमें बक्सर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, गाजीपुर, आजमगढ़, बाराबंकी और सुल्तानपुर की टीमों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन मुकाबला गाजीपुर और अयोध्या के बीच खेला गया। शनिवार देर रात तक चले रोमांचक मुकाबलों के बाद फाइनल में आजमगढ़ की टीम ने डीवीए को 2-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। दोनों सेटों में कड़ा संघर्ष देखने को मिला। टूनार्मेंट में धनंजय को बेस्ट अटैकर, करन सिंह को बेस्ट सेटर और जमाली को बेस्ट ऑलराउंडर घोषित किया गया समापन समारोह में मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए। विशिष्ट अतिथियों सहित जिले व प्रदेश के अनेक जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। आयोजन पूर्व राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी गिरीश नारायण बब्बन सिंह की निगरानी में संपन्न हुआ। आयोजक चंदन नारायण सिंह ने अपने बाबा बाबू अवध नारायण सिंह की 25वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए बताया कि उनका जीवन समाज सेवा, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहा। सफल आयोजन के लिए उन्होंने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुनेंद्र मिश्रा, विपिन सिंह, अमित अभिषेक अतुल पाल, माता प्रसाद पाण्डेय, भवन सिंग विवेक दुबे, अजय सिंह, जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव शिव नारायण सिंह अध्यक्ष गौरव सिंह संयोजक सर्वेश सिंह व्यवस्थापक आलोक पाठक आदि मौजूद रहे।

**क्रिकेट चैंपियनशिप का शुभारंभ**

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** क्षेत्र की उभरती खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से रविवार को तहसील रोड स्थित बाबा गिरधारी लाल ग्राउंड, बरौंसा में बाबा गिरधारी लाल क्रिकेट चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी पहुंचे, जिससे मैदान उत्साह और जोश से भर गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदीप मिश्रा सरकार चेयरमैन (एमएसएमई पीसीआई) रहे, जबकि पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता राजेश शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

## क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ में प्रधान संघ के अध्यक्ष ने दी 11 हजार की सहयोग राशि



**संग्रामपुर, अमेठी।** जय मां कालिका क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 (केपीएल-2) का शुभारंभ रविवार को पूरे भुलई का पुरवा बाम में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधान संघ अध्यक्ष संग्रामपुर संजय सिंह मुन्ना ने किया। वहीं उद्घाटन अवसर पर मुन्ना सिंह ने आयोजन समिति को 11 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच गंगौली और उमापुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर गंगौली की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए उमापुर की टीम ने निर्धारित आठ ओवरों में 100 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गंगौली की टीम आठ ओवरों में 97 रन ही बना सकी। रोमांचक मुकाबले में उमापुर की टीम ने तीन रन से उद्घाटन मैच जीत लिया। शानदार प्रदर्शन के लिए अम्बेश शुक्ला को मैन ऑफ द मैच चुना गया दूसरा मैच भवानीपुर और संग्रामपुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर भवानीपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में 92 रन बनाए। जवाब में संग्रामपुर की टीम ने सात ओवरों में ही 96 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विवेक मिश्रा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस मौके पर आयोजक अम्बेश शुक्ला व रितेश सिंह के साथ राजा सिंह, शैलेंद्र सिंह डम्पी, बाबा सिंह, अतर सिंह, सुशील मिश्रा, दीपक सिंह, अंकित सिंह, राम सिंह, जीतलाल वर्मा, सिंपल सिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## यूपी टीम के कोच होंगे जिले के पूर्व क्रिकेटर राहुल



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी राहुल तिवारी को माध्यमिक क्रीड़ा प्रतियोगिता प्रधानाचार्य क्रीड़ा संस्थान के द्वारा उत्तर प्रदेश की अंडर-14 सब जूनियर बालक क्रिकेट टीम के कोच की जिम्मेदारी दी गई है, 19 से 24 जनवरी के मध्य राजस्थान के सीकर में आयोजित होने वाली 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में यूपी टीम के कोच होंगे। प्रदेश टीम के चयनकर्ता भी रह चुके राहुल तिवारी वर्तमान में बेसिक शिक्षा विभाग में जिला व्यायाम शिक्षक एवं मण्डल व्यायाम शिक्षक रह अपनी सेवा दे रहे हैं। वे 3 वर्ष लगातार अवध यूनिवर्सिटी टीम के कप्तान रहे, लगातार आठ बार नेशनल खेले, यूपी टीम के कप्तान रहे और सिविल सर्विसेज टीम से भी खेल चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता, जिला व्यायाम शिक्षिका श्रद्धा सिंह, जिला स्काउट मास्टर धर्मेंद्र सिंह, जिला गाइड कैप्टन ज्योति सिंह, मुनेन्द्र मिश्रा, अनुपम शुक्ला, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक धर्मेंद्र त्रिपाठी, मो. सईद दिलशाद हीरालाल यादव पूर्व स्टेडियम कोच चंद्रशेखर सिंह सहित शिक्षकों व खिलाड़ियों ने बधाई दी।

## विवाद को लेकर विपक्षियों ने चार महिलाओं को पीटा

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** घर के सेहन दरवाजे पर निर्माण करने के मामले में हुए विवाद को लेकर विपक्षियों ने चार महिलाओं को मारा पीटा। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आठ लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। कोतवाली के प्राणनाथपुर खुर्द गांव की संगीता का आरोप है कि वह प्रधानमंत्री आवास बनवाई है। ठीक उसके सेहन दरवाजे पर विपक्षी निर्माण कर आवागमन बंद कर रहे थे। जिसे उन्होंने एसडीएम के यहां प्रार्थना पत्र देकर रुकवाया था। उसी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने 25 दिसंबर 2025 को गाली गलौज देते हुए लात घूसो एवं डंडे से मारापीटा। बीच बचाव करने आई पुत्री निधि एवं देवरानी सोनम एवं रिंकू को भी मारा पीटा। जिससे चारों को काफी चोट आई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने गांव के ही नन्हेलाल, कंचन, सुबरन, पवन, पंकज, अमन, सुमन एवं ओमप्रकाश के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है।

## गंदे पेयजल की आपूर्ति मामले में दो सदस्यीय टीम का गठन

**महराजगंज, रायबरेली।** टाउन एरिया महराजगंज में गंदे पेयजल की आपूर्ति की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष सरला साहू एवं अधिशासी अधिकारी रामआशीष वर्मा ने दो सदस्यीय टीम का गठित कर पेयजल की सैंपलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने दावा किया है कि, अगले 24 घंटे के भीतर पैगंबर नगर वार्ड, आर्य नगर सहित सभी वार्डों में शुद्ध एवं साफ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाएगी।

बताते चलें कि शनिवार को पैगंबर नगर और आर्य नगर वार्ड के सभासदों एवं स्थानीय नागरिकों ने न्यूज चैनलों के माध्यम से गंदे पेयजल आपूर्ति की शिकायत उठाई थी। खबर प्रसारित होते ही नगर प्रशासन में हलचल मच गई। मामले का संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष सरला साहू ने तत्काल दो सदस्यीय टीम गठित कर सैंपलिंग का कार्य शुरू कराया। नगर पंचायत अध्यक्ष सरला साहू ने बताया कि, लगभग ढाई महीने पूर्व सीएम पेयजल योजना के अंतर्गत पूरे रानी स्थित टंकी के लिए नए नलकूप की बोरिंग कराई गई थी। नई बोरिंग होने के कारण पानी पूरी तरह से साफ होने में समय लग रहा है, जिससे कभी-कभी बालू मिश्रित पानी सप्लाई के माध्यम से पहुंच रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि, शीघ्र ही इस समस्या का स्थायी समाधान कर लिया जाएगा। अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा ने बताया कि, नई बोरिंग के नीचे बनने वाली कैविटी से कभी-कभी बालू गिरने के कारण गंदा पानी सप्लाई लाइन में आ जाता है, जिससे नगरवासियों को परेशानी हो रही है। समस्या के समाधान के लिए गठित दो सदस्यीय टीम लगातार सैंपलिंग और निगरानी का कार्य कर रही है। वहीं, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने कहा कि, नगरवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह उनकी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री पेयजल योजना के तहत नए नलकूप की स्थापना कराई गई थी। फिलहाल नई बोरिंग के कारण उत्पन्न समस्या से जल्द ही लोगों को निजात दिलाई जाएगी।

# जनता दर्शन में सदर विधायक ने किया समस्याओं का समाधान




**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने अपने निजी आवास, रायबरेली के लालूपुर चैहान स्थित निवास पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की विभिन्न समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

जनता दर्शन के इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित हुए, जिन्होंने अपनी रोजमर्रा की समस्याओं जैसे जल निकासी, सड़क मरम्मत, बिजली आपूर्ति और अन्य स्थानीय मुद्दों को विधायक के समक्ष रखा। अदिति सिंह ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए, जिससे उपस्थित लोगों में विश्वास और संतुष्टि की भावना जागृत हुई। लोगों ने कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र के विकास को गति मिली है। विधायक ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता की सेवा ही उनका सबसे बड़ा कर्तव्य है। यह आयोजन न केवल जनसमस्याओं के निराकरण का माध्यम बना, बल्कि विधायक और जनता के बीच मजबूत संबंधों को भी दर्शाता है। क्षेत्रवासियों ने इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित होते रहेंगे और लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

# सांसद ने मनरेगा को लेकर केंद्र सरकार पर किया वार




**अमेठी।** सांसद किशोरी लाल शर्मा ने रविवार को केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय, गौरीगंज स्थित राजीव गांधी सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में मनरेगा को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा और भावनात्मक हमला बोला। उन्होंने कहा कि मनरेगा कोई साधारण सरकारी योजना नहीं, बल्कि करोड़ों ग्रामीण गरीबों के सम्मान, अधिकार और जीविका की संवैधानिक गारंटी है, जिसे यूपीए सरकार ने देश के अंतिम व्यक्ति को सशक्त करने के उद्देश्य से लागू किया था।

सांसद ने कहा यूपीए शासनकाल में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के नेतृत्व, यूपीए चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी की दूरदर्शी सोच और संकल्प, तथा राहुल गांधी के जमीनी संघर्ष के परिणामस्वरूप मनरेगा को ह्लकाम का अधिकारह्व का रूप मिला। डॉ. मनमोहन सिंह ने इसे नीतिगत मजबूती दी, सोनिया गांधी ने सामाजिक न्याय के संकल्प के साथ इसे आगे बढ़ाया और राहुल गांधी ने गांव-गांव जाकर मजदूरों की पीड़ा को समझते हुए महिलाओं, मजदूरों, किसानों के लिए संघर्ष कर योजना की पारदर्शिता और गरीबों की आजीविका का सशक्त आधार बनाया। उन्होंने कहा कि मनरेगा के लागू होने से गांवों से पलायन रुका, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली और गरीब परिवारों को आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर मिला। यह योजना केवल रोजगार नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा की मजबूत दीवार बनकर उभरी।

किशोरी लाल शर्मा ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने सत्ता में आते ही मनरेगा की आत्मा पर सीधा प्रहार किया। काम की उपलब्धता घटा दी गई, मजदूरी भुगतान में देरी को सामान्य बना दिया गया और ग्राम पंचायतों के अधिकार कमजोर कर दिए गए। जहां पहले 100 दिन के काम की गारंटी थी, आज मजदूर काम मांगने पर भी निराश लौट रहा है। न्यूनतम मजदूरी का अधिकार कागजों तक सीमित हो गया है और केंद्र सरकार राज्यों पर आर्थिक बोझ डालकर अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है। उन्होंने कहा कि मोदी ने क्या बदला—तो जवाब साफ हैः अधिकारों की जगह अनिश्चितता, गारंटी की जगह मजबूरी और जवाबदेही की जगह प्रचार। कांग्रेस पार्टी मनरेगा को कमजोर नहीं, बल्कि और मजबूत देखना चाहती है। हमारी मांग है कि काम की गारंटी, मजदूरी की गारंटी और जवाबदेही की गारंटी बहाल की जाए, लंबित भुगतानों का तत्काल भुगतान हो और न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन निर्धारित की जाए। सांसद ने यह भी कहा कि मनरेगा के नाम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को मिटाने या उनकी सोच को कमजोर करने की कोशिश उनके विचारों और बलिदान का अपमान है। गांधी जी का सपना अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान का था और मनरेगा उसी गांधीवादी दर्शन की जीवंत अभिव्यक्ति है। इसे कमजोर करना गरीब भारत की आत्मा को चोट पहुंचाने जैसा है।

### मनरेगा बचाओ कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** कादुनाला स्थित शहीद स्मारक परिसर में मनरेगा बचाओ कार्यक्रम के तहत धरना प्रदर्शन में पहुंचे सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि गांधी एक विचारधारा है जिसे कभी मिटाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि एसआईआर से सत्तारूढ़ दल ही परेशान है। रविवार को शहीद स्मारक स्थल पहुंचे किशोरी लाल शर्मा ने शहीद स्मारक स्थल पर पहुंच कर पुष्प अर्पित कर स्वाधीनता आंदोलन के अमर सपूतों को नमन किया। तत्पश्चात मनरेगा सेल के को ऑर्डिनेटर वरिष्ठ नेता पूर्व जिपं सदस्य राम लखन शुक्ला के नेतृत्व में जारी धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि गांधी एक विचारधारा है जिसे कभी भी मिटाया नहीं जा सकता है।

## जरूरतमंदों की मदद करना पुनीत कार्य : रवींद्र




**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** लंभुआ विधानसभा के जमखुरी गांव स्थित काली माता के चैरा के प्रांगण में सूर्य दीप चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में भव्य कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रवीन्द्र त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लगभग 300 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। वितरण की शुरूआत मुख्य अतिथि रवीन्द्र त्रिपाठी द्वारा की गई। अपने उद्बोधन में प्रदेश महामंत्री श्री त्रिपाठी ने कहा कि गरीबों एवं वंचितों की सहायता करना एक परम पुनीत कार्य है। उन्होंने समाज में दान की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आय का एक अंश जरूरतमंदों की सहायता हेतु अवश्य समर्पित करना चाहिए। उन्होंने सूर्य दीप चैरिटेबल ट्रस्ट के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज को प्रेरित करते हैं और सामूहिक सामाजिक उत्तरदायित्व को मजबूत बनाते हैं। श्री त्रिपाठी ने इस सफल आयोजन के लिए ट्रस्ट के प्रबंधक डॉ. सदानंद तिवारी तथा ट्रस्ट के अध्यक्ष भूपेंद्र नारायण तिवारी को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र के निवासी होने के नाते क्षेत्रवासियों के हर संभव सहयोग हेतु सदैव तत्पर रहेंगे।

## मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत एक दिन उपवास रखकर किया विरोध प्रदर्शन

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा को समाप्त किए जाने के षड्यंत्र के विरोध में हाथी पार्क स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति के नीचे कांग्रेस जनों ने एक दिवसीय उपवास रखकर विरोध प्रदर्शन किया। मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के जिला कोऑर्डिनेटर उमेश बहादुर सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में मनरेगा जीवन यापन करने का प्रमुख साधन है कांग्रेस पार्टी ग्रामीणों की इस योजना को बर्बाद नहीं होने देगी। इस अवसर पर राहुल वाजपेई, अजीत सिंह, नौशाद खतीब, आशीष यादव, महेंद्र कुमार, अमित पासी, मोहम्मद शमी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## राम जन्मोत्सव की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**नसीराबाद, रायबरेली।** विकास खण्ड छतोह के ग्राम पंचायत कुढ़ा बाजार स्थित बजरंग बली मंदिर परिसर में जन सहयोग से आयोजित श्रीराम कथा के चैथे दिन श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। कथा व्यास कृष्णानंद शास्त्री ने भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की पावन कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए उसके आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व को श्रद्धालुओं के सामने रखा। कथा के दौरान मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा और श्रोतागण भक्ति रस में डूबे नजर आए। कथा के समापन पर छतोह के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह ने विधिवत आरती कर भगवान श्रीराम का पूजन किया। आरती के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर प्रभु से सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर पंकज सिंह, धीरज सिंह, बलिकरन तिवारी, अजय प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# 18 अधिकारी-कर्मियों को मिला अति उत्कृष्ट व उत्कृष्ट सेवा पदक



**रायबरेली।** जनपद की पुलिस टीम के लिए यह एक बेहद गर्व का क्षण रहा जब भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए कुल 18 अधिकारी एवं कर्मचारियों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक एवं उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

ये सम्मान उन पुलिसकर्मियों को दिए गए हैं जिन्होंने कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपनी अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और जनसेवा के प्रति समर्पण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। गृह मंत्रालय द्वारा स्वीकृत इन पदकों का वितरण 10 जनवरी 2026 को एसपी रायबरेली डॉ. यशवीर सिंह ने किया। इस अवसर पर एसपी ने सभी सम्मानित पुलिसकर्मियों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, यह सम्मान उनके अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी तथा जनसेवा के प्रति समर्पण का जीता-जागता प्रतीक है। अति उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त करने वाले अधिकारी/ कर्मचारी- उनि सुखपाल सिंह, उनि सुरेन्द्र प्रताप सिंह थाना बछरावां, उ.नि. गुलाम गौस खाँ थाना नसीराबाद, उ.नि. रामबूझ सिंह थाना जगतपुर, उ.नि. रामानन्द यादव थाना डलमऊ, उ.नि. हरी राम सिंह यू०पी० 112, निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह थाना जगतपुर, उ.नि. संजय कुमार पाठक थाना लालगंज, उ.नि. अरविन्द कुमार यादव थाना बछरावा, उ.नि. दिनेश चन्द तिवारी थाना सरेनी को अति उत्कृष्ट सेवा पदक व निरीक्षक अनिल कुमार सिंह थाना मिलएरिया, निरीक्षक संजय कुमार थाना मिलएरिया, निरीक्षक जयशंकर सिंह पीआरओ, निरीक्षक राजीव सिंह अभिसूचना इकाई, निरीक्षक विजेन्द्र प्रसाद शर्मा थाना बछरावां, निरीक्षक पवन कुमार सोनकर अपराध शाखा, मु०आ० विश्वजीत सिंह थाना नसीराबाद, मु०आ० रूपेन्द्र कुमार शर्मा एसओजी टीम (सम्बद्ध लखनऊ) को उत्कृष्ट सेवा पदक मिला।

## दिनदहाड़े बाइक चोरी

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के बाजार कुटिया मजरे संडहा से बाइक चोरी हुई थी जिसका अभी तक पता नहीं चल सका और रविवार को एक बार फिर चोरों ने दिन दहाड़े छतोह गांव के बीच से मोटरसाइकिल चोरी हो गई। छतोह निवासी लवकुश सोनकर पुत्र ब्रह्मजीत सोनकर दिन में 2 बजे अपनी काले रंग की लाल पट्टी वाली स्प्लेंडर मोटरसाइकिल नंबर यूपी 36 यू 7522 गांव के ही गब्बर प्रजापति के दरवाजे पर खड़ी करके खाना खाने चला गया और वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। पर समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हो सका। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर का कहना हैं कि तहरीर मिली है पुलिस जांच कर रही है।

## ऊर्जा से भरपूर युवा समाज सेवा में करें योगदान: डॉ जेपी सिंह

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** लंभुआ खंड के संघ कार्यकताओं ने संघ शताब्दी के उपलक्ष्य में युवा वनविहार कार्यक्रम किया। कार्यक्रम श्रीरामजानकी मंदिर धोपाप धाम, लंभुआ के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में सवा घंटे का शारीरिक कार्यक्रम अंतर्गत खेल, योग, व्यायाम, किया गया। इसके बाद एक घंटे के प्रश्नोत्तरी एवं अंत्याक्षरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। बौद्धिक सत्र में विभाग कुटुंब प्रबोधन प्रमुख डॉ. जेपी सिंह ने कहा- युवा ऊर्जा से भरपूर होते हैं। आवश्यकता है ये अपनी ऊर्जा को राष्ट्र, धर्म और समाज हित में लगाएं। इसके लिए नियमित शाखा में आना आवश्यक है। साथ ही संघ के कार्यक्रमों में प्रतिभाग करें। युवा कार्यकताओं पर ही आगामी समय में हिंदू समाज को संगठित करने की जिम्मेदारी रहने वाली है। स्वामी विवेकानंद के जीवन से हम सभी युवाओं को शिक्षा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए भारतीय संस्कृति अनुरूप पेड़ के हरे पत्तों से बने पत्तल का प्रयोग कर दाल भात बाटी चोखा का आनंद उठाया। सहभोज के ठीक पहले वीररस गीत का भी गायन किया गया। इस मौके पर खंड संघचालक डॉ. दिनेश प्रताप, सह जिला कार्यवाह शक्ति पाठक, शेर बहादुर, राधेश्याम पाण्डेय, खंड कार्यवाह अजय, विनय विक्रम, गोविंद पाण्डेय, रविशंकर शुक्ल, अंशु, आयुष, सुनील, प्रवीण, संजय सिंह बबलू, सहित सैकड़ों संघ के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

संक्षेप

## क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी, दो गिरफ्तार

**आगरा ।** आगरा में पुलिस ने क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर 100 करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस उपायुक्त आदित्य ने रविवार को बताया कि आरोपी विनोद और विनय को दो दिन पहले पूछताछ के लिए नोएडा से लाया गया था। उनके खिलाफ सबूत मिलने पर शनिवार शाम उन्हें साइबर थाने में ही गिरफ्तार कर लिया गया। विनोद बागपत का और विनय लखनऊ का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि दोनों ने क्रिप्टो करेंसी के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाई और 2019, 2020 और 2021 के दौरान बड़े होटलों में सेमिनार किये और लोगों को इकट्ठा किया। सेमिनार में लोगों को क्रिप्टो मुद्रा में निवेश करने और रकम कई गुना करने का लालच दिया गया। अपर पुलिस उपायुक्त ने बताया कि अभियुक्तों के झांसे में बड़ी संख्या में लोग आ गए और उन्होंने निवेश किया। आगरा में ही करीब ।,500 लोगों से निवेश कराया गया। अभी तक जांच में पता चला है कि हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के लोगों से करीब 100 करोड़ रुपए का निवेश कराया गया और रकम हड़प ली गयी। उन्होंने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों के एक साथी अजय को पहले ही आगरा पुलिस जेल भेज चुकी है। अभी उनके चार साथी फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

## बरसाना के श्रीजी मंदिर में दम घुटने से महिला की मौत

**मथुरा।** बरसाना थाना क्षेत्र अंतर्गत विश्वप्रसिद्ध श्रीजी मंदिर में आज दर्शन के लिए उमड़ी भारी भीड़ के बीच एक हृदयविदारक हादसा हो गया। परिवार के साथ दर्शन करने आई 65 वर्षीय महिला श्रद्धालु की भीड़ में दम घुटने से मौत हो गई। घटना के बाद मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। रविवार का अवकाश होने के कारण सुबह से ही श्रीजी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी हुई थी। रविवार दोपहर करीब 11 बजे मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते में अचानक भीड़ और अधिक बढ़ गई। इसी दौरान दर्शन के लिए आगे बढ़ रही महिला भीड़ में फंस गई, जिससे उसका दम घुटने लगा और वह अचेत होकर गिर पड़ी। महिला के गिरते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। महिला के साथ आये लोगों ने किसी तरह महिला को भीड़ से बाहर निकाला और तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के साथ सीपीआर दिया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर महिला को मथुरा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान सविता (65) पत्नी हरीशंकर प्रसाद त्यागी के रूप में हुई है, जो गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र स्थित ए-ब्लॉक, विकास कुंज इंदिरापुरी की रहने वाली थीं। बताया गया कि सविता अपने परिवार के छह अन्य सदस्यों के साथ आज सुबह मथुरा जंक्शन पहुंची थीं, जहां से सभी लोग टैम्पो द्वारा बरसाना स्थित श्रीजी मंदिर दर्शन के लिए आए थे। मृतका के साथ आए रमापति ने बताया कि सविता उनके मित्र की बड़ी बहन थीं और परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर निकली थीं, लेकिन यह यात्रा दुखद हादसे में बदल गई।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत प्रभारी मंत्री ने बांटी किट



**मथुरा।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह की अध्यक्षता में जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई संपन्न। बैठक में महापौर श्री विनोद अग्रवाल, विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह, महानगर अध्यक्ष हरीशंकर राजू यादव, डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, नगर आयुक्त जग प्रवेश, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा सहित समस्त विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने मंत्री को अवगत कराया है जनपद में 69 सरकारी अस्थाई गौशालाएं है, जिनका नियमित रूप से अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाता है। जनपद में गौवंशों की सुविधाओं हेतु 8 मोबाइल एम्बुलेंस है। जनपद में 03 नई गौशालाएं शीघ्र चालू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि गौशालाओं में सीसीटीवी स्थापित है तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में सीसीटीवी कंट्रोल रूम भी बना हुआ है, जहां से सीधा निगरानी भी की जाती है। अभियान चलाकर निराश्रित गौवंशो को पकड़ा जाता है तथा गौशालाओं में भेजा जा रहा है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने विकसित भारत- जी राम जी योजना के तहत किए कार्यों से अवगत कराया है। बैठक में कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, पारिवारिक लाभ योजना, सामूहिक विवाह योजना, जननी सुरक्षा योजना आदि की समीक्षा हुई, जिसपर माननीय मंत्री जी ने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति छूटना नहीं चाहिएं। उन्होंने कहा कि आम जनमानस योजनाओं से लाभान्वित हो, यही सरकार की प्राथमिकता है, कोई भी वंचित न रहे। बैठक में सचिव मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण ने गोविंद विहार योजना, हनुमंत विहार योजना, रहीमपुर योजना, वासुदेव वाटिका, वृन्दावन में मल्टीलेवल कार पार्किंग आदि से माननीय मंत्री जी को अवगत कराया। विद्युत विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि बिजली बिल राहत योजना 2025 के अंतर्गत जनपद में 1 लाख 20 हजार एलिजिबल लाभार्थी थे, जिसमें से 38500 लाभार्थियों द्वारा लगभग रुपए 55 करोड़ का बिल जमा किया गया तथा उनको लगभग 59 करोड़ की छूट प्रदान की गई है। मंत्रीजी ने निर्देश दिए कि आम-जनमानस की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में उपरांत राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत 05 लाभार्थियों को किट का वितरण किया गया।

## गुरु गोविंद सिंह प्रकाशोत्सव को लेकर निकली नगर कीर्तन यात्रा

**मथुरा।** गुरु गोविंद सिंहजी के पावन प्रकाशोत्सव के अवसर पर रविवार को मथुरा नगर में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। राधा नगर स्थित गुरुद्वारे से पंच प्यारों की अगुवाई में शुरू हुए इस नगर कीर्तन में श्रद्धा शौर्य और सेवा का अनुपम दृश्य देखने को मिला। फूलों से सजी श्री गुरु ग्रंथ साहिब की भव्य पालकी के दर्शन के लिए सड़कों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, महापौर विनोद अग्रवाल ने गुरु गोविन्द सिंहजी की पालकी का स्वागत करते हुए उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस दैरान कमेटी गुरुद्वारा पदाधिकारियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी का माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान नगर कीर्तन की शुरूआत राधा नगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद साहब जी से हुई।

नगर कीर्तन का नेतृत्व बाबा प्रीतम सिंह (गुरु के ताल, आगरा) ने किया। इसमें दर्जनों बैंड-बाजे, झांकियां, गतका पार्टी और अखाड़े शामिल थे। शबद-कीर्तन और गुरु महिमा के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। यह नगर कीर्तन राधा नगर गुरुद्वारा से शुरू होकर कृष्णा नगर चैराहा, कृष्णा नगर मेन बाजार, कृष्णा नगर गुरुद्वारा, सौंख रोड, कृष्णा नगर बिजली घर, भूतेश्वर और डीग गेट के मार्ग से गुजरा। इसका समापन मसानी स्थित गुरु नानक बगीची पर हुआ। नगर कीर्तन के मार्ग में पंजाबी समाज और स्थानीय नागरिकों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर और जलपान की व्यवस्था कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने गुरु साहिब की झांकियों के दर्शन किए। विभिन्न झांकियों में सिख इतिहास, गुरु परंपरा और खालसा पंथ की वीरता को प्रदर्शित किया गया। गतका पार्टी द्वारा पारंपरिक शस्त्र कला के करतब भी दिखाए गए। इस आयोजन ने समाज में सौहार्द और एकता का संदेश दिया। गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारियों और संगत ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। नगर कीर्तन ने पूरे शहर को भक्ति सेवा और शौर्य के रंग में रंग दिया। इस अवसर पर आगरा गुरु का ताल से संत बाबा प्रीतम सिंह जी अपने जत्थे एवं साद. संगत के साथ विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में रघुवीर सिंह औबराय रानी आहूजा जगदीश आहूजा ज्ञानी गुरनाम सिंह तीर मिंदर सिंह लाडो आहूजा शिव अरोड़ा जितेंद्र सिंह चंदर आहूजा बलविंदर सिंह आईपी सिंह मनप्रीत सिंह जसनूर सिंह हरविंदर सिंह सोहन सिंह जगदीश सिंह चावला बंटी तरजिंदर सिंह चावला गुरजीत सिंह चावला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## रेलवे डिप्टी सीटीएम ने टूंडला स्टेशन का निरीक्षण



**टूंडला।** उप मुख्य यातायात प्रबन्धक टूंडला अमित आनन्द द्वारा रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन रि-डेवलपमेंट परियोजना के अंतर्गत निमार्णाधीन एवं पूर्ण हो चुके विभिन्न कार्यों का गहन मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण में नवीन स्टेशन भवन, फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट, तथा सकुर्लेटिंग एरिया से संबंधित कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और उपयोगिता का अवलोकन किया गया। उप मुख्य यातायात प्रबन्धक ने यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाएँ, ताकि स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक अनुभव प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान मण्डल यातायात प्रबन्धक अमित आनंद, डीटीएम श्रीमती पूर्वी गर्ग, स्टेशन अधीक्षक, सुजीत कुमार, सीएमआई मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे।

## जैन मंदिर की खुदाई में निकली भगवान महावीर की प्राचीन अष्टधातु की प्रतिमा

**टूंडला।** नगर के टूंडली प्राचीन जैन मंदिर परिसर में चल रही खुदाई के दौरान ऐतिहासिक एवं अत्यंत श्रद्धास्पद खोज सामने आई है। खुदाई के समय भगवान महावीर स्वामी की अष्टधातु से निर्मित लगभग 5 इंच ऊँचाई की प्राचीन प्रतिमा प्राप्त हुई है। प्राप्त प्रतिमा अत्यंत कलात्मक एवं पुरातात्विक महत्व की बताई जा रही है। इस दौरान विशेषज्ञों एवं जैन धर्मावलंबियों के अनुसार यह मूर्ति प्राचीन काल में मंदिर में स्थापित रही होगी, जो समय के साथ भूमि में दब गई थी। प्रतिमा की बनावट, मुद्रा और धातु संरचना से इसके काफी प्राचीन होने की संभावना जताई जा रही है। मूर्ति के प्राप्त होते ही जैन समाज में आस्था, श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बन गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु टूंडली जैन मंदिर परिसर में एकत्र हो गए और भगवान महावीर स्वामी के जयकारों के साथ धार्मिक अनुष्ठान किए गए। जैन समाज के वरिष्ठजनों का कहना है कि यह खोज टूण्डला की प्राचीन जैन परंपरा और धार्मिक विरासत को प्रमाणित करती है। प्रतिमा को विधिवत शुद्धिकरण एवं धार्मिक विधानों के पश्चात सुरक्षित स्थान पर स्थापित किए जाने की योजना बनाई जा रही है। यह ऐतिहासिक खोज न केवल जैन समाज के लिए, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहर के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## पॉक्सो व एससी एसटी एक्ट से संबंधित 2आरोपियों को किया गिरफ्तार



**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा पॉक्सो एक्ट व एससी एसटी एक्ट से सम्बन्धित दो वांछित अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 09/01/2026 को मिथलेश पत्नी विनोद कुमार निवासी सूर्य नगर थाना टूण्डला ने तहरीर दी कि वादिया की 17 वर्षीय पुत्री प्रिंसी व पुत्र हर्षित अपने पिता विनोद कुमार के साथ बाजार गए थे, बाजार में वादिया की पुत्री प्रिंसी व पुत्र हर्षित का अपने पिता से अलग होने पर पुष्पेन्द्र उर्फ जुल्मी पुत्र गजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी छितरई व गौरव कुशवाह पुत्र उदयपाल निवासी जीवनी नगर भर्रा नाला थाना टूण्डला ने पुत्री प्रिंसी के साथ कोहनी मारकर छेडछाड की पुत्री के विरोध करने पर उक्त अभियुक्त हत्या करने की धमकी देते हुए गाली गलौज करके भाग गए। थाना पुलिस ने तहरीर पर पोक्सो एक्ट व एससी/एसटी एक्ट मुकदमा पंजीकृत किया गया। रविवार को उक्त मुकदमा से सम्बन्धित दोनों वांछित अभियुक्तगण पुष्पेन्द्र पुत्र गजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी छितरई थाना पचोखरा जिला फिरोजाबाद व गौरव कुशवाह पुत्र उदयपाल निवासी जीवनी नगर थाना टूण्डला को कम्पनी बाग रेलवे कालोनी से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था में 'गेम चेंजर' बनेगा वीबी-जी राम जी अधिनियम



**मथुरा।** केंद्र सरकार द्वारा संसद द्वारा पारित विकसित भारत रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) कृ वीबी-जी राम जी अधिनियम 2025 ग्रामीण भारत के लिए ऐतिहासिक कदम साबित होगा। यह अधिनियम पहली बार ग्रामीण श्रमिकों के लिए रोजगार को कानूनी अधिकार के रूप में सुनिश्चित करता है।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रभारी मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि यह योजना ग्रामीण श्रमिकों के लिए लाइफ लाइन है। अब 100 की जगह 125 दिन की रोजगार गारंटी दी जाएगी, जबकि अतिरिक्त प्रावधानों के तहत 185 दिनों तक रोजगार का मार्ग प्रशस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि पहले औसतन 50 दिन ही काम मिल पाता था, लेकिन नए अधिनियम से यह स्थिति बदलेगी। काम उपलब्ध न होने पर बेरोजगारी भत्ता स्वतः मिलेगा और मजदूरी भुगतान में देरी पर ब्याज सहित भुगतान अनिवार्य होगा। मजदूरी भुगतान की 7 दिन की समय-सीमा तय की गई है। योजना निर्माण का अधिकार ग्राम स्तर पर होगा और कार्यों का चयन ग्राम सभा में किया जाएगा। सभी कार्य विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक पर दर्ज होंगे। एआई आधारित जीपीएस ट्रैकिंग से उपस्थिति और कार्य प्रगति की निगरानी होगी, जिससे फर्जी जॉब कार्ड, बिचैलियों और ठेकेदार प्रथा पर रोक लगेगी। अनियमितता पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय होगी। कृषि को प्रभावित होने से बचाने के लिए बुवाई-कटाई के दौरान 60 दिनों की विशेष अवधि तय करने का अधिकार राज्य सरकार को दिया गया है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि मनरेगा के सभी कार्य सुरक्षित हैं और निर्बाध जारी रहेंगे। पत्रकार वार्ता में राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायक पूरन प्रकाश, ठा. मेघश्याम सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष राजू यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय शर्मा, महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, अमन ठाकुर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त) पंकज वर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## निर्वाचक नामावलियों व ड्राफ्ट रोल के आलेख्य प्रकाशन को बीएलओ ने पढ़कर सुनाया

**फिरोजाबाद।** निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रांगढ पुनरीक्षण के अंतर्गत जनपद में जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी रमेश रंजन के नेतृत्व में बूथ लेवल ऑफिसरों द्वारा सभी विधानसभा के बूथों पर मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया, इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोग अपने नाम की पुष्टि कर सके, इसके अलावा समस्त केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में फॉर्म 6, 7 एवं 8 उपलब्ध हैं, जैसा कि विदित है कि फॉर्म- 6, नए मतदाता पंजीकरण के लिए, फॉर्म -7, नाम कटवाने एवं आपत्ति दर्ज करने के लिए, फॉर्म -8 जानकारी सुधार या निवास स्थान बदलने के लिए है, अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी विशु राजा ने बताया कि ऐसे पात्र नागरिक जिनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, वह अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु अपने निकटतम मतदेय स्थलों पर पहुंचकर फॉर्म -6, निशुल्क प्राप्त कर इसके साथ रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल नंबर, आयु प्रमाण पत्र, निवास का पता एवं परिवार के किसी सदस्य का एपिक/मतदाता फोटो पहचान पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। इस पूरी प्रक्रिया का पर्यवेक्षण जिला निर्वाचक अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा की जा रही है। अंत में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वह समय रहते निर्वाचन फॉर्म का लाभ उठाएं, ताकि एक त्रुटि रहित अपडेटेड मतदाता सूची तैयार की जा सके, इस दौरान सभी बूथों पर निर्वाचक एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भ्रमणशील रहे।

# फर्जी बैनामा तैयार कर भूमाफिया दे रहे पीड़ित को धमकी

**मथुरा।** फर्जी बैनामा तैयार कर मालिकाना हक लेने की कोशिश कर रहे भूमाफियाओं के खिलाफ फारूख पुत्र इकराम निवासी- शेखपाड़ा, थाना-महावन ने आज पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को शिकायती पत्र दिया है, पुलिस प्रशासन से ऐसे शातिरों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई, रिपोर्ट दर्ज कराने व सम्पत्ति पर कब्जा दिलाने की गुहार लगाई है। महावन पुलिस के साथ आरोपित शातिर अपराधी पीड़ित को धमकी दे रहे है।

पीड़ित फारूख ने एसपी देहात कार्यालय पर दिए शिकायती पत्र में अवगत कराया है कि उसकी मथुरा सादाबाद मार्ग स्थित सम्पत्ति जिसमे मकान व दुकाने वनी हुई तथा खाली प्लॉट है का स्वामी हूँ। उक्त सम्पत्ति उसकी व उसकी पत्नी श्रीमती सना ने सम्पत्ति की स्वामिनी श्रीमती जरीना से पंजीकृत वैनामें के जरिये 11-09-23 को क्रय की थी और तभी से उक्त सम्पत्ति पर काविज व दखील है। इसी सम्पत्ति से लगा हुआ मकान नफीस अहमद पुत्र हनीफ अहमद नि०- शेखपाड़ा करवा व थाना महावन जिला मथुरा व खुर्शीद अहमद पुत्र हनीफ अहमद नि०- लालाराम मार्ग हरदेव गंज थाना कोसीकलां मथुरा का है। ये दोनो भाई शातिर व आपराधिक प्रवृति के है। इनकी निगाह क्रय की गई सम्पत्ति पर थी और वे लोग केवल

**● एसपी देहात को दिया शिकायती पत्र**

ब्लैकमेल करने की नियत से इस सम्पत्ति को अपने रिश्तेदारो की होना जाहिर किया करते थे। अतः श्रीमती जरीना द्वारा उक्त सम्पत्ति का वैनामा उसके व उसकी पत्नी के पक्ष में किया जाना उन्हें नागवार लगा। अतः सम्पत्ति को विवादित बनाने के लिये तथा ब्लैकमेल करने के उद्देश्य से बैनामे को निरस्त कराने के लिये दीवानी वाद दायर कर दिया। जब उक्त बाद में उन्हें सफलता नहीं मिली तो उन्होने राजनसिंह, राजेश कुमार, हरिकेश कुमार व ब्रजेश यादव पुत्रगण श्रीनारायण निवासीगण नगला हरजीवन वाना महावन जिला मयुरा के साथ साज करके दो हिस्सो में मेरी व मेरी पत्नी द्वारा सन 2023 में क्रय की गई सम्पत्ति के कूटरचित बैनामें दिनांक 08-12-2025 व 10-12-2025 को तैयार कराकर उनके पक्ष में करना दर्शा दिया जब कि राजन सिंह आदि क्रेतागण बखूबी जानते ये कि खुशीर्द अहमद व नफीस अहमद न तो विक्रय की गई सम्पत्ति के मालिक थे, और न ही उन्हें उक्त सम्पत्ति को विक्रय करने का कोई अधिकार था। उक्त कूटरचित वैनामों पर साकिर खाँ पुत्र साविर नि०- शेखपाड़ा याना महावन जिला मथुरा व अजीत कुमार पुत्र श्याम सुन्दर नि०- नगला हरजीवन थाना महावन जिला-मथुरा ने गवाही दी है। उक्त वैनामें में नफीस अहमद व खुशीर्द अहमद ने स्वयं को सम्पत्ति का स्वामी होना जाहिर किया है जबकि उसमें कहीं भी यह अंकित नहीं है कि वे इस सम्पत्ति के स्वामी किस तरह से हैं और उनको सम्पत्ति का मालिकाना हक कब और कैसे मिला। अब इन कूटरचित वैनामों के आड़ में कथित क्रेतागण राजन सिंह आदि मुझे अपनी सम्पत्ति से बेदखल करना चाहते हैं और इसके लिये असमाजिक तत्वों का सहारा ले रहे हैं। 21 दिसम्बर को राजन सिंह वगैरह अपने मिलने वाले पुलिस कर्मियों को लेकर आये और उन्होंने मुझे व मेरे भाई हारून व हमारे प्लॉट पर हमारी भैंसों को हटवाकर जबरन खाली करवाने की हमें धमकी दी। यहाँ तक धमकी दी कि अगर यह प्लॉट हफ्तेभर में खाली नहीं किया तो किसी भी केस में जेल भेज देंगे। यह पूरी तरह स्पष्ट है कि नफीस अहमद और खुर्शीद अहमद ने राजन सिंह, राकेश कुमार, हरकेश कुमार और ब्रजेश यादव ने कूटरचित बैनामें के गवाह शाकिर खाँ व अजीत कुमार के साथ षड्यंत्र करके मेरी सम्पत्ति को हड़पने की नीयत से कूटरचित बैनामें तैयार कराये हैं। बैनामें के पंजीकरण के बाद नफीस अहमद व खुशीर्द अहमद अपने घरों से सारा सामान लेकर गायब हो गये हैं और इनका कोई पता नहीं चल रहा है।

## कांग्रेसियों ने गांधी प्रतिमा पर दिया धरना

**मथुरा।** महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार योजना मनरेगा के नामांतरण और प्रत्येक जरूरतमंद ग्रामीण को स्थानीय स्तर पर रोजगार मुहैया कराने के गांव पंचायतों के अधिकार की पुनर्बहाली के लिए राष्ट्रव्यापी आवाहन पर आज मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में विकास मार्केट स्थित गांधी स्मारक पर एक दिवसीय उपवास धरना देकर मोदी सरकार की गांव गरीब विरोधी नीतियों का जमकर विरोध किया गया। धरना स्थल पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि मनरेगा बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस मथुरा जनपद में गांव, ब्लाक, तहसील और स्थानीय निकायों में वार्ड स्तर पर सभा सम्मेलन आयोजित करेगी। जन जागरण का पहला चरण जिला मुख्यालय पर विशाल धरने के साथ पूरा होगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पहले जहां मनरेगा के वित्त पोषण के लिए मुख्यतः केंद्र सरकार जिम्मेदार थी, अब इसका बोझ राज्य सरकारों पर डाल दिया है।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील टूंडला इकाई की बैठक हुई संपन्न



**टूंडला।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील टूंडला इकाई की वार्षिक बैठक रविवार को स्टेशन रोड स्थित होटल जे एस में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष व प्रभारी तहसील टूंडला इकाई सोमेंद्र पोनिया ने की, जबकि संचालन महामंत्री राकेश गौतम ने किया। बैठक में संगठन की वार्षिक गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा पत्रकारों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। संरक्षक राजू उपाध्याय ने ग्रामीण पत्रकारों की भूमिका को लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ बताते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर सदस्यता विस्तार पत्रकार सुरक्षा समाचार संकलन में आ रही समस्याएं तथा वर्ष 2026 के कार्ड रिन्यूअल नए सदस्यों को जोड़ने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार किया गया। तहसील अध्यक्ष विमल किशोर ने सभी पदाधिकारियों सदस्यों से अपने अपने वर्ष 2026 के कार्ड रिन्युवल कराने को कहा, बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन के हित में एकजुट होकर कार्य किया जाएगा और ग्रामीण क्षेत्रों की जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। बैठक में राजू उपाध्याय संरक्षक, सोमेंद्र पोनिया जिला उपाध्यक्ष व तहसील टूंडला इकाई प्रभारी, तहसील अध्यक्ष विमल किशोर सचिव विवेक शर्मा महामंत्री राकेश गौतम उपाध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह महासचिव योगेंद्र सिंह धीरज बघेल कपिल देव, मोनू, रिंकू यादव आदि तहसील इकाई के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## मतदेय स्थलों पर मेगा कैंप आयोजित

**मथुरा।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत जनपद की सभी विधानसभाओं के मतदेय स्थलों पर रविवार मेगा कैम्प / खुली बैठक का आयोजन किया गया। उक्त मेगा कैंप/ खुली बैठक में बीएलओ ने आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाया तथा फार्म- 6, 7 व 8 प्राप्त किए गए। मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने जनपद मथुरा की सदर तहसील के विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथों पर उपस्थित बीएलओ0 को प्रेरित किया तथा निर्देश दिए कि उक्त कार्य को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से करते हुए शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार करना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने किशोरी रमण इंटर कॉलेज में स्थापित मतदेय स्थल का निरीक्षण किया। डीएम के समक्ष बीएलओ ने आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर आम जनमानस को सुनाया। डीएम ने एक बुजुर्ग महिला का फॉर्म 6 भरवाया गया तथा ठंड के दृष्टिगत उसे कम्बल भी वितरण किया। डीएम ने केंद्र पर उपस्थित विभिन्न बीएलए को प्रोत्साहित किया तथा कहा कि आप सभी के सहयोग से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 सरलता एवं सुगमता से संपादित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जा रही है। आप सभी अपने अपने क्षेत्रों का अधिकाधिक भ्रमण कर उक्त कार्य को पूर्ण कराए। शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के मदद करे। जनपद में आयोजित सभी मेगा कैम्प / खुली बैठक में बीएलओ, समस्त बीएलए (मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल), सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, क्षेत्रीय लेखपाल, नगरीय क्षेत्रों में संबंधित नगर निकाय के क्षेत्रीय कर्मचारी जैसे टैक्स कलेक्टर, सैनेटरी इंस्पेक्टर, सफाई नायक, सफाई कर्मी, पार्षद इत्यादि, ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत सदस्य, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, बीसी सखी, नरेगा महिला मेट इत्यादि, राशन डीलर, स्वयं सहायता समूह के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# धर्म रक्षा संघ ने प्रेमानंद के अनुयायियों के आचरण पर जताया आक्रोश

**● पुलिस, मीडियाकर्मियों और स्थानीय लोगों से की बदतमीजी, छीने मोबाइल**



**मथुरा।** वृन्दावन श्रीकृष्ण शरणम् आवासीय सोसायटी के फ्लैट में शनिवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की मदद से दमकल विभाग द्वारा काबू पाया जा सका।

इधर संत प्रेमानंद के शिष्यों द्वारा मौके पर पहुंचे सीओ और वृंदावन कोतवाली प्रभारी संजय पांडेय से अभद्रता की गई और मौजूद मीडिया कर्मियों एवं ब्रजवासियों से मारपीट और गाली-गलौज की गई। इतना ही नहीं बाबा के शिष्यों पर कई लोगों के मोबाइल भी छीन लिए। इस रहस्यमयी आगजनी की घटना में नुकसान का कोई अंदाजा नहीं लग सका है। यहां बताते चले कि संत प्रेमानंद का श्रीकृष्ण शरणम् आवासीय सोसायटी के गोविंदा ब्लॉक में फ्लैट नम्बर 212 है। जिसमें एक महीने पहले तक संत प्रेमानंद खुद रहते थे। बाबा के श्रीराधा केलि कुंज आश्रम में शिफ्ट होने के बाद उनके सैकड़ों शिष्य इस बिल्डिंग के फ्लैटों में रह रहे हैं। शनिवार देर रात उक्त फ्लैट से जलने की दुर्गंध आने पर जब पड़ोसियों ने देखा तो अंदरूनी हिस्से में आग लगी हुई थी। आग फैलती देख आसपास के फ्लैट में रहने वाले लोग सुरक्षित बाहर निकलने लगे और अपने परिचित लोगों को फोन करने लगे। इसी बीच स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग को घटना की सूचना दे दी गई। इधर आग लगने की सूचना पाकर श्रीराधा केलि कुंज आश्रम से पहुंचे बाबा के शिष्यों ने फ्लैट की घेराबंदी कर वीडियो बना रहे स्थानीय लोगों तथा मीडिया कर्मियों के मोबाइल जबरदस्ती कर छीन लिए। यहां तक कि मौके पर पहुंचे सीओ प्रीतमपाल सिंह और कोतवाली प्रभारी संजय पांडे को भी जानकारी लेने से रोका गया और उनसे अभद्रता की। अभद्रता कर रहे बाबा के शिष्यों ने मीडियाकर्मियों के मोबाइल फोन छीनने का प्रयास भी किया गया लेकिन पुलिस के हस्तक्षेप से मीडियाकर्मियों के फोन वापस कर दिए गए। छीना झपटी की इस घटना में बचाव कार्य में गये धर्म रक्षा संघ के पदाधिकारी तुलसी स्वामी का मोबाइल फोन छीनकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि संत प्रेमानंद का नाम बदनाम करते हुए उनके शिष्यों द्वारा की गई अभद्रता अराजकता और गुण्डागर्दी से स्थानीय वृंदावन के लोगों में काफी आक्रोश है द्य जल्द ही ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं बांकेबिहारी मंदिर के सेवायत गोपेश गोस्वामी ने कहा कि संत के भेष में यह भेड़िए की तरह हैं केवल पुरुषों ने ही नहीं बल्कि महिला शिष्यों ने भी हमें जान से मारने की धमकी दी है।

## 5 वांछित वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा अभियान चलाकर 05 वारण्टी अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में चलाये जा रहे वांछित वारंटी अभियान के दौरान रविवार को थाना पुलिस टीम द्वारा 05 वांछित वारण्टी अभियुक्तगणों सलीम पुत्र अलामीर निवासी डाकखाने वाली गली मौहम्मदाबाद थाना टूण्डला महाराज सिहं पुत्र एदल सिहं निवासी स्वरुप नगर कस्बा व थाना टूण्डला.सोनू पुत्र सियाराम यादव निवासी राजा का ताल थाना टूण्डला, किशन सिहं पुत्र सम्पतराम निवासी माता वाली गली कच्चा टूण्डला.पिन्टू पुत्र सत्यप्रकाश निवासी उलाऊ थाना टूण्डला को गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र०नि० अनिल कुमार सिंह थाना टूण्डला, उ0नि0 सचिन कुमार राठी, उ0नि0 शिवभान सिहं राजावत, उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार शर्मा, उ0नि0 प्रशान्त कुमार, है0का0 लखनलाल, का0 रजनेश संदीप कुमार मौ0 फरमान मंगल सिहं, मनीष कुमार आदि शामिल रहे।

## संक्षेप

### पारेषण लाइन के बावजूद जारी है नवीकरणीय ऊर्जा की कटौती

नयी दिल्ली। राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा विकासकर्ताओं को बिजली कटौती के गंभीर जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में 765 केवी खेतड़ी-नरेला पारेषण लाइन के चालू होने के बावजूद, चार गीगावॉट से अधिक की चालू क्षमता को सौर ऊर्जा के अधिकतम उत्पादन वाले समय में लगभग पूरी तरह से बंद करना पड़ रहा है। हितधारकों की एक बैठक में 15 दिसंबर, 2025 को इस मुद्दे की समीक्षा की गई। इसमें बताया गया कि अस्थाई सामान्य नेटवर्क पहुंच (टी-जीएनए) तंत्र के तहत संचालित नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे के बीच लगभग 100 प्रतिशत कटौती का सामना कर रही हैं। बैठक के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने यह बात कही। कटौती की यह समस्या 12 दिसंबर को खेतड़ी-नरेला लाइन के चालू होने के बाद से और तेज हो गई है, जबकि उम्मीद यह थी कि इस लाइन से ग्रिड की व्यस्तता कम होगी। खेतड़ी-नरेला लाइन के चालू होने से पहले, टी-जीएनए के तहत व्यस्त सौर घंटों के दौरान लगभग 3.8 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को ग्रिड में भेजने की अनुमति दी गई थी। लाइन चालू होने के बाद सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीटीयूआईएल) ने लगभग 4.8 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लिए संपर्क मंजूरी प्रभावी कर दी है। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि लगभग चार गीगावॉट की चालू नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को अभी भी व्यस्त घंटों में प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है, और बिजली भेजने की अनुमति केवल गैर व्यस्त घंटों में चरणबद्ध तरीके से दी जा रही है।

### स्मार्ट मीटर के साथ चेक मीटर भी लगवा सकते है उपभोक्ता

नोएडा। ऊर्जा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से सभी उपभोक्ताओं के घरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर को लेकर आपके मन में तनीक भी संदेह है, तो चेक मीटर आपके सभी शंकाओं का समाधान है। चेक मीटर के जरिए आप अपनी बिजली उपयोग का मिलान स्मार्ट मीटर के साथ कर सकते हैं। जिससे आपको यह पता चल जाएगा कि दोनों ही मीटर के यूनिट में कोई अंतर नहीं है। आपकी संतुष्टि के बाद विभागीय टीम पुराने मीटर को हटाकर स्मार्ट मीटर लगा रहने देगी। चेक मीटर की सुविधा स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं के मन में चल रहे शंकाओं के दूर करने के लिए दी गई है। यह उपभोक्ताओं की मांग पर स्मार्ट मीटर इंस्टॉल करने वाली टीम बिजली उपभोक्ताओं के पुराने मीटर के साथ स्मार्ट मीटर इंस्टॉल करती है। ताकि, उपभोक्ता के मन में कोई संदेह न रह जाए। यह चेक मीटर मोहल्ले या सोसायटी में किसी एक या दो उपभोक्ता के घर पर ही लगाया जाएगा। क्योंकि, इसका उद्देश्य सिर्फ शंकाओं का समाधान करना है।

### क्रिप्टो पर भारत ने कसा शिकंजा

नयी दिल्ली। क्रिप्टो मार्केट में अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए भारत की वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) ने सख्त नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। अब क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिए नए धनशोधन रोधी और अपने ग्राहक को जाने दिशानिर्देशों के तहत ग्राहकों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए शारीरिक मौजूदगी की जांच और जियो-टैगिंग जैसे नियम अनिवार्य कर दिए गए हैं। इस महीने आठ तारीख को जारी इन ताजा दिशानिर्देशों के अनुसार क्रिप्टो एक्सचेंजों को आभासी डिजिटल संपत्ति (वीडीए) सेवा प्रदाता के रूप में वर्गीकृत किया गया है। अब इन्हें सिर्फ दस्तावेजों के अपलोड से आगे बढ़कर गहन जांच का सामना करना पड़ेगा। इसके तहत उपयोगकर्ताओं को अब एक सजीव सेल्फी लेनी होगी। इसमें ऐसे सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जाएगा, जो यह पुष्टि करेगा कि व्यक्ति खुद वहां मौजूद है। इसमें पलक झपकाने या सिर हिलाने को कहा जाएगा। यह कदम फोटो या डीपफेक के जरिए होने वाली धोखाधड़ी को रोकने के लिए उठाया गया है। साथ ही खाता बनाते समय उपयोगकर्ता किस स्थान (अक्षांश और देशांतर), तारीख, समय और किस आईपी एड्रेस का उपयोग कर रहा है, इसका सटीक रिकॉर्ड भी रखना होगा। बैंक खाते की सक्रियता और स्वामित्व साबित करने के लिए मात्र एक रुपये का लेनदेन अनिवार्य कर दिया गया है। इसके तहत पैन कार्ड के साथ ही आधार, पासपोर्ट या वोटर आईडी जैसा दूसरा पहचान पत्र देना होगा। साथ ही ईमेल और फोन नंबर का ओटीपी वेरिफिकेशन भी जरूरी है।

# वैश्विक रुझानों से तय होगी बाजार की चाल




नयी दिल्ली। इस सप्ताह बाजार की चाल टीसीएस और इंफोसिस जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों, महंगाई के आंकड़ों और वैश्विक रुझानों से तय होगी।

विशेषज्ञों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों पर भी बाजार की पैनी नजर रहेगी। यह सप्ताह पर्याप्त आर्थिक गतिविधियों के साथ कंपनियों के तिमाही नतीजों का दौर शुरू होगा। निवेशक भारत की खुदरा और थोक महंगाई के आंकड़ों पर करीब से नजर रखेंगे। साथ ही आईटी, बैंकिंग, वित्त और ऊर्जा क्षेत्रों की बड़ी कंपनियों के तिमाही परिणाम भी केंद्र में रहेंगे। उन्होंने बताया कि वैश्विक स्तर पर बाजार अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले पर नजर रखेगा, जिसमें ट्रंप के शुल्क की वैधता तय होनी है। यह फैसला बाजार की धारणा के लिए एक बड़ा कारक बन सकता है। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक इस सप्ताह डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और कच्चे तेल की कीमतों पर भी नजर रहेगी। घरेलू मोर्चे पर तीसरी तिमाही के नतीजों की शुरुआत हो रही है। इससे सूचकांक की दिशा और अलग-अलग क्षेत्रों की दिशा तय होगी। टीसीएस, एचसीएल टेक, इंफोसिस, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टेक महिंद्रा जैसी कई बड़ी कंपनियों के नतीजे आने वाले हैं। इन कंपनियों की टिप्पणियां और प्रबंधन का भविष्य के लिए मार्गदर्शन बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा। बीता सप्ताह घरेलू शेयर बाजार के लिए मंदी भरा रहा, जहां अमेरिकी शुल्क की नई धमकियों, भू-राजनीतिक तनाव और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण गिरावट हुई। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 2,185.77 अंक (2.54 प्रतिशत) और निफ्टी 645.25 अंक (2.45 प्रतिशत) टूट गया। एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि इस सप्ताह भारत में दिसंबर महीने की खुदरा और थोक महंगाई के आंकड़े जारी होंगे।

# 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का बाजार पूंजीकरण 3.63 लाख करोड़ रुपये तक गिरा



नयी दिल्ली। बीते सप्ताह शेयर बाजार में कमजोरी के बीच भारत की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात कंपनियों का कुल बाजार मूल्य 3,63,412.18 करोड़ रुपये घट गया। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक प्रभावित हुई।

पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 2,185.77 अंकों या 2.54 प्रतिशत की गिरावट आई। ऑनलाइन कारोबारी मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, भारतीय शेयर बाजार पिछले सप्ताह नकारात्मक रुख के साथ बंद हुए, जो अमेरिकी शुल्क की नई धमकियों और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों से उत्पन्न जोखिम से बचने की प्रवृत्ति को दर्शाता है। समीक्षाधीन अवधि में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और लार्सन एंड टुब्रो के बाजार मूल्य में गिरावट आई, वहीं आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों की कीमत बढ़ी। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 1,58,532.91 करोड़ रुपये गिरकर 19,96,445.69 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 96,153.61 करोड़ रुपये घटकर 14,44,150.26 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 34,901.81 करोड़ रुपये बढ़कर 10,03,674.95 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 6,097.19 करोड़ रुपये बढ़कर 5,57,734.23 करोड़ रुपये हो गया।

# गोवा में 2025 में 1.08 करोड़ सैलानी पहुंचे

एजेंसी

पणजी। वर्ष 2025 में पांच लाख विदेशियों सहित लगभग 1.08 करोड़ पर्यटक गोवा पहुंचे। राज्य के पर्यटन मंत्री रोहन खौंटे ने रविवार को कहा कि गोवा सरकार का ध्यान गुणवत्तापूर्ण पर्यटन को बढ़ावा देने, बाजारों में विविधता लाने और तटीय राज्य के पुनर्योजी पर्यटन को आगे बढ़ाने पर है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पर्यटन का लाभ स्थानीय समुदायों, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक रूप से मिले। राज्य पर्यटन विभाग ने रविवार को बताया कि 2025 में गोवा में 1,02,84,608 घरेलू पर्यटक और 5,17,802 विदेशी पर्यटक आए, जिससे कुल पर्यटकों की संख्या 1,08,02,410 हो गई।

विभाग ने कहा कि चार्टर उड़ानों के जरिए आने वाले विदेशी पर्यटकों ने गोवा के पर्यटन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आंकड़ों के मुताबिक अपने खूबसूरत समुद्र तटों के लिए मशहूर गोवा में पर्यटकों की संख्या पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ी है। राज्य में 2017 में 68,95,234 घरेलू पर्यटक और 8,90,459 विदेशी पर्यटक आए थे। गोवा में 2024 में 266 चार्टर उड़ानें आईं, जिनमें 58,680 विदेशी पर्यटक सवार थे।

# स्पेन, जर्मनी बन रहे भारत के प्रमुख निर्यात गंतव्य



नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार स्पेन, जर्मनी, बेल्जियम और पोलैंड 27 देशों के यूरोपीय संघ ब्लॉक के भीतर भारतीय वस्तुओं के लिए स्थिर और प्रमुख निर्यात गंतव्य के रूप में उभर रहे हैं।

आंकड़ों बताते हैं कि भारतीय निर्यात के लिए स्पेन एक उच्च विकास वाला यूरोपीय बाजार बनकर उभरा है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान स्पेन को निर्यात में 56 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई और यह पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में तीन अरब डॉलर से बढ़कर 4.7 अरब डॉलर हो गया। भारत के कुल निर्यात में स्पेन की हिस्सेदारी बढ़कर 2.4 प्रतिशत हो गई, जिसमें 0.5 प्रतिशत अंकों की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इसी प्रकार, चालू वित्त वर्ष के आठ महीनों के दौरान जर्मनी को भारत का निर्यात 9.3 प्रतिशत बढ़कर 6.8 अरब डॉलर से 7.5 अरब डॉलर हो गया। एक अधिकारी ने कहा, भारत के कुल निर्यात में 2.6 प्रतिशत हिस्सेदारी और 0.2 प्रतिशत अंकों की हिस्सेदारी वृद्धि के साथ, जर्मनी भारतीय उत्पादों के लिए स्थिर मांग प्रदान करना जारी रखता है। अप्रैल-नवंबर 2025-26 के दौरान बेल्जियम को देश से होने वाला निर्यात 4.2 अरब डॉलर से बढ़कर 4.4 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि के दौरान भारत का पोलैंड को निर्यात 7.6 प्रतिशत बढ़कर 1.82 अरब डॉलर हो गया, जबकि अप्रैल-नवंबर 2024 में यह 1.69 अरब डॉलर था। अधिकारी ने कहा कि कुल मिलाकर ये रुझान भारत की यूरोप के लिए निर्यात रणनीति को दर्शाते हैं। स्पेन में तेजी से बढ़ती मांग, जर्मनी में स्थिर विकास और बेल्जियम में स्थिरता यह दिखाती है कि भारत का निर्यात संतुलित है, जिसमें पुराने बाजारों में मजबूती और नए बाजारों में विविधीकरण दोनों शामिल हैं।

# एनटीपीसी छत्तीसगढ़ में 10000 करोड़ की लागत से एसएनजी परियोजना स्थापित करेगी

नयी दिल्ली। एनटीपीसी छत्तीसगढ़ में 10,000 करोड़ रुपये के निवेश से कोयला से कृत्रिम प्राकृतिक गैस (एसएनजी) बनाने वाली सुविधा स्थापित करेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कंपनी एसएनजी उत्पादन के तहत कोयले के शोधन और गैसीकरण जैसी विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए प्रौद्योगिकी साझेदारों की तलाश कर रही है। एनटीपीसी ने अक्टूबर 2025 में कोयले से एसएनजी बनाने के लिए इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। एनटीपीसी की अनुसंधान और विकास शाखा नेत्रा कोयले को हरित बनाने जैसी तकनीकों को बढ़ावा देने के तहत इस पहल का नेतृत्व कर रही है। अधिकारी के अनुसार, यह परियोजना छत्तीसगढ़ के तलाईपल्ली में लगभग 10,000 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित की जाएगी। सालाना पांच लाख टन क्षमता वाली यह एसएनजी परियोजना 150 एकड़ में फैली होगी और इसमें एनटीपीसी की तलाईपल्ली खदानों से प्राप्त 25 लाख टन कोयले की खपत होगी। अधिकारी ने बताया कि परियोजना के तकनीकी पक्ष को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही तक अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है।

# बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहन कीमतों में सुधार



नयी दिल्ली। सर्दी के मौसम की मांग के अलावा शादी-विवाह के मौसम की मांग बढ़ने से बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए। बीते सप्ताह सुस्त कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम पूर्व सप्ताहांत के ही दाम पर स्थिर बने रहे।

इस साप्ताहिक दाम में मजबूती के बावजूद सूरजमुखी, सोयाबीन, कपास नरमा, मूंगफली जैसे तिलहन के दाम अभी भी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे ही बने हुए हैं। सोयाबीन और सरसों का जो अंतर दो-तीन माह पूर्व लगभग 40 रुपये किलो का था, वह अब घटकर 8-10 रुपये किलो रह गया है। उल्लेखनीय है कि अधिक दाम होने की वजह से सरसों तेल की खपत का स्तर कमजोर था। सस्ता होने और जाड़े में सर्दी की मांग होने की वजह से सोयाबीन तेल की मांग बढ़ी है। बाजार सूत्रों ने कहा कि देश में विशेष रूप से सूरजमुखी तेल, सोयाबीन डीगम तेल और पाम-पामोलीन का आयात होता है। अगर किसी एक तेल का आयात कम होता है तो इसका दवाब बाकी अन्य तेलों पर आता है। किसी खाद्यतेल के आयात की घट-बढ़ के हिसाब बाकी तेलों के दाम में भी तेजी या गिरावट आती है। पिछले नवंबर-दिसंबर के महीने में देश के आयातक बैंकों में अपना ऋणसाख पत्र (एलसी) को चलन में बनाये रखने के लिए आयात की लागत से लगभग 3-7 प्रतिशत कम दाम पर आयात किया गया खाद्यतेल (सोयाबीन डीगम तेल) बेचते आ रहे थे। इस वजह से मौजूदा समय में आयात कम होने की स्थिति हो गयी है। अगर इसकी कमी को पूरा करने का प्रयास भी हो तो इसमें विदेशों के आयात करने में 45-50 दिन क समय लगता है। देश में सूरजमुखी तेल का आयात इसलिए कम हुआ कि विदेशों में इसके दाम ऊंचे थे जबकि सोयाबीन डीगम तेल का आयात इसलिए कम हुआ कि आयातक घाटे का सौदा करते हुए लगातार लागत से कम दाम पर डीगम तेल बेच रहे थे। उन्होंने कहा कि इन स्थितियों पर नजर रखने की जिम्मेदारी किसी सरकारी प्रभाग या तेल संगठन का तय होना चाहिये ताकि समय रहते जरूरी इंतजाम किये जा सकें तथा बैंकों, किसानों, उपभोक्ताओं, आयातकों को नुकसान की स्थिति से बचाया जा सके। सूत्रों ने कहा कि विदेशों में खाद्यतेलों के दाम का असर सरसों पर भी मामूली रूप से दिखाई दिया। हालांकि इसके दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से अधिक हैं फिर भी दाम ऊंचा करने के प्रयास के कारण सरसों तेल-तिलहन के दाम में बीते सप्ताह मामूली तेजी है।

# आरबीआई एनपीए, निरीक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक करने के पक्ष में, बैंकों ने किया इसका विरोध

नयी दिल्ली। बैंक ऑफ बड़ौदा, आरबीएल बैंक, यस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) से संपर्क कर डिफॉल्टरों और एनपीए की सूची, जुर्माने और निरीक्षण रिपोर्ट जैसी सूचनाओं को सार्वजनिक करने पर आपत्ति जताई है। दूसरी ओर आरबीआई ने कहा कि आरटीआई अधिनियम के तहत इन अभिलेखों का खुलासा किया जा सकता है।

आरटीआई आवेदनकर्ताओं धीरज मिश्रा, वथिराज, गिरीश मित्तल और राधा रामन तिवारी ने आरबीआई में अलग-अलग आवेदन देकर इस बारे में जानकारी मांगी थी। उन्होंने यस बैंक के शीर्ष 100 एनपीए और जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों, एसबीआई और आरबीएल की निरीक्षण रिपोर्ट और बैंक ऑफ बड़ौदा पर वैधानिक निरीक्षण के बाद लगे 4.34 करोड़ रुपये के मौद्रिक जुर्माने से संबंधित दस्तावेजों सहित अन्य जानकारियां मांगी थीं। इन बैंकों ने सीआईसी के पास अपील की, क्योंकि बैंकिंग नियामक आरबीआई ने पाया कि आरटीआई आवेदनकर्ताओं द्वारा मांगी गई जानकारी आरटीआई अधिनियम के तहत सार्वजनिक की जा सकती है। सूचना आयुक्त खुशवंत सिंह सेठी ने बैंकों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर निर्णय लेने के लिए इस मामले को सीआईसी की बड़ी पीठ के पास भेज दिया। अंतिम निर्णय तक सूचना देने पर रोक लगा दी गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस मामले का नतीजा बैंकिंग में पारदर्शिता, जमाकर्ताओं के अधिकार और नियामक जवाबदेही पर लंबी अवधि में बड़ा असर डाल सकता है, खासकर जब एनपीए, जुर्माने और निरीक्षण में कमी पर सार्वजनिक निगरानी बढ़ी हुई है। बैंक यह तर्क दे रहे हैं कि नियामक जानकारी के खुलासे से उनके व्यावसायिक हितों को नुकसान होगा। बैंक ऑफ बड़ौदा ने आरबीआई के उस निर्णय को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है, जिसमें बैंक पर 4.34 करोड़ रुपये जुर्माने से जुड़े दस्तावेज़ों के खुलासे की अनुमति दी गई थी। आरबीएल बैंक, यस बैंक और एसबीआई ने भी इसी तरह के मामले में जानकारी देने पर आपत्ति जताई। आरबीआई ने साफ किया है कि आरटीआई अधिनियम, 2005 सभी पुराने कानूनों से ऊपर है।

## पेज एक का शेष

### आज पीएसएलवी

पीएसएलवी-सी62ईओएस-एन। मिशन सबसे पहले थाईलैंड और ब्रिटेन द्वारा निर्मित पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को कक्षा में स्थापित करेगा, जिसके बाद प्रक्षेपण के लगभग 17 मिनट बाद 13 अन्य उपग्रहों को सूर्य-समकालिक कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसके बाद, रॉकेट के चौथे चरण (पीएस4) के अलग होने और स्पेनिश स्टार्टअप से संबंधित लगभग 25 किलोग्राम वजनी केस्ट्रेल इनिशियल टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेटर (केआईडी) कैप्सूल स्थापित होगा। ऐसा प्रक्षेपण के दो घंटे से अधिक समय बाद होने की उम्मीद है। इसरो के मुताबिक, वैज्ञानिक रॉकेट के चौथे चरण को फिर से प्रणोदित करेंगे, ताकि केआईडी कैप्सूल को पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश करते हुए प्रदर्शित किया जा सके। इसरो ने बताया कि पीएस4 चरण और केआईडी कैप्सूल (जो अंतिम सह-उपग्रह होगा) दोनों पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश करेंगे और दक्षिण प्रशांत महासागर में उतरेंगे। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने पीएसएलवी के जरिये अबतक 63 मिशन को पूरा किया है, जिनमें महत्वाकांक्षी चंद्रयान-1, मंगलयान और आदित्य-एल1 मिशन शामिल हैं।

### तुर्कमान गेट

के लिए ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से व्यापक निगरानी की जा रही है। स्थिति शांतिपूर्ण और पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि जांच जारी है और डिजिटल सबूतों का विश्लेषण किया जा रहा है। अधिकारी ने कहा कि इसके साथ ही, हिंसा से जुड़े मामलों में गलत सूचना फैलाने और पत्थरबाजी में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। दिल्ली के रामलीला मैदान क्षेत्र में स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास छह और सात जनवरी की दरम्यानी रात को अवैध अतिक्रमण हटाने के दौरान हिंसा हो गई थी। इस दौरान कई लोगों ने पुलिसकर्मियों पर पत्थर और कांच की बोतलें फेंकी थीं, जिसमें क्षेत्र के थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस सूत्रों के अनुसार, तनाव उस समय फैला जब सोशल मीडिया पर यह दावा किया गया कि तुर्कमान गेट के सामने स्थित मस्जिद को अतिक्रमण हटाने की कार्वाई के दौरान तोड़ा जा रहा है। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग वहां इकट्ठा होने लगे।

### सोमनाथ विरोधी

ऐसा नहीं हुआ। सोमनाथ के पवित्र देवता का अपमान किया गया। मंदिर के स्वरूप को ही बदलने के बार-बार प्रयास किए गए। और हमें यह सिखाया गया कि सोमनाथ को लूट के लिए नष्ट किया गया था। नफरत, अत्याचार और आतंक का सच्चा इतिहास हमसे छुपाया गया। मोदी ने कहा कि जो व्यक्ति अपने धर्म के प्रति सच्चे भाव रखता है, वह ऐसी चरमपंथी विचारधारा का समर्थन नहीं करेगा। हालांकि, तुष्टीकरण में लिप्त लोग ऐसे धार्मिक चरमपंथ के आगे घुटने टेक देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद जब सरदार वल्लभभाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की शपथ ली, तो उनके रास्ते में बाधाएं डाली गईं और जब भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद 1951 में पुनर्निर्मित मंदिर के उद्घाटन के लिए यहां आए, तब भी आपत्तियां उठाई गईं। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का विरोध करने वाली ताकतें अब भी हमारे देश में मौजूद हैं और वे बहुत सक्रिय हैं। तलवारों के बजाय अन्य तरीकों से भारत के खिलाफ साजिशें रची जा रही हैं। मोदी ने कहा, इसीलिए हमें सतर्क और एकजुट रहने की जरूरत है। हमें खुद को और अधिक शक्तिशाली बनाना होगा, ताकि हम उन ताकतों को हरा सकें, जो हमें बांटने की साजिश रच रही हैं। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर पर कई बार हमले हुए, जिनकी शुरुआत 1026 में महमूद गजनी के हमले से हुई और 17वीं और 18वीं शताब्दी में मुगल शासक औरंगजेब के हमलों तक जारी रही। उन्होंने कहा कि महमूद बेगड़ा और औरंगजेब ने आक्रमण के दौरान मंदिर को मस्जिद में बदलने की कोशिश भी की। लेकिन हर हमले के बाद मालवा की रानी अहिल्याबाई होलकर सहित भगवान शिव के भक्तों द्वारा मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा, दूसरों को नष्ट करके उन्नति करने वाली सभ्यताएं अंततः स्वयं को ही नष्ट कर लेती हैं। सोमनाथ जैसे तीर्थस्थलों ने हमें सिखाया है कि सृजन का मार्ग लंबा है, लेकिन यह शाश्वत मार्ग भी है। उन्होंने कहा, सोमनाथ का इतिहास हमारे पूर्वजों की वीरता का गीत है। यह उनके बलिदान और समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आततायी अब इतिहास के पन्नों में सिमट गए हैं, लेकिन सोमनाथ मंदिर आज भी शान से खड़ा है। मोदी ने कहा कि जिस प्रकार मंदिर को नष्ट करने की कोशिश की गई, उसी तरह विदेशी आक्रमणकारियों ने कई सदियों तक भारत को तबाह करने का प्रयास किया, लेकिन न तो सोमनाथ झुका और न ही देश। उन्होंने कहा कि आततायियों ने सोचा कि मंदिर को नष्ट करके उन्होंने जीत हासिल कर ली है, लेकिन 1000 साल बाद भी सोमनाथ का झंडा शान से लहरा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व के इतिहास में इन 1000 वर्षों के संघर्ष की कोई बराबरी नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आक्रमणकारी आते रहे और धर्म पर आतंकी हमले जारी रहे। लेकिन हर दौर में सोमनाथ का पुनर्निर्माण हुआ। सदियों तक चलने वाला ऐसा संघर्ष, ऐसा लंबा प्रतिरोध और अपनी संस्कृति में ऐसी अटूट आस्था - विश्व इतिहास में इसकी तुलना करना मुश्किल है। मोदी ने कहा कि वीर हमीरजी गोहिल और वेगडाजी भील जैसे कई वीरजनों ने सोमनाथ मंदिर को आक्रमणकारियों से बचाने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन्होंने कहा, लेकिन, दुर्भाग्य से उन्हें उनका उचित श्रेय और महत्व नहीं दिया गया। वास्तव में कुछ इतिहासकारों और नेताओं ने तो इन आक्रमणों के इतिहास को छिपाने का भी प्रयास किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने शौर्य यात्रा का नेतृत्व किया। इसका आयोजन सोमनाथ मंदिर की रक्षा करते हुए प्राणों की आहुति देने वालों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए किया गया। इस यात्रा में 108 अश्वों की झांकी निकाली गई, जो वीरता और बलिदान का प्रतीक है। प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए शंख सर्कल से वीर हमीरजी गोहिल सर्कल तक यात्रा मार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग और श्रद्धालु एकत्र हुए थे। उन्होंने ऐतिहासिक मंदिर में पूजा-अर्चना भी की और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी, जिनकी प्रतिमा मंदिर परिसर के पास स्थापित है। युवा पुजारियों का एक समूह, जिन्हें ऋषि कुमार भी कहा जाता है, मोदी के वाहन के साथ-साथ चलते हुए भगवान शिव का वाद्ययंत्र डमरू बजा रहा था। एक समय ऐसा भी आया, जब मोदी ने स्वयं एक पुजारी से दो डमरू लिए और अपने वाहन पर खड़े होकर उन्हें बजाया।

### भारत तीसरी

नियंत्रण में है और कृषि उत्पादन नए रिकॉर्ड बना रहा है। भारत आज दूध उत्पादन में दुनिया में नंबर वन है, वहीं जेनेरिक दवाओं और वैक्सीन निर्माण में भी भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। भारत की विकास यात्रा को रेखांकित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल डेटा उपभोक्ता बन गया है। वढकआज दुनिया का नंबर-1 रियल-टाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन प्लेटफॉर्म है। इसके साथ ही भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरर बन चुका है। उन्होंने आगे कहा कि भारत के पास अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। एविएशन सेक्टर में भारत तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन गया है, जबकि मेट्रो नेटवर्क के विस्तार के मामले में भी भारत दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल हो चुका है। पीएम मोदी ने कहा, सौराष्ट्र और कच्छ गुजरात के ऐसे इलाके हैं जो हमें सिखाते हैं कि चुनौती कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अगर हम ईमानदारी और कड़ी मेहनत से लगे रहें, तो सफलता जरूर मिलती है।

### अमेरिका और

मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 116 हो गई है। अमेरिका की एक मानवाधिकार संस्था ने यह जानकारी दी। प्रदर्शन के मद्देनजर ईरान में इंटरनेट और फोन लाइन काट दी गई है, जिससे प्रदर्शन का वास्तविक अनुमान लगाने में मुश्किल आ रही है। हालांकि, अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज़ एजेंसी के अनुसार, प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 116 हो गई है और 2,600 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। ईरान का सरकारी टीवी प्रदर्शनकारियों को आतंकवादी के रूप में चित्रित कर रहा है और सुरक्षा बलों के कर्मियों के हताहत होने की जानकारी दे कर रहा है। हालांकि, इसने यह भी स्वीकार किया कि विरोध प्रदर्शन रविवार सुबह तक जारी रहे। इसने तेहरान और उत्तर-पूर्व में स्थित शहर मशहद में प्रदर्शन होने की जानकारी दी। अमेरिका की चेतावनियों के बावजूद, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कड़ी कार्वाई के संकेत दिए हैं। ईरान के अटॉर्नी जनरल मोहम्मद मोवाहेदी आजाद ने शनिवार को चेतावनी दी कि प्रदर्शनों में भाग लेने वाले किसी भी व्यक्ति को अल्लाह का शत्रु माना जाएगा और इसके लिए मृत्युदंड का भी प्रावधान है। ईरान के सरकारी टेलीविजन द्वारा प्रसारित बयान में कहा गया है कि दंगाइयों की मदद करने वालों को भी इस आरोप का सामना करना पड़ेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों को समर्थन देते हुए सोशल मीडिया पर कहा, ईरान आजादी चाहता है जो शायद उसने पहले कभी नहीं देखी थी। अमेरिका मदद के लिए तैयार है। न्यूयॉर्क टाइम्स और वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अज्ञात अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से शनिवार रात को बताया कि ट्रंप को ईरान पर हमले के लिए सैन्य विकल्प दिए गए थे लेकिन उन्होंने अब तक अंतिम निर्णय नहीं लिया है।

### स्वामी विवेकानंद

के निर्माण में युवाओं की भूमिका केंद्रीय है। आज भारत के युवा शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, खेल, नवाचार, स्टार्टअप, उद्यमिता और सामाजिक सेवा जैसे विविध क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के बल पर वैश्विक मंच पर देश का मान बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, कौशल विकास को बढ़ावा देने, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के लिए राज्य सरकार निरंतर ठोस कदम उठा रही है, ताकि युवा आत्मनिर्भर बनकर राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा सकें। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानन्द के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करें, अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा दें और समाज, प्रदेश एवं राष्ट्र के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करें।

### विराज सागर

नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाते दिखे। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि जाड़े से लोगों को निजात दिलाने के लिए वे शहर में जगह-जगह अलाव जलवाते रहेंगे। हमारी कोशिश है कि जाड़े में कोई भी व्यक्ति परेशान न हो। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना ही हमारा लक्ष्य है।




# भारत ने न्यूजीलैंड को हराया

## पहले वनडे में कोहली ने 93 रन बनाये, कप्तान गिल की फिफ्टी; अय्यर ने 49 रन की पारी खेली

एजेंसी

**वड़ोदरा।** काइल जैमिसन ने कोहली-जडेजा के बाद अय्यर को आउट किया। उन्होंने रोहित का भी विकेट लिया है। भारत ने वनडे सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम इंडिया ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा मैच 14 जनवरी को राजकोट में खेला जाएगा। वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में रविवार को भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 300 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 49 ओवर में 6 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। केएल राहुल ने क्रिस्टियन क्लार्क की बॉल पर छक्का लगाकर जीत दिलाई। उन्होंने नाबाद 29 रन बनाए। विराट कोहली ने 93, श्रेयस अय्यर ने 49 और कप्तान शुभमन गिल ने 56 रन बनाए। न्यूजीलैंड के काइल जैमिसन ने 4 विकेट लिए।

काइल जैमिसन ने कोहली-जडेजा के बाद अय्यर को आउट किया। उन्होंने रोहित का भी विकेट लिया है। न्यूजीलैंड ने वनडे सीरीज के पहले मैच में भारत को 301 रन का टारगेट दिया है। रविवार को वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 300 रन बनाए। जवाब में भारत ने 46.2 ओवर में 6 विकेट पर 279 रन बना लिए हैं। केएल राहुल और वॉशिंगटन सुंदर क्रीज पर हैं। हर्षित राणा 29 रन बनाकर आउट हुए। काइल जैमिसन ने 42वें ओवर की पहली बॉल पर श्रेयस अय्यर (49 रन) को बोल्ड कर दिया। उन्होंने 40वें ओवर में विराट कोहली (93 रन) और रवींद्र जडेजा (4 रन) को पवेलियन भेजा। जैमिसन ने रोहित शर्मा (26 रन) को भी आउट किया था। कप्तान शुभमन गिल (56 रन) को आदित्य अशोक ने पवेलियन भेजा। कोहली ने संगकारा को पीछो छोड़ा विराट कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने इस पारी में 42वां रन बनाते ही श्रीलंका के कुमार संगकारा (28016 रन) को पीछे छोड़ दिया है। कोहली से आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर (34357 रन) हैं। रोहित ने तोड़ा गेल का रिकॉर्ड रोहित शर्मा (26 रन) इस पारी में दूसरा छक्का लगाते ही वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले ओपनर बन गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के 328 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रोहित के नाम अब बतौर ओपनर 193 वनडे मैच में 329 छक्के हो गए हैं। हर बैटिंग पोजिशन को मिलाकर रोहित शर्मा पहले ही वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर हैं। उनके नाम अब तक 357 छक्के हैं। न्यूजीलैंड के 3 बैटर्स की



फिफ्टी न्यूजीलैंड की ओर से डेरिल मिचेल ने 71 बॉल पर 84 रन की पारी खेली। उनके अलावा हेनरी निकोल्स ने 62 और डेवोन कॉन्वे ने 56 रन बनाए। भारत की ओर से मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा ने 2-2 विकेट झटके। कुलदीप यादव को एक विकेट मिला। विमेंस प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स के बीच मैच चल रहा है। छकश्ए कवरेज के लिए क्लिक करें।

47वें ओवर में भारत ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर हर्षित राणा 26 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें क्रिस्टियन क्लार्क ने मिचेल हे के हाथों कैच कराया। 43वें ओवर में भारतीय टीम ने 250 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। हर्षित राणा ने क्रिस्टियन क्लार्क के ओवर की आखिरी बॉल पर चौका लगाया और टीम स्कोर 250 पार पहुंचा दिया। 42वें ओवर में भारत ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर श्रेयस अय्यर 49 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें काइल जैमिसन ने बोल्ड किया। जैमिसन ने अपने पिछले ओवर में कोहली और जडेजा के विकेट लिए थे। पहली बॉल पर विराट कोहली को माइकल ब्रेसवेल के हाथों कैच कराया। विराट 93 रन बनाकर आउट हुए। आखिरी बॉल पर रवींद्र जडेजा को क्रिस्टियन क्लार्क के हाथों कैच कराया। रवींद्र 4 रन बनाकर आउट हुए। जैमिसन के इस ओवर से महज 5 रन आए। यहां से न्यूजीलैंड की वापसी की उम्मीद दिखी। 35वें ओवर में विराट कोहली और श्रेयस अय्यर ने तीसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी की। कोहली ने माइकल ब्रेसवेल की दूसरी बॉल पर छक्का लगाया और साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। 34वें ओवर में भारतीय टीम ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। कोहली ने क्रिस्टियन क्लार्क के ओवर की 5वीं बॉल पर चौका लगाया और टीम स्कोर 200 पार पहुंचा दिया। 27वें ओवर में भारत ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान शुभमन गिल 56 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आदित्य अशोक ने ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच कराया। इसी के साथ शतकीय साझेदारी टूट गई। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने 25वें ओवर में फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 65 बॉल पर हाफ सेंचुरी लगाई। गिल ने इंडिया में बतौर कप्तान पहली वनडे हाफ सेंचुरी लगाई है।

24वें ओवर में कप्तान गिल और विराट कोहली ने दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी पूरी की। गिल ने ग्लेन फिलिप्स के ओवर की 5वीं बॉल पर दौड़कर एक रन लिया और साझेदारी का 100वां रन बनाया। टीम इंडिया ने 39 रन पर रोहित शर्मा का विकेट गंवाया था। 22वें ओवर में विराट कोहली ने हाफ सेंचुरी पूरी कर ली है। उन्होंने 44 बॉल पर अर्धशतक लगाया। विराट ने ग्लेन फिलिप्स की तीसरी बॉल पर सिंगल लिया और अपनी पारी का 50वां रन बनाया। 19वें ओवर में विराट कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए। उन्होंने 42वां रन बनाते ही श्रीलंका के कुमार संगकारा (28016 रन) को पीछे छोड़ दिया है। कोहली से आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर (34357 रन) हैं। 17वें ओवर में भारत ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। विराट कोहली ने माइकल ब्रेसवेल के ओवर की दूसरी बॉल पर सिंगल लेकर टीम को 100 पार पहुंचाया। 11वें ओवर में भारतीय टीम ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। कोहली ने आदित्य अशोक की दूसरी बॉल पर सिंगल लेकर टीम का 50वां रन बनाया। 301 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम ने मिलीजुली शुरूआत की। टीम ने 10 ओवर में 48 रन बनाने में एक विकेट गंवाया। यहां रोहित शर्मा 26 रन बनाए। गिल और कोहली क्रीज पर हैं। 9वें ओवर में भारतीय टीम ने पहला विकेट गंवाया।

## स्वितोलिना ने ऑकलैंड में अपना 19वां डब्ल्यूटीए खिताब जीता



वेलिंग्टन (न्यूजीलैंड)। यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने रविवार को ऑकलैंड में खेले गए एएसबी क्लासिक में जीत के साथ करियर का 19वां डब्ल्यूटीए टूर खिताब अपने नाम किया। वह इस जीत के साथ अब ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारियों के लिए मेलबर्न रवाना होंगी। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वितोलिना ने फाइनल में चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त वांग शिनयू को 6-3, 7-6 से हराया। यह 13वीं रैंकिंग की स्वितोलिना का 24 फाइनल मुकाबलों में 19वां खिताब रहा। इससे पहले वह 2024 में भी ऑकलैंड फाइनल तक पहुंची थीं, जहां उन्हें कोको गॉफ से तीन सेटों में हार का सामना करना पड़ा था। स्वितोलिना मेलबर्न में बुधवार को अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त अमांडा एनिसिमोवा के खिलाफ एक प्रदर्शनी मुकाबला खेलेंगी। यूक्रेन की इस खिलाड़ी ने सितंबर में 2025 सत्र से खुद को अलग कर लिया था। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए ब्रेक लेने का फैसला किया था। उस ब्रेक के बाद ऑकलैंड उनका पहला टूर्नामेंट था। उन्हें इस सप्ताह पति गेल मोनफिल्स का समर्थन मिला। मोनफिल्स ने पिछले साल ऑकलैंड में पुरुष वर्ग का खिताब जीता था और वह सोमवार से उस खिताब का बचाव करेंगे।

सिडनी। बेलिंडा बेंसिच ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी ईगा स्वियातेक को 3-6, 6-0, 6-3 से हराकर रविवार को यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में पोलैंड पर स्विट्जरलैंड को बढ़त दिला दी। मौजूदा सत्र के आखिर में संन्यास लेने वाले स्विस दिग्गज स्टेन वावरिंका को रविवार को ह्यूबर्ट हुरकाज से भिड़ना है जिसमें पोलैंड के खिलाड़ी को अपने देश को मुकाबले में बनाए रखने के लिए जीतना जरूरी होगा। बेंसिच ने इस हफ्ते अपने सभी चार एकल और चार मिश्रित युगल

**बेंसिच ने स्वियातेक को हराकर यूनाइटेड कप फाइनल में स्विट्जरलैंड को बढ़त दिलाई**

मैच जीते थे। उन्होंने स्वियातेक के खिलाफ मैच से पहले दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ अपने पिछले पांच मैच गंवाए थे।



### संक्षेप

## मोर्टारा ने फॉर्मूला ई सत्र में महिंद्रा को पहला पोडियम दिलाया

मैक्सिको सिटी। एडुआर्डो मोर्टारा ने इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज के दूसरे दौर में रविवार को यहां में दूसरा स्थान हासिल कर महिंद्रा रेसिंग को मौजूदा फॉर्मूला ई सत्र का पहला पोडियम स्थान दिलाया। इस भारतीय टीम के दूसरे ड्राइवर निक डी व्रीज हालांकि रेस पूरी नहीं कर सके। सिट्रोएन रेसिंग के निक कैसिडी ने शानदार रणनीति और बेहतरीन ड्राइव का प्रदर्शन करते हुए 12 स्थानों की छलांग लगाई और मोर्टारा तथा निसान के मौजूदा चैंपियन ओलिवर रोलैंड से आगे रहते हुए रेस जीत ली। मोर्टारा ने रेस के बाद कहा, निक ने वाकई शानदार रेसिंग की। रेस के बीच में हमें थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जिससे आखिरी लैप्स में चुनौती देने का मौका नहीं मिल पाया। मैं दूसरे स्थान के साथ खुश हूं। महिंद्रा रेसिंग शुरुआत से ही एफआईए द्वारा मान्यता प्राप्त इस विश्व चैंपियनशिप का हिस्सा रही है। टीम ने विचार-विमर्श के बाद 2026-27 से शुरू होने वाले सीरीज के जेन4 युग में भी भागीदारी जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है।

## मुंबई मैराथन में भाग लेंगे शीर्ष अंतरराष्ट्रीय धावक

मुंबई। पिछले चरण के उप विजेता मेरहावी केसेटे (पुरुष वर्ग) और इथियोपिया की मेडिना डेमे आर्मिनो (महिला वर्ग) सहित एलीट एथलीट 18 जनवरी को होने वाली टाटा मुंबई मैराथन में हिस्सा लेंगे जो विश्व एथलेटिक्स की गोल्ड लेबल की रोडरेस है। यह मुंबई मैराथन का 21वां सत्र है जिसमें पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में पहले तीन स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 50000, 25000 और 15000 डॉलर की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

इसके अलावा जो भी अपने वर्ग में मौजूदा स्पर्धा का रिकॉर्ड तोड़ेगा, उसे 15000 डॉलर दिए जाएंगे। केसेटे पिछले साल बेरहाने टेसफे से पीछे दूसरे स्थान पर रहे थे। वह इस साल प्रबल दावेदारों में शुमार होंगे। उनके अलावा युगांडा से 2023 विश्व चैंपियन विक्टर किपलांगाट, दक्षिण अफ्रीका के स्टीफन मोकोका और इथियोपिया के बाजेन्यू अस्मारे और टाडू अबाटे डेमे भी इसमें हिस्सा लेंगे।

## विलारियल ने ला लिगा में एलवेस को हराया



एजेंसी

बार्सिलोना। अल्बर्टो मोलेइरो की शानदार खेल से विलरियाल ने ला लिगा (स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) मैच में एलवेस को 3-। से हराकर लीग तालिका में तीसरे स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। कैनरी द्वीप समूह के इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने मध्यांतर के बाद मैच का पहला और मौजूदा सत्र का अपना आठवां गोल दागा। अनुभवी स्ट्राइकर गेरार्ड मोरेनो ने 55वें मिनट में घरेलू टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। मोलेइरो ने इसके बाद टीम के तीसरे गोल की नींव रखी, जब उन्होंने दो डिफेंडरों के बीच से सटीक पास निकालकर जॉर्जिया के स्ट्राइकर जॉर्जेस मिकाउतादज़े के लिए मौका बनाया। मिकाउतादज़े ने गोल कर टीम को 3-0 से आगे कर दिया।

एलवेस की ओर से टोनी मार्टिनेज ने 85वें मिनट में गोल कर हार के अंतर कम किया। इस जीत के बाद विलारियाल में तालिका पर शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से आठ अंक और दूसरे स्थान पर मौजूद रियल मैड्रिड से चार अंक कम हैं। वहीं, वह चौथे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड से तीन अंक आगे है। अन्य मैचों में गिरोना ने शनिवार को ओसासुना को1-0 से हराया। तालिका में निचले स्थान पर काबिज रियाल ओविएदो ने रियाल बेटिस को 1-1 की बराबरी पर रोक दिया।

## मुंबई और कर्नाटक के बीच विजय हजारे क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी

बेंगलुरु। घरेलू क्रिकेट की दिग्गज टीमें मुंबई और कर्नाटक सोमवार को यहां होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी क्वार्टरफाइनल में जब आमने-सामने होंगी तब सरफराज खान और देवदत्त पडिक्कल से अपनी शानदार फॉर्म को आगे बढ़ाने की उम्मीद होगी। सोमवार को ही सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में दूसरा क्वार्टर फाइनल उत्तर प्रदेश और सौराष्ट्र के बीच खेला जाएगा। कर्नाटक को ग्रुप चरण के उनके अंतिम लीग मैच में सिर्फ एक ही हार मिली थी।

इसके बावजूद टीम को पूरा भरोसा होगा कि वह मुंबई के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पेश करेगी। देवदत्त पडिक्कल सात पारियों में चार शतक और एक अर्धशतक की मदद से 640 रन के साथ टूर्नामेंट के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह अगर लय बरकरार रखे तो 2027 वनडे विश्व कप की टीम तैयारी कर रहे चयनकर्ताओं के लिए उन्हें नजरअंदाज करना मुश्किल होगा। सरफराज खान भी टी20 की अपनी धमाकेदार लय को वनडे क्रिकेट में उतारकर चयनकर्ताओं का ध्यान खींच रहे हैं। टीम को अंतिम लीग मुकाबले में पंजाब के खिलाफ मिली अप्रत्याशित हार में सरफराज ने पुरुषों की लिस्ट-ए क्रिकेट में किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज अर्धशतक जड़ा था।

मुंबई वह मैच हार गया था लेकिन सरफराज सीमित ओवरों के प्रारूप में चयनकर्ताओं तक अपना संदेश पहुंचाने में सफल रहे। दूसरे क्वार्टरफाइनल में उत्तरप्रदेश और सौराष्ट्र की टीमें आमने-सामने होंगी। इस मैच में उत्तर प्रदेश का पलड़ा भारी होगा। लीग

**कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से जल्दी संन्यास लिया, उनमें 2027 विश्व कप तक खेलने की भूख है : डोनाल्ड**

चरण में अपराजित रहने वाली उत्तर प्रदेश चारों ग्रुप में ऐसी इकलौती टीम रही है। उत्तर प्रदेश को ध्रुव जुरेल की सेवाएं नहीं मिलेंगी, जो ज्षभ पंत के चोटिल होने के बाद भारतीय वनडे टीम से जुड़ गए हैं। जुरेल ने लीग चरण में सात पारियों में 558 रन बनाए थे और वह पूरी तरह अजेय नजर आ रहे थे। सौराष्ट्र ने अपने शुरुआती तीन में से दो मैच गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए लगातार चार मुकाबले जीतकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

उनके बल्लेबाज सही समय पर लय में लौटते दिख रहे हैं, जबकि तेज गेंदबाज चेतन सकारिया भी अच्छी लय में नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज एलन डोनाल्ड ने माना कि विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से थोड़ी जल्दी संन्यास लिया लेकिन भारतीय स्टार बल्लेबाज में इतनी भूख और जुनून है कि वह 2027 के वनडे विश्व कप तक खुद को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बनाए रखेंगे। डोनाल्ड ने आईपीएल के 2014-15 सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का गेंदबाजी कोच रहते हुए कोहली के साथ काम किया है। उन्होंने कोहली की वर्क इथिक्स (फिटनेस और खेल के लिए कड़ा अभ्यास) पर जोर देते हुए कहा, आप जानते हैं, मैंने फिटनेस और खेल को लेकर जज्बे के मामले में किसी खिलाड़ी में विराट जीतनी भूख नहीं देखी। मेरे मन में उनके लिए बेहद सम्मान है। मैं अक्सर ड्रेसिंग रूम में इस बारे में बात करता हूं कि वह खुद को फिट रखने के मामले में चैंपियन है। कोई भी उनके जितना मेहनत नहीं करता। वह किसी मशीन की तरह है।



## एमआई केपटाउन ने जॉबर्ग सुपर किंग्स को हराया

जोहानिसबर्ग। रेयान रिकेल्टन की नाबाद 113 रन की आक्रामक पारी से एमआई केपटाउन ने एसए20 लीग में शनिवार कोो वांडरर्स मैदान पर जॉबर्ग सुपर किंग्स को 36 रन से हराकर अपने अभियान को फिर से पटरी पर ला दिया। रिकेल्टन ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी करते हुए 60 गेंद में आठ चौके और नौ छक्के जड़े। वह इसके साथ इस लीग में दो शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गये। उन्होंने रासी वेन डर डुसेन (32 गेंद में 65 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 10.2 ओवर में 129 रन की साझेदारी कर टीम को तीन विकेट 234 रन तक पहुंचाया। इसके बाद जॉर्ज लिंडे (30 रन पर दो विकेट) और कगिसो रबाडा (34 रन पर दो विकेट) की कसी हुई गेंदबाजी ने सुपर किंग्स को पांच विकेट पर 198 रन पर रोक दिया। रिकेल्टन और डुसेन की साझेदारी के बाद निकोलस पूरन (14) और जैसन स्मिथ (दो) जैसे बड़े शॉट खेलने वाले बल्लेबाज तेजी से रन बनाने में नाकाम रहे। रिकेल्टन ने हालांकि अपनी पारी को जाया नहीं जाने दिया। उन्होंने नांद्रे बर्गर के एक ओवर में लगातार चौके और एक बड़ा छक्का जड़ते हुए 55 गेंदों में अपना शतक पूरा किया।

## लखनऊ व वाराणसी ने तीन-तीन स्वर्ण जीते

खेल संवाददाता

लखनऊ। मेजबान लखनऊ व वाराणसी के खिलाड़ियों ने अंडर-21 व सीनियर यूपी स्टेट कराटे चैंपियनशिप 2026 में तीन-तीन स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा कायम किया। चैंपियनशिप का आयोजन कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देशीय हाल में किया जा रहा है। चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डा. आनन्देश्वर पाण्डेय

**अंडर-21 व सीनियर यूपी स्टेट कराटे चैंपियनशिप**

(कार्यकारी निदेशक, हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया) ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के तौर पर उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के कार्यकारी महासचिव अमित पाण्डेय की भी गरिमामयी मौजूदगी रही। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के अध्यक्ष




टीपी हवेलिया ने की। आयोजन समिति की ओर से हाल ही में एशियन हैंडबॉल फेडेरशन में काउंसिल मेंबर चुने गए डा. आनन्देश्वर पाण्डेय को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के महासचिव जसपाल सिंह ने आभार जताया। आज समारोह में कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के सचिव कृष्ण अवतार भी मौजूद रहे। आज चैंपियनशिप में वाराणसी के लिए शशिकला मौर्या ने अंडर-21 महिला व्यक्तिगत काता व कुमिते (50 किग्रा से कम) में स्वर्ण जीतने के साथ महिला सीनियर व्यक्तिगत काता में कांस्य पदक जीता। मेजबान लखनऊ के लिए आज प्रशांत सिंह ने अंडर-21 पुरुष कुमिते (55 किग्रा से कम) व पुरुष सीनियर काता में जय भारत दुबे ने स्वर्ण जीते। इसके अलावा पुरुष सीनियर टीम काता में भी

**खेल प्रशासन में अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर डा. आनन्देश्वर पाण्डेय का किया गया सम्मान**

मेजबान ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। समाचार लिखे जाने तक लखनऊ ने तीन स्वर्ण, दो रजत व दो कांस्य पदक जबकि वाराणसी ने तीन स्वर्ण, दो रजत व 6 कांस्य पदक जीते है जबकि देर रात तक स्पधाओं का आयोजन किया गया।

## यूपी वॉरियर्स के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी आरसीबी

एजेंसी

नवी मुंबई। मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में कड़ी परीक्षा से गुजरने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) सोमवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सितारों से सजी यूपी वॉरियर्स के खिलाफ अपनी लय जारी रखने की कोशिश करेगी। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली साल 2024 की चैंपियन टीम ने शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुश्किल स्थिति से उबरते हुए तीन विकेट की जीत दर्ज की। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला खिलाड़ी नादिन डि क्लर्क ने आखिरी चार गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाकर टीम को जीत दिलाई थी। आरसीबी की जीत ने मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी स्तब्ध कर दिया था।

मंधाना और आरसीबी के लिए वह पल बेहद खास था और टीम डि क्लर्क (नाबाद 63 रन बनाए और चार विकेट) से यूपी वॉरियर्स के खिलाफ भी ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पिछले मैच में डि क्लर्क के अलावा अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया था



ऐसे में मंधाना चाहेंगी कि वह और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज रन बनाने में योगदान दें। ग्रेस हैरिस, स्मृति मंधाना, दयालन हेमलता, ज्चा घोष और राधा यादव जैसे खिलाड़ियों को आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभानी होगी। वहीं गेंदबाजी विभाग में अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल और राधा से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। इन सभी ने मुंबई के खिलाफ सबसे ज्यादा रन लुटाए थे।

यूपी वॉरियर्स को अपने शुरुआती मैच में निराशा का सामना करना पड़ा, जिसमें सबसे बड़ा झटका ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का खराब प्रदर्शन रहा। डब्ल्यूपीएल नीलामी में 3.2 करोड़ रुपये की सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी रहीं दीप्ति गुजरात जायंट्स के खिलाफ शनिवार को हुए दिन के मुकाबले में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहीं। यूपी वॉरियर्स 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 रन से हार गई, जिसमें दीप्ति बिना विकेट लिए रहीं और बल्लेबाज़ी में सिर्फ एक रन ही बना सकीं। टीम की नयी कप्तान मेग लैनिंग चाहेंगी कि उनकी स्टार ऑलराउंडर जल्द ही लय में लौटे।

# शाह ने श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर में की पूजा-अर्चना

## केंद्रीय मंत्री के दौरे के दौरान मंदिर और उसके परिसर में प्रतिबंध लगाये गये थे, कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां स्थित प्रसिद्ध श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की और कहा कि उनका यह दौरा तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा के महापौर पद पर जीत हासिल करने के लिए आभार व्यक्त करने के वास्ते था। शाह एक दिवसीय दौरे पर केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम पहुंचे और उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर और जिला अध्यक्ष करमना जायन के साथ आज सुबह मंदिर में दर्शन किए। पारंपरिक धोती और कसवु (रेशमी) शॉल पहने शाह का मंदिर के अधिकारियों और त्रावणकोर शाही परिवार के सदस्य आदित्य वर्मा ने मंदिर में स्वागत किया।

दौरे के बाद मंदिर के अधिकारियों ने उन्हें उपहार भेंट किए, जिनमें भगवान श्री पद्मनाभ को समर्पित एक औपचारिक चित्रित धनुष ओनाविल्लू भी शामिल था। केंद्रीय मंत्री के दौरे के दौरान मंदिर और उसके परिसर में प्रतिबंध लगाए गए थे और कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। शाह की सदियों पुराने इस मंदिर की यात्रा 14 जनवरी को होने वाले लक्षदीपम अनुष्ठान से पहले हुई है, जो मंदिर में हर छह साल में एक बार आयोजित होने वाला एक शुभ अनुष्ठान है, जिसके दौरान हजारों तेल के दीपक जलाए जाते हैं। बाद में नव निर्वाचित भाजपा पार्षदों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि वह केरल में श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर में धन्यवाद अर्पित करने आए हैं और तिरुवनंतपुरम नगर निगम में पार्टी के महापौर का पद जीतने पर यहां वापस आने के अपने वादे को पूरा कर रहे हैं।



**केरल की जनता बताए कि क्या एसडीपीआई और जमात-ए-इस्लामी से राज्य सुरक्षित होगा : शाह**

तिरुवनंतपुरम। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को चेतावनी देते हुए कहा कि केरल में कानून-व्यवस्था की स्थिति फिलहाल शांत दिख सकती है, लेकिन कई खतरे धीरे-धीरे उभर रहे हैं जो भविष्य में खतरनाक रूप ले सकते हैं। शाह ने यहां एक प्रमुख मलयालम समाचार पत्र केरल कौमुदी द्वारा आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुछ संगठनों की भूमिका पर सवाल उठाये और पूछा कि क्या वे वास्तव में लोगों को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने सवाल किया जो लोग सहअस्तित्व में विश्वास नहीं रखते, वे एकता कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं? शाह ने कहा आज इस कार्यक्रम के माध्यम से मैं केरल के लोगों से पूछना चाहता हूं: क्या पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया), जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठन और एसडीपीआई (सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया) जैसी राजनीतिक पार्टियां केरल को सुरक्षित रख सकती हैं? उन्होंने कहा ऐसे खतरों की पहचान करना और उन्हें खत्म करने के प्रयास करना सरकार की जिम्मेदारी है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, इस तरह के खतरों की पहचान करना और उन्हें खत्म करने के प्रयास करना सरकार की जिम्मेदारी है।

# भू-राजनीतिक तनाव के बीच अहमदाबाद में होगी मोदी और मर्ज की अहम वार्ता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच सोमवार को होने वाली वार्ता में व्यापार, निवेश, अहम प्रौद्योगिकियों तथा रक्षा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाना मुख्य एजेंडा रहेगा। मर्ज की यह भारत यात्रा ऐसे समय हो रही है जब अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए सैन्य ताकत के खुले इस्तेमाल जैसी घटना के कारण वैश्विक भू-राजनीतिक माहौल तनावपूर्ण है।



ऐसे में दोनों नेता मौजूदा वैश्विक चुनौतियों पर भी चर्चा कर सकते हैं। आगामी 1213 जनवरी को होने वाली यह यात्रा जर्मन चांसलर के रूप में मर्ज की पहली एशिया यात्रा होगी। मोदीमर्ज वार्ता में यूक्रेन में शांति स्थापित करने पर भी चर्चा हो सकती है। अहमदाबाद में कार्यक्रमों के बाद मर्ज बेंगलुरु जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत के अलावा मर्ज साबरमती आश्रम जाएंगे, पतंगोत्सव में हिस्सा लेंगे और अहमदाबाद में एक कौशल विकास कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। जानकारों के अनुसार बातचीत में व्यापार और निवेश संबंधों पर विशेष जोर रहेगा। भारत अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने की पृष्ठभूमि में यूरोप के साथ आर्थिक सहयोग को और प्रगाढ़ बनाना चाहता है। जर्मनी यूरोप में भारत के सबसे अहम साझेदारों में से एक है। वह यूरोपीय संघ में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। 202425 में दोनों देशों के बीच वस्तुओं और सेवाओं का द्विपक्षीय व्यापार 51.23 अरब डॉलर तक पहुंच गया।

ईयू के साथ भारत के कुल व्यापार का लगभग एक-चौथाई जर्मनी के साथ होता है। 202425 में सेवाओं के व्यापार में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ यह 16.65 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। जर्मनी भारत में नौवां सबसे बड़ा विदेशी निवेशक है। अप्रैल 2000 से जून 2025 के बीच भारत में जर्मनी से कुल 15.40 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। फिलहाल भारत में 2,000 से अधिक जर्मन कंपनियां काम कर रही हैं।

## संक्षेप

### 14.85 करोड़ की साइबर ठगी का शिकार हुए बुजुर्ग

नयी दिल्ली। डिजिटल अरेस्ट की वजह से 14.85 करोड़ रुपये गंवा चुके दिल्ली के रहने वाले बुजुर्ग दंपति ओम तनेजा और उनकी पत्नी को यही मलाल है कि उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। ओम तनेजा (81) और पेशे से डॉक्टर उनकी पत्नी इंदिरा (77) को साइबर ठगों ने दूरसंचार और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी बनकर कॉल किया और करीब 15 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा। दक्षिण दिल्ली के ग्रेटर कैलाश में रहने वाले बुजुर्ग दंपति ने रविवार को कहा कि पुलिस को अपनी आपबीती न बताना एक गंभीर गलती थी।ओम तनेजा ने बताया, साइबर ठगों ने हमें बार-बार गिरफ्तारी और गंभीर परिणामों की धमकी दी। पुलिस ने बताया कि यह धोखाधड़ी 24 दिसंबर से 9 जनवरी के बीच की गई और इस दौरान दंपति को लगातार ऑडियो और वीडियो कॉल पर रहने के लिए मजबूर किया गया और सत्यापन के नाम पर कई बैंक खातों में बड़ी रकम अंतरण करने के लिए दबाव डाला गया। इस मामले में ई-प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और दिल्ली पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि यह दंपति दशकों तक अमेरिका में काम करने के बाद भारत लौट आए थे।

# फंदे से लटका बीएलओ, परिवार ने लगाया एसआईआर को लेकर दबाव का आरोप

कोलकाता। मुर्शिदाबाद जिले के एक प्राथमिक विद्यालय में बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) फंदे से लटका हुआ मिला। बीएलओ के परिवार का आरोप है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर काम के अत्यधिक दबाव के कारण उन्होंने आत्महत्या कर ली। रानीतला थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान हमीमुल इस्लाम (47) के रूप में हुई है, जो पैकमरी चार कृष्णपुर बॉयज प्राइमरी स्कूल में शिक्षक और खारिबोना ग्राम पंचायत के अंतर्गत पुरबा अलापुर गांव में एक बूथ पर बीएलओ थे। उन्होंने बताया कि यह घटना शनिवार देर रात रानीतला थाना अंतर्गत पैकमरी चार इलाके में स्थानीय लोगों के संज्ञान में आई। मृतक के परिवार वालों ने आरोप लगाया कि हमीमुल शनिवार सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकले थे, लेकिन दोपहर तक वापस नहीं आए। पुलिस अधिकारी ने बताया, काफी खोजबीन के बाद शनिवार रात को विद्यालय परिसर के एक कमरे में उनका शव फंदे से लटका हुआ मिला।

# रूस में ड्रोन हमले में एक की मौत

एजेंसी

मॉस्को। यूक्रेन के एक ड्रोन हमले में रूस के वोरोनेझ शहर में एक महिला की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्ज़ेंडर गुसेव ने टेलीग्राम पर बताया कि शनिवार को हुए हमले के दौरान ड्रोन का मलबा एक घर पर गिरने से घायल हुई एक युवती की अस्पताल के गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में इलाज के दौरान रात को मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि तीन लोग घायल हुए हैं और 10 से अधिक अपार्टमेंट इमारतों, निजी घरों तथा एक उच्च



विद्यालय को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने यह भी बताया कि वायु रक्षा प्रणालियों ने वोरोनेझ के ऊपर 17 ड्रोन मार गिराए। यह शहर लगभग 10 लाख से अधिक आबादी वाला है और यूक्रेनी सीमा से करीब 250 किलोमीटर दूर स्थित है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब इसके एक दिन पहले रूस ने शुक्रवार तड़के यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन और दर्जनों मिसाइल दागीं।

यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, इस हमले में राजधानी कीव में कम से कम चार लोगों की मौत हुई। भीषण हमलों की यह शृंखला और परमाणु क्षमता वाली ओरेश्निक मिसाइल का प्रक्षेपण ऐसे समय में हुआ है, जब अमेरिका के नेतृत्व में संभावित शांति समझौते की स्थिति में मॉस्को की आक्रामकता से यूक्रेन की रक्षा को लेकर कीव और उसके सहयोगियों के बीच वार्ताओं में महत्वपूर्ण प्रगति की खबरें सामने आई थीं।

# कांग्रेस 2027 का पंजाब चुनाव संयुक्त नेतृत्व में लड़ेगी : बघेल

एजेंसी

बठिंडा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) में पंजाब मामलों के प्रभारी एवं पार्टी महासचिव भूपेश बघेल ने रविवार को कहा कि कांग्रेस 2027 में राज्य विधानसभा चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ेगी। बघेल में यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता मुख्यमंत्री पद के संभावित उम्मीदवार हैं। इस अवसर पर बघेल के साथ पंजाब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रताप सिंह बाजवा एवं अन्य नेता भी मौजूद थे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रह चुके बघेल ने कहा कि 2017 के पंजाब चुनावों को छोड़कर कांग्रेस ने हमेशा संयुक्त नेतृत्व में चुनाव लड़ा है। पार्टी ने वर्ष 2017 के चुनाव में कैप्टन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर अंतिम फैसला कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी करेंगे।

# कांग्रेस सरकारी योजनाओं को लेकर गुमराह कर रही

एजेंसी

पटना। केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने रविवार को कांग्रेस पर मनरेगा सहित सरकार की योजनाओं को लेकर डर फैलाकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियां सीएए, एनआरसी, मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना और वीबी-जी राम जी जैसी योजनाओं और कानूनों के इर्द-गिर्द भ्रामक विमर्श शुरू करके लोगों में भय पैदा करने की राजनीति कर रही हैं।



उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह महात्मा गांधी की विरासत का हवाला देकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने को सनसनीखेज बना रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नयी योजना विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) के नाम के बजाय उसके गुणों पर बहस करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि वे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण जैसी महत्वपूर्ण और नियमित प्रक्रिया को भी चुनौती देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार की जनता ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से उनके वोट चोरी के आरोपों का जवाब दिया है। उन्होंने कहा, जिस तरह उन्होंने एसआईआर को लेकर हंगामा करके हमें बिहार जीतने में मदद की उसी तरह वे वीबी-जी राम जी को मुद्दा बनाकर पश्चिम बंगाल और असम जीतने में हमारी मदद करेंगे।

# इस्लामाबाद में सिलेंडर में विस्फोट, आठ की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में रविवार तड़के गैस सिलेंडर विस्फोट में मारे गए आठ लोगों में एक नवविवाहित दंपति भी शामिल था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना सेक्टर जी-7/2 स्थित एक घर में शादी समारोह के दौरान हुई। बचाव अधिकारियों ने बताया कि आठ लोग मारे गए और 11 घायल हो गए, बचाव दल ने मलबे से 19 लोगों को बाहर निकाला। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमएस) प्रवक्ता डॉ. अनीजा जलील ने कहा कि पीड़ितों के इलाज के लिए आपात स्थिति घोषित की गयी थी।

# एसआईआर पर ममता बनर्जी के आरोप निराधार

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री पर राजनीतिक कारणों से एसआईआर प्रक्रिया को पटरी से उतारने का आरोप लगाया। अधिकारी ने एक्स पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखा है और दावा किया कि एसआईआर से मतदाता सूचियों में



व्याप्त भ्रष्टाचार- फर्जी प्रविष्टियों, दोहराव वाले नामों और घुसपैठियों का पर्दाफाश हो रहा है, जिन्हें तृणमूल कांग्रेस की देखरेख में वर्षों से पाला-पोसा गया। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया तृणमूल की चुनावी संभावनाओं को नुकसान पहुंचा रही है, इसीलिए मुख्यमंत्री इस तरह का हंगामा कर रही हैं। बनर्जी ने शनिवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि मतदाता सूची की एसआईआर प्रक्रिया रिकॉर्ड सुधारने के बजाय मतदाताओं के नाम हटाने का जरिया बन गई है। एसआईआर की शुरुआत के बाद से कुमार को लिखे अपने तीसरे पत्र में, मुख्यमंत्री ने निर्वाचन आयोग पर इस प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक पूर्वाग्रह, असंवेदनशीलता और मनमानी का आरोप लगाया। अधिकारी ने पोस्ट में आरोप लगाया, मैं एक बार फिर दोहराना चाहूंगा कि उनके दावे इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को पटरी से उतारने का एक हताश प्रयास मात्र हैं।

## इंटरटेनमेंट...

# प्रभास की फिल्म 'राजा साब' की स्क्रीनिंग में लगी आग

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार प्रभास की फिल्म राजा साब 9 जनवरी को रिलीज हुई है। शनिवार को ओडिशा में फिल्म राजा साब की स्क्रीनिंग के दौरान बड़ा हादसा होने से टल गया। दरअसल, फैंस प्रभास के एक फाइट सीन को देखकर उतावले हो गए और थिएटर में आरती करने लगे। कुछ देर बाद आरती की थाली गिर गई, जिससे थिएटर में आग लग गई। ये घटना ओडिसा के रायगढ़ा में स्थित अशोक टॉकीज हॉल की है।



- थएटर में आरती करने लगे फैंस, थाली गिरने से हुआ हादसा, गमछे से आग बुझाते दिखे दर्शक

फिल्म की शुरूआत में प्रभास पर फिल्माया गाना दिखआया जा रहा था, जिसे देख फैंस उतावले हो गए। गाना देखकर प्रभास के कुछ फैंस आरती की थाली लेकर स्क्रीन की आरती उतारने लगे। भीड़ में फैंस के हाथ से थाली गिरी और देखते ही देखते आग फर्श पर फैलने लगी। थिएटर में मौजूद फैंस ने तुरंत एकजुट होकर आग बुझाने की कोशिश की, जब तक थिएटर स्टाफ भी पहुंच गया। हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें थिएटर में मौजूद लोग गमछे और कपड़ों से आग पर काबू पाते नजर आ रहे हैं। आग लगने के अलावा भी प्रभास की फिल्म राजा साब की स्क्रीनिंग का एक अटपटा मामला भी सामने आया है, जिसमें कुछ फैंस थिएटर में मगरमच्छ के साथ नजर आए हैं। दरअसल, फिल्म के एक सीन में प्रभास को मगरमच्छ से लड़ते दिखाया गया है। इससे प्रेरित होकर कुछ फैंस थिएटर में ही मगरमच्छ लेकर पहुंच गए। हालांकि अब तक ये साफ नहीं है कि वायरल हो रहा वीडियो कहां का है। 9 जनवरी को रिलीज हुई फिल्म राजा साब विवादों में है। दरअसल, ट्रेलर में दिखाए गए कई सीन्स को फिल्म में शामिल नहीं किया गया है, जिससे फैंस ने नाराजगी जाहिर की और फिल्ममेकर्स की जमकर आलोचना की। विवाद होने पर फिल्म के मेकर्स ने 10 जनवरी को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया है कि अब फिल्म में वो सीन भी जोड़े जा रहे हैं, जो ट्रेलर में दिखाए गए थे। बता दें कि फिल्म राजा साब, इंडियन फिल्मों के इतिहास की सबसे ज्यादा बजट में बनी हॉरर कॉमेडी फिल्म है।

# स्टार बनने के बाद चॉल में रहे जैकी श्रॉफ

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ कहते हैं कि सफलता पैसे या शोहरत से नहीं, बल्कि अपने काम की खुशी और प्रकृति व परिवार के साथ जुड़ाव से मिलती है। ? बॉलीवुड के 'जग्गू दादा' के नाम से मशहूर जैकी श्रॉफ की कहानी संघर्ष, दृढ़ता और स्मार्ट निवेश का एक शानदार उदाहरण है। मुंबई के तीन बत्ती इलाके की चॉल में



- सक्सेस के बाद दिवालिया हुए, दोगुनी मेहनत से कर्ज उतारा, पिता की मौत के बाद शूटिंग की

जन्मे जैकी ने जिंदगी के हर मोड़ पर चुनौतियों का सामना किया, लेकिन हार नहीं मानी। 'हीरो' की रिलीज के बाद भी जैकी श्रॉफ पांच-छह साल तक उसी चॉल में रहे। आज भले ही वे लग्जूरियस लाइफस्टाइल जीते हों, लेकिन उनका सफर आम आदमी से सुपरस्टार बनने की प्रेरणादायक दास्तान है। जैकी श्रॉफ ने अपने परिवार के साथ मुंबई की तीन बत्ती चॉल के एक छोटे से कमरे में 33 साल बिताए। सात छोटी-छोटी बिल्डिंग्स में सभी लोगों के लिए सिर्फ तीन बाथरूम थे। हर सुबह शौचालय के बाहर लंबी लाइन लगती थी। जैकी को भी हाथ में मग लेकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता था।

# इंडियन आइडल-3 के विनर प्रशांत तमांग का निधन

**मुंबई।** प्रशांत तमांग का जन्म पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में हुआ था। इंडियन आइडल सीजन 3 के विनर प्रशांत तमांग का रविवार को कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया। 43 साल के प्रशांत का निधन दिल्ली के जनकपुरी स्थित उनके घर पर हुआ। सिंगर-एक्टर को कार्डियक अरेस्ट आने बाद दिल्ली के द्वारका स्थित एक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया। प्रशांत टीवी शो इंडियन आइडल सीजन 3 जीतकर मशहूर हुए थे। वह वेब सीरीज पाताललोक के दूसरे पार्ट में भी नजर आए थे। प्रशांत इसके अलावा सलमान खान की फिल्म बैटल ऑफ गलवान में भी नजर आने वाले हैं।

# रानी मुखर्जी स्टारर 'मर्दानी-3' रिलीज डेट घोषित

**मुंबई।** यश राज फिल्म्स (वाईआरएफ) ने शनिवार को फिल्म मदार्नी 3 की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। रानी मुखर्जी स्टारर यह फिल्म 30 जनवरी को रिलीज होगी। वाईआरएफ की मदार्नी हिंदी सिनेमा की सोलो फीमेल लीड फ्रेंचाइजी है। मदार्नी 3 में रानी मुखर्जी एक बार फिर

- फिल्म 30 जनवरी को सिनेमाघरों में आएगी, पोस्टर भी जारी

पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार में नजर आएंगी, जो न्याय के लिए निस्वार्थ भाव से लड़ती हैं। वाईआरएफ ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा करते हुए इसका पोस्टर भी शेयर किया। साथ में लिखा, वह तब तक नहीं रुकेगी, जब




तक वह उन सभी को बचा नहीं लेती। रानी मुखर्जी मदार्नी 3 में निडर कॉप शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में वापस आ गई हैं। रेस्क्यू 30 जनवरी को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में शुरू होगी। बता दें कि मदार्नी 3 का निर्देशन अभिराज मिनावाला ने किया है और फिल्म का निर्माण आदित्य चोपड़ा ने किया है। मदार्नी का पहला पार्ट 22 अगस्त 2014 को रिलीज हुआ था, जिसका निर्देशन प्रदीप सरकार ने किया था। फिल्म ने भारत में करीब 35 से 36 करोड़ रुपए की नेट कमाई की, जबकि वर्ल्डवाइड कलेक्शन लगभग 59.55 करोड़ रुपए रहा। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म हिट साबित हुई। इसके बाद मदार्नी 2, 13 दिसंबर 2019 को रिलीज हुई।

BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP
NBA NATIONAL BOARD OF ACCREDITATION
BBDNIIT(056)- CSE, IT & B.PHARM
BBDITM (054)- CSE, ECE & IT
12500+ More than 1800+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 5 years ...
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA
BBD UNIVERSITY | www.bbdu.ac.in
COURSES OFFERED
• Engineering • Management • Legal Studies • Pharmacy • Architecture
• Dental Science • Computer Applications • Basic Sciences • Education
• Hotel Management • Agricultural Sciences • Media & Communication • Ph.D. in all Disciplines
Meritorious Scholarships Offered
Highest Package 52.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
NEW COURSE B.Sc. (Agriculture) 4 Year Full Time Degree Program
• Courses available in Collaboration with IBM
• Minor Degree available in Collaboration with IIT - Mandi
BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(DS), IT, ECE, ME, EE, CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(AI), IT, ECE, EE, ME, CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Security & Wifi | Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
amazon Google IBM adani zomato Grab accenture tcs pwc Microsoft Infosys HARMAN Paytm EY Capgemini NEWGEN wipro accenture
BBD City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh-226028 India.
@lkobbdu @bbduniversity www.bbdu.ac.in 0522(6196222/23) 0522(6196300/301/302)

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com